विषय-सूची

उपयोगी और शिक्षाप्रद पुस्तकें

१. महात्मा श्रीरामकृष्ण परमहंस का जीवन-चरित्र, हिंदी में। यह पुस्तक अब तक उनकी जीवनी के संबंध में संसार की अनेक भाषाओं में छपी हुई जीवनियों के आधार पर लिखी गयी है। मूल्य पहला भाग १।≈) दूसरा भाग १।।)

२. परमहंस श्रीरामकृष्ण के सुप्रसिद्ध शिष्य स्वामी विवेकानन्दजी की कुछ बंगाली और अँगरेज़ी पुस्तकों के अनुवाद—परिव्राजक ।≈) प्रेमयोग ।।) आत्मानुभूति ।।) प्राच्य और पाश्चात्य ।।)

३. साधारण धर्म—(मानव-जीवन का कोष) १) उर्दू में ।।।)

४. राम का व्यावहारिक वेदांत—हिंदी, उर्दू और अँगरेज़ी में। मूल्य प्रत्येक का एक पैसा, १) सैकड़ा

५. मनपुरी प्रार्थना—जिनका प्रत्येक परिवार में प्रतिदिन पाठ किया जाना उचित है। हिंदी, उर्दू और अँगरेज़ी में। मूल्य प्रत्येक का केवल एक पैसा, १) सैकड़ा

६. स्वामी राम, वेरियस ऐस्पेक्टस् ऑफ़ हिज़ लाइफ़—अर्थात् स्वामी राम के जीवन पर बड़े-बड़े विद्वानों और प्रोफ़ेसरों के भिन्न-भिन्न दृष्टि से लिखे हुए लेख अँगरेज़ी में मूल्य १) (शीघ्र ही इसका हिंदी और उर्दू-अनुवाद भी निकलेगा)

७. नारायन-चरित्र—(उर्दू में) इसमें श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग के संस्थापक श्रीमन्नारायण स्वामीजी की जीवनी और उपदेश हैं। मूल्य ।।) (इसका हिंदी और अँगरेज़ी-अनुवाद भी शीघ्र प्रकाशित होगा)

८. पयामे-गइब—(उर्दू में) ईशावास्य उपनिषद् के प्रथम आठ मंत्रों की विस्तृत व्याख्या। श्रीयुत आनन्द साहिती कृत, मूल्य १।।)

९. श्रीमद्भगवद्गीता की भगवदाज्ञार्थ दीपिका टीका—श्रीमन्नारायण स्वामी-कृत विस्तृत व्याख्या का संशोधित और परिवर्द्धित संस्करण। तीन खंडों में, सजिल्द, बढ़िया कागज़ पर मुद्रित प्रत्येक खंड का मूल्य साधारण कपड़े की जिल्द ३) ; बढ़िया सोनहरी टप्पेदार जिल्द ३।।)

१०. आदि भगवद्गीता—बाली द्वीप में, ताड़ के पत्रों पर और कलेशावार में, ताम्र-पत्र पर प्राप्त गीता के ८४ श्लोक, हिंदी और अँगरेज़ी-अनुवाद-सहित, मूल्य ≈)।।

११. धम्मपदम्—सचित्र बुद्ध-गीता। बौद्धों की परम पुनीत पुस्तक। संसार की सभी भाषाओं में इसके अनेकों अनुवाद हो चुके हैं। विशुद्ध पाली-मूल और सरल विशुद्ध हिंदी-अनुवाद-सहित। कपड़े की सुन्दर जिल्द, मूल्य ≈) मात्र

१२. [illegible] — [illegible] पं०, एम-ए० [illegible]

१३. [illegible]—(हिंदी में) इसमें स्वामी राम के वे शिक्षाप्रद व्याख्यान हैं, जो उन्होंने देशोद्धार के लिए [illegible] और अमेरिका में दिये हैं। मूल्य [illegible]

पता—श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग, २५ मारवाड़ी गली, लखनऊ

"नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।"

वर्ष १] जनवरी, १९४० माघ, १९९६ [अंक १

विश्व प्रेम

साधो सहज समाधि भली ।

गुरु प्रताप जा दिन से जागी, दिन दिन अधिक चली ॥१॥
जहँ जहँ डोलौं सो परिकरमा, जो कुछ करौं सो सेवा ।
जब सोवौं तब करौं दंडवत, पूजौं और न देवा ॥२॥
कहौं सो नाम सुनौं सो सुमिरन, खाँव पियौं सो पूजा ।
गिरह उजाड़ एक सम लेखौं, भाव मिटावौं दूजा ॥३॥
आँख न मूँदौं कान न रूँधौं, तनिक कष्ट नहिं धारौं ।
खुले नैन पहिचानौं हँसि-हँसि, सुन्दर रूप निहारौं ॥४॥
सबद निरन्तर से मन लागा, मलिन वासना त्यागी ।
ऊठत बैठत कबहुँ न छूटै, ऐसी तारी लागी ॥५॥
कह 'कबीर' यह उनमुनि रहनी सो परगट करि गाई ।
दुख सुख से कोई परे परम पद, तेहि पद रहा समाई ॥६॥

कबीर दास

---:::---

भारतवर्ष में युग-परिवर्तन करने वाले जिन महापुरुषों के नाम स्मरण किये जाते हैं, उनमें श्रीस्वामी रामतीर्थजी का नाम भी अमर रहेगा। भारतवर्ष को इस बात का सच्चा अभिमान है कि वह दार्शनिक विचारों का जन्म-स्थान रहा है। संसार के कोने-कोने में वेदांतवाद की दुन्दुभी बजाने का गौरव भारतवर्ष ही को है।

आज संसार सुख के पीछे अंधा बना है। संसार की हर एक जाति, प्रत्येक प्राणी अपने सुख की वृद्धि के लिए रात-दिन प्रयत्न कर रहा है। इस स्वार्थ की पूर्ति के लिए उसे दूसरे का ध्यान जरा भी नहीं है। संसार के बड़े-बड़े विद्वान्, बड़े-बड़े वैज्ञानिक आज अपने सुखों की वृद्धि के लिए क्या-क्या आविष्कार नहीं निकाल रहे हैं।

मगर यह बात भी छिपी नहीं है कि ये वैज्ञानिक ... सुख-पूर्ति के साधक नहीं बल्कि बाधक और घातक हैं। मानव अपना जीवन सुखी बनाने का जितना भी प्रयत्न करेगा, उतना ही उसका जीवन दुखों से घिर जायगा। असल बात यह है कि जिसे दुख का अनुभव नहीं, उसे सुख का भी अनुभव नहीं।

सुख की तृष्णा की पूर्ति सुख-साधनों के मिलने से हो भी नहीं सकती क्योंकि सुख-साधन अपरिमित हैं और संसार के समग्र सुख-साधन किसी को मिल भी नहीं सकते, और यदि वे मिल भी जायँ तो भी मानव की सुख-तृष्णा पूरी नहीं हो सकती, उसे तो और भी अधिक सुख साधनों की ही कामना बनी रहेगी।

इसी भाव को लेकर भारतीय ऋषियों ने डंके की चोट से एलान कर दिया था—

"न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते॥"

अर्थात्—इच्छा खाने, पीने आदि की वस्तुओं के भोगने से कदापि समाप्त नहीं हो सकती, वह तो इन्हें प्राप्त करके इस तरह और भी अधिक बढ़ जाती है जैसे घी प्राप्त करके आग बढ़ जाती है।

वास्तविक सुख तो केवल त्याग-अवस्था में और ब्रह्मानन्द में है। यदि मनुष्य के चित्त में त्याग की भावना का उदय हो जाय, तो उसे ब्रह्मानन्द ... अनुभव होने लगे और सांसारिक सुख-साधनों ... सत्यता मालूम न दे। इसी ब्रह्मज्ञान से मोक्ष ... प्राप्ति होती है और इसी को प्राप्त करने के लि... भारतीय ऋषि-मुनियों ने चेष्टा की। मगर यह ब्रह्मानन्द का महानन्द तभी प्राप्त होता है जब सांसारि... वस्तुओं की ओर त्याग की भावना जागरित ...

जाती है। इसके उदय से सब पदार्थों में 'समधी' हो जाती है, अच्छाई और बुराई की भावना उठ जाती है।

इसमें तो सन्देह नहीं कि भारतवर्ष का शायद ही कोई आदमी ऐसा होगा जिसने वेदान्त का नाम न सुना होगा और बहुत-से आदमी तो रात-दिन सोते-जागते वेदान्त के सिद्धान्त का किसी-न-किसी रूप में नाम लेते ही रहते हैं। मगर दुख की बात तो यह है कि बहुत-से आदमियों की यह धारणा हो गयी है कि वेदान्त तो संन्यासियों और उन लोगों की चीज है जो घर-बार छोड़ बैठे हों, वह उन लोगों के लिए नहीं है जो गृहस्थी हैं और जिन्हें संसार से काम है। मगर यह बिलकुल गलत विचार है। वास्तव में वे लोग वेदान्त के सच्चे ज्ञान से बहुत दूर हैं।

सच्चा वेदान्त का ज्ञान वह है, जो हमें भगवान श्री कृष्ण ने गीता में सिखाया है—

"सर्व कर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम्॥"
—गीता १८. ५६

अर्थात—हमेशा सब सांसारिक कार्यों को करता हुआ भी जो मनुष्य मेरा सहारा लेता है, वह मेरी कृपा से अविनाशी स्थिर गति को प्राप्त होता है।

भगवान् श्रीकृष्ण ने सच्चे ब्रह्म-ज्ञानी का लक्षण इस प्रकार बताया है—

"ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न कांक्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्॥"
—गीता १८. ५४

अर्थात—ब्रह्म-ज्ञानी प्रसन्न चित्त रहता है, न उसे किसी बात की चिन्ता रहती है, और न किसी चीज की इच्छा। उसका सभी प्राणियों के साथ एक-सा व्यवहार रहता है और वह उस सर्वश्रेष्ठ भक्ति को प्राप्त करता है जिसके द्वारा वह मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

स्वनाम धन्य श्रीस्वामी रामतीर्थजी ने भी इसी ब्रह्म-ज्ञान के संदेश को न केवल भारतवर्ष में बल्कि संसार के कोने-कोने में पहुँचाया। वे पूर्व में सुदूरवर्ती जापान तक पहुँचे और पश्चिम में ठेठ अमेरिका तक। उन्होंने वेदान्त के व्यावहारिक ज्ञान का दूसरे लोगों को उपदेश ही नहीं दिया अपितु स्वयं ब्रह्म-ज्ञान को प्राप्त कर—अर्थात् 'समबुद्धि' 'त्याग-भावना' को रखते हुए—उन्होंने संसार को सिखाया कि वेदान्त केवल पढ़ने या सुनने की वस्तु नहीं है बल्कि वह व्यवहार या आचरण में लाने की चीज है और उससे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्राप्त हो सकते हैं।

वेदान्त का अर्थ है—'ज्ञान का अन्त'। जिस समय मानव के हृदय में विश्व-प्रेम का उदय और आत्मा या ब्रह्म का साक्षात् अनुभव होने लगता है, उस समय उसके मन में सत्यता और दिव्यता आदि उच्च भाव विकसित होने लगते हैं और अज्ञान का पर्दा हट जाता है। वेदान्ती को तत्त्व का साक्षात्कार होता है; उसे अपने स्वरूप का ज्ञान होता है और अविद्या, तथा अज्ञान से छुटकारा मिल जाता है। उसे सत्यासत्य के सम्बन्ध में निश्चित ज्ञान प्राप्त हो जाता है। जब तक अविद्या रहती है तभी तक मैं, तुम, वह, जीव और अजीव का भेद बना रहता है। जीव और ईश्वर में भेद प्रतीत होता है। मुक्त पुरुष या वेदान्ती के लिए सब भेद लुप्त हो जाते हैं और उसमें एकमात्र अद्वैत-भावना जागरित हो जाती है। इस अविद्या का नाश हो जाने से अशान्ति का भी नाश हो जाता है और प्राणी शुद्ध शान्ति, शुद्ध ब्रह्मानन्द-रस का पान करने लगता है। श्रीस्वामी राम ने इसी शुद्ध ब्रह्मानन्द-रस का पान किया

वेदान्त एक प्रकाश-दीप के समान है, जिसके प्रकाश को कैलाश-सिंहासन से राम ने इस घोषणा के द्वारा फैलाने की प्रतिज्ञा की थी—

"चाहे यह कार्य अनेक आत्माओं के द्वारा हो या एक आत्मा के द्वारा, मगर मैं विचारपूर्वक प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं दस साल के भीतर भारतवर्ष से अन्धकार और निर्बलता को दूर कर दूँगा और उसमें सत्य-जीवन को भर दूँगा। इस शताब्दी के पूर्वार्द्ध के भीतर भारतवर्ष अपने पूर्व-गौरव से भी अधिक गौरव प्राप्त करेगा। इन शब्दों को स्मरण-पत्र में लिख लीजिए।"

महात्माओं की वाणी कभी असत्य नहीं हो सकती। वह दिन अब बहुत दूर नहीं है जब न केवल भारतवर्ष वरन समस्त संसार इस विश्व-प्रेम के पाठ को भारतवर्ष से सीखेगा और हिंसा-प्रतिहिंसा के राक्षसी भाव को त्याग कर वास्तविक सुख—ब्रह्मानन्द को प्राप्त होगा।

राम की आत्मा का अनेक आत्माओं में संक्रमण हो रहा है। अब अनेक आत्माएँ राम के संदेश को लेकर संसार में घोषणा कर रही हैं कि अज्ञान अंधकार और दुर्बलता को दूर करो।

राम के निर्वाण-पद ग्रहण करने पर आपके पट्ट शिष्य श्री १०८ स्वामी नारायणजी ने अपने गुरु श्री १०८ स्वामी रामतीर्थजी के उपदेशों के प्रचारार्थ लखनऊ में श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग की स्थापना की, जो समग्र भारत में वेदान्त के व्यावहारिक सिद्धान्तों का लेखों, उपदेशों और पुस्तकों के प्रकाशन द्वारा निरन्तर प्रचार कर रही है।

श्रीस्वामी नारायणजी ने भी वेदान्त के व्यावहारिक रूप का विशेष प्रचार किया और इसे अपने जीवन के आदर्श-रूप से कार्य में परिणत कर दिखा दिया कि वेदान्त व्यवहार की वस्तु है और सिर्फ संन्यासियों और उन्हीं लोगों के काम की वस्तु नहीं जो घर-बार छोड़ चुके हों। उन्होंने संसार को बताया कि वेदान्त धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन को उन्नत बना देता है। वेदान्त मानव-जीवन की शुष्कता, नीरसता और अज्ञानता को दूर करके उसमें विश्व-प्रेम, सत्यता और दिव्यता आदि उत्तम गुणों को भर देता है।

श्रीस्वामी नारायणजी के भी निर्वाण ग्रहण करने पर उनके प्रेमियों और शिष्यों ने और विशेष रूप से श्रीरामेश्वरसहायसिंह जी ने वेदान्त के व्यावहारिक सिद्धान्तों का विशेष प्रचार करने के लिए 'व्यावहारिक वेदान्त' नामक इस मासिक पत्र का प्रकाशन किया है। इस पत्र का उद्देश्य वेदान्त की व्यावहारिक दृष्टि से धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विषयों पर प्रकाश डालना है। इसका प्रचार मानव-हृदय से ईर्षा, पक्षपात, आदि अज्ञान के भावों को दूर करेगा और मानव-जगत् में एकमात्र विश्व-प्रेम के पाठ को सिखायेगा जो प्रत्येक प्राणी के लिए धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बनेगा।

अब युग पलट रहा है। इसके स्पष्ट चिन्ह दृष्टिगोचर हो रहे हैं। महात्माओं ने इसका अनुभव किया है। श्री १०८ स्वामी विवेकानन्दजी ने निम्न-लिखित पंक्तियों में इसकी सूचना दे दी है कि अब भारतवर्ष के दिन पलटने में देर नहीं है—

"The longest night seems to be passing away, the severest trouble seems to be coming to an end, and a voice is coming unto us, gentle, firm, and yet unmistakable in its utterance, and is gaining volume as days pass away. Like a breeze from the Himalayas, it is brin-

ging life into the almost dead bones and muscles, the lethargy is passing away, and only the blind cannot see, or the perverted will not see, that she is awakening, this mother land of ours, from her long-long slumber of ages gone-by. None can resist her any more, no outward powers can hold her back any more, for the infinite giant is rising to her feet."

अर्थात् "बहुत बड़ी रात्रि व्यतीत होती हुई-सी प्रतीत हो रही है, महान् दुःख दूर होता हुआ मालूम हो रहा है, एक आकाशवाणी सुनाई दे रही है जिसका भाव नम्र परंतु दृढ़ और अटल है। ज्यों-ज्यों दिन बीतते जाते हैं, त्यों-त्यों वह वाणी गम्भीर होती जा रही है। हिमालय की मंद-स्पंद वायु मानो हमारी निर्जीव हड्डियों और पुट्ठों में नवजीवन संचार कर रही है। आलस्य भाग रहा है। पर इस दृश्य को बेचारे अंधे तो देख ही नहीं सकते और हठी जानकर भी नहीं देखेंगे। यह हमारी मातृभूमि युग-युगांतर की गहरी निद्रा से जाग पड़ी है और अब इसे कोई भी शक्ति सुला नहीं सकती, कोई भी बाहरी ताकत इसे पीछे नहीं ढकेल सकती। क्योंकि अनंत शक्तिशाली शक्ति इसे उठा रही है।"

आज संसार में रुद्र का तांडव-नृत्य हो रहा है, भगवान् शंकर प्रचंड रूप धारण कर संसार में हाहाकार मचा रहे हैं। कहीं भूचाल का भयंकर दृश्य है, तो कहीं ववंडर! कहीं महामारी है, तो कहीं घोर युद्ध! दूसरी ओर ईश्वर की खोज में संसार लगा हुआ है, पृथ्वी के कोने-कोने में, बहुत-से मनुष्यों के हृदय में धर्म की प्यास भी दीख पड़ती है। धर्म के नाम पर, चाहे किसी भी कारण से हो, लोग जान हथेली पर लेकर मरने-मारने पर उतारू हो रहे हैं। योरप की क्रूसेड वार तथा एशियाई जिहाद तो पुरानी गाथाएँ हैं, आज दिन भी भारतवर्ष में धर्म-युद्ध नजर आ रहे हैं। न केवल हिंदू-मुसलमानों के बीच, वरन् हिंदू हिंदू और मुसलमान मुसलमान एक दूसरे का सर तोड़ने के लिए उतारू हो रहे हैं। यही लक्षण हमें बता रहे हैं कि संसार में भारी परिवर्तन होनेवाला है। जब कभी युग का परिवर्तन होता है, तो इसी प्रकार अथवा इससे भी कभी-कभी अधिक संहार हुआ करता है। हजरत नूह का तूफान तो कल ही की बात है। आज योरप में घोर युद्ध हो रहा है, बड़े-बड़े राष्ट्र स्वार्थ में चूर हो कर निर्बलों पर टूट रहे हैं। साथ ही धर्माभिलाषियों की भी कमी नहीं है। अमेरिका भी युद्ध की तैयारी कर चुका है, साथ ही हिंदुस्तान में वहाँ के धर्म-जिज्ञासु नजर आ रहे हैं। यही हाल हम भारतवर्ष का भी देख रहे हैं कि जहाँ एक ओर मार-काट है, वहाँ दूसरी ओर धर्म की पुकार है। यह लड़ाई भी धर्म के नाम पर ही है, धर्म की इतनी प्रबल भूख है।

ऐसी अवस्था में स्वच्छ, पवित्र और योग्य भोजन न पा यदि मनुष्य हेय भोजन पर टूट पड़ें, तो आश्चर्य ही क्या! घर के स्वादिष्ट मिष्टान्न को पान यदि वे दूसरों की थाली को ताकने लगें तो आश्चर्य ही क्या है। आज दिन जो धर्म-युद्ध हो रहा है, उसका पूर्ण विवरण विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में पाठकों ने पढ़ा होगा।

इन्हीं बातों के मूल-आधार अज्ञान को दूर करने के अभिप्राय से इस पत्र का जन्म हुआ है, जिससे मनुष्य-समाज वेदांत के सिद्धांतों का जीवन में उपयोग कर इस अज्ञान से छुटकारा और शांति प्राप्त करे। वेदांत ने योरप अमेरिका आदि सारी दुनिया को भारत का ऋणी बना दिया है, बना रहा

है, और बनाता रहेगा। उस वेदांत का हमें पूर्ण प्रचार करना चाहिए।

जिस दिन मानव-समाज इस सत्य को जान जायेगा और आचरण में लायेगा कि मनुष्य-मात्र में एक ही आत्मा है जो माला के दानों में सूत के समान है, हम सब भाई हैं, विश्व-प्रेम ही हमें परमानंद प्रदान करेगा, तो उसी दिन संसार में शांति का राज्य छा जायेगा।

व्यावहारिक वेदांत जिस उच्च आदर्श को लेकर प्रकाशित हुआ है, उसकी पूर्ति के लिए समस्त मानव-समाज का सहायक होना नितांत आवश्यक है। प्र के पवित्र उद्देश्य की पूर्ति उसके सहयोग पर ह निर्भर है।

अन्त में हमें पूर्ण आशा है कि कृपालु सज्जन इ पुनीत उद्देश की पूर्ति में लेखों, कविताओं और कह नियों को भेजकर अथवा आर्थिक सहायता देक व्यावहारिक वेदान्त की उन्नति में, प्रचार और प्रस में पूर्ण रूप से हमारा हाथ बटायेंगे, यही हमार विनीत प्रार्थना है।

माया

[लेखक—कविवर जगमोहननाथ, अवस्थी 'आशुकवि']

जीनेवालों को जीवन में,
सदा मृत्यु-आह्वान मिला।
नश्वर स्वर में नित्य अनश्वर,
जग का गीला गान मिला॥
हार विजय में मानव को,
नित क्रन्दन का परिधान मिला।
इस पगली दुनिया में प्रेमी,
पागल को अपमान मिला॥
लक्ष्य अलक्ष्य बस आशा में,
होकर निराश अरमान मिला।
दिन को काली रात, रात को
ऊषा का अभिमान मिला॥
नभपन्थी भूले शशि को
जीवन में पतनोत्थान मिला।
लोल लता में लिपटा विषधर
व्याल छिपा अनजान मिला॥

रुदन हास्य में घृणा प्रेम में,
भिक्षा ही में दान मिला।
मृत्यु मुक्ति से लड़नेवालों,
को ही बस कल्यान मिला॥
धूलि-कणों से सदा सुमन-दल,
का ही अनुसन्धान मिला।
मुरझाने में ही विकास,
स्थिर को अन्त पयान मिला॥
है कलंक में कीर्ति यहाँ पर,
उलटा सत्य प्रमान मिला।
दुनिया के मरघट-तट पर,
उन्मादों को भी ज्ञान मिला॥
चलते-चलते हो रुक जाना,
विधि का यहाँ विधान मिला।
उन्हीं मूक इंगितियों में,
बलिदानों में वरदान मिला॥

राम-वचनामृत

१

सच्ची पूजा तो वह है, जिसमें धारा-रूप जल दृष्टि में न रहे, उपास्यदेव चित्त में समा जाय, स्पंद-रूप पवन दृष्टि से गिर जाय, ब्रह्म-सत्ता-मात्र ही भान हो, प्रतिमा में प्रतिमापन उड़ जाय, चैतन्यस्वरूप भगवान् की झाँकी हो।

२

उपासना तो उसी का नाम है, जिसमें जबान को तो क्यों हिलना है, शरीर की हड्डी और नाड़ी के परमाणु-परमाणु हिल जायँ। यदि यह नहीं है, तो आँख मूँदो, नाक मूँदो, कान मूँदो, मुख मूँदो, गाओ चाहे चिल्लाओ, तुम्हारी उपासना बस एक कागज की तसवीर है, जिसमें जान नहीं।

३

मनुष्य का जैसा विचार और चिन्तन रहता है, वैसा ही वह अवश्य हो जाता है। जब ऐसा हाल है, तो ब्रह्म-चिन्तन ही क्यों न दृढ़ किया जाय, अपने आपको ब्रह्म-रूप ही क्यों न देखते रहें?

४

यदि काँटों पर पड़ जाने से परमेश्वर याद आता हो, तो प्यारे! जब देखो कि संसार के काम-धंधों में उलझकर राम भूलने लगा है, झटपट अपने तईं नुकीले काँटों पर गिरा दो; और कुछ नहीं तो पीड़ा के बहाने याद आ ही जायगा।

५

यदि क्लेश-रूपी मौत मंजूर नहीं, तो शांति-पूर्वक अपने चित्त की अवस्था और उसके दुःख-सुख-रूपी फल पर एकांत में विचार करना आरंभ कर दो, सच-झूठ आप ही स्थिर होंगे। यदि तुम में विचार-शक्ति रोग-ग्रस्त नहीं है, तो अपने आप यह फ़ैसला करोगे कि चित्त में त्याग-अवस्था और ब्रह्मानन्द आते ही ऐश्वर्य और सौभाग्य इस तरह पास दौड़े आते हैं, जैसे भूखे बालक माँ के पास।

६

वह दान और भजन धर्म में शामिल नहीं हो सकते, जिनसे अहंकार या अभिमान बढ़ जाता है।

७

जब तक सब पदार्थों में 'सम' 'धी' नहीं होती, तब तक 'समाधि' कैसी? विषम दृष्टि रहते योग, समाधि और ध्यान तो क्या, धारणा भी होना असंभव है। सम-दृष्टि तब होगी, जब लोगों में भलाई बुराई की भावना उठ जाय।

८

वृत्ति तब तक एकांत नहीं हो सकती, जब तक मन में कभी यह आशा रहे और कभी वह। शांत वही हो सकता है, जिसे कोई कर्तव्य और आवश्यकता खींच-घसीट न रही हो। अपने आप तो ये वासनाएँ पीछा छोड़ेंगी ही नहीं, जब कभी पल्ला छूटेगा, तो आप ही छुड़ाना पड़ेगा। इसलिए जीने तक की आशा को भी त्यागकर मन को ब्रह्मानंद में डाल दो।

९

एक दिन तो शरीर को जाना ही है, सदा के लिए पट्टा तो लिखाकर लाये ही नहीं थे। तब आज ही से समझ लो कि यह है ही नहीं, और ब्रह्मानंद के समुद्र में शंका-रहित होकर कूद पड़ो। आश्चर्य तो यह है, जब हम इन कामनाओं को छोड़ बैठते हैं, तो ये अपने आप पूरी होने लग पड़ती हैं।

१०

उन लोगों को, जो भेद-वाद और अभेद-वाद के शास्त्रार्थ में लीन हैं, झगड़ने दो। जब बुद्धि के तल से उतरकर कारण-शरीर में ज्ञान का दीपक जलता है, तो ये झगड़े आप ही तय हो जाते हैं। जब तक मनुष्य के अंतर हृदय में राम का डंका नहीं बजता, तब तक उसे न उपासना रस देगी न ज्ञान, न वेद की संहिता अर्थ देगी, न उपनिषदें।

११

ऐ हिंदवालो! क्या तुम भी देश-भक्त बनना चाहते हो? तो फिर अपने आपको देश और उसके निवासियों के प्रेम में अर्पण कर दो, एकता का म[illegible] पैदा करो। सच्चे आत्मिक सिपाही और वीर ब[illegible] कर अपने तन, मन, धन को देश के हित में बलिद[illegible] कर दो। देश के कष्टों का अनुभव करो, देश तुम्ह[illegible] कष्टों का अनुभव करेगा।

१२

सारा हिंदुस्तान मेरा शरीर है। रामकुमारी मे[illegible] पैर और हिमालय मेरा सर है। मेरे बालों क[illegible] जटाओं से गंगा बह रही है, मेरे सर से ब्रह्मपु[illegible] और अटक निकले हैं। विंध्याचल मेरा लँगोट है[illegible] कुरुमंडल मेरा दाहिना और मालाबार मेरा बा[illegible] पाँव है। मैं संपूर्ण हिंदुस्तान हूँ। पूर्व और पश्चि[illegible] मेरे दोनों बाहु हैं, जिनको फैलाकर मैं अपने देश[illegible] भाइयों को गले लगाना चाहता हूँ।

१३

ऐ गुलामी! अरे दासपन! अरे कमजोरी! अ[illegible] समय है। बाँधो बिस्तर। उठाओ लत्ता पता। भागो[illegible] छोड़ो मुक्त पुरुषों के देश को। सोनेवालो! बाद[illegible] भी तुम्हारे शोक में रो रहे हैं। बह जाओ गंगा में, डूब मरो समुद्र में, गल जाओ हिमालय में। मौ[illegible] की है शक्ति राम की आज्ञा बिना दम मारने की! राम का यह शरीर नहीं गिरेगा जब तक भार[illegible] बहाल न हो लेगा। यह शरीर कत्ल भी हो जायगा, तो भी इसकी हड्डियाँ दधीचि की हड्डियों की तरह किसी-न-किसी तरह इन्द्र का वज्र बनकर द्वै[illegible] (दुई) के राक्षस को चकनाचूर कर ही देंगी। यह शरीर मर जायगा, तो भी इसका ब्रह्मबाण चूकने का नहीं।

स्त्री गयी थी, कलक्टरों का काम था कि सरकारी ग्रामों और आती जाँच तथा अन्य प्रकारों से र्मदायों का हाल मालूम करते रहें और कोई त्रुटि रें, तो बोर्ड को रिपोर्ट करें। बोर्ड उचित कार्यवाही रते थे और जहाँ जहाँ वे प्रबंधक स्वयं नियुक्त कर कते थे, वहाँ-वहाँ कलक्टर से जाँच कराके उचित ाक्ति को नियुक्त करते थे। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स लंदन से इसे अपनी स्वीकृति भी दे दी थी।(३) हुत समय तक इन क़ानूनों पर अमल हुआ और र-मन्दिरों की दशा संतोषजनक रही।

सं० १८३९ के लगभग इँगलैंड में ईसाई मिश- री लोगों(४) ने इसके विरुद्ध आंदोलन शुरू किया। नका कहना था कि ईसाई सरकार को हिन्दू सलमान धर्मदायों की निगरानी नहीं करनी चाहिए, ससे हिन्दुस्तानियों को ईसाई बनाने में अड़चन ड़ती है और बिना ईसाई बनाये साम्राज्य की नींव ढ़ नहीं हो सकती। इसका परिणाम यह हुआ कि ं० १८३९ और सं० १८४२ के बीच सरकार ने ाथ खींच लिया और लाखों-करोड़ों की सम्पत्ति को विनाश होने दिया। यहाँ के अधिकारीवर्ग तथा जनता के नेता इस हानिकारक नीति का विरोध करते रहे, किन्तु बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एक न मानी। सं० १८६३ तक पुराने क़ानून(२) बने रहने पर उनका उल्लंघन किया गया और स्वेच्छाचारी प्रबंधकों को निरंकुश कर दिया। सं० १८६३ में ऐक्ट २० पास किया गया, जिससे पुराने क़ानून(२) रद्द किये गये, किन्तु कोई उचित योजना सुप्रबन्ध की नहीं बनायी गयी। जनता का अधिकार पहले ही छिन चुका था, अब सरकार ने भी मुँह मोड़ लिया। यह ऐक्ट उस कुप्रबन्ध को, जो सरकार की नयी नीति से उत्पन्न हुआ था, बिलकुल दूर न कर सका। सं० १९६३ के बाद क्या किया गया, यह आगामी लेख में लिखा जायगा।

(1) Letter of Commissioner Orissa, No. 666 dated 20 Aug. 1868. (2) Bengal Regulation XIX of 1810 & Madras Regulation VII of 1817. (3) Elliott's Report March 1845 & Chamiar's Report, May 18.1844. (4) Idolatory In India, 1849, Papers submitted to the House of Commons.

प्राकृत पूजन

(लेखक—श्रीबचनेशजी)

तुम्हें क्या पूजें हम भगवान!

बिछाये आसन हैं सब भुवन,
किये सारा चेतन आह्वान॥
अर्घ दे रहे नदी नद स्रोत,
पाद्य सर सागर सिन्धु महान।
आचमन करा रहा हिम-चंद्र,
सुमन करते मधुपर्क प्रदान॥
बजा घन-घन घंटा घननाद
मेघ करवाते दिव्य स्नान॥
पिन्हाता अम्बर अम्बर अमल
आभरण तारागण द्युतिमान॥

चढ़ाते मारुत-मलय सुगंध
पुष्प बहु तरु तृण कर निर्माण॥
धूप दे रहा अग्नि कर धूम
आरती उतारता विवस्वान॥
विरच षट् ऋतुएँ षट्रस पाक
लगातीं भोग समय-सम जान।
परिक्रमा करते सब ब्रह्मांड
वंदना वाणी वेद-पुराण॥
न तो भी कर पाते उपचार
तुम्हारा सब सम्यक् सविधान॥

करूँ मैं क्या विशेष 'बचनेश';
हृदय से लगे रहो हर आन॥ (अप्रकाशित प्रद्युम्नचरित्र से)

तुम्हारी शिकायत और उसका उपाय

(लेखक—सरपरस्वरूप श्री १०८ महात्मा शाह्न्याहजी महाराज)

जब तुम मन्दिरों और तीर्थों पर जाकर पुकार करते हो कि "हम पापी हैं", हमारे पाप क्षमा किये जायें, तो क्या यह सच्चे दिल से कहते हो? प्यारे! यदि ये शब्द सच्चे दिल से निकलते, तो तुम कभी पुण्यात्मा बन गये होते। सूर्य के सामने अंधकार का क्या काम? पर ऐ नमाज़ियो! त्रिकाल संध्या करनेवालो! और घंटे की आवाज़ पर गिरजे में हाज़िर होनेवालो! तुम्हें अपने इष्टदेवों की शपथ है ज़रा बताना तो सही, तुम्हारे अन्दर भी अपने देवताओं और उनके गुणों का कुछ लेश है कि नहीं? हम जानते हैं कि इसका उत्तर नकार में ही होगा। यदि हकार में होता, तो गिरजाघर के घंटे की तरह "हम गुनहगार हैं" की आवाज़ बराबर न आती रहती। दूसरी बात यह भी है कि तुम्हें अभी सच्ची मसजिद और मन्दिर का पता भी नहीं। यदि पता होता, तो तुम अब तक अवश्य सफलता प्राप्त कर लेते। सच्चा वेदान्त कहता है, इस बात का पता तुम्हें वेदान्त क्रम के निम्नलिखित शब्दों से बतलाते हैं—

"(१) मसजिद या मन्दिर महात्माओं का मन है, यही सबका उपास्य-स्थान है, वहीं परमात्मा विराजमान है।......

(२) ईश्वर या अवतार का वचन है कि परमात्मा की यह आज्ञा है कि मैं इस स्थान का द्वार बन्द किसी और जगह नहीं जाता

[illegible]

है। यदि दुष्ट आदमी यह मान ले कि मैं दुष्ट हूँ, तो यदि वह सचमुच ही दुष्ट हो तो बहुत दिन तक वैसा नहीं रहता। मन की पट्टी मत पढ़ो, आत्मा की ओर देखो। हमारे कहने से तुम आज से अपने आपको शुद्ध पवित्र समझने की बान डाल लो, फिर यदि थोड़े दिनों में ही वैसे न हो जाओ, तो अपनी जगह हमें भेज देना और तुम हमारी जगह आ जाना। वेद पुराण आदि धार्मिक पुस्तकों और बड़े-बड़े तत्त्ववेत्ताओं का मत है कि आदमी जैसा सोचता है वैसा बनजाता है, और यदि तुम स्वयं पापी ही बनना श्रेष्ठ समझते हो तो याद रहे कि जैसे तुम अपने आपको पापी कहते हो यदि कोई दूसरा भी ऐसे ही कहने लगे तो बुरा मत मानना और पापी के नाम से भी वैसे ही प्रसन्न होकर बोलना जैसा कि राय साहब, पंडित, मियाँ, हुज़ूर, सरदार, महाशय इत्यादि नामों से बुलाये जाने से बोलते हो। यदि पापी के नाम से उस समय ज़रा भी मन मैला हुआ, तो हम तुम्हें यमदूतों से पिटवायेंगे।

दुरंगी छोड़कर इक रंग हो जा;
सरासर मोम हो या संग हो जा।

यह उपासना या प्रार्थना किस काम की जिससे नन्हाग मन की अवस्था न बदल जाय। यह एक ऐसा जादू है, जो सर पर चढ़कर बोलता है। हाथ [illegible] इसको ही कहते हैं। तुम यदि [illegible] और [illegible] यह सच्चा [illegible] कर दूंगा [illegible] करने की [illegible] वाले हो [illegible] में तुम [illegible] महा मुसलमान [illegible] या समाना [illegible]

आत्म-संप्रसार

(लेखक—श्रीचंद्रिकाप्रसाद जिज्ञासु)

यदि 'वेदान्त' का तात्पर्य एक वाक्य में कहना हो तो कहा जा सकता है कि वेदान्त है आत्म-संप्रसार (Expansion of Self), अर्थात् अपने आपको फैलाकर असीम कर देना। प्रत्येक व्यक्ति के साथ 'अहं' और 'मम' दो प्रत्यय लगे हैं। इन प्रत्ययों को असीम और अनंत कर देने की ओर वेदांत उत्तेजित करता है। यह कहना आसान है कि मैं असीम हूँ, मैं अनंत हूँ, पर व्यावहारिक रूप से मनुष्य असीम और अनंत से कितना तदात्म हो सकता है, यह कहना कठिन है। परम-हंस स्वामी रामतीर्थजी महाराज ने अपने "जीवित कौन है?" नामक निबंध में इस तत्त्व का विस्तार के साथ विवेचन किया है। उसी का भाव लेकर संक्षेप में नीचे कुछ पंक्तियाँ लिखी जाती हैं।

मनुष्य चाहे कैसा ही विद्वान्, वक्ता, लेखक, ऊँचा अफ़सर, कुलीन, गौरवर्ण, सुंदर और धनवान क्यों न हो किंतु यदि उसका 'अहं-मम' उसी के शरीर तक परिमित है, तो वह वेदांत की दृष्टि से निम्नतम श्रेणी का प्राणी है। वह सदा अपनी ही वेश-भूषा, अपने ही भोग-राग और अपने ही सुख-चैन में रत रहता है—स्त्री, पुत्र, संबंधी, मित्र सबको अपने ही शरीर-सुख के लिए उपयोग करता [illegible] वह हरसमय अपने ही क्षुद्र अहंकार में डूबा [illegible] अपनी ही प्रशंसा के गीत सुनता है। वह केवल [illegible] लाभ को [illegible] और उसी हानि को हानि [illegible] है जिसका संबंध उसके निजी भौतिक [illegible] के साथ होता है। वह पत्थर, तांबा, लोहा [illegible] खनिज द्रव्यों की भांति अपने आप बढ़ता, [illegible] और नष्ट की तरह सदा अपना ही काल [illegible] रहता है। उसका [illegible] [illegible] शरीर है, उसको 'आत्म' का प्रसार [illegible] की शारीरिक सीमा के अंतर्गत है, और [illegible] का अंत उसके शरीर-प्रदेश में ही हो जाता है। उसका 'अहं-मम' चूंकि उसकी देह परिसीमा का अतिक्रमण नहीं कर सका है, अ[illegible] स्वामी राम के 'व्यावहारिक वेदांत' की दृष्टि में व[illegible] 'शूद्र'-पद-वाच्य है। इस काया-विलासी शिश्नोदर परायण व्यक्ति का दूसरा नाम स्वामीजी ने 'पेट-पालू' भी रखा है।

दूसरे वे लोग हैं जो इस पहली अवस्था से कुछ आगे बढ़ गये हैं, अर्थात् जिनका अहं-मम अपने शरीर की सीमा से आगे बढ़कर अपने परिवार तक पहुँच गया है। ये लोग केवल अपने ही सुख-चैन से संतुष्ट न रहकर अपने माता-पिता, स्त्री-पुत्र आदि कुटुम्बियों के उन्नति-विकास और सुख-चैन को भी अपनी उन्नति और अपना सुख समझते हैं। ये पहले पुरुष की भाँति नितांत संकुचित नहीं हैं। इनके सुख की सीमा और इनका 'अहं-मम' अपने शरीर से आगे निकलकर अपने परिवार तक विस्तृत हो गया है। ये लोग वृक्षों की भाँति एक स्थान पर बढ़ते और फूलते-फलते हैं, तथा धरती से रसादि चूसकर अपनी शाखाओं, टहनियों और पत्तियों आदि अपने कुटुम्बियों को तो हरा-भरा रखते हैं, किंतु अपने नीचे घास आदि छोटी वनस्पतियों को पनपने और बढ़ने नहीं देते। हाँ अपने निकट आये हुए पथिक आदि को अपनी शीतल छाया और फलादि देते हैं। अतः इनकी प्रकृति 'वृक्ष' के समान है, और ये 'कोल्हू के बैल' की तरह अपने केन्द्र के चारों ओर घूमा करते हैं। इनकी 'आत्म' का प्रसार अपने परिवार की सीमा से आगे नहीं होता। ये पहले 'शरीर-पालक' से कुछ उन्नत अवश्य हैं, पर परिवार के आगे इनका 'अहं-मम' न होने से केवल 'परिवार-पालक' हैं। 'व्यावहारिक वेदांत' की दृष्टि से ये लोग [illegible] 'वैश्य' हैं। ऐसे लोग मानव-हृदय के विकास की [illegible] स्टेज पर पहुंचे होते हैं।

तीसरे वे लोग हैं जिनका अहं-मम अपने परिवार से आगे बढ़कर अपनी जाति तक फैल गया है, और जो अपनी जाति की उन्नति, अपनी जाति की बढ़ती, अपनी जाति की भलाई और अपनी जाति के प्रतिपालन में तो रत रहते हैं, पर दूसरी जातियों की कुछ भी परवा नहीं करते; वरन् अन्य जातियों को अपनी जाति के अधीन कर लेने की कामना रखते हैं। ये लोग पशुओं का-सा स्वभाव रखते हैं और 'जाति-प्रतिपालक' हैं। इनका गति-क्षेत्र 'घोड़दौड़ के घोड़े' के समान है, जो एक नियत सीमा के अंतर्गत चक्कर लगाया करता है। इनकी आत्मा का संप्रसार 'शरीर-पालक' और 'कुटुम्ब-पालक' से अपेक्षाकृत अधिक अवश्य है, पर अपनी जाति के आगे नहीं जाता। ये लोग अन्य जाति के लोगों को भी अपनी ही आत्मा समझने और उनके साथ अपने ही समान ममता रखने में समर्थ नहीं होते। ऐसे लोग 'व्यावहारिक वेदांत' की दृष्टि से 'क्षत्रिय' हैं।

इनके सिवा एक और हैं जिनमें मनुष्यों के समान न्याय आदि सद्गुण हैं, जिनमें जाति, वर्ण और संप्रदाय आदि का पक्षपात नहीं है, जो अपने देश के प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे वह किसी जाति, किसी वर्ण और किसी भी धर्म का क्यों न हो, अपना देश-भाई समझते हैं, जो देश के प्रत्येक बच्चे को अपने राष्ट्र की संपत्ति और अपनी आत्मा समझते हैं, जिन्होंने अपना सारा समय, सारी चिंता और सारा ध्यान अपने राष्ट्र की भलाई के लिए अर्पण कर दिया है, जिन्हें अपने देश की भूमि प्यारी है, जो अपने राष्ट्र की सेवा में निरंतर रत रहते हैं, जो राष्ट्र के दुख से दुखी और राष्ट्र के सुख से सुखी रहते हैं, जिन्होंने अपने आपको अपने राष्ट्र से अभेद कर लिया है। ऐसे देशभक्त राष्ट्रप्रेमी पुरुषों का गति-क्षेत्र 'चन्द्रमा' के समान है, जो देश की दरिद्रता-रूपी अँधेरी रात में चारों ओर प्रकाश छिटकाता है। 'व्यावहारिक वेदांत' की दृष्टि से ये लोग 'ब्राह्मण' हैं।

इनके अतिरिक्त एक और पुरुष हैं जो उपर्युक्त चारों प्रकार के प्राणियों से श्रेष्ठ हैं। ये वे महात्मा जन हैं जो जाति, संप्रदाय, देश और राष्ट्र की सीमा को भी अतिक्रमण कर गये हैं। जिनके लिए प्राणिमात्र समान हैं, जो समस्त विश्व के प्राणियों को अपनी ही आत्मा समझते हैं, जिनकी समस्त विश्व के प्राणियों के साथ एकसमान ममता है। जिनकी वाणी और जिनके भाव अंतरराष्ट्रीय हैं, जिनके वाक्य समस्त विश्व के लिए समान-रूप से कल्याणकारी हैं, जो सदैव समस्त विश्व के प्राणियों के हित-चिंतन में रत रहते हैं, जो समस्त विश्व के प्राणात्मा हैं और जिनका गति-क्षेत्र 'सूर्य' के समान सर्वत्र व्याप्त है, जिन्होंने द्वैत के राक्षस का संहार कर दिया है, जो अद्वैत के महार्णव में सदैव निमज्जन करते हैं, जिनकी आत्मा असीम से एकरूप हो गयी है, जिनकी ममता असीम में निमग्न हो गयी है। इस प्रकार ससीम का असीम से मिलाप, सांत का अनंत में लय ही वेदांत का ध्येय है, और यही आत्म-संप्रसार की पूर्णता है। यही ब्रह्मानंद है। इस परम सुख का अनुभव मन-वाणी की सीमा से परे है। भूत काल से भारत में ऐसी अनेक विभूतियाँ हुई हैं जिन्होंने विश्व के प्राणियों को यह संदेश दिया है। इसी से भारत जगद्गुरु के सर्वोच्च सिंहासन पर समासीन है। परमहंस स्वामी रामतीर्थजी इसी असीम में विहार करते थे। उनकी अनुभूति उन्हीं के शब्दों में सुनिए—

"मैं शाहंशाह 'राम' हूँ। मेरा सिंहासन तुम्हारे हृदय में है। जब मैंने वेदों का उपदेश दिया, जब कुरुक्षेत्र में गीता सुनायी, जब योरुशलम और मक्के में अपने संदेश सुनाये, तो लोगों ने मुझे ग़लत समझा था। अब मैं अपनी आवाज़ फिर ऊँची करता हूँ। मेरी आवाज़ तुम्हारी आवाज़ है— तत्त्वमसि, तत्त्वमसि, तत्त्वमसि !"

अवध-सेवा-समिति का प्रवर्तन

(लेखक—श्री श्रीरामजी)

श्री आर० एस० नारायण स्वामीजी महाराज अथवा नवयुवक श्री आर० एस० नारायण स्वामीजी महाराज, जैसा कि भली भाँति विख्यात है, सर्वपूज्य श्री स्वामी रामतीर्थजी के शिष्यों में अग्रगण्य थे। श्रीनारायण स्वामीजी अपने गुरु श्रीस्वामी राम-तीर्थजी के इस स्थूल शरीर के परित्याग पर उनके उपदेशों को एकत्रित करके सर्वसाधारण तक पहुँचाने की सुविधा स्थापित करने और उनके देशोन्नति के दर्शाये मार्ग पर हिन्दुस्तान के नवयुवकों को चलाने की युक्ति सोचने में मग्न हो गये। उन्होंने हिन्दुस्तानी अन्तर्प्रान्तीय भ्रमण किया और जहाँ-जहाँ अवसर मिला, विद्यार्थियों तक स्वामी रामतीर्थजी का सन्देश पहुँचाया। जब-जब लखनऊ में वह ठहरे, तब-तब झुण्ड-के-झुण्ड विद्यार्थियों के उनके पास प्रतिदिन आते रहते थे; उनसे प्रश्नोत्तर करते थे, और स्वामी नारायण स्वयं अपनी प्रत्येक लखनऊ-यात्रा में एक लेक्चर अवश्य विद्यार्थियों को दिया करते थे। सन् १९१३ ई० से १९१६ तक लखनऊ में श्रीनारायण स्वामी का आना-जाना अधिक रहा, और इसी समय में जो कुछ घटनाएँ हुई थीं, उनसे ऐसा ज्ञात होता है कि सन् १९१३ ई० में उन्होंने अपने पूर्वोक्त उद्देश्य की स्कीम (योजना) तैयार कर ली थी। लखनऊ को श्रीस्वामी रामतीर्थजी के उपदेशों के प्रचार का केन्द्र-स्थान स्थापित किया और वहीं अपना स्थायी डेरा डालकर श्री राम-तीर्थ पब्लिकेशन लीग की नींव डालने का प्रबन्ध किया जो क्रमशः लखनऊ में स्थापित हुई, जिसके द्वारा उर्दू, हिन्दी व अँगरेज़ी में साधारण लोगों की भलाई के लिए श्रीस्वामी राम के सदुपदेशों की प्राप्ति सुलभ हो गयी। इसी समय श्रीनारायण स्वामी ने अपने इस विचार को भी प्रकट किया कि वह नौजवानों के लिए ऐसा क्षेत्र पैदा करना चाहते हैं जहाँ वे उनके उपदेशों को व्यवहार में लाने का उद्योग कर सकें। बारम्बार वह नवयुवकों को बतलाते थे कि वे लोग अपनी भारत-माता का कल्याण करने के योग्य उस समय तक नहीं हो सकते, जब तक उनका मन नीची विषय-वासना में मग्न समझता रहेगा कि आत्मा साढ़े तीन हाथ के शरीर में सीमित है और "मज़हब" व्यक्तिगत क्षणिक स्वार्थ की प्राप्ति का उपाय-मात्र है। जब तक वे पूर्वोक्त विचारों का परित्याग करके इस सन्देश का अनन्य ज्ञान न पाने लगें कि उनकी आत्मा विश्व की आत्मा है तथा विश्व के दुःख में उनको दुःखी होना चाहिए और उसका निवारण उनकी सच्ची कामना होनी चाहिए और मज़हब शान्ति, शक्ति, निर्भयता, उदारता, प्रेम और ज्ञान का स्रोत है; उनके अंग-अंग में ये गुण प्रकाशित होने चाहिए, वह स्वदेश के कल्याण के कारण नहीं हो सकते। स्वामीजी ऐसा साधन उपस्थित करना चाहते थे, जिसके द्वारा उपर्युक्त पूर्वोक्त सदुपदेश नवयुवकों के रोम-रोम में रम जाय और आधुनिक वातावरण में भी वे इस मार्ग से विचलित न हों, निःस्वार्थ समाज-सेवा ही स्वामी नारायण को ऐसा साधन प्रतीत हुआ। अतः उन्होंने लखनऊ में स्वयंसेवक संस्थाओं को संगठित करके 'अवध सेवा-समिति' की —

किया और उसमें स्कूलों व कॉलेजों के नवयुवकों को भर्ती किया। वह प्रत्येक मेले में वर्दी पहनाकर अपनी संरक्षता में विद्यार्थियों के स्वेच्छासेवक-दल को ले जाकर मेलों में यात्रियों की सुविधाओं का अनेक प्रकार से प्रबन्ध करते थे। उन्होंने पुलिस की मार, लम्पटों के अत्याचार और चोरों के लोलुपाचार से यात्रियों को निर्भय कर दिया। महन्तों, गंगापुत्रों व पद-स्पर्श-दर्शकों के मायाजाल आवरण से स्त्रियों का उद्धार कर दिया। अब पूज्य स्थानों में स्त्री-पुरुष व बच्चों के झुण्ड-के-झुण्ड निडर चिन्ता-विहीन श्रद्धा से दर्शनार्थ भ्रमण करने लगे—इस विश्वास के साथ कि भूले-भटकों को स्वेच्छासेवक रास्ता बतला देंगे, आवश्यकता-वश डेरे तक पहुँचा देंगे और अत्याचारियों को योग्य दण्ड दिलवा देंगे तथा सब प्रकार यथेष्ट सेवा-सुश्रूषा करेंगे। इस तरह इधर श्रद्धालुओं की श्रद्धा अकण्टक होगयी और उधर नवयुवकों में नयी जागृति पैदा हुई। अब उनमें [illegible] मेले में घूमने-फिरने की मनोवृत्ति दूर हो गयी और एक दिन पहले से ही निःस्वार्थ सेवा का उत्साह देदीप्यमान होने लगा है। अब उनकी आत्मा [illegible] के [illegible] जिसके [illegible] है, अब सीमा-रहित हो गयी है और [illegible] है [illegible] स्वामीजी की [illegible] [illegible] तन की सेवा में आसक्त थे। मध्याह्न में सेवा-धर्म से अवकाश पाकर जब ये स्वयंसेवक स्वामीजी के चारों ओर बैठकर खाना खाते थे और अपनी-अपनी निःस्वार्थ सेवा की परीक्षा देने में एक दूसरे से स्पर्धा करते थे, तो वह समय देखने के ही योग्य होता। उनकी कथाओं को सुनकर संकुचित-से-संकुचित आत्मा भी एक बार उदारता के प्रकाश से प्रकाशित हो जाती थी और विश्व की आत्मा से मिलने-सी लगती थी। दर्शक विह्वल होकर अवश्य सेवा-समिति के कोष में धन का नैवेद्य न्यौछावर करने लगते थे।

श्रीस्वामी नारायणजी महाराज ने अपने सर्व-पूज्य गुरु स्वामी राम के अमली वेदान्त के संदेश को केवल जबानी ही नहीं घोषित भी किया, बल्कि उसके अमल के लिए जिज्ञासुओं को अचूक साधन बतलाकर समाज-सेवा द्वारा सर्वसाधारण के रोम रोम में भर दिया और संसार के सामने सिद्ध कर दिया कि हिल-मिलकर समाज-सेवा में लग जाने से व्यक्तिगत आत्मा सार्वजनिक आत्मा में लीन हो जाती है और अंग-अंग से उदारता टपकने लगती है, अवश्य अनायास संसार के सारे मनुष्यों के प्रेम की प्राप्ति हो जाती है, हर [illegible] में [illegible] दिखलाई पड़ने लगता है। जहाँ तक नवयुवकों का [illegible] है [illegible] नया जीवन [illegible] [illegible] के [illegible] की धारा है, [illegible]

"व्यावहारिक वेदान्त" पर सम्मति

[illegible]

'सैनिक'

आयलैंड की स्वतंत्रता का संग्राम

[लेखक—पं० बृजनाथ शर्मा एम० ए०, एल-एल० बी०]

(१) प्रारंभिक इतिहास

१६२६ ई० पू० से ३६० ई० तक

"अदीनाः स्याम शरदः शतम्"—यह है भारत-वासियों की दैनिक उपासना का मूलमंत्र, ऊँची जाति कहलानेवाले बहुत-से हिंदू दिन में दो-तीन बार इस मंत्र को पढ़ते हैं, और अनेक शताब्दियों से पढ़ते आये हैं। जब-जब भारतवासियों की स्वतंत्रता में बाधा पड़ी, तब-तब उन्होंने बाधक शक्ति में ऐसा परिवर्तन कर दिया कि वह भारतीय सभ्यता में सम्मिलित होकर स्वतंत्रता की पोषक हो गई। इस का मुख्य कारण है भारत का धर्म, उसका सत्य, अक्रोध और अहिंसा, इस विषय का उल्लेख लेखक की 'गांधी' नामक पुस्तक (Gandhi and the Spirit of India) के अन्तिम अध्याय में आया है। यदि हो सका तो उसका सारांश हिन्दी में कभी न कभी 'व्यावहारिक वेदान्त' के पाठकों को भेंट किया जायगा। किन्तु स्वतंत्रता की चाह केवल इन धार्मिक लक्षणों के होने ही पर निर्भर नहीं है; जहाँ इन सद्गुणों का अभाव है, वहाँ भी स्वतंत्रता के पीछे लोग मतवाले हैं। वास्तव में स्वतंत्रता की चाह प्राकृतिक है। समुद्र से पानी भाप के रूप में इस लिये उड़ता है कि उसे समुद्र की सीमा में बंद रहना पसंद नहीं। वायु का इच्छानुसार इधर से उधर उड़ना उसे असह्य है, इसलिये वायु से स्वतंत्र होने के लिये वह बर्फ, पाला, कोहरा तथा पानी के रूप में फिर पृथ्वी पर आता है। पहाड़ों की कंदराएँ फिर उसकी स्वतंत्रता में बाधक होती हैं, तब वह उन्हें तोड़ गंगा-यमुना के रूप में स्वतंत्रतापूर्वक दौड़ता है। संसार में, और निर्जीव संसार में भी, जिसे देखिए स्वतंत्रता देवी का भक्त है, और उसकी वेदी पर बलि होने को तैयार है।

स्वतंत्रता का ध्यान स्वतंत्रता खो बैठने ही पर आता है। वास्तव में प्रत्येक वस्तु के अभाव में ही उसका ध्यान आता है; स्वस्थ मनुष्य को कभी भी स्वास्थ्य का ख़याल नहीं आता, अस्वस्थ को ही आता है। जो वस्तु जिस प्रकार से प्राप्त होती है, उसी प्रकार उसकी रक्षा होती है, उसी प्रकार वह बरती जाती है। चोरी का माल न खुल्लमखुल्ला काम में लाया जाता है, न घर में रक्खा जाता है। ओषधियों द्वारा प्राप्त स्वास्थ्य की रक्षा भी ओषधियों ही द्वारा होती है। यही हाल स्वतंत्रता का है। यदि धर्मपूर्वक स्वतंत्रता प्राप्त की गई है, तो धर्म से ही उसकी रक्षा होती है, और उसका प्रयोग भी धार्मिक होता है। यदि बलपूर्वक उसे प्राप्त किया है, तो बल द्वारा ही वह सुरक्षित रह सकती है और उसका प्रयोग भी बलात् ही होता है। धर्म द्वारा प्राप्त स्वतंत्रता का उदाहरण भारत के बाहर नहीं मिलता। बल द्वारा प्राप्त स्वतंत्रता के उदाहरण संसार में अनेक हैं। इन में एक आयर्लैंड भी है। आयर्लैंड की स्वतंत्रता के संग्राम में यह पूर्ण रूप से निश्चय हो जाता है कि पाशविक बल से यदि कुछ भी मात्रा स्वतंत्रता की प्राप्त हो जाती है, तो उसके स्थापित रखने में मनुष्य को पशु बनना पड़ता है।

योरप में आयरिश जाति से प्राचीन कोई भी जाति नहीं है। ये लोग वास्तव में सीदियन थे और अपने पूर्वी देश से ऐसे टापू की खोज में चल

दिये थे जो डूबते हुए सूरज के मार्ग में उनके लिये बना था। चलते-चलते वे लोग १७ मई सन् १९२६ ईसा के पूर्व (B. C) उस टापू में पहुँचे और वहाँ आबाद हो गये। इनकी सभ्यता योरप में बड़ी प्राचीन सभ्यता है, जिसका गर्व आज भी आयरिश लोगों को है। जब ब्रिटिश लोग इँगलैंड के जंगलों में नंगे घूमते थे, आयरिश जाति में ऊँची श्रेणी की सुसंगठित संथाएं, और विशेषतः राजनीतिक संस्थाएँ, मौजूद थीं। वे अपना राजा निर्वाचित करते थे, परंतु मुकर्रर कर दी जाती थी, जो 'स्लार्थी' कहलाती थी। चारों भूमि वंश की मुश्तरिका होती थी, जो हिन्दू मुश्तरिका खानदान की सम्पत्ति के समान होती थी, उसे 'फ़राँड डुवायग' कहते थे। हिन्दू और आयरिश खानदान में भेद केवल यह था कि हिन्दुओं में जन्म या गोद लेने से ही सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त होता है, इन लोगों में इकरार कर लेने और सम्पत्ति एक में मिला देने से दो वंश एक हो सकते थे।

इस लेख के लेखक पं० बृजनाथ जी शर्मा

एक ही मौरूसी समूह में से कृषि का बड़ा अच्छा प्रबन्ध था, राजा भूमि का स्वामी नहीं समझा जाता था। आयरिश लोग अनेक जातियों में विभक्त थे [illegible] कहलाती थीं। और इन्हीं [illegible] में कुल भूमि बांट दी गई थी। [illegible] (Tuath) कहते थे। इलाके के छोटे-छोटे टुकड़े किए जाते थे, और वे एक-एक वंश को दे दिए जाते थे। वंश का [illegible] कहलाता था [illegible] जागीर

आयरिश लोग न विदेशियों से मिलते थे, न विदेशी उनको [illegible] देते थे। यहाँ तक कि रोम से जो विजय का तूफान उठा था, जिसने कुल योरप को [illegible] लिया था और इंगलैंड को [illegible] था, आयर्लैंड न पहुँच सका। ईसा के [illegible] वर्ष पीछे तक यहाँ ईसाई मत नहीं पहुँच सका था। पहले पहल सन ४३२ ई० में [illegible] जाति के सन्त पैट्रिक गुलाम की हैसियत

नारायण-चरित्र

[लेखक—महात्मा शांतिप्रकाशजी, प्रेसिडेंट श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग]

भूमिका

ब्रह्मलीन स्वामी रामतीर्थजी महाराज के पट-शिष्य श्रीमन्नारायण स्वामीजी का जीवनचरित्र पाठकों को भेंट किया जाता है। आशा की जाती है कि उनके चरित्रों व उपदेशों से वे लाभ उठाएँगे।

लोकोक्ति प्रसिद्ध है कि "खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है।" हम नहीं जानते कि यह कहावत खरबूजों के लिये कहाँ तक ठीक है। पर इसमें संदेह नहीं कि एक मनुष्य दूसरे को देख के अपना रंग-ढंग और चाल-चलन बदलता है। बच्चों का चाल-चलन या स्वभाव ही नहीं, वरन् उनकी बोली-वाणी भी प्रायः वही होती है, जो उनके माता-पिता या उन लोगों की जिनके बीच में वे रहते-सहते हैं। देखने में आता है कि वे बच्चे जिनके माँ-बाप गाली देकर बातचीत करते हैं, या जो ऐसे असभ्य लड़कों के साथ खेलते हैं जो गाली बकते हैं, कुभाषी हो जाते हैं। तभी तो कहा गया है कि "जैसी संगत वैसा फल" और कुसंग से बचने और सत्संग में रहने का आदेश किया गया है। मौलाना रूम कहते हैं—

> सोहबते-सालह तुरा सालह कुनद ;
>
> सोहबते-तालह तुरा तालह कुनद ।

अर्थात् संगत ही गुन ऊपजे, संगत ही गुन जाय।

गोस्वामी तुलसीदासजी भी इस प्रकार अमृत-वर्षा करते हैं—

> तात स्वर्ग अपवर्ग सुख, धरिय तुला इक अंग ।
>
> तूल न ताहि सकल मिलि, जो सुख लव सतसंग ॥

अर्थात् स्वर्ग और मोक्ष में जो आनन्द प्राप्त होता है, उसे तराजू के एक पलड़े में रक्खो और दू पलड़े में उस आनन्द को जो एक क्षण के सत्संग मिलता है, तो भी वह उसकी बराबरी कर सकता। अतः महात्माओं के जीवनचरित्र पढ़ने से पढ़नेवाला महात्मा हो सकता है।

विदित हो कि जब कोई महान आत्मा प्रक होता है, तब उसके काम में सहायता देने के कुछ और महान आत्माएँ भी जन्म लेती हैं, भगवान् राम के साथ काम करने के लिये भ लक्ष्मण ने वरन् हनुमान् और जाम्बवंत-जैसी आत्माओं ने भी जन्म लिया था। ठीक इसी स्वामी राम का काम पूरा करने के लिये इस के हीरो श्रीमन् नारायण स्वामीजी ने जन्म था। इसमें शक नहीं कि यदि नारायण स्वामी तन, मन और धन से स्वामी राम के महान् उपदे प्रकाशन में न लग जाते, तो आज न तो इस ली नाम सुनाई पड़ता और न वे बहुमूल्य रत्न, ज ज्ञान की खान से बराबर निकलते और कारमय हृदयों को प्रकाशित करते रहते थे, पड़ते।

अत राम और नारायण के प्यारों क कर्तव्य है कि इस लीग की पुस्तकों के प्रच तन-मन से लग जाय। राम के इस काम में जो ह हाथ बटावेगा, वह लोक और परलोक के सुख मालामाल और निहाल होगा। अत भगवान र यही प्रार्थना है कि हम और हमारे पाठकों को साहस दे कि हम इस काम में तन मन और ध लग जायँ।

जीवनी का आरंभ—प्रथम खंड

(१) ब्रह्मलीन परमहंस श्री १०८ स्वामी रामतीर्थजी महाराज के पट्टशिष्य श्रीनारायण स्वामी जी महाराज को कौन नहीं जानता? आप स्वामी राम के शिष्यों में से मुख्य थे। आपके कार्यों का प्रधान स्थान लखनऊ था। वहाँ का बच्चा-बच्चा आपके काम और नाम से परिचित है। यों तो भारत की कोई ऐसी संस्था या सभा नहीं है जहाँ आपकी शुभ चर्चा न होती हो। भारत क्या, और देशों में भी आपकी कृतियाँ विद्यमान हैं। क्योंकि आपने जापान, हांगकांग, सीलोन, बर्मा और स्याम, इँगलिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान को भी अपने उपदेशों से पारमार्थिक लाभ पहुँचाया है। अमेरिकावालों की प्रार्थना पर आप वहाँ जाने वाले थे, मगर "मेरे मन कुछ और है, कर्ता के कुछ और" आप दिसम्बर सन् १९३७ की ३ तारीख की रात्रि को, सवा बारह बजे, इस असार संसार से चल दिये। हाँ, आपका शव अर्थात् मृत-शरीर गङ्गा-माता की गोद में, जो शिव की जटा से निकली है, हरद्वार के शुभ स्थान में, ५ दिसम्बर १९३७ ई० को दान दिया गया। यह वही माता है जिन्होंने आपके गुरुदेव को—जिन्हें यदि भारतमार्तंड कहा जाय, तो उचित होगा और यदि जगत् का अभिमान समझें, तो और भी अच्छा है—टिहरी गढ़वाल में आज से लगभग ३१ साल पहले अपनी प्रेम की गोदी में स्वयं ही उठा लिया था।

(२) अभी मध्यप्रदेश और सिंध में आप उपदेश देने के लिये गये थे, वहाँ बीमार पड़ गये। लखनऊ लौटने पर फिर कुछ दिनों रोग-शय्या पर पड़े रहे। ज्योंही कुछ अच्छे हुए भक्तों की प्रार्थनाओं पर आपने इधर-उधर जाना आरम्भ कर दिया। पहले तो पूर्व में बलरामपुर गये, फिर पश्चिम में ११ नवम्बर सन् १९३७ को पंजाब की ओर गये और ऐसे गये कि फिर न लौटे। यथा—

"हैफ दर चश्मे-ज़दन सोहबते-यार आख़िर शुद"

(शोक है कि पलक मारते ही प्यारे का संग छूट गया।)

राममनोरथ का, जो श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग का चपरासी है और इस यात्रा में भी आपके साथ था, कहना है कि रास्ते में लाहौर जाने से पहले आपका स्वास्थ्य फिर कुछ गिर गया था, और अपने मित्र डॉक्टर जगन्नाथप्रसाद के यहाँ स्थान चूहड़-काना में निवास करके जब लाहौर की सनातनधर्म सभा में व्याख्यान देने के लिये जाने लगे, तो डॉक्टर महोदय तथा अन्य शुभचिन्तकों ने आपसे वहाँ न जाने की प्रार्थना की, परन्तु आपने एक न मानी और कहा—"प्राण जायँ पर वचन न जाये।" वही चपरासी यह भी कहता है कि उस सभा ने, जिसमें स्वामीजी गये थे, बहुत कुछ कमी की। पहले तो उसके कार्यकर्ताओं ने बहुत देर तक आपको ओस में बिठाये रक्खा, दूसरे एक ऐसे सज्जन के यहाँ आपको ठहराया, जहाँ रात को जब आपके पेट में दर्द हुआ और आपने एनिमा के लिये गरम पानी चाहा तो न मिला, और न मकान के किवाड़ खोले गये कि जो चपरासी आपके साथ था, वह उसका कुछ प्रबन्ध करता। अतिथि-सेवियों की लापरवाही का समर्थन आपके सुयोग्य शिष्य डॉक्टर नागेश्वरसहाय-सिंह जी, जो बीमारी की ख़बर पाकर पहली दिसम्बर सन १९३७ को लाहौर पहुँच गये थे करते हैं। यदि यह सही है, तो हमको खेद के साथ कहना पड़ता है कि "अभी दिल्ली दूर है।" इससे [illegible]

नहीं कि आजकल —"मन मलीन तन सुन्दर कैसे, विष-रस भरा कनक घट जैसे"—रँगे हुए सियारों ने सिंहों के गौरव में बट्टा लगा दिया है। सिंहों अर्थात सच्चे महात्माओं को मानापमान की परवाह नहीं रहती, परन्तु उन अतिथि-सेवियों का जो उन्हें बुलाते हैं, यह कर्तव्य है कि उनकी आवश्यकताओं की ओर यथेष्ट ध्यान दें। आवश्यकताओं की ओर से विमुख होकर टीमटाम की ओर लगने का जो परिणाम है, वह किसी से छिपा नहीं है। यद्यपि यह ठीक है कि यह लापरवाही इस अभिलाषाओं से पूर्ण मृत्यु का यथार्थ कारण नहीं कही जा सकती, क्योंकि प्रत्येक कार्य का वास्तविक कारण तो ईश्वरीय प्रोग्राम होता है, जो हमारे कर्मों के फल सुख और दुःख के भोगने के लिये बनाया जाता है। अतः 'हरिइच्छा बलवान' समझकर हमको सन्तोष और धैर्य करना चाहिए। परन्तु इससे यह तात्पर्य नहीं कि मनुष्य लापरवाह हो जाय। यही परवाह और लापरवाही अथवा यो कहिए कि उचित और अनुचित व्यवहार ही मनुष्य को भला और बुरा बनाता है। और इसी कारण मनुष्य अपने कर्मों का शुभाशुभ फल पाता है।

(३) उपर्युक्त चपरासी यह भी कहता है कि जब आपके गुरुभाई स्वामी गोविन्दानन्दजी चूड़काना में मिले, उस समय आपके शिर में घोर पीड़ा हो रही थी। उन्होंने तब उस घटना का स्मरण दिलाया जब स्वामी राम ने आपसे किसी समय कहा था कि "तुम्हारा सिर फटेगा," और आपने अपने शिष्य रामेश्वरसहायसिंह से भी कहा था कि जब अनुभव होने को होता है, तब ऐसे ही कष्ट होते हैं। इसके सिवा आपके शिष्य स्वामी पूर्णानन्दजी जब चूड़काना से आपके साथ चलने को तैयार हुए, आपने मना किया और कहा कि जैसे राम के सा एक रसोइया था, वैसे ही मेरे साथ भी है, क्यों चपरासी ही आपकी रसोई बनाता था। इससे प्रकट होता है कि आपने अपना अन्तिम समय सम लिया था। कदाचित् तभी आपने गुजराँवाला या मुरा वाला की, जहाँ राम अपने बचपन में रहे थे, या की, क्योंकि वह स्थान जहाँ हृदय का विकास उत्थान होता है, तीर्थ है।

(४) जिस समय आपका पार्थिव शरीर श्रीगङ्गा में प्रवाहित किया गया, तब डॉक्टर रामेश्व सहायसिंह, चपरासी राममनोरथ और हर के सज्जन लोगों के अतिरिक्त और भी महानुभ बाहर से इस अन्तिम संस्कार में सम्मिलित होने लिये पधारे थे। उनमें से कुछ सज्जनों के नाम ये हैं—

स्वामीजी के शिष्य स्वामी पूर्णानन्द चूड़काना

स्वामीजी के सुपुत्र सेठ कर्मचंद अपनी म के सहित लाहौर से।

बाबू विद्यानंद एम० ए०, एल-टी०, टंडि यह वह सज्जन हैं कि जिनके स्वामीजी अ लखनऊ-निवास में २० साल के लगभग बरा अतिथि बने रहे। और उनके भाई बा० जीवान बी० काम० तथा उनकी माता और बाबू महा प्रसाद, बा० महेशप्रसाद, और डॉक्टर लद नारायण लखनऊ से।

बाबू हृदयनारायण कानपुर से।

अवध की एक रानी और उनके दो राजकु इत्यादि-इत्यादि। क्रमशः

राम का संदेश

राग भैरवी, ताल दादरा

बदले है कोई आन में अब रंग ज़माना।
आता है अमन, जाता है अब जंग ज़माना॥
ऐ जेहल चलो, दर्द उठो, दूर हो हसद।
कमज़ोरी मरो डूब, बस ऐ नंग ज़माना॥
ग़म दूर, मिटा रश्क, न गुस्सा, न तमन्ना।
पलटेगा घड़ी पल में नया ढंग ज़माना॥
आज़ाद है! आज़ाद है!! आज़ाद है हर एक!!!
दिल शाद है, क्या खूब उड़ा तंग ज़माना॥
लो काठ की हँडिया से निभे भी तो कहाँ तक।
अग्नी तू जला ज्ञान को दे संग ज़माना॥
आती है जहाँ में शहे मशरिक़ की सवारी।
मिटता है सियाही का अभी जंग ज़माना॥
वह ही जो उधर ख़ार, इधर है गुले खंदाँ।
हो दंग जो यों जान ले नैरंग ज़माना॥
देता है तुम्हें 'राम' भरा जाम ये पी लो।
सुनवाएगा आहंग नये रंग ज़माना॥

शब्दार्थ—

आन—क्षण। रंग—अवस्था। अमन—शांति। जंग—अशांति। जेहल—अविद्या। हसद—ईर्षा। नंग ज़माना—संसार को कलंकित करनेवाली वस्तु। रश्क—द्वेष। तमन्ना—इच्छा। तंग ज़माना—संसार की संकुचितता। संग—पत्थर। जहाँ—संसार। शहे-मशरिक़—पूर्व दिशा का राजा अर्थात् सूर्य भगवान। [illegible]—[illegible] [illegible]—[illegible] गुले खंदाँ—खिला हुआ फूल। [illegible]—[illegible] नैरंग ज़माना—संसार का परिवर्तन। [illegible] [illegible] [illegible] रंग ज़माना—संसार की तरंगें।

देखता है या उसे क्षति पहुँचाता है तो वह एक आत्मा से घृणा करता है या उसे क्षति पहुँचाता है।

वेदान्त आत्माभिमान के छोटे रूप या अहं-भाव के अज्ञान का पूर्ण विनाश करता है, और महान निःस्वार्थता या विश्व-प्रेम के साथ संबंध स्थापित करता है।

यह वेदान्त ही के कारण है कि वेदान्ती इस सुन्दर कथन की महान् सत्यता का अनुभव करता है कि "धर्म और जीवन कदापि दो चीज़ें नहीं हैं किन्तु एक ही चीज़ है।" इस प्रकार वेदांती का जीवन दिव्यता के साथ मिल जाता है—दिव्यता वेदांत की निरंतर बहती हुई एक धारा है। वेदांती वास्तव ईश्वर का ही स्पंदन है और जब वह अपने भावों को व्यक्त करता है तो वे भाव अमर वेदों और बाइबिलों के रूप में परिणत होकर समग्र संसार को ज्ञान के प्रकाश और आनंद की महिमा से आलोकित कर देते हैं।

वह अपनी बाहुओं को पूर्व और पश्चिम में फैलाता है जिनसे वह दुःखित और दुःखदायक को, निर्बल और बलवान को, पापी और महात्मा को गले से लगाता है, क्योंकि उसका प्रेम विश्व-प्रेम है, असीम और अनन्त है।

उसका धर्म लिखित पुस्तकों या मतों के भीतर ही नहीं है और न वह मंदिरों और उपदेशकों तक ही सीमित है। वह अपने धर्म को बहते हुए नालों में, खिले हुए सुगंधित फूलों की मुस्कान में, वाक्शून्य पशुओं की अभिव्यक्ति में और बच्चों के भोलेपन में देखता है क्योंकि उसका ईश्वर समग्र संसार का ईश्वर है जो छोटे-से-छोटे परमाणु से लेकर बड़े-से-बड़े ग्रह तक व्याप्त है।

इसके अतिरिक्त व्यावहारिक वेदांत का अभ्यासी एक मौन साक्षी है जैसा कि संसार को प्रकाशित करनेवाला एक उज्ज्वल सूरज। वह उस सब अंधकार के बादलों को दूर करता है जो जातीय और धार्मिक भूलों और विरोधों के कारण आर्थिक स्पर्द्धाओं और राष्ट्रीय झगड़ों के रूप में विद्यमान हैं। वह सदैव नैसर्गिक स्वभाव से ही अकर्तृक परोपकारी और उज्ज्वल है, जो दिव्यता का ही रूप है।

वेदांत को व्यावहारिक रूप में प्रयोग करनेवाले का जीवन केवल अपने या अपने देश के लिए ही आनंददायक नहीं है बल्कि समग्र संसार के लिए है।

परमात्मा करे वेदांत के अभ्यासियों का मार्ग बढ़े।

ईश्वर करे 'व्यावहारिक वेदांत' जो रामतीर्थ पब्लिकेशन लीग की ओर से आपाततः दीप के समान है, उन सब लोगों को आनन्द प्रदान करे जो शांति के अन्वेषण में निरत हैं। यही मेरी प्रार्थना है।

ॐ ॐ ॐ

(अनुवादक—श्री अनंतराम जुगराण बी० ए०)

कर रहा है। यह पाठ पक गया है कि जब किसी अर्थ को सिद्ध करने के साधन उद्यत न हों, तो उसकी आवश्यकता ही प्रतीत नहीं होती। (और वास्तव में जब साधन पास न हों, तो आवश्यकता का प्रतीत होना केवल झूठी भूख है)। पहले तो बड़ी चिन्ता के साथ आवश्यकताओं को पूरा करने का यत्न हुआ करता था, पर अब आवश्यकताएँ बेचारी स्वयं पूरी होकर सम्मुख आ जायँ तो उन पर दृष्टि पड़ जाती है, नहीं तो उनके भाग्य में राम का ध्यान कहाँ? प्रारब्ध कर्म और काल-रूपी सेवकों को सौ बार आवश्यकता हो, तो आनकर 'राम' बादशाह के चरण चूमें। नहीं तो उस शाहनशाह को इस बात की क्या परवाह है कि अमुक सेवक मुजरा कर गया है कि नहीं।

सौ बार गर्ज़ होवे तो धो-धो पियें कदम।
क्यों चर्खो-मिहरो-माह पै मायल हुआ है तू॥
ख़ंजर की क्या मजाल कि इक ज़ख्म कर सके।
तेरा ही है ख़याल कि घायल हुआ है तू॥

आपका दास—

तीर्थराम।

[भगत धन्नारामजी को श्रीस्वामी रामतीर्थजी के गुरु होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिस समय भगतजी गुजराँवाला में निवास करते थे और यौगिक सिद्धियों के कारण प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके थे, उसी समय गोस्वामी तीर्थरामजी के पूज्य पिता ने अपने होनहार बालक को उन्हीं अपने परम मित्र भगतजी के निरीक्षण में गुजराँवाला हाई स्कूल के स्पेशल क्लास में भर्ती किया। भगतजी की परमाकर्षक और निराली प्रकृति तथा सफल उपदेशों का भोले बालक रामतीर्थ के चित्त पर अमिट प्रभाव पड़ा। वह भगतजी को प्रतिभा-पूर्ण मति से ऐसा डरते थे मानो साक्षात् ईश्वर से आत्मिक पुरुष डरता हो। प्रतिदिन भगतजी की आकर्षक योग्यता और यौगिक सिद्धि का बालक तीर्थराम के हृदय पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह उन्हें साक्षात् ईश्वर का अवतार मानने लगे। श्रीस्वामी रामतीर्थजी ने बाल्यकाल से लेकर देह-त्याग पर्यन्त अपने गुरु भगत धन्नारामजी के नाम बहुत-से पत्र लिखे। इन पत्रों को पढ़कर स्वामी राम के भाव, जीवन की प्रगति और आध्यात्मिक उन्नति का पूर्ण परिचय मिलता है। इन्हीं पत्रों के आधार पर स्वामी राम की जीवनी भी

राम-गुरु भगत धन्नारामजी

लिखी गयी है। इन्हें प्राप्त करने में श्रीस्वामी नारायणजी को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, किन्तु अपनी अद्वितीय भक्ति के कारण इन्हें इस पुनीत कार्य में सफलता प्राप्त हुई। हम भी पाठकों के लिए स्वामी राम के पत्रों को समय-समय पर प्रकाशित करते रहेंगे, आशा है, इनसे पाठकों को सिर्फ मनोविनोद ही नहीं, उपदेश भी मिलेगा। सं०]

महात्मा विद्वान् हो जाते हैं, और बड़े-बड़े अमीरों के बच्चे १००) माहवार के मास्टर लोग नौकर रखने पर गधे-के-गधे और नालायक़ बने रहते हैं? दोष इसमें पुरुष के केवल अपने पुरुषार्थ और प्रारब्ध का है; और दूसरों पर दोष लगाना मूर्खता, गधापन और घमंड या अहमक़पन है। और यह भी जरूरी नहीं कि जिनके माता-पिता न हों वे बच्चे उन्नति नहीं कर सकते और जिनके हों वह ही उन्नति कर सकते हैं, बल्कि सत्य बात तो यह है कि जिनके माता-पिता नहीं होते वे ही बच्चे संसार में उत्तम महात्मा और योग्य परोपकारी बनते हैं और जिनके माता-पिता होते हैं, या खासकर जिनकी माता जीती होती है, वे बच्चे कभी योग्य और उत्तम महात्मा पुरुष नहीं निकलने पाते। यह तुम आँखों से देखती हो कि बाबू वासुदेव माता के हाथों में पले, उसके नाज़-नखरे में रहे, आज यह परिणाम है कि उसमें किंचित् मात्र भी धर्म या हृदय की शक्ति नहीं, केवल विषय की गुलामी, स्त्री की गुलामी, बदमाशी और बेहयाई तथा सर्वप्रकार की निर्बलता की गुलामी उसके रोम-रोम में धँस गयी है। और इधर हम या स्वामी राम हैं कि जिनको माता का मुख तक देखना नहीं मिला, माता के प्यार तक का ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ, प्यार तो कहाँ, सब जगह से झिड़कियाँ और ताने ही मिले। पर परिणाम यह हुआ कि प्रथम तो तुम्हारी या किसी की गुलामी करने की किंचित् भी आदत न आने पायी और न धार्मिक निर्बलता ही होने पायी, बल्कि आज जो हृदय में शक्ति, बल और आनन्द है, उसको नारायण जानता है या अन्तर्यामी ईश्वर। सो तुम्हारी ये तमाम इच्छाएँ मूर्खता से भरी हुई हैं, इसी मूर्खता के कारण तुम दुःख और कष्ट पाती हो, न कि कर्मचन्द के कारण या किसी और के कारण। और जब तक यह मूर्खता व तुम्हारा मन्द भाग्य बने रहेंगे, तब तक तुम दुःख पाती ही रहोगी, इसमें किसी का दोष नहीं। तुम यह समझ रही हो कि हमारे या किसी के प्रबन्ध से तुम सुखी हो जाओगी, और तुम्हें अपने आप यत्न करने या पुरुषार्थ करने की कोई आवश्यकता नहीं, क्या इस प्रकार किसी दूसरे के प्रबन्ध या यत्नसे मनुष्य सुखी हो सकता है, इस बात को तुम अपने आप विचारो। क्या तुममें से किसी ने हमारे इस सुख के लिए कभी प्रबन्ध या सहायता की थी कि हम संन्यासी होकर अत्यंत सुख को लाभ करें। सहायता तो दूर रही, तुम सबने अपनी ओर से जहाँ तक दुष्टता की हद होती है, वहाँ तक यत्न किया कि हम साधु न बनने पावें, दिन-रात रोने-पीटने तुम लोगों ने किये। लाला हरलाल इत्यादि सब लोगों को तुम लोगों ने भला-बुरा कहा और उसने भी तुम्हारे तानों के डर से हमें इस उत्तम मार्ग से बहुत रोका, पर पुरुषार्थ के आगे क्या कुछ दूर नहीं हो जाता—

वह कौन-सा झगड़ा है, जो वा हो नहीं सकता;
हिम्मत करे इंसान तो क्या हो नहीं सकता?

इस प्रकार तुम लोगों ने सहायता तो कहाँ, उलटा रास्ते में रोड़े बिछाए थे, पर हम फिर भी अपने पुरुषार्थ से तुम्हारे रोड़ों की कुछ भी परवाह न करके सत्य मार्ग पर ही चलते रहे। हमारे पुरुषार्थ का जो परिणाम हमको मिल रहा है, उसको हम ही जान सकते हैं और तुम्हारी निर्बलता, आलस्य, दुष्टता और अधर्म-अवस्था का जो परिणाम तुमको मिल रहा है, उसको तुम ही पूरे अन्दाज़े से जान सकती हो। इस दृष्टान्त से यह नतीजा मत निकाल लेना कि हम तुम्हारी किसी प्रकार की पहली करतूतों से कुछ नाराज़ हैं, या उन करतूतों का कोई बदला निकालना चाहते हैं, या तुम्हारी किसी करतूतों के कारण तुम्हें हृदय से नफ़रत करते हैं। हरगिज़ नहीं।

हमारे से किसी प्रकार के बदले, नाराज़गी या नफ़रत की आशा रखना नितान्त मूर्खता है। हम हृदय से तुम्हारा धन्यवाद करते हैं कि तुम ईश्वर-कृपा से सुशील, नेक, कमवाल और बाबू वासुदेव की घरवाली की तरह विषयी और बेह्या नहीं, बल्कि ह्यादार और क्रोध-रहित थीं, जिसके कारण हम गृहस्थ में भी कुछ ईश्वरमुख हो सके, नहीं तो वासुदेवदासजी से भी अत्यन्त बुरा हाल हमारा हो जाता। इस दृष्टान्त से हमारा तात्पर्य यह था कि तुमने या पिता-माता ने अथवा भाई-बन्धु किसी ने भी हमें साधु बनने के लिए न सहायता दी, न उत्साह और न ऐसा प्रबन्ध किया, पर फिर भी हम साधु हो गये। तो क्या किसी अपने सम्बन्धी की सहायता से हम इतने सुखी हुए हैं, या केवल अपने पुरुषार्थ या गुरु-कृपा से? श्रीरामचन्द्र को तो माता-पिता ने कई वर्ष बनवास दे दिया, पर वह अपने पुरुषार्थ से फिर भी धार्मिक और परोपकारी महात्मा राजा हो गये। स्वामी रामतीर्थजी के पिता ने किसी प्रकार की भी सहायता उनको सुख देने की न की। सहायता तो कहाँ, वह उनको छोटी-सी अवस्था में पढ़ना छोड़कर नौकरी के लिये तंग करते रहे और जब इन्होंने नौकरी न की और पढ़ने में पुरुषार्थ बनाये रक्खा, तो पिता ने घर से बाहर निकाल दिया, पर इन दुःखों में भी वह अपने पुरुषार्थ से पढ़ते रहे, जिसका परिणाम तुमने अपनी आँखों से देखा है कि संसार में वह कैसे मस्त महात्मा हो गये। इस प्रकार किसी के प्रबन्ध से पुरुष सुखी और महात्मा नहीं हुआ करता, केवल अपने पुरुषार्थ और श्रम से ही हुआ करता है। इसलिए तुम भी यदि सुखी और स्वतन्त्र होना चाहती हो तो अपने पर कृपा करके श्रम करो और पुरुषार्थ से काम उत्पन्न किया [illegible] सहायता की न ढूँढो। परमेश्वर ने तुम्हें हाथ-पैर दिये हैं

ईश्वर-कृपा से तुम बलवान् हो। वृद्ध, लँगड़ी, अन्धी, लुन्जी, बौली, गूँगी और निर्बल व नहीं हो। पुरुषार्थ करने के तुम योग्य हो। सब कर सकती हो। भारतवर्ष यद्यपि गरीब है, पर यह गरीब (भारत माता) लोगों को भूखा और दुःखी नहीं रखती कि जो माता के बच्चों की तन-मन से सर्व प्रकार की से करते हैं। क्या तुम इस माता के बच्चों की कि सेवा नहीं कर सकतीं? क्या तुमने कभी द हरलाल या अन्य किसी के घर जाकर यह कहा मैं आपकी या आपके बच्चों की (अर्थात भा के बच्चों की) माता के तुल्य सेवा करना चाहती मुझे अपने घर में रहने दो? क्या तुमने किसी कन्य विद्यालय, कन्या-आश्रम तथा किसी अन्य धर्म कार्यों में अपनी सेवा अर्पण की? क्या तुमने कि महात्मा की सेवा को कभी तन-मन अर्पण किया क्या तुमने कभी देश-सेवा, जाति-सेवा, प्राणिमा की सेवा, समाज-सेवा या सब बच्चों की सेवा आज तक ध्यान और पुरुषार्थ भी किया? य तुम ऐसा करतीं और पुरुषार्थ-हीन न होतीं, अपने सर पर जाति इत्यादि का घमंड सवार न हो देतीं, तो कभी संभव नहीं था कि तुम ऐसी दु और मुसीबतज़दः होतीं जैसे कि तुम लिख र हो। तुमने तो ज़रा-सी भी हमारी नकल नहीं की क्या हम घर से रुपयों की थैली लेकर निकले थे? क पहले से किसी के द्वारा रोटी का हम प्रबन्ध कर कर ईश्वर की ओर झुके थे? क्या अब भी हम क रखते हैं जिसमें हम आनन्द व शान्त रहते हैं क्या तुम्हारा या कर्मचन्द के प्रबंध के ख्याल को ले हम बाहर आये थे? कितने शर्म की बात है! जब हम सब कुछ ईश्वर पर छोड़कर सम्पू विश्वास से ईश्वर-परायण हो गये और हमें अ

तक रोटी-पानी का कभी दुःख नहीं हुआ, पर तुमने किंचित् मात्र भी पति की नक़ल न की बल्कि केवल एक पुत्र के पिंडने में लगती हुई अपना सत्यानाश, अपने आनन्द का सत्यानाश और अपने ईश्वर पर विश्वास का सत्यानाश कर दिया। हमने कई बार पहले भी तुम्हें लिखा था कि जैसा प्रारब्धवश से हम दोनों का मिलाप हो गया और उत्तम नाम पड़ गया था। नारायण ने तो अपने पुरुषार्थ और धर्म पर विश्वास से उस नाम को सिद्ध कर लिया। अब तुम्हारा धर्म और कर्म है कि तुम अपने पुरुषार्थ से अपने आपको यथार्थ रूप से लक्ष्मी सिद्ध कर लो। नारायण तो जगत् का स्वामी होकर साक्षात् नारायण-स्वरूप हो गया है, तुम भी अब देश की माता के समान सबकी सेवा करते हुए सर्वसंसार की माता-रूप साक्षात् लक्ष्मी हो जाओ, जिससे जैसे इस पृथ्वी पर लक्ष्मीनारायण का इन देहों के रूपों में मिलाप और संबंध हो गया था, वैसेही मरने के बाद अपने असल स्वरूप में एक ही देह व रूप में दोनों का पुनः यथार्थ-रूप से मिलाप हो जाय। कई बार इतने लिखने पर भी तुमने एक नहीं सुनी केवल पुत्र की कमाई पर बैठकर पेट भरने की सूझी या यहीं-यहीं हमसे सहायता माँगने की सूझी कि जिससे यहाँ बैठे ही सब प्रबन्ध खाने-पीने का हो जाय और किसी की भी सेवा न करते हुए आलसी बनकर हरामखोरों के समान पेट पालते रहें। निःसंदेह नारायण प्राणीमात्र की सेवा के लिए है और हृदय भी सबके प्रेम और दर्द में दिन-रात पिघलता रहता है बल्कि जब भारतवर्ष की बर्बादी, मुसीबत और दुःखों पर दृष्टि पड़ती है तो हृदय के दर्द के साथ रुधिर (खून) भी पिघल आता है, पर ऐसा होते हुए भी सबसे पहले वे प्राणी सेवा के योग्य और अधिकारी समझे जाते हैं कि जो लूले, अन्धे, यतीम, बच्चे, अपाहिज और सर्वप्रकार से अपने आप में असमर्थ हैं। पर जो अपने आप में समर्थ हैं, अर्थात् पुरुषार्थ करने की और दूसरों की सेवा करने की जो शक्ति रखते हैं वे चाहे सम्बन्धी हों चाहे निःसम्बन्धी उनकी सेवा करना (और उन्हें स्वयं पुरुषार्थ करके अपने पाओं पर खड़े न होने देना) तो उनको आलसी, घमंडी, गधा और अधर्मी बनाना होता है, इसलिए ऐसी सेवा करना वह पाप समझता है। यह तुम जानती ही हो कि नारायण किसी संबंध (शारीरिक सम्बन्ध) की प्रेरणा से न किसी की सेवा करने को उद्यत हुआ, न होता है और न ईश्वर-कृपा से कभी ऐसा होगा। जितनी भी सेवा आज तक की गयी है वह योग्य पुरुषों की की गयी, किसी ऐसे प्राणी की नहीं की गयी कि जो स्वयं तन्दुरुस्त, बलवान और हाथ-पाओं से युक्त हो और केवल मारे शर्म या जाति के घमंड के किसी की सेवा न करना चाहता हो, बल्कि चुपके बैठकर हरामखोरी करना चाहता हो। यदि तुम किसी आश्रम की तथा धर्म-कार्य की सेवा करने पर उद्यत हो, तो हम लोगों से दर्याफ़्त कर सकते हैं और जहाँ भी ऐसी सेवा की आवश्यकता पड़े वहाँ तुम्हें भेज सकते हैं, जहाँ हमारे समान तुम भी देश की सेवा करो और पेट में कुछ अन्न भरो। यदि तुम लाहौर घर में बैठे-बिठाये नवाबों के समान सेवा या सहायता हम से लेना चाहो, तो प्रथम ऐसी सहायता माँगना ही मूर्खता है, द्वितीय ऐसी सहायता की हमसे आशा करना महा मूर्खता है। और यदि घर में बैठे-बिठाये ही सहायता लेने की ज़रूरत है, तो प्यारे हरलाल-जैसे गृहस्थी पुरुषों के घर जाओ, उनसे माँगो, वह भी हमारे ही स्वरूप हैं। जब पहले तुम उनके घर हमारी निस्बत उनसे प्रार्थना करने जाती थीं तो अब भी वही हरलाल हैं, उनके पास सहायता के लिए भी जाना अनुचित नहीं।

बिल्कुल स्पष्ट रहता है चाहे वह घर में हों या समाज में। 'हिंदी' को हिंदुस्तान की राष्ट्रभाषा वह इसी लिए बनाना चाहते हैं कि इसकी लिपि बिल्कुल सरल और विज्ञान के आधार पर अवलंबित है। महात्मा गांधी को भी इनकी भाषा-संबंधी योजना मान्य है। क्यों न हो, वह भी तो सरलता की मूर्ति हैं।

इस व्यक्तिगत सरलता के साथ ही सामाजिक सरलता के वे पक्के पुजारी हैं। गत वर्ष यू० पी० में एक किसान-दिवस मनाया गया था। लखनऊ में भी एक सभा हुई थी। उसमें बड़े-बड़े लोगों ने बड़ी बोली में लम्बी-चौड़ी लच्छेदार तकरीरें की थीं, व्याख्यान दिये थे। अधिकांश देहाती किसान उनकी बातों को अच्छी तरह न समझ पाये। लेकिन जब यह दाढ़ी वाला सादा-सा आदमी खद्दर के लिबास में उनके सामने खड़ा हुआ, वे हर्ष-ध्वनि के साथ उनकी जय-जयकार करने लगे। अपने अग्रज की ओर, नहीं अपने रक्षक की ओर, चकित होकर देखने लगे; मानों उनके रूप में उन सबने अपने ही रूप के दर्शन किये हों। उनकी सरल वाणी ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया, वे तन्मय होगये। कारण एक तो उनके शब्दों में सच्ची आत्मा के अनुभव व्यक्त किये गये थे, दूसरे ऐसी देहाती भाषा में उन्होंने भाषण दिया जिसको सब आसानी से समझ सकते थे बड़ी सुगम एवं सरल रीति से उन्होंने उन्हें उनकी संपूर्ण परिस्थिति का ज्ञान करा दिया और उनके दुःख दूर करने और जमींदारों के आघातों से उन्हें बचाने का वचन देकर उनके हृदय में नवीन आशा, स्फूर्ति और उत्साह की तरंगिणी बहा दी। सभा समाप्त होते ही वे आपस में कहने लगे "भैया, ऐस लिच्चर तौ आजु लगि नाहीं सुना गवा। एक-एक आखर हमरी समझ में आइ गवा। यहै बाबू परसोतम दास टंडन आहीं। ऐस अच्छे मनई हन। हम किसानन क्यार इन्हें इतना ख्याल है। ई हमार हक हमैं जरूर दिवै हैं। बोलो, टंडन जी की जै।"

माननीय श्रीपुरुषोत्तमदास टंडन

यह वेदांत की व्यावहारिकता का एक उदाहरण है। व्यावहारिक वेदांती अपनी सत्ता को जगत् की सत्ता से मिला देता है। जगत् का हित ही उसका हित है जगत् का कल्याण ही उसका कल्याण है। वह अपने में विश्व का रूप देखता है और विश्व में अपना रूप। यही सच्चा विवेक है। इसी से मानवता सर्वोच्च शिखर पर पहुँच सकती है और अशांत संसार में सच्ची शांति स्थापित हो सकती है।

वेदांत और व्यावहारिक वेदान्त

(लेखक—अज्ञात)

वेदान्त क्या है ? व्यावहारिक वेदान्त क्या है ? इन दोनों में क्या कोई अन्तर है ? यदि है, तो क्या ? ऐसे प्रश्न इस पत्र के पाठकों को मनोरंजक हो सकते हैं।

संसार क्या है ? इसका लक्ष्य क्या है ? मैं क्या हूँ ? मेरा लक्ष्य क्या है ? क्या इसे किसी ने बनाया है ? उस बनानेवाले का और मेरा क्या सम्बन्ध है ? ऐसे प्रश्नों के एक विशेष प्रकार के उत्तर का नाम ही वेदान्त है।

संसार के इन मूलभूत अन्तिम तत्त्वों का अन्वेषण वेदान्त ने कई प्रकार से प्रारम्भ किया है, पर अन्त में वह सदा एक ही निष्कर्ष पर पहुँचा है। उसकी एक प्रक्रिया में वह सबसे पहले मनुष्य की स्वाभाविक इच्छाओं की छानबीन करता है। मनुष्य में तीन ऐसी मूलभूत इच्छाएँ हैं, जिन्हें वह किसी प्रकार दूर नहीं कर सकता। एक तो वह चाहता है कि वह कभी मरे नहीं, दूसरी यह कि वह संसार के सारे ज्ञान को आयत्त करना चाहता है, और तीसरी यह कि वह सदा ऐसे आनन्द में रहना चाहता है जिसमें दुख का नामोनिशान न हो। इन्हीं इच्छाओं से प्रेरित होकर वह संसार के अनेक क्रिया-कलापों में प्रवृत्त होता है, किन्तु न संसार की वस्तुओं से उसकी ये इच्छाएँ तृप्त होती हैं और न कभी हो सकती हैं। अतएव उसे कभी शान्ति नहीं मिलती। इस में संसार की सर्वोत्तम परिस्थिति में भी एक-न-एक खटका बना ही रहता है। इस प्रकार जब मनुष्य संसार से चारों ओर से हताश हो जाता है, तब वह वेदान्त की शरण में आता है। तब वेदान्त उससे कहता है – देखो, संसार में जितनी भी वस्तुएँ तुम्हारे सामने आती हैं, वे सब नाशवान् हैं और जो भी नाशवान् होगा उसमें स्थायी, शाश्वत शान्ति नहीं हो सकती। किन्तु जब तुम्हारी ये तीनों इच्छाएँ बिलकुल स्वाभाविक हैं, तुमने उन्हें परिस्थिति विशेष में यों ही नहीं बनाया है, तब इनकी पूर्ति अवश्यम्भावी है। ये अवश्य पूरी होंगी और उससे भी अधिक सुन्दर ढंग से जिसकी तुम कल्पना करते हो। वास्तव में तुम न शरीर हो, न मन हो, न बुद्धि हो और न इनका कोई समुच्चय हो। तुम यथार्थ में वह हो जिसमें कभी कोई परिवर्तन नहीं होता। जो तुम बचपन में हो, वही तुम बुढ़ापे में हो। इतना ही नहीं, जिसे तुम मृत्यु कहते हो, वह केवल स्थूल शरीर की मृत्यु है। तुम तो इस शरीर के मरने पर भी बने रहते हो, क्योंकि 'मैं मर गया' इस अनुभव की कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए वेदान्त कहता है कि वास्तव में तुम स्वयं नित्य, ज्ञानवान् और आनन्दमय, दूसरे शब्दों में सच्चिदानन्द हो। तुम्हारे वास्तविक सच्चे स्वरूप में ही उक्त तीनों इच्छाओं की प्रेरणा या पूर्ति विद्यमान है। तुमने जो अपने आपको भ्रम-वश, अज्ञान-वश, शरीर, मन, बुद्धि आदि मान रक्खा है, यही तुम्हारे और संसार के अनर्थों का मूल कारण है। बस, इसीलिए वेदान्त ने 'एकमेवाद्वितीयम्' 'अयमात्मा ब्रह्म' आदि महावाक्यों की घोषणा की है। वह कहता है – तुम्हारा वास्तविक स्वरूप एक और अद्वितीय है। उस एक सच्चिदानन्दघन के सिवा और किसी वस्तु का कोई अस्तित्व ही नहीं है।

(शेष पृष्ठ ५२ पर)

थी, जिसे सन् १९३१ ई० में यू० पी० सरकार ने प्रकाशित किया था। कांग्रेस-सरकार ने धर्म-रक्षण सभा द्वारा निर्मित बिल के आधार पर ही इस सम्बन्ध में कार्य करने की योजना का प्रस्ताव तैयार किया था। यह एक ऐसा कार्य है, जिसके लिए प्रत्येक हिंदू आपका कृतज्ञ और ऋणी रहेगा।

आप मानव-सेवा और प्रेम के मूर्तिमान् स्वरूप थे। आप प्रायः कहा करते थे, "यह विस्तृत जगत मेरा घर है और लोगों की भलाई करना मेरा धर्म है।"

सारांश यह कि आप न्याय के समान अटल, सत्य के समान कठोर, प्रेम के समान कोमल और पर्वत के समान स्थिर थे।

विश्व के नियन्ता, आपसे हमारी हार्दिक विनय है कि आप अपने प्रेमियों और शिष्यों में स्फूर्ति, प्रेम और कर्म-शीलता का संचार करते रहें, जिसमे आपका शुभ संदेश देश-देशांतर में फैला सके। लोगों ने इसी उद्देश की पूर्ति के लिए आपकी पु स्मृति में इस पत्र को निकालना आरंभ किया हम चाहते हैं कि आपके 'व्यावहारिक वेदान्त' ध्वनि समस्त भूमंडल में गूँज जाय और हुई पाशव-वृत्तियों को त्यागकर मानव-समाज कल्याण के मार्ग पर चले और विश्व-प्रेम स्थापना करे। इस पुण्य-कार्य में आप हमारी यता करें। यह सब आप ही की कृपा का फल

"मेरा मुझमें कुछ नहीं, जो कुछ है सो तो
तेरा तुझको सौंपने, क्या लागत है मोर

भवदीय सेवक—
रामेश्वरसहायसिंह

(पृष्ठ ४० के आगे)

तुम जिस अर्थ में अभी 'मैं' का प्रयोग करते हो, यह द्रष्टा-भाव भी मिथ्या है और दृश्य-रूप में अपने सामने जो जगत देखते हो, यह भी मिथ्या है। जो सत्य है या सत् है वह है एक, अनन्त, अनिर्वचनीय, मन-बुद्धि और वाणी से परे।

यह वेदान्त-तत्त्व कहने-सुनने, समझने-समझाने में जितना आसान है, वह अनुभव करने, साक्षात् करने में उतना ही दुःसाध्य है। बचपन से कहिए या जन्मजन्मान्तर से कहिए, हममें शरीर के साथ तदात्म होने का संस्कार लगा हुआ है। हम जिस प्रणाली से शरीर के साथ तदात्म न होकर अपने स्वरूप सच्चिदानन्द-रूप से तदात्म हो सकें, उसी का नाम 'व्यावहारिक वेदान्त' है। व्यावहारिक वेदान्त में भी हमें मनुष्य के मूलभूत तत्त्वों से प्रारम्भ करना होता है—(१) शरीर, (२) मन और (३) बुद्धि। मनुष्य या तो शरीर अर्थात् क्रिया-प्रधान या मन या भाव-प्रधान या बुद्धि या विचार-प्रधान होते हैं। इसीलिए व्यावहारिक वेदान्त ने जो क्रिया-प्रधान हैं उनके लिए कर्मयोग का, जो भाव-प्रधान हैं उनके लिए भक्तियोग का और जो विचार-प्रधान हैं उनके लिए ज्ञानयोग का मार्ग निर्माण किया है। कर्मयोग का अर्थ है केवल अपने व्यक्तिगत कार्य के लिए नहीं, वरन कर्तव्य-दृष्टि से समष्टि हित के लिए काम करना; भक्तियोग का अर्थ है अपना मन और स्वयं अपने आप को उसी एक अद्वितीय प्रति उत्सर्ग कर देना और ज्ञान-मार्ग का अर्थ निरन्तर उस अद्वितीय और अगोचर आत्म का चिन्तन करना।

ये तीनों मार्ग यद्यपि देखने में भिन्न-भिन्न होते हैं किन्तु वास्तव में इनका कार्य और लक्ष्य है। कर्मयोग के मार्ग से निष्काम कर्म करते से धीरे-धीरे मनुष्य का क्षुद्र अहं क्षीण हो है, इसी प्रकार भक्तियोग से भी मनुष्य के हृदय अहं-भावना धीरे-धीरे लुप्त होकर केवल एक अद्वि तीय प्रभु की ही भावना शेष रहती है और ज्ञान में तो केवल उसी सच्चिदानन्दघन का नि चिन्तन करना होता है, जिससे इस संस्कार क्षुद्र अहं का पूर्णतः विस्मरण हो जाता है।

बस, इस प्रकार अपने प्राकृत स्वभाव के सार साधना करते हुए हम जिस लक्ष्य पर प हैं वह है 'तत्त्वमसि' और यही है वेदान्त व्यावहारिक वेदान्त।

कर्ता थे, अत्यंत दुःख हुआ। वे स्वामीजी से क्षमा माँगने के लिए मेरे साथ गये। उस समय स्वामीजी नदी के बीच में एक चट्टान पर बैठे हुए थे। मैंने बा० ज्योतिस्वरूप का स्वामीजी को परिचय दिया। स्वामीजी बड़ी जोर से हँसे और बड़ी देर तक हँसते ही रहे। बा० ज्योतिस्वरूप स्वामीजी के चरणों में पड़ गये, और अपने अपराध की क्षमा माँगने लगे और स्वामीजी से फिर भाषण देने का आग्रह करने लगे, परन्तु स्वामीजी ने इसे स्वीकार न किया। स्वामीजी केवल ऊँचे हँसते ही रहे और फिर 'ओ३म्' का नाद करके समाधि-मग्न हो गये।

देहरादून में स्वामी राम उपनिषदों का अध्ययन करते थे। उनकी वैदिक भाग पर तो श्रद्धा थी किंतु वे कर्मकांड भाग पर श्रद्धा नहीं रखते थे।

अमेरिका से वापस आने पर स्वामीजी और रहन-सहन पर कुछ प्रभाव अवश्य प यह पुरानी कट्टरता न रही।

स्वामीजी के कुछ कागज मेरे पास थे जल-समाधि-मग्न होने के बाद उन कागजों नारायण मुझसे ले गये, और अब उनका प्र हो गया है।

कौन कहता है कि स्वामी राम अब नहीं हैं। उनकी आत्मा अनेक आत्माओं में कर गयी है। आज अनेक आत्माएँ स्वा सन्देश को लेकर संसार के कोने-कोने में हैं। आज संसार के बड़े-बड़े महात्मा जि और ब्रह्मानन्द को पाने के लिए अटूट प्र रहे हैं, उसका पथ-प्रदर्शन श्रीस्वामी राम ने ही

समालोचना

(१) सत्संग (मासिक) पत्रिका—वार्षिक मूल्य १); प्रति संख्या =); सत्संग कार्यालय, फैजाबाद से प्रकाशित होती है। यह पत्रिका डा० निगम के संपादन में निकलती है। इसमें जो लेख छपते हैं, वे बड़ी सरल भाषा में होते हैं और धार्मिक तथा शिक्षाप्रद होते हैं। भारतीयता के प्रेमियों को चाहिए कि वे इस पत्र को अपनायें।

(२) मस्ताना जोगी (उर्दू मासिक पत्र)—वार्षिक मूल्य ३); मस्ताना जोगी लाहौर से प्रकाशित होता है। यह १००-१५० पृष्ठ का मासिक-पत्र बड़ा ही दिलचस्प और मनोरंजक है। इसमें इश्तहार भी नहीं होते फिर भी बड़ी सज-धज से निकल रहा है इसके विशेषांक बड़े ही सुन्दर होते हैं।

(3) PRABUDDHA BHARATA ened India) English Monthly Annual subscription Rs. 1 Single c 7. Published by Advaita Ashrama, ington Lane, Calcutta. The Advaita has rendered valuable service English Knowing Public by bring this monthly for about 44 years. I publishes very interesting and in articles on the Advaita Philosophy Vedanta. It's contributors are W personalities. We hope that the scho devotees will be much benefited by t interesting articles published in the

के आधार पर सहयोग देने का वचन दे चुके हैं, तो मुसलिम लीग के साथ कोई भी समझौते की बात चीत करना निरर्थक मात्र है। इसमें कभी सफलता की आशा नहीं।

भारतीय संस्कृति का अपमान

इसमें सन्देह नहीं कि भारतीय संस्कृति संसार की अन्य संस्कृतियों की जननी है। किसी भी संस्कृति का सच्चा आभास उसकी भाषा में स्पष्ट मिलता है, अतएव भाषा और संस्कृति का बड़ा घनिष्ठ संबन्ध है। इसी भाव से आज हिन्दी-साहित्य के महारथी अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए अटूट प्रयत्न कर रहे हैं तथा हिन्दी की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर रहे हैं, किन्तु परिताप का विषय है कि आल इंडिया रेडियो, लखनऊ भारतीय संस्कृति का घोर अपमान कर रहा है। इसका ज्वलन्त उदाहरण उसके कार्य-क्रम में मिलता है। आल इंडिया रेडियो स्टेशन, लखनऊ के अध्यक्ष का निरंतर प्रयत्न है कि हिन्दी-भाषा के सरल शब्दों के स्थान में भी कठिन उर्दू शब्दों का प्रयोग हो और हिन्दी पर उर्दू का गाढ़ा पुट लगा दिया जाय। उदाहरण के लिए रोज के बोलचाल के शब्दों— 'नमस्ते' 'प्रणाम' 'सादर वन्दे' इत्यादि के स्थान में 'आदाबरज़' इत्यादि शब्दों का नित्य प्रयोग किया जा रहा है। भारत की बहुमत हिन्दू-जनता के चित्त पर इससे बड़ा आघात पहुँच रहा है और आल इंडिया रेडियो के कार्यकर्ता भारत के बहुमत के विचार की अवहेलना कर अपनी कूटनीति के जाल को विस्तार के साथ फैला रहे हैं।

हाल ही की एक घटना है कि आल रेडियो लखनऊ से एक 'कवि-सम्मेलन' और 'मुशायरा' करने का आयोजन किया जा रहा उसके कार्यकर्ताओं ने अपनी कूटनीति के हिन्दी-कवियों को बहुत कम शुल्क देने का किया और उर्दू के शायरों को बहुत अधिक पर हिन्दी के प्रसिद्ध कवियों ने विरोध शामिल होने से इन्कार कर दिया है नगण्य-से कवि शामिल हों तो हों। यदि आल रेडियो, लखनऊ के कार्यकर्ता अपनी इस कूट को नहीं बदलते, तो भारतीयता के पक्षपातियों इसका घोर विरोध करना चाहिए और में भारतीय सरकार से लिखापढ़ी करनी चाहि इस भेद-भाव की नीति से भारतीय संस्कृति का अपमान हो रहा है।

बधाई !

हमें यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष होता कि संयुक्त प्रान्तीय सरकार ने अपने 'सू विभाग' में एक हिन्दी-साहित्य-सेवी की नियुक्ति है। हमारे परम मित्र श्रीयुत बालकृष्ण आई० सी० एस० हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और लेखक हैं। आपकी साहित्य-सेवाओं से साहित्य-संसार भलीभाँति परिचित है, आपही विभाग के लिए विशेष उपयुक्त व्यक्ति व्यावहारिक वेदान्त आपको इस समुचित पद प्राप्ति पर हार्दिक बधाई देता है!

OM

VYAVAHARIKA VEDANTA

"नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः"

OL. 1 LUCKNOW: JANUARY 1940. No. 1

MY MOTTO

**"GOD IS REAL, WORLD UNREAL,
SELF-REALIZATION THROUGH RENUNCIATION."**

ॐ सत्यम् स्वामी राम

How beautiful upon the mountain are the feet of him that bringeth glad idings, that publisheth Peace that bringeth good tidings of God, that publisheth alvation, that saith unto Zion; thy God reigneth............Bible.

GREETING "PRACTICAL VEDANTA."

All friends of Progress and Creation,
Hail thee with a divine elation.
Be a New Star of Truth indeed,
The world of *Practical Vedant* hath need.
May the clear words of sage and saint,
Remove from many hearts the taint!
Distil from pure Vedant a mead,
The Essence, to be lived and breathed!
Proclaim the Peaceful, true and Good,
Chant loud of Love and Brotherhood!
Go, Godly Envoy, bravely forth—
Bless sunny south, east, west and north!

Om, Om, Om!

OM

VYAVAHARIKA VEDANTA

"नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः"

OL. 1 LUCKNOW : JANUARY 1940. No. 1

MY MOTTO

"GOD IS REAL, WORLD UNREAL,
SELF-REALIZATION THROUGH RENUNCIATION."

ॐ सत्यम् स्वामी राम

How beautiful upon the mountain are the feet of him that bringeth glad idings, that publisheth Peace that bringeth good tidings of God, that publisheth alvation, that saith unto Zion; thy God reigneth............Bible.

GREETING "PRACTICAL VEDANTA."

All friends of Progress and Creation,
Hail thee with a divine elation.
Be a New Star of Truth indeed,
The world of *Practical Vedant* hath need.
May the clear words of sage and saint,
Remove from many hearts the taint!
Distil from pure Vedant a mead,
The Essence, to be lived and breathed!
Proclaim the Peaceful, true and Good,
Chant loud of Love and Brotherhood!
Go, Godly Envoy, bravely forth—
Bless sunny south, east, west and north!

Om, Om Om!

Sister Sushila Devi
[illegible] PEACE.

The Essence of Gita

(Swami Shivanand 'Anand Kutir', Rikhikesh.)

I again and again remind you, Dear Friends, that the goal of life the *summum bonum* of existence is Self-realisation or attainment of God-consciousness You have taken this body for this purpose alone. You have evidently forgotten this vital point on account of the force of Avidya (ignorance), Raga, Dwesh, Kama and Moha. Now open your eyes. Wake up. Gird up your loins for fighting against ignorance and acquiring Atma Gyana, which alone will secure you freedom from the Samsaric wheel of birth and death.

Peace, bliss, ananda, sukha, Gyana, Atma, Brahma, Chaitanya, Purusha, Sri Krishna Tattwa, Parama Dharma, Nirvana, Parama Pada, Gita are all synonymous terms only

Bhagawad Gita contains the Divine nectar. It contains the essence of Vedas and Upanishads. It is like Chintamani, Kalpataru or Kamadhenu. You can milk out anything from it. It contains 700 slokas. It is a book of eternity, of all ages and of all climes It is not a catch-penny book which has a life like that of a mushroom. Gita has been my constant companion in life. It is a *Vade mecum* for all.

Gita is a unique book of all ages It is a book that comes under the cat[illegible] of Prasthana Traya, th[illegible] thre[illegible] [illegible] books [illegible]

[illegible]

various methods of Sadhan according to nature of the student for the attainment the final goal of life. The instructions are inculcated by Lord Krishna to A[illegible] are not meant merely for Arjuna but [illegible] people of the whole world. Gita [illegible] universal book, which contains [illegible] teachings for all. It is a standard book Yoga for all. The language is as simple could be. A man who has even an elemen[illegible] knowledge of Samskrit can go through book. It deals with the four Yogas, Karma Yoga, Raja Yoga, Bhakti Yoga Jnana Yoga.

A close study of Gita was revealed Bhagawan Sri Krishna Chandra, Lord of Yogis, to Arjuna on the battle-field of K[illegible] kshetra. Arjuna attained knowledge of through the grace of his friend, Lord Kri[illegible] in the battle-field, within an hour and [illegible] through intuition and revelation. His [illegible] fear and confusion vanished entirely thr[illegible] the teachings of Bhagavad Gita Th[illegible] Lord Krishna taught Gita to Arjuna, teachings are intended for men of di[illegible] temperaments at all times. This is the [illegible] of the Gita

There are countless commentaries [illegible] at the present moment A volume [illegible] written for each sloka. A busy man [illegible] Karma tendencies will be highly benef[illegible] [illegible] the commentary of Sri [illegible] [illegible] Tilak [illegible]

devotion by studying Sridhar's commentary; a man of reasons and will by studying Sri Sankara's commentary, an English translation of which is available in the Theosophical Publishing House, Adyar, Madras.

The first six chapters of the Gita deal with Karama Yoga. The second six chapters treat of Bhakti Yoga, and the last six chapters deal with Jnana Yoga. The first six chapters represent the "Tat" pada of "Tat Twam Asi" Mahavakya. The second six chapters represent the "Twam" pada. The last six chapters represent "Asi" pada. The sixth chapter deals with Raja Yoga. The second chapter treats of the Immortal Atma. The fifth chapter deals with Pranayama.

Constant remembrance and practice of the teachings of the slokas 19, 20, 23 and 24 of the second chapter will confer on you Immortality and will remove fear and Deha Adhyasa (identification with the body).

Constant remembrance and practice of the teachings of Slokas 22 of the fifth chapter, Sloka 8 of the thirteenth chapter, and Sloka [illegible] of the eighteenth chapter will [illegible] Vairagya.

[illegible] the spirit of Sloka 71 of second chapter and Sloka [illegible] of the fourth chapter [illegible] Supreme Peace.

[illegible]

begins with Sloka 11 of the second chapter. Sloka 66 of the eighteenth chapter is the most important of the Gita; "Abandon all duties, come unto Me alone for shelter; sorrow not, I will liberate thee from all sins." Adwaitins explain this Sloka thus: "Give up Jiva Bhavana. Develop Aham Brahma Asmi Bhavana. You will get liberation." Arjuna asks Lord Krishna: "Tell me decisively, what may be the better. My mind is confused as to duty. I am thy disciple, suppliant to Thee. Teach me." Sri Krishna gives his answer to this question of Arjuna in Sloka 66 of eighteenth chapter.

The essence of the whole Gita is contained in the two important Slokas 65 and 66 of the eighteenth chapter—

"Fix thy thought on Me, be devoted to Me, worship Me, do homage to Me. Thou shalt reach Myself. The Truth do I declare to thee; for thou art dear to me."

"Abandoning all duties, come unto Me alone for shelter, sorrow not, I will liberate thee from all sins."

The first Sloka contains the essence of [illegible]. Here is the Sadhana for [illegible]

[illegible]

evotion by studying Sridhar's commentary: man of reasons and will by studying Sri ankara's commentary, an English translation f which is available in the Theosophical 'ublishing House, Adyar, Madras.

The first six chapters of the Gita deal with Karama Yoga. The second six chapters reat of Bhakti Yoga, and the last six chapters eal with Jnana Yoga. The first six chapters epresent the "Tat" pada of "Tat Twam Asi" Mahavakya. The second six chapters repre-ent the "Twam" pada. The last six chapters epresent "Asi" pada. The sixth chapter leals with Raja Yoga. The second chapter reats of the Immortal Atma. The fifth hapter deals with Pranayama.

Constant remembrance and practice of the eachings of the slokas 19, 20, 23 and 24 of the second chapter will confer on you Immortality and will remove fear and Deha Adhyasa (identification with the body).

Constant remembrance and practice of the teachings of Slokas 22 of the fifth chapter, sloka 8 of the thirteenth chapter, and sloka 28 of the eighteenth chapter will [illegible] Vairagya.

Life in the spirit of sloka 71 of second chapter and Sloka 3 of the [illegible] chapter w[illegible] S[illegible]

begins with Sloka 11 of the second chapter. Sloka 66 of the eighteenth chapter is the most important of the Gita; "Abandon all duties, come unto Me alone for shelter; sorrow not, I will liberate thee from all sins." Adwaitins explain this Sloka thus: "Give up Jiva Bhavana. Develop Aham Brahma Asmi Bhavana. You will get liberation." Arjuna asks Lord Krishna: "Tell me decisively, what may be the better. My mind is confused as to duty. I am thy disciple, suppliant to Thee. Teach me." Sri Krishna gives his answer to this question of Arjuna in Sloka 66 of eighteenth chapter.

The essence of the whole Gita is contained in the two important Slokas 65 and 66 of the eighteenth chapter—

"Fix thy thought on Me, be devoted to Me, worship Me, do homage to Me. Thou shalt reach Myself. The Truth do I declare to thee; for thou art dear to me."

"Abandoning all duties, come unto Me alone for shelter, sorrow not, I will liberate thee from all sins."

The first Sloka contains the essence of Narada Bhakti. Here is the Sadhana for perfect control of the [illegible]. By fixing the [illegible] the Lord [illegible] [illegible] Yoga [illegible]

Sadhan. It is difficult to say where Bhakti Yoga ends and Raja Yoga begins. Raja Yoga is the fulfilment of Bhakti Yoga. There is no hard and fast rule or line of demarkation between Bhakti Yoga and Raja Yoga. A Raja Yogi is also a Bhakta. A devotee is also a Raja Yogi. There is difference in names only. Lord Krishna gives his word of assurance to Arjuna to encourage him as he is in a despondent and confused state by saying. "Thou shalt come even to me. I pledge thee My Truth, thou art dear to me." Follow these instructions. He who has practised these four vital instructions will be able to effect, unconditioned, unreserved self-surrender.

The next Sloka contains the essence of self-surrender. The Adwaita Vedantin explains the Slokas thus. "Give up Jiva Bhavana and take to Sivoham Bhavana. You will attain liberation. You will become a Jivan mukta." An acharya of the Bhakti Marga explains thus: "Surrender the fruits of all actions and the actions themselves at the Feet of the Lord. The Lord will give you liberation." "Dharma" here cannot signify the Dharmas of the Indriyas, because even a Jivanmukta sees, hears, tastes and so [illegible] but he stands as a Witness; he does [illegible] identify with the actions of the Indriyas. [illegible] this Sloka Lord Krishna gives His [illegible] answer to the querry of Arjuna contained [illegible] the Sloka, "My heart is weighed down [illegible] the voice of faintness; my mind is confused [illegible] to duty, I ask Thee which may be [illegible] that tell me decisively."

You need not study many books on [illegible] and Vedant. If you can live in the spirit of these two Slokas, you will [illegible] the *summum bonum* of existence, i.e., immo[illegible]lity, eternal bliss and knowledge of the S[illegible]

Glory, glory to Gita. Glory, glory [illegible] Lord Krishna who has placed Gita for me[illegible] this world for attaininng Sreya or H[illegible] May His Blessings be upon you all. [illegible] Gita be your centre, ideal and goal. [illegible] is the man who studies the Gita daily! T[illegible] blessed is he who lives in the spirit of G[illegible] Thrice blessed is he who has realised [illegible] Knowledge of Gita, Atma Jnana !!!

HARI OM TAT SAT.

Om Shanti! Shanti!! Shanti!!!

Sadhan. It is difficult to say where Bhakti Yoga ends and Raja Yoga begins. Raja Yoga is the fulfilment of Bhakti Yoga. There is no hard and fast rule or line of demarkation between Bhakti Yoga and Raja Yoga. A Raja Yogi is also a Bhakta. A devotee is also a Raja Yogi. There is difference in names only. Lord Krishna gives his word of assurance to Arjuna to encourage him as he is in a despondent and confused state by saying "Thou shalt come even to me. I pledge thee My Truth; thou art dear to me." Follow these instructions. He who has practised these four vital instructions will be able to effect, unconditioned, unreserved self-surrender.

The next Sloka contains the essence of self-surrender. The Adwaita Vedantin explains the Slokas thus: "Give up Jiva Bhavana and take to Sivoham Bhavana. You will attain liberation. You will become a Jivanmukta." An acharya of the Bhakti Marga explains thus: "Surrender the fruits of all actions and the actions themselves at the Feet of the Lord. The Lord will give you liberation." "Dharma" here cannot signify the Dharmas of the Indriyas, because even a Jivanmukta sees, hears, tastes and so [illegible] but he stands as a Witness; he does [illegible] identify with the actions of the Indriyas [illegible] this Sloka Lord Krishna gives His de[illegible] answer to the querry of Arjuna contain[illegible] the Sloka, "My heart is weighed down [illegible] the voice of faintness; my mind is confu[illegible] to duty, I ask Thee which may be [illegible] that tell me decisively."

You need not study many books on [illegible] and Vedant. If you can live in the spirit of these two Slokas, you will [illegible] the *summum bonum* of existence, i.e., [illegible]lity, eternal bliss and knowledge of the [illegible]

Glory, glory to Gita. Glory, glory [illegible] Lord Krishna who has placed Gita for this world for attaininng Sreya or [illegible] May His Blessings be upon you all. [illegible] Gita be your centre, ideal and goal. [illegible] is the man who studies the Gita daily! [illegible] blessed is he who lives in the spirit of [illegible] Thrice blessed is he who has realised [illegible] Knowledge of Gita, Atma Jnana !!!

HARI OM TAT SAT.

Om Shanti! Shanti!! Shanti!!!

Short Note of Life Incidents

(By Madan Mohan Goswami)
[Son of Goswami Tirth Ram M.A. known as Swami Ram Tirtha.]

Since my mother (the only grand daughter of Dewan Mussadi Mal, a Minister of Maharaja Ranjit Singh) insisted on accompanying my revered father to the Jungles for Tapasya, the following terms were offered to her by him to enjoy that previlege :—

(a) She should part with all her property and donate the same to charitable institutions.

(b) She should leave both of her sons in a street under the care of God himself without asking any friend or a relative to look after them. If she could not do that and lacked in her implicit faith in God, she could not accompany him.

(c) She must realize that her carporal husband was dead.

Mother having agreed to all this, we became penniless in the worldly sense. When the train was to steam off from the Lahore Railway Station carrying "the would be Swami Jee", I was one of the sight seers. The Swami Jee got into samadhi in the first class railway compartment booked by his admirers. Being lured of the nicety of the compartment, I quietly hid myself in the lavatory of that compartment and thus bacame a passenger of the train.

After the train was in motion, I revealed my presence to my parents, but no objection was raised. On reaching Hardwar I was allowed two dhoties and our pilgrimage started bare-footed, on two chapatis a day, to each of the party. I then realized the rigours of God's University. When we were crossing the Ganges at Hardwar in a boat, father asked mother out of lark, if she could permit the offering of my younger brother (a three year old baby) to Mother Ganges. She bowed to his pleasure. The baby was touched to the surface of the holy river and taken back. The boy, who was suffering from typhoid fever, was cured of it then and there. This was one of the several miracles of my father which I am an eye-witness of.

waking condition, the self cognets the world of gross objects through the gross senses, and is identified with the physical organism. During the dreem state, the Self enjoys Subtle things created by the mind. During the third condition of sound sleep, the Soul is enveloped in the causal body, without any differentiation of name and form. This state is not the highest. The highest is the fourth state of the Soul, a pure intuitional consciousness. In the words of the "Karika", the fourth is not that which is conscious of the subjective, nor that which is conscious of the objective, nor that which is conscious of both nor that which is simple consciousness, nor that which is an all sentient, nor that which is all darkness. It is unseeing, transcendant, unthinkable, indivisable the sole essence of the consciousness of self, the one peaceful, one blissful the one unit. This indeed is the Atman.

It is that wherein disappears the whole of that which effects the mind and that which is also the background of all. It is the real witness. It invites in the grasp, the actor, act and the variety of objects apart one from the other. I see, hear, smell, taste, touch,— in this form the witness unites all in one continuous consciousness even like the lamp suspended in a theatre. The lamp in the theatre, takes in the master, the audience, the actors and all, without destruction in one sweep of light, and continues to shed the same light even when all these are not there."

No one doubts the facts of his own existence. If one does it, he should be told that the one who thus doubts is the self he denies, "when there is any thing like duality, there alone does one see another, there alone does one smell another, there alone does one hear another, there alone does one speak to another, there alone does one know another. But when all is one Self to him, what should he smell with what, what should he see with what ? What should he hear with what ? What should he speak of with what ? By what indeed should that he know through which everything is known. By what should the knower be known no other knowledge is necessary in knowing ones self, for the self is all knowledge; the lamp requires not the light of another lamp for its own illumination.

I am this pure Self whose from is all eternal consciousness.

स्वामी नारायणजी की पुण्य-स्मृति में—

व्यावहारिक वेदान्त

धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय विषयों पर वेदान्त की
व्यावहारिक दृष्टि से प्रकाश डालनेवाला उच्चकोटि का

मासिक पत्र

वर्ष १ } ४ फर्वरी-मार्च १९४० { अङ्क २-३

सम्पादक

श्रीचक्रधर 'हंस' नौटियाल एम० ए०, एल० टी०

शास्त्री, हिन्दी-प्रभाकर

विशेष सम्पादक

श्री १०८ स्वामी अद्वैतानन्दजी

डॉक्टर राधाकुमुद मुकर्जी, एम० ए०, पी-एच० डी०, विद्यावैभव, इतिहासशिरोमणि

डॉक्टर एन० एन० सेन गुप्त एम० ए०, पी-एच० डी०

श्री जगमोहन मिश्र एम० ए०

राजराजा डॉक्टर श्यामबिहारी मिश्र एम० ए०, डी० लिट०

डॉक्टर पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल एम० ए०, डी० लिट०

श्री गिरिधारी लाल बी० ए०

श्री दीनदयाल श्रीवास्तव

मैनेजिंग डाइरेक्टर

डॉक्टर रामेश्वरसहायसिंह

प्रकाशक

श्रीशान्तिप्रकाश

सभापति, श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग, लखनऊ

मुद्रक

श्रीहरिशंकर शुक्ल, अध्यक्ष, व्यावहारिक वेदान्त प्रेस, लखनऊ

वार्षिक मूल्य ३) एक प्रति ।-)

व्यावहारिक वेदान्त के नियम

१—व्यावहारिक वेदान्त अँग्रेज़ी महीने की १५ ता० को प्रकाशित होकर ग्राहकों की सेवा में भेज दिया जायगा। जिनको किसी महीने में 'व्यावहारिक वेदान्त' न मिले, उन्हें पहले डाकघर से पूछना चाहिए। पता न लगने पर डाकघर के उत्तर के साथ हमारे पास अगले महीने की १५ तारीख़ तक लिखना चाहिए।

२—डाक-व्यय-सहित इसका वार्षिक मूल्य ३) पेशगी है। एक संख्या का मूल्य ।-) ; छः मास का १।।) है। हिन्दुस्तान के बाहर वार्षिक मूल्य ५) है, और बर्मा के लिए ४।) है।

३—सम्मानार्थ राजा महाराजाओं से राजकीय संस्करण का मूल्य १२), रईसों तथा ज़मींदारों से ६) और छात्रों से २) मात्र है।

४—पत्र लिखते समय ग्राहक-नम्बर ज़रूर लिखना चाहिए, नहीं तो जवाब मिलना मुश्किल होगा। उत्तर के लिए टिकट भेजना चाहिये।

५—लेख, चित्र, समालोचना के लिए पुस्तकें और बदले के पत्र वगैरह सम्पादक 'व्यावहारिक वेदान्त' १० ह्वीवेट रोड, लखनऊ के पते पर आना चाहिए। सालाना चन्दा और दूसरे क़िस्म के ख़त मैनेजर 'व्यावहारिक वेदान्त' २५ मारवाड़ी गली, लखनऊ के पते पर भेजना चाहिए।

६—'व्यावहारिक वेदान्त' में धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय विषयों पर लेख, कविता, कहानियाँ वगैरह छपती हैं। उनकी भाषा सरल होनी चाहिए। अधूरे लेख नहीं छापे जाते।

७—किसी लेख अथवा कविता आदि के प्रकाशित करने या न करने का तथा उसे लौटाने या न लौटाने का अधिकार सम्पादक को है। लेखों को [illegible] अधिकार सम्पादक को है। जिन लेखों को सम्पादक लौटाना मन्ज़ूर करे, उनका डाक और रजिस्ट्री-ख़र्च लेखक के ज़िम्मे होगा। बिना उसे भेजे लेख न लौटाया जायगा।

व्यावहारिक वेदान्त में विज्ञापन-छपाई के रे[illegible]

कवर का दूसरा पृष्ठ	...	१८)	प्रतिमास
„ तीसरा पृष्ठ	...	१८)	„
„ चौथा पृष्ठ	...	२०)	„
साधारण पूरा पृष्ठ	...	१५)	„
„ आधा पृष्ठ	...	८)	„
„ चौथाई पृष्ठ	...	४)	„

अधिक समय तक छपनेवाले या स्थायी विज्ञापनों के लिए मैनेजर के नाम से पत्र-व्यवहार करना चाहिए। विज्ञापन छपाई पेशगी ली जाती है। व्यावहारिक वेदान्त में झूठे या अश्लील विज्ञापन नहीं छापे जाते, अतः कुरुचि-पूर्ण विज्ञापन न भेजिए।

पत्र-व्यवहार करने का पता—
मैनेजर, व्यावहारिक वेदान्त,
२५ मारवाड़ी गली, लखनऊ

उपयोगी और शिक्षाप्रद पुस्तकें

महात्मा श्रीरामकृष्ण परमहंस का जीवन-चरित्र, हिंदी में। यह पुस्तक अब तक उनकी जीवनी के संबंध में संसार की अनेक भाषाओं में छपी हुई जीवनियों के आधार पर लिखी गयी है। मूल्य पहला भाग १।=) दूसरा भाग १।।)

स्वामी श्रीरामकृष्ण के सुप्रसिद्ध शिष्य स्वामी विवेकानन्दजी की कुछ बंगाली और अँगरेजी पुस्तकों के अनुवाद—परिव्राजक ।=) प्रेमयोग ।।) आत्मानुभूति ।।) प्राच्य और पाश्चात्य ।।)

साधारण धर्म—(मानव-जीवन का बोध) १) उर्दू में ।।।)

राम का व्यावहारिक वेदांत—हिंदी, उर्दू और अँगरेजी में। मूल्य प्रत्येक का एक पैसा, १) सैकड़ा।

सतयुगी प्रार्थना—जिसका प्रत्येक परिवार में प्रतिदिन पाठ किया जाना उचित है। हिंदी, उर्दू और अँगरेजी में। मूल्य प्रत्येक का केवल एक पैसा, १) सैकड़ा।

स्वामी राम, वेरियस एंप्रेशन्स् ऑफ हिज लाइफ—अर्थात् स्वामी राम के जीवन पर बड़े-बड़े विद्वानों और प्रोफ़ेसरों के भिन्न-भिन्न दृष्टि से लिखे हुए लेख अँगरेजी में मूल्य १) (शीघ्र ही इसका हिंदी और उर्दू-अनुवाद भी निकलेगा)

नारायण-चरित्र—(उर्दू में) इसमें श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग के संस्थापक श्रीनारायण स्वामीजी की जीवनी और उपदेश हैं। मूल्य ।) (इसका हिंदी और अँगरेजी-अनुवाद भी शीघ्र प्रकाशित होगा)

पयामे-मारफ़त—(उर्दू में) ईशावास्य उपनिषद् के प्रथम आठ मंत्रों की विस्तृत व्याख्या। श्रीयुत [illegible] कृत, मूल्य १।)

श्रीमद्भगवद्गीता की भगवदाशयार्थ दीपिका टीका—श्रीनारायण स्वामी-कृत विस्तृत व्याख्या का संशोधित और परिवर्द्धित संस्करण। तीन खंडों में, सजिल्द, बढ़िया कागज पर मुद्रित प्रत्येक खंड का मूल्य साधारण कपड़े की जिल्द ३) ; बढ़िया सुनहरी टाइटिल जिल्द ३।।)

आदि भगवद्गीता—[illegible]

धम्मपदम्—अर्थात् बुद्धगीता। बौद्धों की परम पुनीत पुस्तक। संसार की सभी भाषाओं में इसके अनेकों अनुवाद हो चुके हैं। विशुद्ध पाली-मूल और सरल विशुद्ध हिंदी-अनुवाद-सहित। कपड़े की सुन्दर जिल्द, मूल्य ।=) मात्र।

[illegible]—(अँगरेजी में) श्रीयुत [illegible] बी॰ ए॰, एल॰ टी॰ कृत, मूल्य कागज की जिल्द ।) कपड़े की जिल्द १)

[illegible]—(हिंदी में) [illegible] मूल्य १)

पता—श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग, २५ मारवाड़ी गली, लखनऊ।

विषय-सूची

"नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।"

] फर्वरी-मार्च १९४० फाल्गुन, चैत्र १९९६ [अंक २-३

प्राण प्रिय हम तुम दो कैसे?
हमारे तुम अंतर्यामी, तुम्हारे हम अंतर्यामी,
अलग फिर हम से हो कैसे?

दो कैसे?

जहाँ हम हैं तुम अंतर्हित,
जहाँ तुम हो हम अन्तर्हित,
एक आत्मा हैं त्यों कैसे?
जो 'हम-तुम' सर्व नाम ही हैं,
भेदना कहने भर को है,
तो उत्तम मध्यम हो कैसे?
'एक' में दो अक्षर गोचर,
किन्तु 'दो' में है एक अक्षर,
कहें हम दो किसको कैसे?
एक की आवृत्ति हो कितनी,
शून्य हो अंत एक बनती,
उसे तो कहें दो कैसे?

एक औ' एक मिला कर दो,
जोड़ना गणित जोड़ने दो,
मिलें वे सम्बन्धी तो कैसे?
प्रेम करने को दो बाना,
बनाये हों हमने नाना,
रहें फिर न्यारे हो कैसे?
दूसरे हो तो दर्शन दो,
दुमवदन हम देखें तो,
हमीं में हो तो हो कैसे?
विश्व 'वचनेश' वचन रचना,
वस्तुतः है शुद्ध भी सच ना,
झूठ ही सत्य अहो! कैसे!

श्रीवचनेशजी

ग़लत करते हैं। संसार के थपेड़े लगते हैं पर उनसे लड़ने की सामर्थ्य नहीं, वासनाएँ सताती हैं पर उनको तृप्त करने की शक्ति नहीं। बस, हम ब्रह्म हैं, हम ब्रह्म हैं, कहकर थोड़ी देर के लिए अपने को और शायद दूसरों को, धोखा दे लिया जाता है।

वेदान्त जिस तत्त्व का प्रतिपादन करता है वह अनुभव गम्य है और यह अनुभूति गाने बजाने से नहीं आती, इसका आनन्द तो निर्विकल्प समाधि में योगी को ही मिलता है और फिर इसकी झलक चलने-फिरते, बोलने, खाते-पीते योगी के हर काम में देख पड़ती है। जो लोग वेदान्त का प्रचार करना चाहते हैं, उसको व्यवहार के क्षेत्र में लाना चाहते हैं, उनका कर्तव्य है कि जनता को पहिले अधिकारी बनावें और उसका यही उपाय है कि उसको आ म-सम्मान सिखावें और मनुष्य का आदर करना सिखलावें। उसमें यह भाव भरना होगा कि विषमता [illegible] है और उसको दूर करने के लिए सब कुछ न्योछावर करना होगा। लोगों को अपने से, अपने निजी धन्धे से ऊपर उठकर समुदायों के हित के लिए काम करने का महत्त्व दिखलाना होगा और अन्याय, अनाचार अत्याचार के सक्रिय प्रतिरोध के लिए तैयार करना होगा—यही व्यावहारिक वेदान्त है। जो इस प्रकार त्याग और बलि नहीं कर सकता, जो प्रतिदिन अपने को भूलकर विराट रूपी भूत होने के अवसर नहीं ढूँढ़ निकालता, उसका वेदान्त थोथा है, वह वेदान्त की अन्तर्भूमिकाओं में प्रवेश करने का अभी अधिकारी ही नहीं हुआ।

[हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि श्रीबालकृष्ण राव जी आई० सी० एस० के भावों में एक विचित्र आकर्षण है आपकी कविता के मार्मिक शब्दों और भाव के रसास्वादन से पाठक के भावुक हृदय पर गुदगुदी सी लगती है। प्रस्तुत गीत में जो माधुर्य, सरलता और भावों का उद्रेक है वह वर्णनातीत है। सं०]

नयन नील रजनि, कवि के ;
मधुर मधुपात्र हैं छवि के ॥
निशा की कान्तिमय काया ;
सजनि, सौन्दर्य की छाया ;
अकिञ्चन की अमित माया ,
प्रतिबिम्बित आज कण-कण में ,
करों से हो रही रवि के।
जगा कर स्वप्न मनि जग के ,
प्रभामय दीप कर मग के ,
वह स्वर खोलकर दृग के
रहे नीरव नयन कवि के
मधुर मधुपात्र बन छवि के ॥

—:०:—

श्रीबालकृष्ण राव आई० सी० एस०

विनाश की ओर

[लेखक—श्रीमोहनगिरिजी महाराज]

क्या वर्तमान महासमर सभ्यता का अंत कर देगा ? यह एक ऐसा प्रश्न है जो आज प्रत्येक राजनैतिक, ईमानदार और विचारशील व्यक्ति के मस्तिष्क में भ्रमण कर रहा है। जो लोग विभिन्न देशों की संहारसंबंधी योजनाओं, विनाशक आविष्कारों और नवीन युद्ध शैलियों से परिचित हैं, उन्होंने इस समस्या को हल करने का प्रयत्न किया है। अतः मिस्टर ए० ए० मिल्ने (A. A. Milne) अपनी पुस्तक 'प्रतिष्ठापूर्ण सन्धि' (Peace With Honour) में लिखते हैं:—Is it not absolutely certain that another European war would mean the complete collapse of civilisation? If we are on the eve of an Armageddon then we are on the eve of the destruction of the world.

अर्थात्—क्या यह पूर्ण रूप से निश्चित नहीं है कि एक और योरपीय युद्ध सभ्यता को निर्मूल कर देगा। यदि हम अंतर्राष्ट्रीय संग्राम छिड़ने जा रहे हैं तो इसका मतलब यही है कि संसार का संहार होने वाला है।

मिस्टर मिल्ने ने यह प्रश्न संसार के समक्ष उस समय उपस्थित किया था जिस समय पाश्चात्य युद्धप्रिय राष्ट्र अपनी इच्छा पूर्ण करने के लिए सामग्री एकत्रित कर रहे थे, सैनिक शक्ति बढ़ाने में संलग्न थे और विभिन्न प्रकार के शस्त्र ईश्वरीय सृष्टि को नष्ट करने के हेतु योरप के कारखानों में ढाले जा रहे थे। यद्यपि कभी कभी यह ध्वनि भी निकलती थी कि संसार की बड़ी बड़ी शक्तियां को शस्त्रों के निर्माण-कार्य को बंद कर देना चाहिए। लेकिन नक्कारखाने में तूती की कौन सुनता है ? शस्त्रीकरण बढ़ता ही गया और संपूर्ण महाद्वीप एक सेनागार में परिणत हो गया। कुछ वर्ष पूर्व मिस्टर मिल्ने को जिस बात का भय था आज वह हमारे सामने है। अब हमें यह देखना है कि उनके कथन में कहाँ तक सत्यता है।

अभी तो युद्ध का श्रीगणेश है। ऐतिहासिक शत्रु एक दूसरे के सन्मुख समरांगण में डटे हुए हैं। मौसम की खराबी और अन्य कई कारणों से उभय पक्ष अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह तूफान के पहले की निस्तब्धता है। ग्रीष्म ऋतु के आरंभ में ही तोपों की गर्ज, गोलियों की सनसनाहट और हवाई जहाजों की सर्र सर्र दुनिया के चारों ओर सुनाई देगी। रुधिर की नदियाँ नहीं किन्तु रक्त के सागर बहेंगे जिनमें करोड़ों लाशें उतरायेंगी। लाखों विधवाएँ अपने पतियों की स्मृति में तड़प तड़प कर संकटमय जीवन व्यतीत करेंगी। असंख्य असहाय और अनाथ बालक शोकाकुल होकर इधर उधर भटकते फिरेंगे। बड़े बड़े नगर भस्मीभूत हो जावेंगे। गगनचुंबी अट्टालिकाओं, विशाल भवनों और ऐतिहासिक महत्त्व रखने वाले ललित-कला-पूरित स्मारकों का एक चिन्ह भी शेष न रहेगा। मानवी मस्तिष्क ने विज्ञान की सहायता से जीवन को सुखमय बनाने के लिए जितनी सामग्रियाँ प्रदान की हैं उन सबका नाम तक मिट जायगा। युद्ध के बाद भी युद्ध के परिणाम दुनिया के हर देश में दिखलाई देंगे। पिछले महायुद्ध का अनुभव हमें बतलाता है कि किस प्रकार उस महाभारत के बाद संसार की व्यवस्था

छिन्न भिन्न हो गयी थी। भावी संतान पर इस युद्ध का उससे कहीं अधिक भीषण प्रभाव पड़ेगा।

किन्तु पिछले और इस संग्राम में आकाश पाताल का अंतर है। भला हो विज्ञान का जिसने पशु को मनुष्य नहीं बल्कि मनुष्य को पशु बना दिया है। अब मनुष्य भी पक्षियों की भाँति उड़ने लगा है। लेकिन मनुष्य और पक्षी की उड़ान में कितना भेद है। पक्षी उड़ कर अपने बच्चों के लिए खुराक लाता है किन्तु मानव वायुयान के द्वारा अपने ही भाइयों के खून से होली खेलता है। पिछले बीस वर्षों में वायुयानों ने बड़ी उन्नति की है। गत महायुद्ध में मशीनगन ही मुख्य शस्त्र था लेकिन इस युद्ध में मशीनगन, टैंक, मोटर, बम-वर्षक-वायुयान, वायुयान विध्वंसक तोप, सामुद्रिक बारूद की और धुएँ की सुरंगें, जंगी जहाज, ध्वंसक जलयान, पनडुब्बे और तारपीडो का प्रयोग किया जा रहा है। इन शस्त्रों के अतिरिक्त अब एक दूसरी वस्तु का प्रयोग किया जायगा, जो गत महायुद्ध में केवल नाम के लिए प्रयुक्त हुई थी। वह है, जहरीली गैस। यह एक ऐसी वस्तु है जो शीघ्रता से प्राण लेने में अप्रसर सिद्ध हो रही है। कल ही की बात है कि अबीसीनिया में जब मुसोलिनी ने देखा कि आत्म गौरव की रक्षा करने वाले वहाँ के वीर सैनिक इटली की नवीन और अर्वाचीन शस्त्रों से सुसज्जित सेनाओं के सामने शीश झुकाने को तैयार नहीं हैं तो उसने उन निर्दोष देशवासियों पर जहरीली गैस का प्रयोग किया। परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो मुसोलिनी की बन्दूकों और तोपों का सामना [illegible] से कर रहे थे [illegible] को विवश [illegible]

कहा जाता है [illegible]
[illegible]

जहरीली गैस किस सीमा तक मृत्यु की धुन [illegible] बढ़ा सकती है, उसका वर्णन योरोपीय लेख[illegible] शब्दों में ही देखना उचित होगा। लार्ड हालिस[illegible] लिखा है कि "अवगत गैसों में 'मस्टर्ड गैस' [illegible] विपाक है। रिचमांड से बार्किंग तक और फिंचले[illegible] थम तक के लिए (जिला लंदन का अधिकांश क्षेत्र[illegible] आ जाता है) केवल ४२ टन मस्टर्ड गैस ही [illegible] राज्य स्थापित करने के लिए पर्याप्त होगी। १२ [illegible] में ही इस क्षेत्र के प्रत्येक प्राणी की साँस [illegible] जायगी।" चूंकि अब 'रॉयल-एयर-फोर्स' [illegible] बम-वर्षक वायुयान में दो टन गैस के बम आ स[illegible] इसलिए २० हवाई जहाज इस काम को बड़ी [illegible]लता से पूरा कर सकते हैं। एक दूसरे अंग्रे[illegible] कहना है कि "अगर कल हवाई जहाजों [illegible] झुंड उड़कर उस केन्द्रीय नगर के लाखों निवा[illegible] के मध्य एक ऐसी गैस फैलाना चाहें जिसमें [illegible] लाखों जीवों का सहसा संहार हो जाय तो [illegible] बचने के लिए कोई उपाय नहीं है। इस का[illegible] लिए २०—२५ वायुयान पर्याप्त होंगे...... लंदन की आबादी इस तरह दम घुटकर [illegible] समाप्त हो जायगी।" भौतिक विज्ञान के एक [illegible] मिस्टर लैंगविन का कथन है कि "एक [illegible] गैस रखने वाले १०० हवाई जहाज पेरिस [illegible] मीटर गैस की तह बिछा सकते हैं। यह का[illegible] घंटे में हो सकता है और यदि वायु शांत [illegible] पेरिस के नष्ट होने में कोई संदेह न रहे।"

[illegible] फौजी अफसरों का भी यही [illegible] जर्मन फौज के लेफ्टिनेंट [illegible] [illegible] में लिखते हैं। किसी बड़े [illegible] किसी समय भी तबाही की आश[illegible] सकता है। भावी युद्ध फौजों में टक्कर होने के [illegible]

के दुखों की घोर वृष्टि का संकेत दे रहा है ; प्रलय काल का गर्जन कर रहा है। महात्मा गांधी का अहिंसावाद यही सिखलाता है कि जिसका जो अधिकार हो वह उसे प्राप्त हो, मनुष्य स्वच्छंद और स्वतंत्र होकर निर्भय पृथ्वी-मंडल में भ्रमण करे और अपने शरीर, मस्तिष्क एवं हृदय की पुष्ट करे। सदाचार के आधार पर समाज का संगठन हो और प्रेम एवं सद्भाव की नींव पर सच्चे सुख की स्थापना करे। सच्चा सुख प्राणिमात्र में प्रभु की अनन्त सत्ता के दर्शन करने में है, इससे समाज और सभ्यता की निर्बाध उन्नति होती है। मानव-शक्ति निर्माण में है, संहार में नहीं। मानव जाति के निर्माण के पहले आत्मज्ञान की आवश्यकता है। आत्मज्ञान के अर्थ—अपनी आत्मा की अनंत शक्ति एवं अतुल वैभव को जान लेना है, जो प्रकृति के अणु अणु में अपना परिचय दे रहा है। इस विश्वात्मा के ऐश्वर्य को हम भूले हुए हैं. जो हमको तेजोराशि सूर्य, चंद्र और तारागणों की ज्योति में अपने प्रकाश का, असीम ब्रह्मांड में अपने विस्तार का जिसमें असंख्य ग्रह छोटे-छोटे रूप में बिखरे दिखाई देते हैं और अपने सौंदर्य का प्रकृति की निराली छटा में आभास दे रहा है। जिसको देखकर वैज्ञानिक कुण्ठित हो जाते हैं और कारण खोजने का असफल प्रयत्न करते हैं उसका कारण तो हम ही हैं। हमारा अपना आत्मज्ञान है। यह सच्चिदानंद हमारे अंदर यही प्रेरणा कर रहा है कि सबको अपने अंक में संभालो अपने दृष्टि-कोण को, उसे संकीर्ण बने बनाओ अन्यथा यह तुम्हारी सुख-शांति का अंत कर देगा। और स्वार्थ के गड्ढे-गर्त में डाल कर जीवन को अंधकार और दुखमय बना देगा। इसलिए अपने दृष्टि-कोण को विस्तृत बनाना चाहिए। शहन्शाह स्वामी राम की भांति अपने मनोरथ विश्व के वैभव का अनुभव करना चाहिए, यहीं को पूर्ण अधिकार प्राप्त है और जहाँ परस्पर ईर्ष्या द्वेष अथवा युद्ध का अवसर कभी आ ही नहीं सकता, क्योंकि यहाँ प्रत्येक व्यक्ति को अनंत और अनंत शक्ति की उपलब्धि हर समय रहती है। यही सतयुग है, यहीं सच्चा विवेक और यही व्यावहारिक वेदांत। इसी से हम जगत् का कल्याण कर सकते हैं, उसको विनाश से बचा सकते हैं और स्थापित कर सकते हैं यही सच्ची शांति—शांति सम सुखम्।

स्वामी राम के जीवन की कुछ घटनाएं

(स्वर्गीय प० मथुराप्रसादजी नैथानी द्वारा संग्रहीत)

स्वामी राम शिकागो (अमेरिका) में व्याख्यान दिया करते थे। एक दिन विज्ञान के प्रोफेसर ने आपसे प्रश्न किया कि क्या आप हिन्दू हैं ? राम बादशाह ने उत्तर दिया मैं क्या नहीं हूँ मैं सब कुछ हूँ। सब धर्म मेरे हैं अत: मैं हिन्दू भी हूँ। इस पर प्रोफेसर साहब ने कहा कि स्वामीजी आप हिन्दू हों न हों परन्तु यह बात तो सत्य है कि आप हिन्दू दर्शन शास्त्र का ही प्रचार करते हैं। स्वामीजी ने उत्तर दिया आप नहीं समझे। मैं सत्य का प्रचार करता हूँ। सत्य असीम है जिसे कोई व्यक्ति या समाज नहीं बना सकता। जो चाहे उसे अपना सकता। हिन्दू ऋषियों ने उसे पाया परन्तु इसका अर्थ यह कि सत्य को हिन्दू धर्म का ठीका देदी। फिर प्रोफेसर साहब बोले क्या कहते हैं स्वामीजी क्या हिन्दुओं के उन पुरखाओं ने जिन्होंने कि में सबसे बड़ी पौराणिक असत्य कल्पना

निर्माण किया और जन समाज को उन पर विश्वास करने के लिए नाना प्रकार के आडंबर फैलाये। क्या ऐसे लोग भी कभी सत्य का दर्शन कर सकते थे? राम बादशाह ने अपनी नैसर्गिक सरलता और हास्य के साथ कहा—मेरे प्यारे, क्या तुम उनकी कैसी झूठी कल्पना को मुझे बतला सकते हो? संभव है कि मैं तुम्हें बतला दूँ कि वह कल्पना नहीं किन्तु असीम सत्य-केवल सत्य, को शब्दों के भीतर लाने का उचित प्रयास है। प्रोफेसर साहब ने झट से उत्तर दिया? हाँ, हाँ मैं उनकी हजारों निराधार कल्पनाओं को आपके सामने रख सकता हूँ क्योंकि मैंने हिन्दू पुराणों (Mythology) का पर्याप्त अध्ययन किया है। स्वामीराम बड़े जोरों से हँसे और बोले—किसी एक को तो बतलाओ, ऐ मेरे ही दूसरे रूप! काश तुमने हिन्दू पुराणों के साथ-साथ हिन्दू दर्शनों का भी अध्ययन किया होता। प्रोफेसर साहब ने कहा-स्वामीजी क्या यह असत्य है कि हिन्दू पुराण पृथ्वी को शेषनाग, जिसके हजार सिर और भीषण-आकृति है, के ऊपर स्थित बतलाते हैं। विज्ञान के प्रकाश के सामने इन कल्पनाओं को क्या आप आजभी सत्य मानते हैं और इनके निर्माण करनेवालों को आप सत्य-सेवी कहते हैं? स्वामी राम ने कुछ गभीरता पूर्वक उत्तर दिया—'मेरे प्यारे यदि तुम्हारी सच मुच इस विषय पर सत्यासत्य का निर्णय करने की इच्छा है तो कल प्रात: एक संस्कृत कोष और आधुनिक विज्ञान की कोई पुस्तक जोकि यह बतला सके कि पृथ्वी किस पर स्थित है लेकर अपने इस दूसरे रूप के (मेरे) पास आ जाना। विश्वास रक्खो तुम्हारी शंकाएँ दूर हो जायँगी।

दूसरे दिन प्रोफेसर साहब उपरोक्त पुस्तकों को लेकर स्वामी राम के निकट पहुँचे। स्वामी जी अभी अपने नैतिक ध्यान से निवृत्त होकर अन्य प्रेमियों से वार्तालाप कर रहे थे। प्रोफेसर साहब से बोले—आओ मेरे शेषनाग पृथ्वी नहीं ब्रह्मांड तुम पर स्थित है। प्रोफेसर साहब इसे एक चुटकुला समझकर बैठ गये। रामने अपने सभी प्रेमियों की ओर देखकर कहा—मेरे ही रूपो! प्रश्न है कि क्या पृथ्वी शेषनाग रूपी हजार सिर वाले नीलवर्ण भीषण विषधर सर्प के ऊपर स्थित है। फिर प्रोफेसर साहब की ओर मुड़कर बोले—मेरे प्यारे यह बतलाओ कि विज्ञान के मतानुसार यह पृथ्वी किस पर स्थित है? प्रोफेसर साहब ने झट पट उत्तर दिया-आकाश और आकर्षण पर। स्वामीजी ने खिलखिला कर हँसते हुए कहा प्यारे, संस्कृत कोष को देखो, शेष और नाग शब्दों के क्या अर्थ हैं। कोष खोला तो प्रोफेसर साहब ने आश्चर्य पूर्वक देखा कि उसमें शेष और नाग के अर्थ आकाश और आकर्षण ही हैं। प्रोफेसर साहबने क्षमा माँगी। फिर प्रोफेसर ने यह स्वीकार करते हुए कि पृथ्वी शेष नाग पर स्थित है, आदर पूर्वक पूछा कि ऐसे रूप देने की क्या आवश्यकता थी, इस पर स्वामी जी ने कहा कि शक्ति (Energy) सहस्र धाराओं में ही प्रवाहित होकर आकर्षण आदि का कार्य करती है और उसकी गति सदैव सर्पाकार लहरियों में ही प्रवाहित होती है। फिर स्वामीजी ने कहा प्यारे अब बतलाओ क्या यह पृथ्वी शेष नाग पर स्थित है या नहीं। यह सुनकर प्रोफेसर साहब मौन हो गये

पुनः जान्हवी तीर जा वृक्ष-शिखर पर बैठ कर निर्निमेष नयनों से विरहिणी की भाँति, अनन्त की उपासिका प्रणयी को गगनमण्डल के विस्तृत कोने कोने में खोजने लगी, किन्तु घना अन्धकार धक्का देकर भगा देता था।

मैं अधीर हो उठी थी, चिल्ला कर रुदन करने लगी। अनन्त की चेरी! मेरी स्वामिनी! किधर गयी।

प्रकृति मौन हो गयी, विहग वृन्दों ने बसेरा ले लिया, वृक्षों की हरी हरी शाखाओं ने काली चादर ओढ़ ली। तारागण चमकने लगे। परन्तु मैं रोती रही। कोई पथिक मेरी स्वामिनी का मार्ग बता दे! कोई अनन्त की ओर पहुँचा दे! रोते रोते थक गयी, निद्रा देवी ने सान्त्वना दी, अर्ध तन्द्रा की अवस्था थी, मैंने स्वप्न देखा—"वही पगली उपनाम वाली स्त्री मेरे समीप खड़ी थी" कहती थी—"बेटी धीरज धरो, धीरज! धैर्य, सब ईप्सित देने वाला है, अधीर होने से साहस लुप्त हो जाता है। जो एकमात्र सोने की कसौटी है। साहसी जीव सर्वत्र विजयी होता है। अध्यात्म के मार्ग में भी साहस अत्यन्तावश्यक है।

अतः साहसी हो! पुत्री अनन्त की ओर आना सरल है, किन्तु मार्ग संकटपूर्ण है, उन संकटों को सहन करने योग्य तुम्हारा शरीर तथा अवस्था अभी नहीं है।

कुछ दिन अनन्त की स्मृति में व्यतीत करो। पुनः मैं स्वयं तुमको अनन्त की ओर लाऊँगी।

अतएव सांसारिक वस्तुओं, प्राणियों तथा जीवों मे अनन्त विभूति का अनुभव करो। अनन्त प्रेम का संचार करो। अनन्त माया का खेल देखो। अनन्त मार्गों का अन्वेषण करो।

समयानुकूल होने पर सरल छोटा मार्ग मिलेगा। इतना कह कर देवी का देदीप्यमान मुखमण्डल, कान्तिमय शरीर दोनों अन्तर्हित हो गये।

मैं ठगी सी रह गयी। प्रभात हो चुका था, माता ने कोमल करों से मस्तक स्पर्श किया, मेरी तन्द्रा टूटी, सावधान हुई, आदेशानुसार कार्य-क्रमारम्भ किया। क्रमशः अनन्त विभूति, मायादि का अनुभव प्रारम्भ किया। अब निर्जन स्थान में अधिकानन्द आता। अनन्त राशि को देखा करती। अधिकतर नदी तट पर विश्राम लेती। नदी के कलकल नाद में अनन्त का गान सुनती, उसकी गति में अनन्त की क्षमाशीलता देखती, वन वाहन को तैरते देख कर संसार की क्षणभंगुरता पर विचार करती।

नित्य दो-तीन घंटे यही कार्य-क्रम किसी एकान्त स्थान पर जाकर रहता था। समय व्यतीत हुआ, अनुकूल परिस्थिति हुई, मैं मन्दाकिनी के तीर बैठी थी, "अलक्ष्य वाणी सुन पड़ी" "अनन्त की ओर अग्रसर हो, पद-प्रदर्शक आगे है"। मैं चल पड़ी—अनन्त की ओर। असीम उत्साह है, अपार प्रेम है, अगणित मनोरथ हैं, अपार बल है। अनन्त की ओर सत्वर गति से पदार्पण किया, पीछे देखा कौन है। आगे दृष्टि फेंकी, गम्भीर स्वर से पुकारा:—पथ-प्रदर्शक! सम्मुख देखा, वही पगली, "आओ वत्से" पगली ने आलिंगन किया। दोनों चल पड़े, अनन्त की ओर। अहह! अनन्त की ओर अपार उमंग में चल रही थी, जाती थी अनन्त की ओर। धन्य है! अनन्त पुरुष! धन्य है!

अभिलाषा पूर्ण हुई? बालिके! 'अनन्त की ओर' आयी, देखा जगमग सिंहासन पर अनन्त भण्डार को, उनके वैभव को। उनकी माया को।

धन्य ध्वनि से अनन्त पूरित हो गया। धन्य है! धन्य है!

मोहन का महत्त्व

[लेखक—श्रीजगमोहन मिश्र एम॰ ए॰]

संगीत सरोवर के विमल सलिल का मधुर पान सदैव सुखदाई होता है और जब पूर्ण कलाधर उस पर सुधाधार की वर्षा करते हों तब तो उसको पीने वाला सत्यं, शिवं, सुन्दरं का रूप बन जाता है। ऐसी ज्योत्स्ना पूरित जलराशि के केंद्र में कोमल कुमुदिनियों से मण्डित, धवल मयूरासन शोभित रहता है, जिसकी रमणीयता वर्णनातीत है। वहीं समस्त ललित कलाएँ परिचारिकाएँ बनकर भगवती वीणा-पाणी की सेवा में प्रस्तुत रहती हैं। दूधिया पत्थरों को समेटे मानसरोवर का मनोहर पक्षी अपनी ग्रीवा फैलाए चरण-पीठिका के रूप में बैठा रहता है, जिस पर माता का मृदुल चरण पद तल अवलंबित रहता है। मुक्ताम्बर और पंकज मालाओं से माता का शरीर सुसज्जित है। अंक में मनोहर वीणा है, जिस के तारों पर मृदुल उंगलियों का कोमल स्पर्श हो रहा है। मुख-मंडल की अद्भुत कान्ति है। अर्द्ध निमीलित नेत्र हैं। भाल पर सुहाग का बिन्दु शोभित है और रत्नजटित मुकुट से प्रकाश की शुभ्र रेखाएँ छूट रही हैं, यथा,

कमनीय कर कंज [illegible], वीणा सदा छवि छाजत है।
[illegible] सुधा [illegible], सु वाहन हंस विराजत है।
[illegible]
[illegible] मोहन के मन मंदिर माँहि विराजत है।

यह संगीत सरोवर कवि का हृदय ही है, जहाँ [illegible] की हिलोरें उठती हैं, रस प्रवाहित होता है और जिसके केंद्र में भगवती [illegible] है जहाँ कवि दीन बालक बनकर [illegible] हुए कहता है, माँ, मैं [illegible]

लेकर प्रस्तुत हो रहा हूँ। तुम तनिक तार पर उँगली धर दो, फिर मेरी जिह्वा से जो भी स्वर अथवा शब्द-लहरी निकलेगी उसमें चमत्कार अवश्य होगा और वह समस्त जन-समूह को भावना के एक ता[illegible] में बाँध देगी। जगत् का कल्याण होगा।" इन्हीं आशु कवि श्रीयुत जगमोहननाथ जी अवस्थी इसी लोक-मंगलकारी भावना को लेकर कवि-सम्मेलन के रंग मंच पर आते हैं। उनके ध्यानावस्थित मुख मंडल में दिव्य आभा झलकती है, नेत्र बंद होते हैं, अञ्जलि बंधी होती है और कुंकुम बिन्दु से रंजित भाल भी को झुकता है मानो वह भगवती के दिव्य चरणों [illegible] आधार ले रहा है। और जैसे उन्हें अवलंब मि[illegible] जाता है वह प्रार्थना करने के बाद प्रसन्नवदन [illegible] ओर देखते हैं और लोग उठते हैं उनकी परी[illegible] लेने को।

जैसे सूर्य के तेज की माप करने के लिए वै[illegible]निक असफल प्रयत्न करते हैं, वैसे ही मोहन [illegible] प्रतिभा को परखने के लिए बड़े बड़े कुशल कला[illegible] उसे अपनी कसौटी पर कसते हैं, फिर भी उस[illegible] मूल्य वे आँक नहीं पाते। उसे अलौकिक एवं ईश्वरी[illegible] देन मानकर उन्हें चुप और चकित होना पड़ता [illegible]

ऐसे अलौकिक कवि का प्रादुर्भाव हिन्दी भ[illegible] भारत के लिए ही नहीं, अपितु सारे राष्ट्र के [illegible] गर्व की बात है। इसके द्वारा न केवल हिन्दी [illegible] सम्मान बढ़ेगा बल्कि भारत का उद्धार भी हो[illegible] इस कवि का [illegible] कल्पना के पंखों पर उड़[illegible] [illegible]

नदियाँ उमड़ आती थीं। उपदेश करते समय आपके कपड़े आँसुओं से भीग जाते थे, और कभी-कभी हिचकी बँध जाती थी। सुननेवाले भी प्रेम से घायल होकर सुन्न-से रह जाते थे, और देर तक उसी (सुन्न) अवस्था में ही रहते थे। एक बार व्याख्यान देते-देते—'हाय ! मेरे कृष्ण को लोग काला कहते हैं। हे कृष्ण ! तू भी काला, मेरा हृदय भी काला, फिर तू मुझे क्यों नहीं मिलता ?' कहते हुए आप रो पड़े, और इतना रोये कि व्याख्यान बंद करना पड़ा। इन्हीं दिनों आपके कई व्याख्यान प्रेम और भक्ति-विषय पर अजमेर, शिमला, अमृतसर, स्यालकोट और पेशावर में हुए पेशावर में आप अपने एक व्याख्यान 'तृप्ति' में इतना रोये कि आपकी आवाज़ तक नहीं निकल सकती थी। इस विषय में नारायण (लेखक) का यह निजी अनुभव है कि अमृतसर में सनातनधर्म-सभा के वार्षिक उत्सव पर जो प्रभाव आपके व्याख्यानों से लोगों के चित्त पर पड़ा, वह किसी दूसरे उपदेशक के व्याख्यान से कदापि नहीं पड़ा था। विशेषतः कृष्ण-लीला और कृष्ण-लीला के व्याख्यानों ने जो प्रभाव लेखक के हृदय पर डाला, उसका वर्णन नहीं हो सकता। इन दिनों लेखक यद्यपि कट्टर आर्यसमाजी विचार-वाला था, और कृष्ण महाराज को केवल एक महात्मा पुरुष मानता था, औरों के समान उन्हें ईश्वर का अवतार स्वीकार नहीं करता था, और कृष्ण-बालक का जीवन [illegible] गन्दा ढंग मान लिया [illegible] यही कारण था कि उस कृष्ण को [illegible] श्रीमद्भगवद्गीता [illegible] किन्तु गोसाईं [illegible] भक्ति-भर व्याख्यानों से हृदय [illegible] पड़ा कि नारायण-जैसा [illegible] वाला भी गोसाईंजी की प्रेम-तरंगों से विह्व[illegible] प्रवाहित होने लगा, वह श्रीमद्भगवद्गीता [illegible] कृष्ण-लीला के रहस्य-पूर्ण अर्थों को सम[illegible] ओर झुक गया और निरंतर इस गीता की [illegible] व्याख्याओं और भाष्यों का अध्ययन करने [illegible] और यह सब उसी प्रभाव का फल है कि [illegible] तभी से धार्मिक अनुसंधान करने को उद्यत [illegible] और ईश्वर-प्रेम ने उसके हृदय में घर बना [illegible] और उसी ने अंत में इन्हें गोसाईंजी के [illegible] डाल दिया।"

उस समय स्वामी राम के मिलनेवालों से [illegible] प्रार्थना की कि मुझे राम के पास ले चलो, उन्होंने कहा कि इस बात का वादा करो कि कठहुज्जती न करोगे। आप इस पर राज़ी हो [illegible] और बाबू हरलाल आपको अपने साथ स्वा[illegible] के मकान पर ले गये। एक सप्ताह प्रतिदिन [illegible] जाते रहे और कुतर्कों से बचे रहे। फिर स्वा[illegible] ने स्वयं ही इनसे कहा कि तुम भी अपनी [illegible] राम से निवारण कर लो। आपने कहा कि [illegible] समझे-बूझे आपकी किसी बात को मानने [illegible] तैयार नहीं हूँ। यह सुनकर राम ने उत्तर [illegible] राम तो यही चाहता है, तुम स्वतंत्र भाव [illegible] चाहो पूछो, जब तक समझ न लो तब तक [illegible] तर्क-वितर्क करते रहो। फिर क्या था, [illegible] कामना पूरी हुई, प्रश्नोत्तर का क्रम आरंभ [illegible] गया क्या दिन-रात इसकी चर्चा होती रही। [illegible] सन्देह-संशय दूर हटाकर चलने [illegible] नारायण का हृदय कुतर्कों से शुद्ध हो गय[illegible] राम के प्रकाश के लिए दर्पण बन गया। [illegible] नारायण है और राम की चौखट। रात-दिन [illegible] [illegible] और घर से उपरमता होने [illegible] समय मिलना, रात हो या दिन, राम के [illegible]

व्यतीत होता। चीफ़कोर्ट में जहाँ आपके भाई सेठ वासुदेवजी नौकर थे, वहीं आप भी नौकर हो गये थे। इससे पहले कुछ दिनों दूकान पर भी बैठ चुके थे। आपका जी दफ़्तर के काम से भी उचट गया, क्योंकि अब आपको राम की सेवा में रहने के सिवा दूसरा काम न रहा। अब उस लक्ष्मी से, जो नारायण को प्राण से अधिक प्यारी थी, कुछ विरक्ति-सी हो गयी, क्योंकि वह राम के पास जाने से रोकती थी। आपके भाई साहब तो यहाँ तक बिगड़े कि उन्होंने राम के पास एक दिन जाकर यह धमकी दी कि तुम हमारे भाई को ख़राब करते हो, हम तुम पर नालिश करेंगे। आपने जब यह ख़बर सुनी, तो एक सप्ताह तक अपने मकान ही नहीं गये, वरन् राम ही के मकान पर रहे। अंततः बहुत समझाने अनुनय-विनय करने पर घर गये। यद्यपि तन घर में रहता था, किंतु मन राम ही के चरणों में लगा रहता था। इसी अवसर पर राम बहुत रुग्ण हो गये, जीवन के लाले पड़ गये। आपने ऐसे समय में उनकी बड़ी सेवा की, मल-मूत्र साफ़ करने से न हिचके। उनको हृदय-सा रक्खा। इस सेवा से आपने राम के हृदय में घर बना लिया। "हर कि ख़िदमत कर्द ओ मख़्दूम शुद।" अर्थात् जिसने सेवा की, वही सेव्य हो गया। [illegible] अच्छे होने पर राम ने कहा [illegible]

[illegible]

'अलिफ़' नाम का मासिक पत्र जनवरी, सन् १९०० से जारी हो गया, जो अद्वैत की शिक्षा देने में अद्वितीय या अनुपम सिद्ध हुआ।

'अलिफ़' के तीन भागों के बाद जब चौथी बार उपदेश आरंभ हुआ, तो वह अभी आधा समाप्त होने न पाया था कि आनंद, जिस पर पहला भाग्य था और जिसकी खोज में सारा संसार भटकता है, 'राम' के सामने सांजलि सेवा में खड़ा हो गया और प्रतिज्ञा की कि निःसंदेह मैं आपका अपना आप हूँ, आप ही से प्रकट हुआ हूँ और आप ही हूँ। जब यह दशा हुई और चारों ओर आनंद उमड़ने लगा, तो संसार-सागर में दुःख के स्थान में सुख की लहरें लहराने लगीं। समय ने पलटा खाया, 'राम' को यही भाया कि वन को सिधारें। 'नारायण' ॐ की रसीली ध्वनि उच्चारण करते हुए 'अलिफ़' का झंडा हाथ में लिये हुए संग पधारे। घटना इस प्रकार हुई कि स्वामी शिवगुणाचार्य ने शिवगुण शान्ति-आश्रम गुजरांवाला (पंजाब प्रदेश) की ओर से सन् १९०० ई० में, लाहौर में, धर्म-पूजा का चौथा मेला बड़ी धूमधाम से करने का आयोजन किया और इस उत्सव में भारत के सारे धर्मों को एक कॉमन प्लेटफ़ार्म पर अपने-अपने विचार प्रकट करने को बुलाया। यह स्वामी शिव-[illegible]

[illegible]

जो फाड़ देखा ओहो कहूँ क्या
हुई ही कब थी ये सारी दुनिया ॥
ये राम सुनेगा क्या कहानी
शुरू न इसका खतम न हो ये ।
जो सत्य पूछो है राम ही राम
यह महज़ धोखा है सारी दुनिया ॥

(१०) महाराज टेहरी की प्रार्थना पर जब स्वामी राम ने जापान की यात्रा का इरादा किया, तब नारायण स्वामी को भी साथ ले लिया। पहले वह इन्हें साथ ले जाना नहीं चाहते थे, के बहुत अनुरोध करने पर आपको साथ ले स्वीकार किया। इस यात्रा में आप स्वामी राम के साथी हुए, इसे आप प्रकार लिखते हैं—"महाराज ने तार द्वारा कुक ऐंड कंपनी के द्वारा जहाज के किराया का सारा प्रबंध अपने आप कर लिया।" (अ

आत्मदर्शन

[लेखक—श्रीभगवन्नारायण भार्गव]

नज़र उठाऊँ तो देखूँ तुमको, सभी जगह जलवा है तुम्हारा।
सुनूँ जो कुछ गान हो तुम्हारा, जो बोलूँ मैं नाम हो तुम्हारा॥
हृदय में बस ध्यान हो तुम्हारा, करूँ जो कुछ मान हो तुम्हारा।
कहीं भी जाऊँ तुम्हारा दर हो, जो सिर झुकाऊँ तुम्हारा पद हो॥
किसी से मिलने की चाह ना हो, मिलूँ तुम्हीं में तुम्हारा होकर।
समझ में मेरी न कुछ है आता, कहाँ से आया कहाँ है जाना॥
मगर है निश्चय हृदय में मेरे, जहाँ से आया वहीं को जाना।
न और कुछ भी यहाँ वहाँ है, जहाँ जो कुछ भी वह तुम ही तुम हो॥
उठा दो प्यारे दुई का परदा, कि आप अपना ही कर लूँ दर्शन।
न चाह कुछ फिर रहेगी बाकी, बहेंगी आनन्द-प्रेम-नदियाँ॥

क्रामवेल के हाथों से जो संहार हुआ है, यदि उसे नादिरशाह देख लेता तो डर से काँपने लगता' ड्रागेडा के रहनेवालों ने बड़ी वीरता से सामना करने के बाद क्षमा प्राप्त करने के वादे पर हथियार डाल दिये, हथियार डालते थे कि ५ दिन और ५ रात लगातार निर्दोष पुरुष, स्त्री और बालकों के रक्त से पृथ्वी सींची गयी। वेक्सफोर्ड में ३०० स्त्रियाँ सलीब की छाया में आत्म-रक्षा के लिए खड़ी थीं, वे मार डाली गयीं, आयर्लैंड निवासियों ने क्लान्मेल में बदला लिया। वे हार का बहाना करते थे क्रामवेल की सेना को पास आने देते और घेरकर मार डालते थे इधर तो खून का बाजार गर्म रहा, उधर देश के प्रबंध के बहाने से नदी के पश्चिम में पूरा द्वीप आयरिशों से १ मई १६५४ तक खाली करा लिया गया, कनाट के बाहर जो आयरिश मिलता था, वह जीता नहीं छोड़ा जाता था, और पादरियों के सर के लिए दस पौंड मिलते थे। लार्ड डनरेवन ने लिखा है—

"क्रामवेल का विचार था कि वह कैथलिक मत के नष्ट करने को नियुक्त हुआ है, और इस उद्देश्य की पूर्ति में वह किसी भी कार्य से झिझकता न था।

संग्राम के अन्त तक सन् १६५२ ई० में एक तिहाई से लेकर आधी तक आबादी नष्ट हो चुकी थी। अकाल का सार्वभौम राज था। ४० लाख पौंड के माल का मूल्य गिरकर ५ लाख पौंड रह गया था। अनाज का मूल्य १२ शिलिंग की बुशल से ५० शिलिंग की बुशल चढ़ गया था। २० या ३० मील की यात्रा करने पर भी कोई चिन्ह मनुष्य-जीवन का नहीं दिखायी देता था। भेड़िये, जिनको मनुष्य के रक्त का चसका लग गया था, डब्लिन की दीवार तक घूमा करते थे। शेष आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त भोज्य पदार्थ न थे, बलवान् मनुष्यों को देश छोड़ने की आज्ञा दे दी गयी थी और ३०-४० हजार मनुष्य देश छोड़कर चले गये थे। निर्धन पुरुष, बालक, बालिकाएँ और युवा स्त्रियाँ वेस्ट इन्डीज भेज दिये गये थे। उनमें से जो समुद्र-यात्रा में जीवित रह गये, वह कुछ वर्ष काम करने के लिए दास-दासियों के रूप में बेच दिये गये।"*

अर्ध शताब्दि के लगातार भूमि छिनने के उपरांत सन १६४१ में कैथलिक मतावलम्बियों के पास दो तिहाई कृषि की भूमि बच रही थी किन्तु इंगलैंड में राजा के फिर अभिषिक्त होने पर २० लाख एकड़ भूमि पर पुनः कृषिकार्य आरम्भ करने पर भी उन के पास कठिनता से एक तिहाई भूमि बची होगी।

आयर्लैंड के दुःखों का उस समय में जबकि इंगलैंड ने प्रजा के लाभार्थ अपने राजा की हत्या करके प्रजातंत्र राज्य स्थापित किया था, पारावार न था।

*Cromwell thought himself appointed to stamp out Roman Catholicism and shrank from [illegible]thing to accomplish that end.

By the close of the war in 1652, between one third and one half of the population had [illegible]ished. Famine was universal. The stock, which had been valued at four millions, had [illegible]nk to half a million [illegible] from 12 to 50 shillings a bushel. [illegible]ellers [illegible] human life and [illegible]lves, [illegible] to the [illegible] were [illegible]hipped [illegible] for a term of years.

किन्तु अार भी अधिक दिन राजवंश के पुनः स्थापित होने पर वे दु:ख आनेवाले थे। आरंज का विलियम आयर्लैंड पर इसलिए कुपित हो गया कि इस द्वीप ने स्टुअर्ट वंश के साथ भक्ति प्रकट की और उसके बचाने के लिए घोर युद्ध किया, जिसका अन्त लिमरिक की संधि में हुआ। इस संधि के अनुसार द्वितीय जेम्स के सहायकों की जागीरें सुरक्षित कर दी गयीं थीं और उन्हें नागरिक और धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की गयी थी और विलियम के प्रति उन्हें केवल नागरिक न कि धार्मिक स्वामिभक्ति की शपथ लेनी पड़ी थी। स्वतंत्रता के सिपाहियों को देश से बाहर जाने के लिए बिना मूल्य टिकट मिले थे। उस समय के आयरिश और अंग्रेज नेताओं की सत्यता का अंदाज इससे मिलता है कि एक तरफ तो संधि होने के थोड़े ही दिन बाद फ्रांस से आयर्लैंड को कुमक पहुँची मगर आयरिश नेता सार्सफील्ड ने यह कहकर उसे अस्वीकार कर दिया कि "अब बहुत विलम्ब हो गया है, हमारा और हमारे देश का मान इसी में है कि हम संधि पर ही डटे रहें, यदि १०,००० फ्रांसीसी सिपाही भी हमारी मदद के लिए आजायं, तो भी हम अपनी बात से नहीं हट सकते। दूसरी तरफ ज्यों ही स्वतंत्रता के सिपाही देश के बाहर हो गये, इंगलैंड की पार्लिमेंट ने लिमरिक की संधि का अन्त कर दिया और उसके स्थान पर उसने आयर्लैंड पर पीनल कोड चलाया, जिसके संबंध में लार्ड टनग्वन का कहना है कि उसका प्रभाव मनुष्य के प्रत्येक कार्य और प्रयत्न [illegible] पर [illegible] किया था [illegible] कैथलिक [illegible] पार्लिमेंट में [illegible] बना कर दिया [illegible] वकील बैरिस्टर [illegible] नहीं हो सकते थे और न कोई हथियार रख सकते थे [illegible] करने का अधिकार भी बड़ा भारी [illegible] जाता था। किसी प्रोटेस्टेंट मतावलम्बी से न भूमि को मोल ले सकते थे न दान में। [illegible] का स्वत्व रहननामा या ३१ साल से अधिक पट्टा भी लेने का अधिकार न था और ऐसा [illegible] सकते थे जिसमें लगान की एक तिहाई से [illegible] लाभ हो। वे अपनी भूमि के संबंध में [illegible] कर सकते थे। यदि किसी का एक लड़का [illegible] हो जाय, तो बाप के मरने पर कुल सम्पत्ति [illegible] मिल जाती थी; अन्य लड़कों को कुछ भी [न] मिलता था। यदि कोई प्रोटेस्टेंट सरकार को सूचना दे देता कि अमुक कैथलिक ने भूमि [illegible] है, तो वह उसकी कुल भूमि का मालिक बन [जाता] था। कैथलिक ५ पौंड से अधिक मूल्य का [घोड़ा] नहीं रख सकता था और हर प्रोटेस्टेंट को [अधिकार था] कि कैथलिक का घोड़ा ५ पौंड उसे देकर [ले] सकता था। यदि कोई जमींदार प्रोटेस्टेंट स्त्री कैथलिक पुरुष से विवाह करती, तो उसे अपनी कुल [illegible] से हाथ धो डालने पड़ते थे। ऐसा विवाह [यदि] कैथलिक पादरी ने कराया हो, तो वह [illegible] होता था। कैथलिक पुरुष से उसकी प्रोटेस्टेंट [स्त्री] और पिता से सन्तान छीन ली जाती थी। चान्सलर को अधिकार था कि स्त्री और सन्तान [के] गुजारे के लिए पुरुष की आमदनी का जो [illegible] चाहे मुकर्रर कर दे। कैथलिक बच्चे पिता की मृत्यु [पर] प्रोटेस्टेंट लोगों की देख भाल में रक्खे [जाते] [illegible] किसी विद्यालय में कैथलिक सम्मिलित नहीं [हो] सकते थे और न अपना विद्यालय खोल सकते [थे] [illegible] के लिए बच्चों को देश के बाहर भेज सकते [थे]।

आयर्लैंड के प्रोटेस्टेंट भी आपत्ति से न बचे [illegible] के [illegible] प्रोटेस्टेंट वश उन की तिजारत [illegible] कर देने से नष्ट हो गये। [illegible] बस द्वीप के

गों में इसी प्रकार मिट गये, हजारों देश से भाग
े। परिणाम यह हुआ कि प्रोटेस्टेंट और कैथ-
क दोनों ही इंगलैंड से घृणा करने लगे।

फ्रांसीसी विप्लव और अमेरिकन स्वतंत्रता-
ग्राम के समय आयर्लैंड ने अपनी स्वतंत्रता पुनः
प्त करने के लिए हजारों की सेना तैयार की और
यर्लैंड की पार्लिमेंट में, जैसी भी वह थी, एक
भिमान दल बन गया। कैथलिक और प्रोटेस्टेंट प्रजा
मिलकर सन १७७८ और सन १७८२ के बीच
र्लैंड से बहुत कुछ स्वत्व छीन लिये। अब कैथलिक
ावलम्बी सम्पत्ति रख सकते थे, विद्यालय खोल
सकते थे और बिना बाधा वाणिज्य कर सकते थे।
स से बड़ी बात यह थी कि पार्लिमेंट को भी अब
ह स्वतंत्रता प्राप्त हो गयी थी। आयरिश तलवार
र अन्य परिस्थिति ने इंगलैंड की पार्लिमेंट को
बाध्य कर दिया कि वह यह घोषणा निकाले कि
यर्लैंड पर केवल वहाँ की पार्लिमेंट और राजा
ो ही अधिकार है, अन्य को नहीं और यह नियम
भी भी सन्दिग्ध न होगा। आयर्लैंड ने १,००,०००
ड इंगलैंड को अपना बेड़ा ठीक करने के लिए देकर
पनी कृतज्ञता प्रकट की। अब तो इंगलैंड का हृदय
ी कुछ पसीजा, पोनिंग्स-लॉ रद्द किया गया
ौर दोनों द्वीपों में मेल हो गया, किन्तु बहुत काल
लिए नहीं।

पिट ने लार्ड फिट्ज़ विलियम को आयर्लैंड [illegible]

[illegible]

अपने हाथ में रक्खे और इस प्रकार से दबाव व
व्यवहार करके उसे मिटा दे। यदि आयरिश पार्लिमेंट
पूर्ण रूप से राष्ट्र की प्रतिनिधि होती और कैथलिक
सम्प्रदाय पार्लिमेंट में होता तो पिट की यह चाल
कदापि सफल न होती। किन्तु ऐसे समय में जब कि
क्रान्तिकारी जोश बढ़ा हुआ था, कैथलिक मतावल-
म्बियों की आशाओं को बढ़ाकर एकदम उन पर
तुषारपात कर देने से पिट ने आयर्लैंड में फूट, हत्या,
और धार्मिक वैमनस्य का बीज बोया, जिससे समाज-
संगठन में शिथिलता आ गयी और उसकी चाल
सफल होने लगी। बैरिंगटन की सम्मति है कि पिट
ऐसी स्थिति पैदा करना चाहता था कि गृह संघर्ष
बढ़े और प्रोटेस्टेंट आत्मरक्षा के लिए इंगलैंड की
गोद में आयें। उसने विप्लव कराने का निश्चय कर
लिया, मगर यह न विचारा कि इससे लहू की नदियाँ
बह निकलेंगी और सदैव के लिए इंगलैंड के प्रति
घृणा उत्पन्न हो जायगी।

[illegible] इंगलैंड की आत्मा [illegible]
लगा, आयर्लैंड ने फिर रक्त बहाने के लिए कमर
बांधी। सन १७९४ में [illegible] की लड़ाई के बाद
ब्रिटिश अधिकारियों ने सात हजार आयरिश
पुरुष, स्त्री और बच्चे या तो मार डाले या घर से
बाहर कर दिये। सन १७९६ में बहुत से कड़े
कानून पार्लिमेंट से पास कराये गये
जिनसे कर्मचारियों को यह अधिकार प्राप्त हो गया
[illegible] जिसे चाहे बिना मुकदमा चलाये ही [illegible]

[illegible]

"There is a general and wide spread desire, on the part of respectable and conscientious Hindu gentlemen, to improve the management of these endowments ... While deprecating all direct interference of the Government, I think, as Government has withdrawn its control from all native religious institutions and endowments, it is never the less bound to provide the native communities with the power to exercise the same control which Government has relinquished and which cannot be maintained under the present law. Generally, throughout Orissa, the management of temples, maths, and other religious endowments, is a scandal, and appears likely to be so until there is strong and more efficient system of management and supervision than that exercised by the local communities."

अर्थात्—"माननीय धर्मात्मा हिंदुओं की एक साधारण और बड़ी इच्छा है कि धर्मादायों के प्रबंध का सुधार किया जाय और सरकार उनमें सीधा उस में हस्तक्षेप न करे और मेरे विचार में, जैसा कि सरकार ने सभी देशी धार्मिक संस्थाओं और धर्मादायों से अपना अधिकार दूर कर लिया है तो भी सरकार को देशी कमेटियों को वही अधिकार देना चाहिए जिसे सरकार ने हटा लिया है और जो वर्तमान कानून के अनुसार प्राप्त नहीं है। [illegible] में समस्त [illegible] में मंदिर, मठ और अन्य धर्मादायों का [illegible] है व निन्दनीय [illegible] है [illegible] और निरीक्षण अधिक उत्साह और योग्यता से न किया जाय।"

यदि चार वर्ष में ही यह दशा थी, तो [illegible] वर्ष के बाद क्या दशा होगी, किंतु [illegible] ने हिंदुओं की एक न सुनी, हिंदुओं को [illegible] रहा। उपर्युक्त प्रार्थना-पत्र पर तीन हिंदुओं [illegible] कमीशन जाँच के लिए नियुक्त किया [illegible] उड़ीसा के मठ, मंदिरों की जाँच करके लि[illegible] कि मठ, मंदिरों की दशा देखकर जनता में असन्तोष और अप्रसन्नता फैली है। ब्रिटिश[illegible] के लिए यह पर्याप्त न था, अब आज्ञा हुई कि [illegible] प्रांत में जाँच हो। अच्छा, यह भी हुआ, [illegible] की जनता और सरकारी कर्मचारी सहमत [illegible] ऐक्ट २० सं० १८६३ से बड़ी हानि हुई है। सरकार और प्रजा दोनों के लिए लज्जा [illegible] है, परन्तु फल कुछ भी न हुआ, [illegible] कानों में तेल डाले ही पड़ा रहा। यही नहीं [illegible] सुधारने की किसी भी योजना को उसने [illegible] दिया। माननीय श्री० रामायंगर ने सं० १८[illegible] बिल मद्रास में बनाकर पेश किया, उस पर [illegible] कर्मचारियों तथा जनता की सम्मति माँगी [illegible] उसके पक्ष में थी किंतु सरकार ने यह [illegible] वर्तमान कानून की अपेक्षा यह बिल उत्त[illegible] परन्तु यह नितांत अधूरा है और इससे [illegible] सिद्धि न होगी। क्यों साहब, आपने उस[illegible] पूरी क्यों न कर दी, इसके ५ वर्ष बाद सर [illegible] गवर्नमेन्ट की अध्यक्षता में एक कमेटी नियत [illegible] कि वह उस बिल की त्रुटियाँ दूर करे। इस[illegible] ने रिपोर्ट निकाली कि धर्म सम्पत्ति कहाँ तक [illegible] और वर्तमान कानून कहाँ तक [illegible] में असमर्थ है। इन दोनों प्रश्नों पर [illegible] [illegible] और शीघ्र काल तक विचार हो।

ीर कमेटी और हिंदुस्तानी सब ही एकमत हैं कि हुमूल्य संपत्ति जो पूर्वकाल में धर्म संस्थाओं में गायी गयी थी बिना रोक टोक नष्ट हो रही है और बन की जा रही है मगर क़ानून और अदालतों के द बनाये नहीं बनता... इसमें किसी प्रकार के संदेह ी संभावना नहीं कि यदि हिंदू-धर्मादायों को पूरे ौर पर गबन होने से और बहुतों को उन लोगों के ाभ के लिए मिटने से जो आवारगी में उनका पैसा गा रहे हैं, बचाना है तो क़ानून में शीघ्र परिवर्तन रना चाहिए। इस कमेटी ने इंगलैंड के चैरिटी मिशनर्स की योजना पर एक बिल पेश किया। रत-सचिव ने उस बिल को साधुवाद भी दिया। ंतु भारत-सरकार ने यह कहकर कि आगामी चंद हीनों में इसे क़ानून का रूप देना वांछनीय नहीं , उसे सदा के लिए छोड़ दिया। यह चन्द महीने वर्ष में पूरे हुए।

अब सन १८८३ में कामेंस्ल ने नया बिल बना र पेश किया जो सलेक्ट कमेटी के सिपुर्द हुआ। स कमेटी ने अपना बिल बनाकर पेश किया और ोर दिया कि शीघ्र ही इसे क़ानून का रूप दिया ाय किंतु यह विषय फिर १० वर्ष तक बंद पड़ा हा। सन १८९४ में मुथु स्वामी की अध्यक्षता में नयी मेटी इस विषय पर विचार करने के लिए नियत ो गयी। उसका बनाया नया बिल भारत-सरकार े स्वीकार न [illegible] किय [illegible] ने [illegible] में चेन्नमन [illegible] कमेटी नियुक्त हुई कि वह मु[illegible] [illegible]

[illegible]

विस्तार भय से क्रमपूर्वक नहीं लिखा जा सकता, इतना कहना पर्याप्त होगा कि हमारे प्रान्त में भी सं० १८६३, अर्थात् ऐक्ट २० सं० १८६३ के ३ साल बाद से ही मेरठ, झाँसी, गढ़वाल, बनारस, इलाहाबाद और कुमायूँ के कमिश्नर और हिंदू-जनता पुकारती पुकारती थक गयी। सं० १८७१ और सन् १९२९ के सरकारी कमीशनों ने भी बड़ा ज़ोर दिया, मगर हमारी प्रान्तीय सरकार के कानों पर आज तक ७३-७४ साल में जूँ तक न रेंगी। पार साल कांग्रेस गवर्नमेंट ने श्रीबद्रीनाथ मन्दिर ऐक्ट को जुलाई में पास किया, लाट साहब ने छः महीने बाद उस पर अपनी स्वीकृति दी, किन्तु हिंदुओं का आंदोलन होते हुए भी अभी तक वह ऐक्ट लागू नहीं हुआ। (१५ अप्रैल १९४० से श्री बद्रीनाथ ऐक्ट लागू होगा। सं०)

यही दशा केन्द्रीय सरकार की है। सन् १८९७ और १९०४ में आनन्द चार्लू ने, १९०३ में श्रीनिवास राव ने, १९०८ में डा० रहस बिहारी घोष ने, सन १९२३ में ला० सुलतानसिंह ने और सन् १९२६ में डा० गौड़ ने बिल पेश किये किंतु एक भी सफल न हुआ। हाँ यु० प्र० धर्मरक्षण सभा के [illegible]र आन्दोलन पर सर विलियम विन्सेंट ने ऐक्ट १४ सन १९२० बनवा दिया किंतु सभा की एक भी न चली और वह ऐक्ट ऐसा बना कि उससे कोई लाभ नहीं हुआ।

हाँ, [illegible] दीवानी में १८७७ से एक धारा चली [illegible] है जिसके अन्तर्गत धर्मादायों के सम्बन्ध में [illegible]

[illegible]

ज्ञान उपदेश

श्रवण, मनन, और निदिध्यासन

(लेखक—स्वामी प्रकाशतीर्थ परमहंस)

श्रवण का अर्थ है ज्ञानशास्त्रों को अध्ययन करना, मनन का अर्थ है बारम्बार भली प्रकार उस पर विचार करना, और निदिध्यासन का अर्थ है फिर उसका अभ्यास करना।

(१) मनन मन से होता है, मन क्या है? विचारों के समूहों के ढेर का नाम 'मन' है, अर्थात् वासनाओं की गठरी का नाम 'मन' है, अर्थात् इच्छाओं के गट्ठर का नाम 'मन' है।

(२) मनन किसको कहते हैं? मन को मन ही में छेदन करने का नाम 'मनन' है। मन की जाँच मन ही में, मन के भावों को मन ही में छानबीन करके समझना, अर्थात् अन्तःकरण में सत्य असत्य सारासार की भली प्रकार से जाँच-पड़ताल करके सत्य के सार के निश्चय को पहुँचने का नाम 'मनन' है, अर्थात् बारम्बार विचारद्वारा 'विवेक' की उपलब्धि का नाम 'मनन' है।

जिन जिन बातों को तुम जानना चाहते हो और बाहर ढूँढ़ते फिरते हो वह सब तुम्हारे मन के ही भीतर हैं, मन में मनन करके अनुभव करो। अन्तःकरण में सत्य की टटोल करो, हृदय की प्रतीति में सार की प्रतीति का अनुभव करके देखो, तुमको आप ही सब विदित हो जायगा। जो जन वास्तविक जिज्ञासु होते हैं, और भगवद्भक्ति के सच्चे पथ पर चलनेवाले होते हैं, वह मनरूपी अन्तःकरण को अनुभव सत्ता में ही काम [illegible] हैं। उनकी [illegible] क्रियाएँ गिर जाती हैं, और [illegible] ही [illegible] का परम आधार बन जाता है।

(३) मन को वश में करके कैसे माया है[illegible] हैं? विचार करके देखो तुम अपने मन के [illegible] इस माया के बीच गिरकर इस माया में नि[illegible] इसलिए तुमको इस अपने मन के द्वारा ही [illegible] अवस्था से उठकर, उस ब्रह्मकोटि, उच्च [illegible] उन्हीं ब्रह्माभ्यास की प्रणालियों से इस[illegible] चढ़ना पड़ेगा जहाँ से कि तुम इस अ[illegible] कर दुर्गति को प्राप्त हो रहे हो।

तुमको इस दुखदाई मायाजाल के फंदे[illegible] जकड़कर बाँध रक्खा है? किसी ने नहीं तुम्हारे इस मन ने ही पकड़कर इस माया[illegible] रक्खा है। तुम्हारे मन ने ही तुमको बँधुआ[illegible] है। तुम कहते हो कि माया ने पकड़ र[illegible] छोड़ती नहीं! माया ने तो नहीं पकड़ र[illegible] तुमने खुद अपने मन के द्वारा इस माया को[illegible] रक्खा है, और कहते हो कि माया ने पकड़[illegible] है। तुमने अपने आप ही अपने आप को अपने[illegible] द्वारा इस माया का बँधुवा बनाया है। तुम्हारे[illegible] को कोई नहीं आवेगा। तुमने अपने मन से मा[illegible] पकड़ा है, इसलिए अपने मन से ही माया को[illegible]

आशा और तृष्णा करके तुम इस माया[illegible] हो, इसलिए इच्छाओं का परित्याग करो न[illegible] में [illegible]। अपना कार्य धन्धा को मत त्यागो[illegible] [illegible] अब कर रहे हो उसी [illegible] [illegible] किन्तु बुरी वासनाओं क[illegible] [illegible] कर्म क्रियाओं का [illegible] संसार की हुल्लास विलास की लोलुप[illegible]

मनको स्थिर करो। इस प्रकार जब मनसे माया
ी तब भक्ति का स्वयं उदय हो जायगा।

मनकी पकड़ तब मिलती है और मनके ऊपर
तब चलता है जब कि मन के भीतर अनुभव-
का विकास हो जाता है। हृदय में अनुभवलता
विकास तब होता है जब जीव का विश्वास ईश्वर
ढ़ होता है। ईश्वर के प्रति दृढ़ता तब होती है
धर्मपरायणता का अभ्यास किया जाता है।
लिए स्वार्थ वृत्ति का मन से परित्याग करके भोग-
तव तथा माया के झूठे सुख और वैभव के नाश-
पदार्थों में मनको न लगाकर, अपने कल्याण का
य करो। जब तुम सत्य और धर्म का अभ्यास
के मनको माया से छुड़ाकर परमात्मा के चिन्तन
स्थापित करोगे, तब माया तुमको अपनी ओर
खींच सकेगी।

शुभ विचार मनमें तब उपजेंगे जब तुम सत्य
र धर्म को हृदय में बल करके स्थापित करोगे,
कर्म और शुभक्रिया का हर जगह प्रति पल
भ्यास करोगे। यह अशुभ विचार जो तुम मनमें
समय भरते रहते हो और धर्म की ओर ध्यान
ी देते, वे ही तुमको बुरे कामों के करने में लगाये
ते हैं और तुम्हारे यश और कीर्तियों को बिगाड़ने
। इसलिए अशुभ विचारों का त्याग करो और
भ विचारों को मनमें भरो एव शुभकर्म और
याओं का अनुसरण करो। यह स्मरण रहे कि
ब तक तुम स्वयं अपने को भला नहीं बना पाते
तब तक तुम संसार की कोई भलाई नहीं कर सकते
और न संसार में भले कहला सकते हो।

दुष्ट और कुटिल जनों की दुष्टता और कुटिलता
पर ध्यान मत दो, क्योंकि उनके दूषित और खोटे
कर्मों का बारम्बार चिन्तन करते रहने से वही दोष
अपने मनमें भी उपज आते हैं। इसलिए सदा
मनुष्यों के सद्गुणों पर ही दृष्टि डालो। इससे
परस्पर ईर्षा का अभाव होकर, प्रेम बढ़ता है।

अभिमान, दम्भ, लम्पटता परस्पर की घृणा,
ईर्षा और डाह यही तुम्हारे बुरे स्वभाव हैं जिनके
कारण तुम पवित्रता को भूल गये हो और परमात्मा
को नहीं जान पाते। फिर ऐसे कलुषित कर्मों और
क्रियाओं द्वारा नेकी, भलाई, भक्ति, यश, कीर्ति आदि
की किस प्रकार आशा कर सकते हो। इसलिए
सबसे पहले अपने आचरण को बनाओ। तुम्हारी
व्याकुलता, भय, परेशानियाँ और कष्ट क्लेश के ही
सब कारण हैं। इन सब बातों को बारम्बार मनमें
मनन करके समझो और भली प्रकार विचार द्वारा
छानबीन करके इन सब अपने भीतर भरे हुए अव-
गुणों को एक एक करके हृदय से निकाल बाहर
करो। हृदय को पवित्र बनाओ तब निर्मल बुद्धि
का संस्कार होगा वह सत्य और धर्म की ओर आकर्षित
होगी, ईश्वर भक्ति पर आरूढ़ होगी। तभी तुम्हारा
भला होगा और तभी तुम संसार की भी भलाई
कर सकोगे।

ओ३म्, शान्ति, शान्ति, शान्ति।

श्री कृष्णचंद्र तथा उनकी मूर्तियाँ आ[illegible]

[लेखक—श्री[illegible]बिहारीलाल]

बहुत से मित्र मुझसे मेरे अपने विचार के अनुसार श्रीकृष्ण भगवान का चित्र माँगते हैं। मैं कलाकार हूँ, ड्राइंग मास्टर हूँ, चित्र बनाता हूँ, यह सब सत्य है, किन्तु कृष्ण भगवान् का चित्र बनाऊँ तो बनाऊँ कैसे? उनकी अनगिनत शक्तियों को कैसे दर्शाऊँ, बिना इनके दर्शाए भगवान् कृष्ण का चित्र कैसा होगा? क्या जो भूल अगले चित्रकारों तथा कारीगरों ने की, वही मैं भी करूँ? सच तो यह है कि कलाकार जिस-जिस भाव से भी भगवान की शक्तियों को दिखा सकते थे, दिखा चुके हैं।

यदि हम किसी को बहादुर दिखाना चाहते हैं तो कारटून (हास्य चित्र) में आज भी उसका शिर शेर के बदन पर लगा देते हैं। बर्तानिया को शेर बर्तानिया कहते और ऐसा ही दिखाते हैं, चेहरा इस लिए लगाते हैं कि मनुष्य की पहचान ही चेहरे से होती है। अब यदि कोई यह समझने लगे कि ब्रिटेनवालों (अँगरेजों) का बदन सिंह का होता है, या विद्वान कहलानेवाले श्रद्धा के पात्र ऐसा विश्वास दिलाने लगें, बुद्धिवानों की बुद्धि भ्रष्ट करके उन्हें समझाने के लिए नाना ग्रंथों की रचना करें और इस प्रकार उनको भ्रम में डाले रहें, तो दोष किसका? कलाकार का या उन पंडितों का? परन्तु बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती, कलाकार अपनी कला पर अवश्य ही गौरव [illegible] है [illegible] प्रशंसनीय पर [illegible] ऐसी मूर्ति न बनाता [illegible] न पड़ते। रावण को [illegible] हाथी गधे का शिर तथा बीस भुजायें [illegible] समझ लेने, जो उसकी मूर्खता और बहादुरी दिखाने के लिए बनाये गये थे।

श्रीकृष्णमहाराज प्रेम के अवतार थे। [illegible] प्रेम को दिखाने ही के लिए उन कलाकारों ने [illegible] को अपने अपने विचारों के अनुसार [illegible] दिखाया। चित्रकारों ने उनके चित्र बनाये [illegible] ने उनकी मूर्तियाँ बनायीं और कथावाचकों [illegible] ताओं ने नाना ग्रंथ रच डाले, जिनका [illegible] कि यह परिणाम हुआ कि हम मूर्ख बन गये। हमारी दृष्टि में, ईश्वर क्षमा करें, कृष्ण योगिराज कृष्ण, एक व्यभिचारी के रूप में [illegible] जने हैं। ओफ़!! कैसा उलटा परिणाम!!

फिर भी अगले चित्रों तथा मूर्तियों में एक [illegible] पायी जाती है जो विद्वानों तथा समझदारों के यथेष्ट विचार-सामग्री पैदा कर देती है। वह [illegible] श्री राधाकृष्ण को छोटी अवस्था में, अथवा [illegible] रूप ही में दिखाया है, जिस अवस्था में [illegible] का विचार भी मन में नहीं उठ सकता। यदि कहा जाय कि श्रीरामचन्द्र मर्यादा पुरुषोत्तम अर्थात् छोटी अवस्था वाले ही बनाये जाते [illegible] ही कृष्ण भी हैं, पर भगवान् राम पर कृष्ण [illegible] की तरह यह लांछन कहाँ लगाया जाता है। [illegible] ना कृष्ण [illegible] के साथ [illegible] जाता है। [illegible] [illegible] कारण है। [illegible] रहती है, पर पुरुष [illegible] निकलने पर [illegible] मूछ दाढ़ी निकलने पर [illegible] कठोर हो जाता है। बच्चा [illegible] रहता है तब तक उसे प्यार करते हैं।

केवल मनुष्य का वरन् सबका ही प्यार करने योग्य होता है, बड़ा नहीं, और इसी से राम, कृष्ण आदि अवतारों को सदा बाल्यावस्था ही में दिखाया गया है। दाढ़ी मूछ वाले राम तथा कृष्ण इतने प्रेम के पात्र न रहते, परन्तु इस कला-प्रदर्शन ने जो हानि पहुँचाई, वह इससे कहीं बढ़कर है। इन मूर्तियों तथा चित्रों ने, इन ग्रंथों तथा पदों ने सीधे-सादे श्रद्धालु भारत-निवासियों के विचारों में महान् परिवर्तन कर दिया है और वे इसी को सत्य मानने लगे हैं जैसे वे कृष्ण को मूर्तियों में देखते या चित्रों में निरखते हैं, पुस्तकों या कविताओं में पढ़ते हैं। इसका परिणाम आज दिन यह हो रहा है कि अन्य सम्प्रदाय वाले, भगवान कृष्ण पर न जाने क्या क्या दोष आरोपण करते और क्या क्या कहते हैं। इसी आधार पर रासलीला का प्रचार हुआ, प्रेमी भगत इन रास लीलाओं द्वारा भगवान् को अथाह प्रेमसागर समझते और इसमें स्नान करते थे, पर आज क्या हो रहा है लिखने की बात नहीं। क्या अब भी इस रासलीला तथा अंधविश्वास की आवश्यकता है?

प्रश्न यह उठता है कि जब पहले प्रेमी रासलीला इत्यादि में लीन होकर ईश्वर-दर्शन करते थे, तो अब क्यों नहीं कर पाते?

मनुष्य स्वभाव ही से ऐसा है कि वह उस वस्तु [illegible]

दूरी पर अंत में सुखदाई है और उसका फल देर से मिलता है, इसी रीति के अनुसार वह उत्तम प्रेम-भाव जो कृष्ण की मूर्तियों तथा चित्रों में प्रदर्शित किया गया है नहीं अपनाया गया वरन् उसे नीची काम वासनाओं में परिवर्तित कर दिया गया है। वही प्रेम जिसमें प्रेमी और प्रेमिका में भेद नहीं रहता जो वेदांत का अटल सिद्धांत है जो समस्त ब्रह्मांड को एक बना देता है, जो 'एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति' का डंका बजा रहा है, जो संसार को सुख-सदन बना देता है, बिलकुल जाता रहा। उसका स्थान कामना, वासना, लालसा और राग द्वेष ने ले लिया। धोखे में आकर जनता अपने आचरण से स्वयम् गिर गयी और साथ ही भगवान कृष्ण को भी ले बैठी। कुछ से कुछ समझने और कहने लगे, विष को अमृत समझकर पान करने लगे और विष को अमृत सिद्ध करने के लिए नाना ग्रंथों की रचना करने लगे।

इसके पीछे आजकल की अवस्था दशा है, जो अत्यंत ही शोचनीय है। आज दिन तो भगवान कृष्ण केवल नाचने गाने वाले नटवर, चोरी करने वाले [illegible], माखन चुराने वाले निर्दई लुटेरा अथवा गोपियों के साथ विलास करने वाले विलासी ही रह गये हैं। मुझे बड़ा आश्चर्य है कि सनातन धर्म नीति और धर्म इन बातों में ही [illegible]

दौलत अर्थात् धन सम्पत्ति

[महात्मा शाहन्शाहजी]

यह एक साधारण नियम है कि मनुष्य बहुमूल्य को मोल लेने के लिए उस वस्तु का त्याग करता उसको वह समझता है कि स्वल्प मूल्य की है। जिस प्रकार एक मनुष्य को हाथी मिलना हो तो

इससे यह सिद्ध होता है कि सांसारिक समस्त वस्तुओं से रुपया पैसा स्वल्प मूल्य का है यदि पैसा मिट्टी से अधिक काम का होता तो मिट्टी के बदले कोई देना पसन्द न करता। एक उदाहरण लीजिए एक शिष्य

इस लेख के लेखक

महात्मा शाहन्शाह जी

अश्व का परित्याग कर देगा और गाय मिलनी हो तो बकरी का। अब स्पष्टतया ज्ञान होता है कि संसार भर की वस्तुएँ धन के त्याग से प्राप्त होती हैं।

और गुरु यात्रा में थे और इस विषय पर विवाद हो रहा था कि पैसे का त्याग श्रेष्ठ है या संग्रह करना। गुरु का विषय "त्याग" और शिष्य का "संग्रह करना" था।

जिस स्थान पर उनको पहुँचना था उस मार्ग में एक नदी पड़ती थी जब ये दोनों नदी तटपर पहुँचे तो पार जाने के लिए सोचने लगे। नदी बहुत गहरी थी विना नौका के पार होना असम्भव था और नौकावाला विना पैसे के पार न पहुँचाता था, इस समय शिष्य ने अपनी अंटी टटोलकर दो पैसे निकाले और केवट को देकर पार चले गये। वहाँ जाकर शिष्य ने कहा, "कहो महाराज! पैसे रखना अच्छा है या त्याग, यदि पैसा न होता तो पार क्योंकर आते।"

गुरुजी ने मुस्कुराकर कहा कि "मूर्ख! जब तक तेरे पास पैसे थे तब तक वार थे और जब पैसे का त्याग किया (अर्थात मल्लाह को दिये) तभी तो पार पहुँचे।" यह सुनकर शिष्य अति लज्जित हुआ और उसने गुरुजी की न्यायोक्ति के सामने सिर झुकाया।

हमारा इससे यह तात्पर्य न समझना कि हम केवल धनाभाव को ही शांति का कारण समझते हैं क्योंकि यदि विचार दृष्टि से देखा जाय तो जिनके समीप संपत्ति है वे भी, और जिनके पास कुछ भी नहीं है, वे भी रोने पीटने में ही समय व्यतीत करते हैं। धनाढ्यों को धन की रक्षा के शोक ने ग्रस्त कर रक्खा है और निर्धनों को उसकी प्राप्ति के सोच ने और भी निर्धन और चिन्ता-ग्रस्त बनाया हुआ है। संपत्ति और धनाभाव दारिद्र्य नहीं किंतु उसको पैदा करने की अयुक्त चिंता दारिद्रता, हीनता व क्षीणता है परन्तु इसमें सन्देह नहीं कि संपत्ति का न होना, होने से अच्छा है। यथा—

"उसी दस्तों का दर्जा अहले दौलत से ज़ियादा है।
सुराही सर झुका देती है जबकि जाम आता है॥"

अर्थात् निर्धन का दर्जा धनवानों से ऊँचा है क्योंकि प्याले के सामने सुराही को ही सर झुकाना पड़ता है। शांति, सम्पत्तिवालों को सम्पत्ति के और निर्धनों को इसके मिलने की अयुक्त आशा के त्याग से होती है। निर्धन मनुष्य इन विवा[illegible] सांसारिक झगड़ों से स्वतंत्र होता है जिनमें वि[illegible] पेट भर कर भी रात्रि दिवस चिंता में निमग्न है। निर्धन मनुष्य को तो केवल पेट भरने की होती है सो यह सुगमता से दूर हो जाती चिन्ता करे या न करे उदर पालन तो सर हो जाता है। पेट भरना, सन्दूक और थैलि[illegible] भरने से अधिक आवश्यक या सुलभ है क्योंकि या थैलियों के भरने के विना तो कार्य चल [illegible] परंतु उदर पूर्ति के विना निर्वाह होना असं[illegible] यही कारण है कि केवल उदर पूर्ति के लिए सोच और चिन्ता की आवश्यकता नहीं यथ[illegible]

"बा नादां आं चुनां रोज़ी रसानद।
कि दाना अन्दरां हैरां बिमानद॥"

अर्थात् अज्ञानों को प्रभु इस प्रकार ज[illegible] पहुँचाता है कि ज्ञानी लोग चकित रह जाते हैं

यदि विचार दृष्टि से कार्य को और मानसिक[illegible] देखो तो तुम अनुभव करोगे कि संसार रूपी य[illegible] चलना निम्नलिखित नियम पर निर्भर है। यह नियम टूट जाय तो शायद संसार की स्थि[illegible] न रहे। वह नियम यह है कि—

जो जितनी ही आवश्यक वस्तु मनुष्य जी[illegible] निर्वाह के लिए है वह उतनी ही सस्ती या मु[illegible] से है।

यथा—वायु मनुष्य के लिए सबसे अधिक [illegible]श्यक पदार्थ है, इसका मूल्य प्रकृति ने कुछ[illegible] रक्खा। साधारणतया इसके विना मनुष्य दो मिनट भी जीवित नहीं रह सकता। वायु से कम आवश्यक जल है। इसके विना दो चार दि[illegible] जा सकता है, इसका मूल्य भी कुछ नहीं रक्खा हां क्योंकि वायु से यह कुछ कम आवश्यक है लिए उसकी प्राप्ति के लिए हाथ, पाँव अवश्य हि[illegible]

हैं। जिस तरह वायु बिना किसी श्रम के अना-
ही प्राप्त होता है, जल के लिए कूप, सर या नदी
य ढूँढ़नी होती है और वहाँ तक पहुँचने में
म करना पड़ता है वही जल का मूल्य है। जल
नन्तर आवश्यक वस्तु अन्न इत्यादि है इसके
प्राणी प्रायः पक्ष या सप्ताह तक जीवित रह
ा है क्योंकि यह वायु, तेज और जल की अपेक्षा
कम आवश्यक है इसलिए प्रकृति ने इसका
मूल्य भी रख दिया है। परंतु याद रहे कि सुवर्ण,
, मणि, मोती और अनेक प्रकार की शृंगारिक
मी से उसका मूल्य अल्प है। सोने चाँदी के बिना
ड़ों मनुष्य जीवित रहते हैं परंतु ऐसा उदाहरण
होना असंभव है कि एक भी मनुष्य बिना
, तेज, जल या अन्न के जीवित रहा हो।
ए रहे कि जीवन के लिये जो-जो आवश्यक
एँ हैं, उनकी प्राप्ति के लिए प्रकृति हमारी सहायक
हाँ तक कि यदि इसको माँग भी लिया जाय तो
क्षति नहीं। यही कारण है कि भिक्षान्न को पवित्र
ने हैं। और जो वस्तु आवश्यक नहीं है उसकी
र के लिए प्रकृति हमारी सहायक नहीं है, प्रत्युत
ोधिनी है।

जिस तरह संसार यात्रा निर्वाहार्थ उपर्युक्त
म अटल है इसी तरह धन धान्य की हु प्राप्ति के
निम्नस्थ तीन नियम अटल समझने चाहिए –

१—निरवधि श्रम से।

२—चोरी से या इलबल से।

३—विश्वासघात या लोभ और बेईमानी से।

यही तीन नियम प्रकृति विरुद्ध है। स्पष्ट है कि
मनुष्य प्रकृति विरुद्ध कार्य करते है वह न केवल
पना जीवन ही जोखों मे डालते है किंतु अपने
म्बन्धी या इष्ट मित्रों एवं कुल तक के जीवन को
भयभीत बना देते हैं। यहाँ पर हम यह स्पष्ट कर
देना चाहते हैं कि पाप का वास्तविक अर्थ उस कर्म
से है जो प्रकृति के विरुद्ध हो। अतः कोई भी बुद्धि-
मान यह नहीं कह सकता कि पापी को कहीं भी सुख
या शांति प्राप्त हो सकती है। यही कारण है कि
जहाँ-जहाँ धन ने अपना अड्डा जमाया है वहाँ ही
चिंता, दुख, आपत्ति, व्याधि आदि प्रायः विद्यमान
रहते हैं क्योंकि ऐसे स्थानपर, इन वस्तुओं को
सुख अधिक और दीर्घकाल तक प्राप्त होता है।
प्रकृति ने जितनी वस्तुएँ निर्माण की हैं वह सब
की सब सुख के लिए हैं। इसमें संदेह नहीं कि यदि
कोई कहे कि धन भी सुखार्थ है यह भी ठीक है
परंतु यह तभी सुखकर हो सकता है जब उसका
त्याग किया जाय। यदि धन न होता तो त्याग का
आनंद भी कभी प्राप्त न होता फिर यदि यह पूछो कि
निर्धन मनुष्य जो सर्वथा ही धनहीन है वह त्याग
किस प्रकार कर सकता है। विचार से काम लो कि
जो वस्तु प्राप्त है उसका त्याग सुलभ है परंतु जो
प्राप्त नहीं और उसकी आशा बनी रहती है उसका
त्याग करना बहुत कठिन है अर्थात् निर्धन पुरुष
उसकी आशा का त्याग करके उस आनंद से अधिक
आनंद ले सकते हैं जो कि इन्द्र अपनी समस्त संपत्ति
का त्याग करके प्राप्त कर सकता है। सुवर्ण का पर्वत
प्रकृति ने व्यर्थ ही बनाया है क्योंकि सन्तोषियों को
यह कुछ भी हानि, लाभ या प्रसन्नता नहीं पहुँचा
सकता और न असन्तोषी या लोभी ही को।

दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।
यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति ॥भर्तृहरि॥

अर्थात धन की तीन अवस्थाएं होती है प्रथम—
दान, द्वितीय भोग, तृतीय नाश। बस, जो न दान
करता है और न उसे भोग में ही लाता है उसके धन
की तीसरी अवस्था अर्थात नाश अवश्य होती है।

इन परोपकारी भाई बहन को गाँव के लोग अपने घर रोगी की सेवा करने, तीज-त्यौहारों में काम का निरीक्षण करने को सर्वदा बुलाते थे। और सच तो यह है कि बंधु भाव से इन दोनों ने गाँव वालों का मन जीत लिया था। लोग इनको स्नेह ही नहीं बल्कि श्रद्धा भाव से भी देखते थे।

उस दिन दोपहर को क़रीब तीन बजे लखिया के पास खबर आयी कि रामपुर में उनके एक संबंधी बहुत बीमार हैं—बस क्या था शाम को मंदिर की पूजा समाप्त कर फौरन भाई बहन दोनों रामपुर की ओर पालकी में चल पड़े। यही पालकी हमें पहिले मिली थी—पालकी के भीतर भाई बहन दोनों बैठे थे। पालकी के कहार कुछ थक कर एक पेड़ के तले रुक गये—इसी समय सनसनाती हुई एक बंदूक की गोली एक कहार के लगी। वह वहीं पर धराशायी हो गया।

"क्या हुआ ?" कहकर लखिया पहिले पालकी के बाहर आ खड़ी हुई।

"मारो मारो ! मारो इनको !" कहकर सात-आठ गुंडे इधर उधर से निकल कर दौड़ आये "ज़मींदार के शिकारी कुत्ते" जिस पालकी-वाहक के गोली लगी थी उसने कहा। पालकी फेंककर कहार इधर-उधर भाग गये बस क्या था ? पास पड़ी हुई एक लाठी को उठाकर राधेश्याम इन गुंडों पर टूट पड़ा। मगर अकेला क्या करता ? आखिर पैर में खाकर वह वहीं मूर्छित होकर गिर पड़ा। इसी ... लखिया ने देखा तीन चार गुंडे कामातुर नेत्रों ... उसकी ओर देख रहे हैं। वह समझ गयी। "प्रा... जाय पर आन न जाय' सोचकर वह ... में रक्खे हुए दो कपड़े के बंडलों से आग उड़ाती हु... भागने लगी। डाकू भी उसके पीछे दौड़े। ... आग के कारण पास कोई पहुँच न पाता था। ... वह बेचारी दौड़ रही थी—सरपट ! पीछे पीछे चिल्ला... हुए दो तीन डाकू दौड़ रहे थे।

रामपुर के सीमांचल में पुराना पीपल का पे... उसी के सामने से दौड़ती हुई लखिया निकली। ... पेड़ के नीचे रक्खे हुए प्राचीन पाषाण देवता को ... पर दया आयी। अचानक एक डाकू वहीं ... ठोकर खाकर गिरा और मर गया—और उसका दू... साथी वहीं रुक गया। मगर तीसरे ने पीछा करना न छोड़ा। लखिया के पीछे वह अंधा दौड़ रहा ... ऊषा लोक में क्षितिज के उस पार, अरुण ... दीख पड़ा। गर्मी से सताये हुए लोग एक ... आराम से करवट बदल कर फिर सो गये। नदी ... ओर जाते हुये पथिक का गीत सुनाई दिया—"... की लाठी तुही है। तुहीं जीवन उजियाला है।" ... ही में गीत बंद हो गया। पथिक ने देखा सामने ... देवी की लाश पड़ी है। वह देवी लखिया ही थी...

स्मृति तुम्हारी है अमर प्रिय !

[लेखक—गोस्वामी बाबूराम गिरि बी० ए०]

प्रेम के संयोग के लम्बे झँकोरे,
झूलते थे साथ में दोनों हिंडोरे,
कहाँ समझ पाये कभी हम थे नमोरे,
भूलते भटके फिरेंगे हम चितेरे।
प्यार से उद्गार था हिय।
स्मृति तुम्हारी है अमर प्रिय ॥

वर्ष शत-शत बीतकर शतयुग गये हैं,
पूर्ण परलय के समय अब आ गये हैं,
कौन जाने कल्प कितने इन नयन में,
जन्म ले-ले देखने आये नये हैं।
श्रद्धा सी आज नित्य वह प्रि...
स्मृति तुम्हारी है अमर प्रिय

पथिक

[लेखक—श्रीशिवलाल 'छवि']

प्यारे पथिक सावधान! यह माना कि तेरा पथ बहुत लंबा था कष्टमय था, पर अब क्या? प्रसन्न हो, सामने ही वाटिका का द्वार है। खुला ही चाहता है। तेरा मनोरथ पूर्ण होनेवाला है।

रोना धोना बन्द कर, काम के समय पश्चाताप मूर्खता है! द्वार खुल गये, देर हो रही है, आ जल्दी कर 'शुभस्य शीघ्रम्'। समय अमूल्य है, व्यर्थ न नष्ट कर, वाटिका की शोभा में मत भूल, बेंच पर बैठकर ऊँघ मत, उठ खड़ा हो, तू बटोही है, पथिक है, या भ्रमी है! कुछ हो, प्यारे पथिक, तेरा यहाँ तक आने में कुछ उद्देश्य अवश्य है! याद कर, भूल मत, काम के समय सुस्ती करना उसको टालना अच्छा नहीं। अवसर न चूक जाय शीघ्र वाटिका के खिले फूलों को देख, अपना कर्तव्य पालन कर, इधर उधर भटकने में मन मत उलझा! चुन ले वही फूल जिसके लिए तू इतना परिश्रम करके यहाँ तक आया है।

फिर उठ! बैठे-बैठे क्या सोच रहा है? उठ, जल्दी कर, ओ भोले पथिक समय को नष्ट न कर, समय नहीं ठहरता। दिन निकले देर हुई, वाटिका में आ गया है। अब आँखें खोल! देख, पुष्प-वाटिका में खिले पुष्पों को देख! और शीघ्र ही चुन ले, उन फूलों को जिन्हें तू चुनना चाहता है, अपनाना चाहता है।

इस वाद से प्रायः अनभिज्ञ है, अतः उसने इस पर विचार ही नहीं किया कि हमारे सिद्धान्तों के साथ इसका कहां तक सामञ्जस्य है। इस वाद के आधार पर जो तथ्य निकलते हैं वह न केवल सामान्य जनसाधारण के अनुभव परन्तु वैज्ञानिक अनुभव का भी खण्डन करते से प्रतीत होते हैं। 'यदि किसी चीज़ की लंबाई को एक दूसरे की अपेक्षा चलनशील दो स्थानों से नापें तो दो भिन्न नाप मिलेंगे और दोनों ही सत्य होंगे; जिन घटनाओं में एक व्यक्ति को यौगपद्य (एक साथ घटित होना) प्रतीत होगा वही दूसरे के लिये विषमकालीन होंगी पर दोनों अनुभव सत्य हैं; दिक् धन्वाकार या यों कहिये कि गोलाकार है; यह विश्व, जो आकाश भी कहलाता है, निःसीम है पर अनन्त नहीं है, पृथ्वी सूर्य्य की परिक्रमा करती है या यह सारा सौर जगत् पृथ्वी की परिक्रमा करता है, दोनों कथन सत्य हैं, यदि वस्तुएं एक दूसरे की ओर खिंचती प्रतीत होती हैं तो यह आकाश का धर्म्म है, किसी आकर्षण सिद्धान्त का फल नहीं, इत्यादि कुछ ऐसे कथन हैं जो अपेक्षा वाद पर निर्भर हैं पर इन के उच्चारण मात्र से विशेष सहायता नहीं मिलती। इतना ही समझ में आता है कि यह सिद्धान्त बहुत ही गम्भीर है। कहने वाले तो यहां तक कहते हैं कि पृथ्वी भर में इस के समझने वाले दस पाँच ही हैं। कुछ लोग इस को पूर्णतया प्रमाणित मानने को तय्यार नहीं हैं। परन्तु ऐसा कोई भी निष्पक्ष विद्वान नहीं है जो आइंस्टाइन की प्रचण्ड प्रतिभा की भूरि भूरि प्रशंसा न करता हो। ऐसे व्यक्ति के वाक्य एक सच्चे वैज्ञानिक के भाव के द्योतक माने जायंगे और उनकी सहायता से हम वैज्ञानिक के मनोदेश में प्रवेश कर सकते हैं। हम यहां उदाहरण के लिये कुछ आइंस्टाइन के एक लेख से लेंगे जिसका शीर्षक है 'धर्म्म और विज्ञान'।

वैज्ञानिक खोज करने वाले मे जो अथक धैर्य पाया जाता है वह कहां से आता है! उसके आत्मबल और संयम का परिणाम है!
स्टाइन कहते हैं 'जो मनोवृत्ति ऐसा क
कराती है वह उस व्यक्ति के मनोभाव से
जुलती है जो धार्म्मिक आवेश या किसी
के वश में होता है। श्रम सङ्कल्प नहीं
की तात्कालिक भूख से उद्भूत होता है।"
स्थल पर वह कहते हैं 'मैं शोपनहार से
कि लोगों को कला और विज्ञान की ओर
वाले उद्देश्यों में एक बहुत प्रबल
नित्य के जीवन के दुःखद रूखेपन और
कैद, अपनी नित्य परिवर्तनशील इच्छाओं के
से भागने को जी चाहता है।'

आइंस्टाइन अपने में एक विशेष प्रकार की
त्मिक अनुभूति पाते हैं। यह अनुभूति उन्हें
देव देवी ईश्वर की उपासना की ओर नहीं
वह सचरित्र हैं, सही पर उनकी अनुभूति
कर्म्म क्षेत्र में उतरने की प्रेरणा नहीं
कर्मिष्ठता उनको गौण प्रतीत होती है।
भावना का कोई केन्द्र नहीं है, इस लिये
वैश्व (सार्वभौम) आध्यात्मिक अनुभूति
वह कहते हैं कि कला और विज्ञान का
है कि मनुष्य में इस भाव को जगावे
रक्खें। उनकी राय है कि यह सच्चा
विज्ञान और कला के ही द्वारा एक मनुष्य
मनुष्य तक पहुंचाया जाना चाहिये, अ
साम्प्रदायिकता के गढ़े में गिर पड़ेंगे।
त्मिक अनुभूति का स्वरूप क्या है?
कहते हैं 'व्यक्ति को मानव इच्छाओं
क्षाओं की निःसारता और बाह्य प्रकृति
अन्तर्जगत में व्याप्त नियमितता और
अनुभव होता है।' उसको वैयक्तिक जीव
जाता है और कैद सा प्रतीत होता है।
असीम समुद्र में पिघल कर मिल जाना

प्रश्न—मनुष्य सबसे अधिक प्रसन्न कब होते हैं ?
उत्तर—जब उन्हें भगवद्-दर्शन होता है।
प्रश्न—भगवद्दर्शन किसको मिलता है ?
उत्तर—जो निर्मल हो।
प्रश्न—हम कैसे निर्मल हो सकते हैं ?
उत्तर—जो निर्मल हैं, उनकी सेवा करने से।
प्रश्न—निर्मल कौन हैं ?
उत्तर—जिसे परम पवित्र भगवान् का संग मिलता [illegible] साधु महात्मा निर्मल हैं।
प्रश्न—साधुओं का संग कैसे होता है ?
उत्तर—अनेक जन्म के पुण्य से और भगवान् की दया [illegible]संग होता है।
प्रश्न—भगवान् की दया कैसे होती है ?
उत्तर—साधुओं या महापुरुषों के संग से और उनकी [illegible] से भगवत्-संग प्राप्त होता है।
प्रश्न—साधु का संग किसे कहते हैं ?

उत्तर—साधु या महापुरुष के साथ बैठने से साधु-संग नहीं होता। उनके पास या दूर रहने से कोई मतलब नहीं। उन पर भक्ति और विश्वास रहना चाहिए, उनकी शिक्षाओं पर मनन करना चाहिए। किसी किसी को साधु के निकट बैठने से भी प्रकृत साधु संग नहीं होता और जो साधुओं से दूर रहते हैं वे भी साधुओं से प्रकृत संग कर सकते हैं। इसलिए शास्त्र कहता है—

दूरस्थोऽपि न दूरस्थो यो यस्य मनसि स्थितः।
हृदये यदि नास्ति समीपस्थोऽपि दूरतः॥

तिस पर भी जो साधु-शिक्षा का मनन नहीं कर सकता, उसे साधु के निकट बैठने से भी यद्यपि साधु संग का पूर्ण फल उसको नहीं मिलता फिर भी उसे विशेष लाभ हो सकता है, इसमें सन्देह नहीं। साधु के साथ बैठने और सदा ज्ञान-भक्ति की बातें सुनते-सुनते साधु-संग के माहात्म्य से शरीर और मन के अणु-परमाणु बदल जाते हैं। उसे नवजीवन प्राप्त होता है। यही साधु-संग का माहात्म्य है।

भजन

हुई सब का पहिचान भई।
घट घट जो बोलत सोई ईश्वर, यह नहि पाप भई।
बोलन हार न देख पड़त है, रह अन्तर न गई॥
शुद्ध चेतना में थिर जो—सोई ईश सब माहीं।
[illegible] सम दृष्टि [illegible] [illegible] भई॥
पाप पुण्य [illegible] [illegible] [illegible] हैं—सबकी [illegible] भई।
[illegible] छूट गई [illegible] [illegible] [illegible] भई॥
भक्ति योग सब ज्ञान साधन—[illegible] पूरन भई।
वासुदेव बिनु [illegible] [illegible] [illegible] भई॥

—[illegible] श्रीवास्तव

…का साधन समझ कर उसके उपार्जन का यत्न …ते हैं, तो जब तक हम बी० ए० पास नहीं हो …अथवा धन एकत्र नहीं कर लेते या जब तक …इच्छा किसी न किसी कारण से निवृत्त नहीं हो …है, तब तक चित्त में विक्षेप अर्थात् अशान्ति बनी …रहती है, जो दुःख का सामान्य रूप है, और …यह अशान्ति या असमता बढ़ जाती है तो दुःख …र में भान होने लगता है। पर ज्यों ही हम बी० …पास हुए और तृष्णा दूर हुई अथवा धन उपार्जन …गया और बाह्य दशा चित्त के अनुसार हो गई, …चित्त का विक्षेप तत्काल दूर हो जाता है और …अन्तर एक समान अवस्था होते ही प्रसन्नता या …भान होने लग जाता है, अर्थात् तृष्णा के मिटने …पूर्ण होने पर जब चित्त सम या शान्त होता है …सुख भान होता है, और जब इस तृष्णा या …के कारण चित्त असम या अशान्त होता है …दुःख भान होता है। अतएव चित्त की अशान्ति …असमता का नाम दुःख और उसकी शान्ति या …का नाम सुख है। पर चित्त की यह असमता …अशान्ति प्रथम तो अपने स्वरूप के अज्ञान से …फिर उसके पश्चात् तृष्णा इत्यादि से उत्पन्न होती …लिए दुःख का मूल या मुख्य कारण तो …और तात्कालिक या गौण कारण तृष्णा इत्यादि …कहे गए हैं।

दुःख का मूल कारण अज्ञान है, अतएव जो …इस अज्ञान को निवृत्त करे वही दुःख का …करने वाला होता है। अज्ञान नित्य ज्ञान से …होता है, इस लिए दुःख को निवृत्त करने का …मुख्य साधन ज्ञान है … [illegible]

[illegible]

और उचित है, बिना वस्तु के परोक्षज्ञान के उसका अपरोक्षज्ञान प्रथम तो होता ही नहीं, और यदि किसी कारण से हो भी जाय तो ठीक फल नहीं देता। इस प्रकार दुःख का मूल कारण जो आत्मा का अज्ञान, और उस (आत्म-अज्ञान) की निवृत्ति का मूल कारण जो आत्मज्ञान है, उस (आत्मज्ञान) के अनुभव करने के लिए पहले उसके परोक्षज्ञान के पाने की आवश्यकता है। इसलिए दूसरे अध्याय में जब अर्जुन ने अपने दुःख और शोक की निवृत्ति के लिए भगवान की शरण ली और उनसे इस के उपाय पूछे तब सब से पहले भगवान ने श्लोक ११ से अर्जुन को आत्मा का परोक्षज्ञान ही देना उचित और आवश्यक समझ कर ऐसे उपदेश आरम्भ किया:—"जो शोक के योग्य नहीं, उनका तू शोक करता है और फिर पण्डितों की सी बातें बनाता है। भला विचारवान् भी कभी मरों और जीवितों का शोक करते हैं? सब प्राणी अपने आत्मस्वरूप से तो न कभी मरते हैं न जन्मते हैं बल्कि नित्य अविनाशी और शाश्वत हैं। इस देह में जो देही (आत्मा) है, वह शरीर के मरने से न कभी मरता है, न इस के जन्मने से कभी जन्मता है, बल्कि उस को दूसरे (नाम रूप) देह की भी प्राप्ति ऐसे होती है जैसे इस देह में बालपन, जवानी और बुढ़ापा। अर्थात् जैसे इस शरीर की उपाधि से शरीर की ये बाल्य, युवा और वृद्ध अवस्थाएं शरीर के स्वामी की ही कही जाती हैं (यद्यपि आत्मा की ये नहीं होतीं) ऐसे ही एक देह के छूटने पर दूसरे की प्राप्ति भी देह के स्वामी में ही कही जाती है (यद्यपि यह आत्मा न कहीं आता है न जाता है और न कुछ [illegible] [illegible]) [illegible]

नित्य भाव (स्थिति) कदापि नहीं रहता; पर जो पुरुष ऐसा मानते हैं कि यह (आत्मा) जन्मता मरता है और ऐसे ही किसी को मारता या मरवाता है, वे कुछ नहीं जानते, क्योंकि यह (आत्मा) अज, अमर, नित्य और अविनाशी है। इसे कभी शस्त्र नहीं काट सकते, पवन नहीं सुखा सकता, जल नहीं भिगा सकता और अग्नि नहीं जला सकती है। अतएव यह (आत्मा) अव्यक्त, अचिन्त्य, अविकार्य कहलाता है। इस लिए हे अर्जुन ! ऐसा जान कर अब तुझे शोक करना उचित नहीं।"

"और यदि तू आत्मा को नित्य मरने और जन्मने वाला ही समझता है, तो भी ऐसी दशा में तुझे शोक करना उचित नहीं क्योंकि जो जन्मा है वह अवश्य मरेगा ही और जो मरा है वह अवश्य जन्मेगा ही। जब जिसके आरम्भ का पता नहीं, अन्त का पता नहीं केवल मध्य का ही पता है तो ऐसे मध्य में प्रतीत होने वाली वस्तु पर फिर रोना धोना किस काम का। तत्त्व यह है कि सब की देह में देही (आत्मा) नित्य अवध्य है, अतएव सब प्राणियों के मरने वा मारे जाने का तुझे शोक नहीं करना चाहिए।"

इस प्रकार आत्मतत्व दर्शाकर फिर भगवान ने क्षत्री शरीर के क्षात्र-धर्म का तत्त्व दर्शाया ताकि अर्जुन दोनों (शरीर और आत्मा) के ... परोक्ष ज्ञान पाकर कुछ धैर्य युक्त हो जाए ... उस तत्त्वोपदेश को आचरण में ... दूर करता हुआ शान्ति को प्राप्त हो जाए।

इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीता तत्त्वज्ञान ... लड़ाई झगड़े का नहीं। इसमें वस्तुतः ... आत्मा, विश्व और विश्वात्मा, अज्ञान ... बन्धन और मोक्ष, धर्म और अधर्म, ... और सुख इन सब का परस्पर भेद ... मोक्ष (अर्थात् सच्चे सुख) की प्राप्ति ... का उपार्जन और अनुभव (अर्थात् ... वा भगवद्दर्शन), और निज धर्म को ... लाने के उपाय ही बतलाए गए हैं। ... निमित्त उत्तेजना देने मात्र अथवा नित्य ... प्रवृत्त कराने मात्र के लिए यह ग्रन्थ ... गया हमें दिखाई नहीं देता, यद्यपि कुछ ... दृष्टि हमारे से भिन्न है।

इस प्रकार दुःख वा शोक निवृत्ति ... कारण (आत्मज्ञान) का प्रथम अङ्ग (... बतला कर फिर भगवान् उसके दूसरे अङ्ग (... ऽज्ञान को प्राप्त करने की विधि) का ... वर्णन करते हैं ताकि अर्जुन के शोक, मोह ... की जड़ समूल कट जावे।

भक्त और भगवान

आकुल पंथ न सूझ परै,
मनसा-मृग काम-दवानल घेरौ !
प्यास बड़ी तरुआ चटकें लग्यो,
नाथ ! मया करि कैं टुक हेरौ !

पान कै स्याम-तरंगिनि-पानिप,
कारौ बनैं उजरौ मन मेरो !
"पाइहै 'मान' कहौं जब टेरिहै,
म्राह ग्रसे पै गयन्द ज्यों टेरो !"

—मा...

उत्तर—पहले पहल उच्च स्वर से नाम लेना चाहिए, तो मन स्थिर होने लगेगा। मन स्थिर होने पर अन्तर में जप करना चाहिए।

प्रश्न—नाम का जाप कब करें?

उत्तर—चलते समय, बैठे हुए, उठते समय सर्वदा नाम का जाप करना चाहिए। पहले पहले इस तरह नाम-जप का अभ्यास न रहने पर यह कठिन मालूम होगा। इसलिए सबसे पहले प्रातः काल और सायंकाल दो-एक घंटे तक बराबर उच्च स्वर से नाम जपने का अभ्यास करना चाहिए।

प्रश्न—भगवान् के अनेक नाम हैं। उनमें से कौन सा नाम जपना चाहिए।

उत्तर—राम नाम।

प्रश्न—शिव नाम न जपना चाहिए क्या?

उत्तर—जो शिव हैं, वही राम हैं। शिव राम का एक रूप हैं। उनमें कोई अन्तर नहीं। तुम चाहो शिव नाम जप सकते हो।

प्रश्न—बाबा, आप कौन सा नाम जपते हैं?

उत्तर—मैं तो प्रथम शिव नाम का जा...
अब राम नाम जपता हूँ। मैं शिव और रा...
अन्तर नहीं देखता।

प्रश्न—शिव और राम दोनों का रूप ...
हैं। इसलिए दोनों एक कैसे हो सकते हैं?

उत्तर—राम या शिव का स्वरूप क्या है—...
पर तुम्हारा संदेह दूर जायगा।

प्रश्न—राम का स्वरूप क्या है?

उत्तर—राम परमात्मा हैं। जो कुछ ...
देखते हो, सब राम ही का भिन्न भिन्न रूप है।
में राम के सिवा और कुछ नहीं है। तुम ...
इसलिए राम को अ-राम समझ कर दुख पाते हो...
पहले मुख से राम नाम के जप का अभ्यास क...
तुम्हारे हृदय में ब्रह्म-ज्ञान का उदय होगा। त...
कि राम क्या है और शिव क्या है।

प्रश्न—बाबा, मैं यदि राम नाम सदा ज...
मेरा सब दुख दूर हो जायगा क्या?

उत्तर—हाँ, राम नाम जपने से सब दु...
जायँगे और सब कामनायें पूर्ण हो जायँगी।

क़व्वाली

"मैं जुदा हूँ सबसे पर मुझसे जुदा कोई नहीं"

यह मेरी महफ़िल है या अग़यार क्या कोई नहीं।
सुहृद् नरामाचन हूँ मेरा हमनवा कोई नहीं॥
मैं मिला हूँ सब में पर मुझसे मिला कोई नहीं।
मैं जुदा हूँ सबसे पर मुझसे जुदा कोई नहीं॥
गो कि हैं संगिह सारे जिस क़दर हैं नाम रूप।
निर्गुण हर इक से जुदा हूँ यकमला कोई नहीं॥
है सुदा. तमाशा जिसकी है कि खुद आया है वह।

देखता हूँ मैं तो है मेरे सिवा क...
यह भी सच कहते कि जो कहते जुदा...
यह भी सच कहते कि जो कहते जुदा क...
यह भी सच है रह नहीं सकता कोई...
यह भी सच है पर कि मेरा आसरा क...
क्या कहे? किससे 'ऋषी' मैं ब्रह्म हूँ मैं...
सुनने वाला जानता है दूसरा क...

—ब्रह

इतना कहकर पहली कीड़ी तो चुप होगई। अब दूसरी बोली। यह कीड़ी पहिली से कुछ बड़ी थी और उस से अधिक दृष्टि रखती थी 'अर्थात् उसकी आँखें तेज थीं "

दूसरी कीड़ीः—"मेरी बहन तू देखती नहीं है कि क़लम तो बिल्कुल निर्जीव वस्तु है। वह तो बिल्कुल कुछ काम नहीं कर सकती। यह उगुलियाँ इसे चला रही हैं जितनी बड़ाई तूने की है यह सब उगुलियों को मिलनी चाहिए"—

अब एक इन दोनों से बड़ी और सयानी कीड़ी बोली—"तुम दोनों अभी अनजान हो। उगुलियाँ तो पतली पतली रस्सियों की भाँति हैं, वे क्या कर सकती हैं। यह हाथ की मोटी कलाई इन दोनों से काम ले रही है—"अब इन कीड़ियों की माँ बोली"— यह सब क़लम, उगुलियाँ, पैनी, बाजू, इत्यादि इस बड़े मोटे धड़ के आसरे से काम कर रहा है यह सब प्रशंसा इस धड़ को उचित है। इतना कहकर कीड़ियाँ जब कुछ चुपकी हुई तो मैंने उनको यह कहा कि ऐ मेरे दूसरे स्वरूपो यह धड़ भी जड़ रूप है, उसको भी एक और वस्तु का आसरा है अर्थात ज्ञान का। अतः प्रशंसा इस ज्ञान के लिए उचित है। जब मैंने इतना कहा तो मेरे हृदय में आप की ओर से आवाज आई और यह आप के वचन भी मैंने उन कीड़ियों को सुना दिये। उनका सारांश लिखता हूँ"—

मनुष्य के ज्ञान के परे भी एक वस्तु है अर्थात परमात्मा। उस वस्तु के आसरे सब भूत चेष्टा करते हैं। संसार में जो कुछ होता है उसी की इच्छा से होता है। पुतलियाँ बिना तार वाले के नहीं नाच सकतीं, बाँसुरी बिना बजाने वाले के नहीं [illegible] सकती। इसी भाँति संसार के प्राणी बिना [illegible] आज्ञा के कोई काम नहीं कर सकते। जैसे [illegible] का काम यद्यपि मारना है किन्तु वह [illegible] चलाने वाले के नहीं चल सकती। इसी प्रकार [illegible] किसी मनुष्यका स्वभाव बहुत ही खराब [illegible] जब तक उन्हें परमेश्वर न उसकाये वह [illegible] पहुँचा सकता। जैसे राजा के साथ मेल [illegible] राजा के सभी कर्मचारी हमारे मित्र बन [illegible] भाँति परमात्मा को प्रसन्न रखने से [illegible] हमारी अपनी हो जाती है। महाराज जी! [illegible] का कृपा पत्र प्राप्त हुआ था। उससे अत्यन्त [illegible] हुई। महाराज जी यदि आप यहाँ रहना [illegible] बड़ी प्रसन्नता की बात है और यदि यहाँ [illegible] मनुष्य रखना चाहें तो अवश्य रख लें। [illegible] व्यय हो रहा है वहाँ एक आदमी का [illegible] परमात्मा भली भाँति दे देंगे मुझे तनिक भी [illegible] नहीं जिस भाँति जी चाहे करें। मुझे [illegible] तनिक भी क्रोध नहीं है, मैं बहुत प्रसन्न [illegible] आवेश में आकर मनुष्यों के मुख से कई [illegible] जाती हैं हमें सब क्षमा कर देना चाहिए, [illegible] क्षमा कर दें। आप उनसे मेल करलें। [illegible] आप उनका करें अथवा न करें किन्तु [illegible] करलें और सब अपराध क्षमा कर दें। [illegible] क्षमा भूषण होता है। आप इन दिनों [illegible] हुए थे अतः आपके भइयाजी आपके [illegible] यह पत्र विवशता के कारण इतना [illegible] क्षमा कीजियेगा। परमेश्वर आपको [illegible] देगा।

—[illegible]

लाहौर
[illegible] जन सन [illegible]

'ऋषि-संतान'

ip Hip Hurrah! Hip Hip Hurrah !!
Hip Hip Hurrah !!!

[अ]हाहा! ओहोहोहो !! अहाहाहा !! ओहोहोहो !!!

...नंद है दम दम, अहाहाहा, ओहोहोहो।
...दुई में न तुम नहिं हम, अहाहाहा, ओहोहोहो॥

...मन के प्यारो! महर्षि कुमारो!! चक्रवर्ती ...राजाओं की संतानो!!! उठो, जागो, अब क्या ...है! अरे हाय! आओ मेरे साथ खुशियाँ ...लो, नाचो गाओ।

...लूटो, लूटो! आनंद लुट रहा है!! फिर न ...ना कि खबर न हुई।

...मे दौलत लुट रही है अरे लूटे जिसका जी चाहे।
...खे, ढूँढे, परे, हिम्मत करे, ले जिसका जी चाहे॥

...जागो! आँखें खोलो!! चैतन्य होजाओ!!! ...है अब सोते रहना शोभा नहीं देता. वेदान्त का ...उदय हो गया है. अब केवल उल्लू और चिम...ड़ ही सोते और उल्टे लटकते हैं।

...प्यारो! अपनी भूल की चादर उतार फेंको!! ...त्व का तकिया निकाल डालो!!! अरे अपने ...पको जानो तो सही, तुम हो कौन? हाय! तुम ...ते शक्ति हो. पर अपनी भूल ही से, अज्ञान से, ...में लाने वाले रोड़े बन रहे हो। समय है, उठ...ओ! लग जाओ!! और रोड़ों को, वेदांत के ...में सान कर, उन्नति के शिखर पर चढ़ने के ...ये सुंदर सोपान बना लो

तुमने अपने आप को [illegible] समझ रक्खा है [illegible] ने ही एक [illegible] [illegible] सेवक [illegible]

प्यारो तुम [illegible] तुम [illegible] तुम्हारे [illegible]

मनुष्य मात्र के मन पर राज्य किया है। जो आज दिन भी पश्चिम के उन महानुभवों के दिलों पर विजय प्राप्त किये हुए हैं, जिन के आगे आधा संसार सिर झुकाता है।

यह केवल तुम और तुम ही हो जो ऋषि कुमार हो; दूसरा कोई नहीं फिर क्या ऋषियों की पवित्र संतान गुलाम और कुली होगी? नहीं! कभी नहीं!! तीन काल में भी नहीं!!! सिंह के बच्चे सदैव सिंह ही होते हैं, गीदड़ कभी नहीं हो सकते. फिर ऋषियों की संतान?

ऋषि होगी! ऋषि होगी!! ऋषि होगी!!!
ऋषि है! ऋषि है!!

तुम सब ऋषि हो, चक्रवर्ती राजा हो, परन्तु अपने आप को भूले हुए, मदमाते मनुष्य की तरह अचेत।

आज राम तुम्हें बताये देता है, डंके की चोट पर कह रहा है, सुन लो! याद रक्खो!! दिलों पर लिख लो!!! तुम और केवल तुम ही ऋषि कुमार हो! संसार को ऋषि बन कर यह ध्रुव सत्य दिखा देना होगा।

लोग कहेंगे, पिछला राग गाने से क्या लाभ? गीदड़ों की तरह "कभी तो राजा भए थे" चिल्लाने से राजा नहीं हो सकते। जो कुछ अब है, उसी पर ध्यान देना उचित है, पिछली बातों पर नहीं। राम कहता है"—"है, और बहुत लाभ है" यहाँ 'थे' की बात नहीं, 'हो' की बात है। हनुमान इस पिछली [illegible] के याद दिलाने से ही तो वानर से योधा बन [illegible] गया तुम को भी, राम—आज [illegible] कि उन पानों से पांव धरना भी महापाप [illegible] है वरन्—पहले की बातें याद दिलाता है कि [illegible] तुम्हारे ही

जन्म-दाता ऋषि सात द्वीप और नौ खंड में विचरते थे, देखो जाकर, आज भी योरोप, अमेरिका, अफ्रीका, एशिया तथा अन्य छोटे-मोटे द्वीपों में उन के पदचिन्ह पाये जाते हैं।

क्या इतना याद दिलाने पर भी तुम समुद्र न फाँद जाओगे ?

अपने बल, पौरुष, और शक्ति को भूल जाने ही से आदमी कायर कहलाता और नीचे गिर जाता है। जिस आदमी को अपना अनुभव हो जाता है, वह कदापि नीचे गिरा नहीं रह सकता, क्योंकि वास्तव में वह बली है, निर्बल नहीं।

एक बहुत हृष्ट-पुष्ट बनिया एक दुबले मुग़ल से उलझ पड़ा, गाली गलौज के बाद मारपीट होने लगी। बनिया था बलवान् मुग़ल को नीचे गिरा दिया। मुग़ल ने गिरे-गिरे पूछा—"अच्छा भाई ! अब तूने गिरा तो दिया है, यह तो बता दे कि तू है कौन जिसने मुझे गिरा दिया ?" बनिया बोला—"मैं बनिया हूँ, बनिया।" मुग़ल तड़प उठा। उसे याद आ गया कि मुग़ल बनिये से बलवान् होते हैं, फ़ौरन् ही कड़क कर बोला"—"तेरे बनिये की ऐसी तैसी" और आन की आन में बनिये के ऊपर चढ़ बैठा यह है पिछली बातों के याद आने का गुण'

प्यारो ! राम पुकार-पुकार कर कह रहा है। सुनो और अपने पूर्वजों की कहानी सुनो। तुम अपना बल जानोगे, और जान कर जब उसे आचरण में लाओगे, तो तुम भी वही बन जाओगे, जो तुम्हारे पूर्वज थे। बिना जाने शेर का बच्चा गीदड़ ही बना रहता है।

राम तुम्हें बताता है तुम्हारे पास तुम्हारे पूर्वज ऋषियों का दिया हुआ, संचित किया हुआ अतुलित धन है, कहीं हुंडी है, पर बिना भुनाए बेकाम. बल्कि, पुड़ियों में बंधे बंधे [illegible] आगली उठो लेजाओ [illegible] में, और भुनाओ इस हुंडी का हुआ यही [illegible] है उस [illegible] होता है।

प्यारो, फैल जाओ देश देशान्तरों में [illegible] सातों समुद्र मथन कर के चौदह नहीं, [illegible] रत्न लाकर डाल दो भारत माता [illegible] चरणों पर, भर दो भारत का भंडार, [illegible] तुम अपने आप को असली रूप में देखना॥

लो, उठ बैठो ! सारे संदेह मिटा दो! लज्जा, शंका, का आवरण उतार फेंको!! [illegible] बुर्क़ा फाड़ दो !!!

वह देखो पूर्व दिशा की ओर ! [illegible] की सवारी के जुलूस में स्वयं सूरज ही [illegible] उठाए चला आ रहा है, सारे विश्व पर [illegible] बिछ गई है, राम हिमालय की चोटी [illegible] तख़्त पर विराजमान होकर फ़र्मान भेज रहा है "उठो ! होश में आओ !! चैतन्य हो [illegible]

अपनी सारी शक्ति से फ़र्मान की [illegible] में (आज्ञा पालन में) लग जाओ नहीं तो [illegible] कोड़े खाओगे और तिलमिलाओगे।

पर नहीं ! भारत अब जाग रहा है [illegible] चुका है !! अब वह मोह निद्रा में नहीं [illegible]

देखो प्रकाश हो रहा है, डर कर [illegible] पुराने-धुराने खँडहरों, कंदराओं, और [illegible] फिरने का अब समय नहीं, निकल आओ [illegible] बढ़ाओ क़दम, लगाओ दौड़ !!! तुम राम [illegible] हो, रुस्तम हो, भीम हो, शाह हो, शाहंशाह [illegible] तुम किसी से पीछे कैसे रह सकते हो ?

हाय ! अरे जब सब कुछ तुम्हीं हो, [illegible] की भीख कैसी ? अपने को जानो और [illegible]

है केवल देर इरादे की, फिर तुम क्या कुछ [illegible] पर्वत पर तो चढ़ जाते हो, तो जलनिधि को [illegible]

द्रव्य, लक्ष्मी, राज्य की महिमा [illegible] में है तो होने दो, भारत का गौरव [illegible] निर्धनों में है, जिनकी तुम सन्तान हो, [illegible] वही हो-उठो बनो ऋषि और [illegible] गज '' पर याद रहे। केवल ऋषि संतान है

"मायामृग"

(कहानी)

यह संसार मायादेवी की रङ्ग-शाला है, नित्य नये चित्रपट दिखाई देते हैं। जो आज शिशु है, वही कल बालक होगा, और परसों युवावस्था को प्राप्त करेगा, यही संसार का चक्र है।

प्रकृति नित्य नवीन-शृंगार किए निज भक्तों को दर्शन देकर उनकी लालसा तृप्त करती है। उपासक प्रकृति देवी की गोद में ही सुख पाते हैं। अतः मैं और मेरी सखी मृदुला दोनों "सुकेत" के समीपवर्ती सघन 'सेवर्ती' के वन में घूमने गईं।

अरण्य में पदार्पण करते ही एक नवीन स्फूर्ति! एक नूतन जागृति!! मेरी अन्तरात्मा पुलकित हो उठी, हृदय-कपाट खुल गए। हम दोनों ने देवी के अद्भुत सौन्दर्य को देखा, उनकी दया की पात्री बनीं, और देखा देवी के अनन्य भक्तों का समुदाय।

भक्तजन अपने अस्तित्व को मिटा कर देवी की सेवा कर रहे थे और हिंस्रजन्तु जो भक्ति स्वीकृत कर चुके थे, स्वाभाविक वैर को छोड़ कर तन-मन-धन से सेवा में संलग्न थे ऐसी परिस्थिति में भला कौन ईर्षा-द्वेष का पात्र बन सकता था। हम दोनों ने मन ही मन देवी को प्रणाम किया और अनन्य भक्ति माँगी। हमारी भी गणना भक्तों में हुई, हम किंकर्तव्यविमूढ़ सी हो कर सौन्दर्य देखने में रत थीं।

प्रातःकाल का समय था, मञ्जु-रजनी का सुखद समीर अधीर हो कर देवी की शरण में आया था, देवी ने उसको अपने करपल्लवों से मुक्ताहार पहना कर कृतकृत्य किया। वह भी असीम उत्साह से देवी के यश को दिग्दिगान्तर में फैला रहा था मन्द झोकों से तन्द्रिल हुए कलियों को जगाता जा रहा था। खिले हुए प्रसूनों में देवी के विशद मन्द हास का भान होता था

मृग-शावक निर्भय हो कर कुलेलें कर... कस्तूरी मृग मृगियों सहित हरी हरी दूब... रत थे। किन्तु वे पूर्ण भारतीय थे, अत... सत्कार में परम प्रवीण थे।

हम दोनों देवी के अपार सौन्दर्य पर मुग्ध... बालार्क हम पर हँस रहा था, परन्तु हम सौ... अवहेलना कर रही थीं। सहसा एक ... मृगछौना हमारे समीप आकर तृण चुनने ... नय करने लगा, तथा क्षण क्षण बार हमारी ... प्रेममयी दृष्टि फेंकता था। उसे देख कर मैं ... देर तक मौन न रह सकी। मृदुला की ओर ... कर के कुछ दूर्वा तृण हाथ में ले उसकी ओर ...

छौने ने कृतज्ञतापूर्वक कुछ तृण ग्रहण ... और हम दोनों को 'सेव' तथा ... विशाल वृक्षों के नीचे लाकर स्वयं चौकड़ी ... लगा। क्षण वह हमारी ओर आता पुनः तिरो... मिल जाता, इस प्रकार हमारा स्वागत ... रत था।

मैंने मृदुला से कहा:—"देख मृदुले! ... छौना कितना चञ्चल है, किन्तु इसका ... शिशु के समान सुखदायी है। इसके प्रति ... भ्रातृवत स्नेह उत्पन्न हो रहा है। मेरी इच्छा ... निकट रहने की है।"

उसने मेरा परिहास किया और ... 'विदुले'! क्या मनुष्य भी पशुओं से भ्रातृ... कर सकता है, तू तो पगली है! पगली ... शिव की माया का दर्शन करती है। अच्छा अब ... फल खा कर स्वस्थ बनो। इस पागलपन को छोड़... मैंने कहा:—"मृदुले! आज वर्षों बाद मैंने फिर ... को पाया है। मैं इसको कदापि नहीं त्यागूँगी।

वश या आधुनिकता लाने के ख्याल से, जब हम प्राकृतिक भोजन में से पौष्टिक अंश निकालने के दोषी हो जाते हैं, तब हमें दण्ड स्वरूप ऐसा भोजन मिलता है, जो जीवन को पूर्णशक्ति प्रदान करने में असमर्थ रहता है। प्राकृतिक खाद्य पदार्थ के पौष्टिक अंग को लेश मात्र भी निकालना या नष्ट करना भारी भूल है। सम्पूर्ण प्राकृतिक गुणों से पूरित, ताज़ा तथा अमिश्रित खाद्य पदार्थ ही हमें ग्रहण करना चाहिये। हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि हमारे सामने थाली में आने के पहिले हमारे भोजन, को किन किन क्रियाओं से होकर गुज़रना पड़ा है। कोई भी वस्तु जो अपना पौष्टिक गुण खोकर रूप बदल कर हमारे सामने आई हो, हमारे लिए अग्राह्य होनी चाहिए।

जापान का प्रधान खाद्यपदार्थ चावल है। १८८० तक वहाँ बेरी बेरी रोग का इतना प्रकोप था कि जापानी जहाज़ों में काम करने वाले एक हज़ार जहाज़ियों के पीछे ३२३ इस रोग के शिकार थे। अनेकानेक खोजबीन के बाद पता चला कि इस महामारी का कारण और कुछ नहीं पर पालिश किया हुआ चावल था। जावा में इस रोग का भीषण प्रकोप रहा। डा० एकमान को ऐसे बहुत से रोगी मिले, जिनपर अनेकों दवाओं का कुछ भी असर नहीं हुआ। अपने बगीचे में टहलते हुए उन्होंने देखा कि कुछ मुर्गियाँ भी वैसेही रोग से ग्रस्त मालूम होती हैं, जैसे कि उनके अस्पताल में दाख़िल मनुष्य रोगी। उन्होंने पता लगा कर यह जान लिया कि इन मुर्गियों का भोजन भी पालिश किया हुआ चावल है। केवल चावल बदल कर थोड़ा सा भोजन सुधार करके उन्होंने रोगियों को अच्छा कर दिया। कृत्रिम भोजन मनुष्य का प्राण-हारक, शत्रु है। क्या इनसे बचना बहुत कठिन है?

मात्रा से अधिक खाना

आवश्यकता से अधिक भोजन करना व्यापक भूल है। बच्चे इस दोष से बहुत कुछ बरी हैं। माताएँ ज़बरदस्ती जब करती हैं, तो बच्चे बीमार होकर उनके अनुपम वत्सलता का जवाब दे देते हैं। जो वयस्क हैं, वह अपनी बुद्धि से काम लेते हैं, पर संयम को बुद्धिमत्ता से गिनना ज़्यादा मूर्खता है'

पेट को आवश्यकता से अधिक भर जाना, भूखा नष्ट करने से भी अधिक हानिकर है। अनावश्यक भोजन ज़हर हो जाता है और पाचन यन्त्रों को अधिक श्रम देकर नुक-सान पहुँचाता है। हमारे शरीर को जितने भोजन की ज़रूरत है, उतने को ही पचाने लायक पाचन इस शरीर में होता है। इस लिए आवश्यकता से अधिक भार पाचन क्रिया पर आवश्यकता से अधिक ज़ोर देता है लोग सच्चे आन्तरिक भूख को अपनी मूर्खता से खो बैठते हैं, और उसे पुनः प्राप्त करने की करने लगते हैं। मनुष्य सोचता है कि वह जितना खाएगा, उतनीही उसकी ताक़त बढ़ेगी। जब उसे अनुभव होने लगता है कि उसे स्वाभाविक लगा करती तो, वह डाक्टर से टानिक माँगता है। उसे नहीं सूझता कि दो-एक बार का भोजन अपनी भूख को दूने वेगसे वापस बुलाया हम भोजन को स्नानादि की तरह नित्यकर्म जाते हैं और परिणामस्वरूप भोजन के सच्चे वंचित रह जाते हैं। इस प्रकार के अति भोजन अपनी शक्ति खो देते हैं, और अपना जीवन देते हैं। यह कहना ग़लत न होगा कि भोजन कारण जितने लोग मरते हैं, उस से कम कारणों से मरते हैं। व्यायाम हीन, बैठक मनुष्य को अधिक खाने की ओर ले जाता है। तथा कामकाजी सुविधा के लिये हमने खाने बना लिया है, पर यह नहीं ख़्याल करते कि उक्त समय पर पेट भरने की ज़रूरत है भी

बिना चबाए खाना भी अधिक भोजन करने व्यर्थ है। यदि आपको जल्दी है, कम खाइए। चबाइए ज़रूर। जो काम आपके मज़बूत दाँतों अपनी कोमल अनड़ियों पर मत छोड़िये। पानी पी-पीकर भोजन को अन्दर ढकेल देना मालूम देता है, पर यह काम जितना आसान है ही अधिक कष्टदायक उसका फल है।

उपवास का महत्व

स्वास्थ्य-रक्षा के लिए उपवास से कितनी मिलती है, इस बात को हमारे पूर्वजों ने अनेकों से समझाया है। जिस काल में धार्मिक भक्ति मना का बोलबाला था, उपवास को पर्वों के जन साधारण की स्वास्थ्य रक्षा का मार्ग हमारे ने बतला दिया। उपवास के दिन हमारे पेट अन्य दिनों के जमा हुए अपच भोजन को पचाते। करते हैं। उपवास इस बात की गारण्टी है कि

इस हुने देर से धारण आजाय। जीव कोषों को पुनर्यौवन प्रदान करने में उपवास का बड़ा हाथ है। यह बात विज्ञान-सम्मत है।

उपवास में और अनियमित तरह से भूखा रहने में बड़ा भेद है। जब तक कि अन्य घातक कारण न हों, उपवास से मनुष्य मरता हुआ नहीं पाया जाता। जो लोग उपवास में या भूखे रहकर मर गये हैं, उनकी मृत्यु का कारण केवल उपवास ही नहीं, वरन् और भी कारण रहे हैं, जैसे—हवा का अभाव, पानी की कमी आदि। समुद्र में टूट फूटकर पड़े हुए जहाज़ पर के लोग भूख से नहीं मरते, पानी का अभाव उनके मृत्यु का कारण बनता है। कहने का तात्पर्य यह है कि मनुष्य यदि नियम के साथ समय में उपवास किया करे तो यह उपवास उस के स्वास्थ्य को लाभ ही पहुँचायेगा।

शरीर स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए हल्का भोजन करना बहुत लाभदायक है। यह ग़लत ख़्याल है कि थाली में जितने अधिक प्रकार के व्यञ्जन हों, उतना ही बढ़िया भोजन हुआ। विभिन्न रुचि के पदार्थ अवसर देकर स्वाद बदल दें, ताकि वास्तव में भोजन का आनन्द आवे और पाचन क्रिया में गड़बड़ी न हो।

नियमित व्यायाम और संयमयुक्त भोजन

साधारण तौर पर यह माना जाता है कि नियमपूर्वक किया जाने वाला व्यायाम शरीर को स्वस्थ और बलशाली बना रख सकता है। यह भी समझा जाता है कि इस के साथ में पौष्टिक भोजन तो ज़रूरी है ही। व्यायाम की महिमा किसी प्रकार कम किये बिना हम यहां एक विद्वान् डाक्टर के अनुभव की चर्चा करना चाहते हैं; जिन्हों ने यह दूर निकालने का यत्न किया कि नियमयुक्त व्यायाम से ही स्वास्थ्य ठीक बना रह सकता है, या व्यायाम किये बिना केवल संयमयुक्त भोजन को अपनाने से स्वस्थ रह सकना सम्भव है या नहीं। [illegible] नियमपूर्वक व्यायाम करना [illegible] के निमित्त उन्हों ने [illegible] आवश्यक पौष्टिक पदार्थ से [illegible] लिखते हैं कि यह सब [illegible] कौ बढ़ाई से कुछ [illegible] बिल्कुल ठीक बना रहा [illegible] दिनों में वर्तमान [illegible]

और किसी प्रकार के दुर्बल लोगों की कमजोरियों ने मुझे नहीं घेरा। मैं उतना ही स्वस्थ था, जितना नियमपूर्वक व्यायाम करने वाले दिनों में रहा करता था। यह ठीक है कि इस डाक्टर के जैसे और भी लोग ऐसा प्रयोग करें तो अनेक लोगों द्वारा प्रयुक्त प्रयोग के लाभ का मालूम करना अधिक निश्चयप्रद होगा। लेकिन इस में किसे सन्देह हो सकता है कि नियमपूर्वक व्यायाम को ही जीवन का आधार बना कर जीवित रहना तब तक लाभकारी न होगा, जब तक भोजन-सम्बन्धी नियम में भी वैज्ञानिक परिवर्तन न किया जाय।

रोग निवारण के लिए पथ्य से जितनी सहायता मिलती है उतनी और किसी उपाय से नहीं। असल बात यह है कि दवा प्रकृति की सहायता मात्र करती है। पथ्यादि उपचार ही रोग निवारण के प्रधान साधन हैं। दवा भी एक प्रकार का आहार ही हुआ, जो शरीर में किसी विशेष पदार्थ की कमी को पूरी करती है। किस रोग में कौन सी दवा दी जाय, केवल यही ज़रूरी नहीं है, पर साथ में पथ्य क्या हो यह भी महत्व की बात है।

भोजन के सम्बन्ध में इतना कहने के बाद पानी के बारे में कुछ कहना आवश्यक है। वास्तव में भोजन से बढ़कर पानी ज़रूरी है। हमारे शरीर का दो तिहाई हिस्सा पानी का है। जहाँ भोजन अधिक कर जाने में ख़तरे की सम्भावना है, वहाँ पानी कम पीने में ख़तरा है। लम्बे उपवासों में पानी अधिक पीकर अन्तड़ियों को गीला रखने की आवश्यकता रहती है। शरीर की अधिकांश गन्दगी तरल होकर बाहर निकलती है। इस लिए यदि हम पानी पीने में कंजूसी करेंगे तो इसका अर्थ यह होगा कि गन्दगी को अपने शरीर में रोककर भयङ्कर परिणाम भोग सकेंगे। पेट भरने के लिये हम भोजन करते हैं, पानी पीकर पेट नहीं भरते। भूख और प्यास की आवश्यकता में अन्तर है। [illegible] भोजन के बीच में यथेष्ट मात्रा में पानी पी लेने से भोजन के समय [illegible]। भोजन के समय [illegible] कम लेना चाहिए, [illegible] लेकिन भोजन को [illegible] भूल है। भोजन [illegible] चाहिए [illegible] दूध पीते [illegible] चाहिए कि दूध पानी नहीं है [illegible] दूध पेय नहीं है वह तो पौष्टिक भोजन है।

आप केवल ३ मास प्रति दिन खाकर रहीं और यौगिक क्रियाएँ करती रहीं। ७ मास तक रजस्राव बन्द रहा, फिर अनियमित होने लगा। २८ वर्ष की अवस्था से पूर्णतः बन्द हो गया।

काम करते २ आप बे सुध हो जाती थीं। १९२५ में श्री गुरु प्रियाजी से भेंट हुई। माताजी इनके लिए और प्रिया जी माताजी के लिए उत्कंठित हुईं। अन्त में दोनों प्रेम से मिलीं और जीवन संगिनी हो गईं। मिलन-समय माताजी का रूप अद्भुत वात्सल्य पूर्ण था। नेत्र प्रेमाश्रु से छलछल थे। मुखमंडल प्रदीप्त था, गौर वर्ण पर रक्तवर्ण टीका सुशोभित था। शिर बँधा हुआ था और सुन्दर चौड़े किनारे की साड़ी पहिने थीं। माताजी ने गुरुप्रियाजी को पान दिया। पान खाने की आदत नहीं थी परन्तु माता का प्रसाद उन्होंने सहर्ष लिया। पारस्परिक घनिष्ठता बढ़ती गई और न जाने कब 'आप' का स्थान 'तुम' ने ले लिया। कभी २ मां कहतीं "इतने दिन तक कहाँ रहीं?" एक दिन उनकी गोद में शिर रख कर माताजी सो गईं। इसके बाद आने जाने का नशा लग गया। फिर गुरुप्रियाजी माताजी की ही हो गईं। उनकी सखी सहायिका बनकर रहने लगीं। आगन्तुकों से माताजी कहतीं "धर्मशाला से आए हो? अपने घर की तलाश करते रहो"। इस प्रकार संकेत द्वारा उनका उपदेशामृत प्रवाहित होने लगा। उन दिनों माताजी सोमवार और बृहस्पतिवार को केवल ३ मास खाती थीं, शेष ५ दिन केवल ९ चावल गिनकर प्रति दिन लेती थीं परन्तु काम में कोई शिथिलता या असावधानी नहीं हुई। बालक की भाँति प्रसन्न होकर आज्ञा-पालन करती थीं।

एक बालक की कर्ण-मूल-वेदना अपने कर-स्पर्श से अच्छी कर दी। भोजन करते समय माताजी ने एक दिन गुरु प्रियाजी को बहुत खिला दिया और कहा आज तो तेने तुमको खिलाया है अब आगे हो तुम को खिलाओगी। बड़ा हुआ भी।

हरि-कीर्त्तन का कार्यक्रम चलने लगा। माताजी भावों के आवेग में अधिक रहने लगीं। उनका शरीर कंपित होता था, नेत्र बन्द हो जाते थे। कभी २ पूरा शरीर ही कीर्त्तन के साथ हिल डुल कर तन देता था। आप खड़ी हो जातीं और अनेक मुद्राएँ प्रदर्शित करती थीं। उनको देखकर ज्ञान पड़ता था कि कोई अलौकिक शक्ति अवतीर्ण हुई है। शरीर पत्ते के समान हलका हो जाता था। कपड़ों की सुध भूल जाती थीं। लोटने लगती थीं। परमहंस रामकृष्णदेव और चैतन्य महाप्रभु कीर्तन में जैसे निश्चल हो जाते थे उसी प्रकार की छवि दिखाई देती थी। नेत्र अपलक हो जाते थे और ज्योति का प्रवाह सा निकलता था। आभा लाल होती थी। कभी गिर पड़तीं और द्रुत वेग से हाथ पैर चलातीं। कुछ समय बाद शान्त भाव होता था, नेत्र बन्द और शरीर स्थिर तथा अचल हो जाता था।

सूर्यग्रहण के अवसर पर माताजी ने हरिकीर्तन किया अपने कोमल सुमधुर कंठ से 'हरे मुरारे मधुकैटभारे-गोविन्द गोपाल मुकुन्द शौर' का गान किया। कहते २ उनके नेत्र भीषण, भृकुटी कराल हो गई और जिह्वा निकल आई। सारा शरीर जैसे अग्नि... करने लगा। कुछ स्तोत्र और बीजमंत्र मुख से निकलने लगे। इसके बाद शान्त होकर कहा "मुझे कोई उठा नहीं सकता, यों ही रहने दो मैं अचल हूँ"। कुछ देर बाद प्रकृतिस्थ हुईं।

कीर्त्तन के समय एक महाशय स्त्रियों पर कुदृष्टि कर रहे थे। मां ने उनको तीव्र दृष्टि से देखकर कहा "तुम हमको देख सकते हो और किसी को नहीं देख सकते।" उनकी दृष्टि ही जड़ हो गई। मां ने कहा "मां किसी पर रोष नहीं करती यह तो एक भाव था जो उस अवस्था पर प्रकट हुआ।" वे सज्जन माता जी के निकट फिर आये और स्वीकार किया कि अब तक उन्होंने किसी भी स्त्री को माँ की दृष्टि से नहीं देखा था। सबको उन्होंने

दृष्टि से ही देखा था। आज पहिला अवसर था जब यह माता जी को मां कह रहे थे और मातृ दृष्टि प्राप्त कर रहे थे। इसके पश्चात् इन महाशय का जीवन कुछ दूसरा ही हो गया।

शाहबाग में नित्य कीर्तन होने लगा। भक्तों की संख्या बढ़ती ही गई। माता जी का भावावेश प्रगाढ़ होता गया। प्रसाद बहुत आता था। वह सब उसी दिन बांट दिया जाता था। माता जी फिर केवल ३ चावल गिन कर प्रतिदिन खाने लगीं।

श्री गुरु प्रिया जी की माता की मृत्यु तिथि पर कंगाली भोजन हुआ। लगभग ३००० दरिद्र नारायन की सेवा की गई। रात्रि भर जागरण हुआ। माता जी ने कहा था "सब कामों के लिए संयम और निष्ठा चाहिए।" कीर्तन हुआ। माता जी का रूप उस महाकाली का था। जान पड़ता था किसी से युद्ध कर रही हैं। जिह्वा निकल आई थी। शान्त भाव होने पर जैसे अपने को ही पूजने लगीं। लोटपोट हुई। नाभी से कंठ तक दीर्घ-निःश्वास चल रहा था। शरीर ठंडा। नेत्र-जल से साड़ी भींग गई। इसके बाद शरीर की मृतक अवस्था हो गई। नख काले पड़ गए। नाड़ी की गति नहीं रही। श्वास बन्द हो गया। नाम कीर्तन होता रहा। कुछ समय बाद स्वाभाविक गौर वर्ण हो गया। स्तोत्र मुख से निकलने लगे। फिर स्वस्थ होकर सो गईं।

भोजन के समय आपने स्वयं भोजन परोसा और कहा "हम सभी दरिद्र हैं। वहीं खायेंगे जहां दरिद्र नारायण ने खाया है।

प्रार्थना

ओम् सृष्टि को पैदा करने वाले और उसे नियम पूर्वक चलाने वाले परम पिता! ऐ हम सबको सीधा रस्ता दिखाने वाले सद्गुरु और हमारे हृदय मन्दिरों में विराजने वाले ठाकुरजी महाराज। हम प्रेम से आपकी सेवा में उपस्थित होकर बारम्बार नमस्कार और प्रार्थना करते हैं कि हमें वो बल और बुद्धि दीजिये, जिससे हम सच्चे दिल से आपकी सेवा में लग जावें और आपको अनुभव करते हुए आपकी आज्ञा और इच्छा का पालन करें। हमारा विचार आपका विचार हो और हमारा वचन आपका वचन, हमारा कर्म आपका कर्म हो और हमारी इच्छा आपकी इच्छा। हम हर एक दशा में आपके साथ मगन और सन्तुष्ट हों। आपकी आज्ञा में रहते हुए आपकी सृष्टि की सेवा सच्चाई और प्रेम के साथ करें [illegible] और हमारे सहायक और सचालक हों। हमें वह सब पदार्थ प्रदान करें जिन्हें आप हमारे लिये आवश्यक समझें। हम अपना तन, मन और धन सब आपको अर्पण करते हैं। आप हमको अपना बना लें और संसार में सचाई, प्रेम और ज्ञान फैला कर ईर्षा-द्वेष और पक्षपात की उस भड़कती हुई आग को जिसमें हम सब जल रहे हैं, ठंडा कर दें और अज्ञान का सारा अन्धकार मिटा कर अपने प्रकाश से इस जगत् को प्रकाशित करें, जिससे सब जगह आप ही आप विराजमान और प्रकट दिखाई दें और हम सब आपके प्रेम सागर में लीन हो जावें। फिर आपही के प्रेम से भाई-भाई, बाप-बेटा, स्त्री-पुरुष, राजा-प्रजा, देश-विदेश और जाति-विजाति इत्यादि एक दूसरे को अपनावें और हमें वो बल दीजिये, जिससे प्रत्येक व्यक्ति और वस्तु को हम आपका स्वरूप देख सकें।

—शान्ति प्रकाश

राम बादशाह का हास्यचन्द्र

(स्वा० राम की एक प्रिय कविता के आधार पर)

हँसिए तो जगती हँस देगी रोओ, बैठे रोओ।
जीवन-धन-आनन्द, वृथा दुश्चिन्ता में मत खोओ॥
जगती दुखिया अपना रोना सदियों से है लादे।
आए कोई इस दुखिया को जी भर खूब हँसा दे॥
गाओ तो गिरि की चट्टानें भी प्रतिध्वनि दे देंगी।
रोओ, दुख की भरी उसाँसें वायु बीच लय लेंगी॥
अट्टहास का घनानन्द का प्रत्युत्तर प्रतिध्वनि है।
चिन्ताकुल मन चिता सदृश है विषमय सर्प अमणि है॥
चाह करेंगे लोग तुम्हारी सदानन्द तुम चाहो।
कष्ट सिन्धु में अपने केवल तुम रोओ, अवगाहो॥
पूर्णानन्द चाहने वाले तेरे साथी सब हैं।
कहो अकेले बैठे बैठे दुख में हम या रब हैं॥

सदा प्रसन्न रहो सुख मानो अगणित मित्र तुम्हें
पर मुहर्रमी मनहूसों से लगते लोग खिन्न
कौन यहाँ है जो ठुकराये प्रेम भरी मधु प्या
लेकिन पियो अकेले बैठे जीवन का विष प्या
करो निमंत्रण धूम धाम से आनन्द उत्सव हों
एकादशी अकेले होगी जग क्या देख हँ
यदि आदान प्रदान, सफलता जीवन में निश्चय है
मरो अकेले, क्या सहायता यदि जीवन में सब है
सुखानन्द जीवनानन्द के अविच्छिन्न प्रांगण है
खुले सर्वदा मुक्तद्वार सब यहाँ प्रणय के पथ है
आयें दल के दल मानवगण जो नित आनन्द घन है
दुख का तो संकीर्ण मार्ग है एकाकी निर्जन है

गीत

ओ साधक, ओ प्रेमिक पागल !
किस ज्योति जलाकर प्राण-दीप,
धरणी पर आते हो अविकल ?
ओ साधक, ओ प्रेमिक पागल !
धरणी पर आओ हे विह्वल !
दुलार अतुल संसार बीच,
आघात दुःख तव हृदय-बीच।
वीणा झंकृत करते अपार।
किस जननी की सुख-स्मित निहार ?
तुम घोर वेदना विपति बीच
हँस देते हो अविचल कल कल ?
ओ साधक, ओ प्रेमिक पागल !
जाने तुम किस की खोज हेतु,
फिरते हो सब कुछ फूँक ताप
तुम किसे चाहते हो, जो यों
है तुम्हें रुलाता कर व्याकुल ?
ओ साधक ओ प्रेमिक पागल !
नहीं भावना नहीं कोइ
क्या जाने साथी है कोइ

(श्री ब्रह्मदत्त दीक्षित 'ललाम' बी० ए० सी० टी०

किस प्राण-सिन्धु में मरण मूल,
आनन्द भान है तू निश्चल॥

—ललाम

बीदर में गुण्डाशाही

के शरीर पर गोली के निशान दिखाई पड़े। उसी दिन शाम को श्री बलवन्तराव वकील, जो बिल्कुल ही निर्दोष थे और अपने घर पर लौट रहे थे, भीड़ द्वारा मार डाले गये।

सरकारी अनुमान है कि २० लाख का नुकसान हुआ है। यदि मकानों को भी सम्मिलित किया जाय तो ३५ लाख का नुकसान समझा जाता है। इसमें करेन्सी नोट सम्मिलित नहीं है और न प्रामेसरी नोट या व्यापारियों के बहीखाते ही जोड़े गये हैं।"

क्या निजाम हैदराबाद एक निष्पक्ष, स्वतन्त्र और ग़ैर सरकारी जाँच कमेटी नियुक्त कर उसकी रिपोर्ट प्रकाशित करने की कृपा करेंगे? जो लोग अपराधी सिद्ध हों उन्हें दण्ड दिया जाय और जिन पर अत्याचार किया गया है उनकी क्षति पूरी की जाय यदि निज़ाम ने ऐसा न किया तो यह मानना ही पड़ेगा कि सब काम निज़ाम की राय से हो रहा है और निज़ाम पूर्ण रूप से इसके जिम्मेदार हैं। यह सम्भव है कि इस दुर्घटना को दबा दिया जाय जैसा कि आरम्भ से ही प्रयत्न किया जा रहा है। पर आग— अन्याय, अधर्म और अत्याचार की आग—छिप नहीं सकती। एक न एक दिन ज्वाला मुखी पहाड़ की तरह फूट कर इस अन्याय पूर्ण शासन का नाश कर देगी। निज़ाम मुसलमान हैं। खुदा पर उनका ईमान है—कोई देखे या न देखे, ख़ुदा देखता है। और जो दीन दुखियों पर अत्याचार करते हैं खुदा उनका एक क्षण में नाश कर देता है। खुदा के यहाँ न्याय होता है पर ज़रा देर में—

कुछ हिन्दू भाइयों ने यह प्रस्ताव किया है कि कश्मीर के महाराज भी अपनी मुसलमान प्रजा के साथ वही पाशविक व्यवहार करें जैसा कि निजाम ने अपनी हिन्दू प्रजा के साथ किया है। और इस प्रकार 'जैसे का तैसा' के सिद्धान्त के अनुसार जवाब दें कि अन्याय का अन्त हो। अपनी इस दलील की पुष्टी करण में उन्हों ने श्री जिन्ना और श्री फ़ज़लुल के उन वक्तव्यों का हवाला दिया है जिनमें उन्हों खुले शब्दों में यह कहा था कि कांग्रेसी सरकारें प्रान्तों में जो बर्ताव अल्प संख्यक मुसलमानों साथ करेंगी वैसा ही वर्ताव वे बंगाल और पंजाब हिन्दुओं के साथ करेंगे। इस हाथ दे, उस हाथ यह निकृष्ट सिद्धान्त है। उच्च सिद्धान्त नहीं। भी इससे सहमत नहीं। हमारा हिन्दुओं से कहना है कि हिन्दू सत्य, अहिंसा, धार्मिक सहि और क्षमा-प्रदान के लिए प्रसिद्ध हैं। "यूनान, रूमा सब मिट गए जहाँ से—बाक़ी है पर अब नामो निशाँ हमारा।"

क्यों? स्वामी राम लिखते हैं कि "बद का ख्याल विश्वास शून्य नास्तिकता है। यदि किसी ने व्यर्थ अत्याचार किया है तो अहंकार होकर पक्षपात छोड़ कर तुम अपना अगला हिसाब विचारो। तुमको चाबुक केवल इस कि तुमने कहीं अयुक्त रजोगुण में दिल दे आत्म सम्मुख नहीं रहे थे। राम के क़ानून बैठे थे। मन के ब्रह्म के न रहने से यह सब अब उस अनर्थकारी वैरी से बदला लेने लगे हो। ज़रा होश में आओ कि अपनी और भी चौगुना, पँचगुना करके बड़ा रहे प्रतिक्रिया से उस अपराधी-रूप जगत् के सत्य बना रहे हो और ब्रह्म को मिथ्या। जो रुद्ररूप कानून तुमको सत्य स्वरूप विमुख होने पर रुलाये बिना कभी भी नहीं यह ईश्वर उस अत्याचारी वैरी की बारी का है? कोई उस त्र्यम्बक की आँखों में नोन सकता। बस तुम कौन हो ईश्वर के क़ानून हाथ में लेने वाले? जितना औरों को ब चाहता है उतना अपने तईं ब्रह्म ध्यान की गिरा। वैरी का वैरीपन एक दम न तो मरा।"

की पुश्तों की राजनीतिक तथा भौतिक उन्नति पर पड़े।

हिन्दुस्तान के बँटवारे की जो तजवीज मुस्लिम लीग ने पेश की है उसका विरोध आज के जैसे सम्मेलन में जिस में मुख्तलिफ जमातों के प्रतिनिधि मौजूद हैं जल्दी ही और जोरों के साथ न किया गया तो इस से दुनियाँ के मुसलिम व गैर-मुस्लिम रहने वाले हमारे तमाम हम मजहब भाइयों को खास कर हिन्दुस्तान के मुसलमानों को, बड़ा नुकसान पहुँचने का अंदेशा है।

कांग्रेस तो देश की प्रतिनिधि मानी जा सकती है, क्योंकि ११ प्रांत में से सात प्रांत में उसका बहुमत है और आठवें मे भी उसका राजनीतिक नियंत्रण है किन्तु मुसलिम लीग चन्द आम जलसों को छोड़ कर और किस बूते पर हिंदुस्तान के बहु संख्यक मुसलमानों की प्रतिनिधि बनने का दावा करती है। वह मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करती है या नहीं, यह जानने का एक ही उपाय है और वह यह कि लाहौर वाले प्रस्ताव को लेकर लीग से चुनाव लड़ने को कहा जाय। मुसलिम अल्पसंख्यक प्रांतों में मुसलिम लीग का प्रभाव पहले कुछ रहा भी हो पर लाहौर के फैसले के बाद वह बिलकुल कम हो गया है।

मुसलमान धोखा न खायँ

राजनीतिक ही नहीं, आर्थिक तथा अन्य कारणों से पाकिस्तान की योजना अव्यवहार्य है। यदि मुसलिम लीग बर्मा और सिलोन की तरह प्रांत बनाने के सिवा और कुछ नहीं करना चाहती तो विश्वास करने वाले बेचारे सीधे सादे मुसलमानों को स्वतंत्र मुसलिम राष्ट्र की स्थापना के धोखे में न रखना चाहिये। उन्हें साफ साफ बतला देना चाहिये कि इस तरह ब्रिटेन के नियन्त्रण मे एक और फिलस्तीन स्थापित करने की कोशिश की जा रही है।

स्वतंत्र मुसलिम सम्मेलन में जो प्रस्ताव स्वीकृत किए हैं उनमें जो महत्त्व पूर्ण निर्णय हैं उनका संक्षिप्त में सारांश लिखते हैं।

१—भारत एक और अखंड है उसके टुकड़े नहीं हो सकते। २—पाकिस्तान की योजना तुच्छ, पूर्ण अव्यवहारिक, असंगत और इस्लाम के विरुद्ध है। ३—मुसलिम लीग एकमात्र मुसलमानों की प्रतिनिधि संस्था नहीं है। ४—पूर्ण स्वाधीनता प्राप्त करना ही भारतीय मुसलमानों का ध्येय है। ५—ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के एजेन्टों तथा कुछ लोगों का यह कथन निराधार है कि भारतीय मुसलमान भारत की स्वतंत्रता में बाधक हैं।

हम हृदय से स्वतंत्र मुसलिम सम्मेलन का स्वागत करते हैं। श्री जिन्ना की माँग एक से ग्यारह और ग्यारह से एक सौ ग्यारह पहुँच चुकी है। ज्यों ज्यों कांग्रेस श्री जिन्ना की माँग स्वीकार करती जाती थी त्यों त्यों उनकी माँग बढ़ती ही जाती थी। अन्त में उन्होंने पाकिस्तान की योजना पेश की जिसका यह आशय था कि भारत के दो टुकड़े कर दिये जायँ। मुसलिम लीग ने जो यह असंगत और अनुचित योजना पेश की थी उसका प्रतिकार करके दूरदर्शी और देशभक्त मुसलमानों ने स्वयं किया, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है। मुसलिम लीग ने मुसलमानों के माथे पर जो कलंक का टीका लगाया है हमें हर्ष है कि स्वयं मुसलमानों ने ही उसको स्वतंत्र मुसलिम सम्मेलन करके शीघ्र धो दिया और इस लज्जास्पद, महाभयंकर योजना का, जो लीग और बृटिश साम्राज्यवाद से जन्मा था, भण्डाफोड़ कर सारे संसार को घोषित कर दिया कि मुसलमान स्वतंत्रता के लिए उतने ही तैयार हैं जितने की हिंदू और साम्प्रदायिकता का प्रश्न बनावटी, कृत्रिम और काल्पनिक है। अब देखिए श्री जिन्ना और लार्ड जेटलैण्ड क्या चाल चलते हैं ?

हम कांग्रेस और स्वतन्त्र मुसलिम सम्मेलन से

अनुरोध करते हैं कि वे देहातों में जा कर मुसलमानों से मिलें और उन्हें स्वतंत्र मुसलिम सम्मेलन और कांग्रेस का निर्णय और संदेश सुनावें। हमें केवल नगर के बसने वाले थोड़े से मुसलमानों से ही सम्बन्ध नहीं है वरन् देहातों में बसने वाली बहुसंख्यक मुसलिम जनता में प्रचार का कार्य तुरंत आरम्भ कर देना चाहिये। हमें पूर्ण विश्वास है कि यदि दोनों राष्ट्रीय संस्थाओं ने यह कार्य किया तो शीघ्र ही हम अपने लक्ष्य तक पहुँच जायँगे।

इसके साथ ही हम एक खतरे की ओर भी ध्यान आकर्षित करना आवश्यक समझते हैं। कुछ पत्रों ने इस आशय की टिप्पणियाँ की भी हैं। वह खतरा यह है कि कहीं मुसलिम लीग के भड़काने से इस सम्मेलन के कार्यकर्ताओं के मन में अपने को कट्टर मुसलमान प्रमाणित करने की प्रवृत्ति न पैदा हो जाय। यदि ऐसा हुआ तो यह भी मुसलमानों की ओर से ऐसी मांगों को पेश करने के लिए विवश हो जायगी जो राष्ट्रीयता में बाधक होंगी और समस्या आज से भी जटिल हो जायगी। यदि सम्मेलन ने सम्मिलित निर्वाचन का स्पष्ट समर्थन कर दिया होता तो अच्छा होता। हम आशा करते हैं कि अब भी ऐसा होगा। पृथक् निर्वाचन एक ऐसी पद्धति है जिसके रहते राष्ट्रीय भाव का जड़ पकड़ना प्रायः असम्भव हो जाता है।

दीनबंधु श्री ऐंडरूज़ की महासमाधि

हमें अत्यन्त शोक के साथ दीनबन्धु श्री ऐंडरूज़ की मृत्यु का समाचार प्रकाशित करना पड़ रहा है। आप वास्तव में दीनबन्धु थे। आपने अपना सम्पूर्ण जीवन दीन-दुःखियों की सहायता करने में व्यतीत किया था। थे तो इङ्गलैन्ड के सच्चे सपूत किन्तु आप सारे संसार के लिए उत्पन्न हुए थे। आप उच्च विचार शान्त प्रकृति, निःस्वार्थ सेवा तथा अनुपम त्याग आदि गुणों के मूर्ति थे, मानवता के औतार थे और थे जीवन की सार्थकता के प्रतिबिम्ब। आपके निधन से विश्व के भंडार में एक अलौकिक रत्न का अभाव हो गया। "आपने भारतवर्ष की सेवा करने के लिए जाति, धर्म, आदत और रहन सहन की समस्त कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर लिया था और अपने ही देशवासियों के प्रबल विरोध तथा घृणा का सामना करते हुए निर्धन और शोषितों के पक्ष का समर्थन करते रहे।" हम जगदाधार से प्रार्थना करते हैं कि वह आपकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे जिसने सहस्रों प्राणियों को आदर्शवादिता का सच्चा पाठ पढ़ाया। हमारा आपका बहुत ही घनिष्ट और पुराना सम्बन्ध था। आप स्वामी राम के अनन्य भक्त और स्वामी नारायण के परम मित्र थे। आपने स्वामी राम के अंग्रेजी ग्रन्थावली (In Woods of God realization) की महत्वपूर्ण प्रस्तावना भी लिखी है। अभी हाल में आपने इसका संशोधन करके 'प्रबुद्ध भारत' में प्रकाशित करवाया था जिसे हम पिछले अंक में दे चुके हैं।

एक बार फिर हम 'व्यावहारिक वेदान्त' परिवार की तरफ से आपकी मृत्यु पर समवेदना प्रगट करते हैं।

ओ३म् शान्तिः ! शान्तिः ! शान्तिः !

दीनबन्धु श्री ऐंडरूज़

गांधी जी

"भारत ही नहीं बल्कि मानवताने एक सच्चे सपूत और सेवक को खो दिया। फिर भी उनकी मृत्यु ने उन्हें कष्ट से मुक्त किया और इस पृथ्वी पर आने के उनके उद्देश्य की पूर्ति की। वह उन हजारों व्यक्तियों के हृदय में जीवित रहेंगे जिनसे उनका व्यक्तिगत सम्बन्ध रहा है या जो उनके लेखों और विचारों से सम्बन्ध रखते थे। मेरी राय में ऐण्डरूज़ सर्वोत्तम अंगरेजों में एक थे। उन्होंने जो कुछ किया वह अपने प्रभु ईसा के लिए किया। मैंने ऐण्डरूज से अच्छा ईसाई या मनुष्य नहीं देखा है। भारत ने उन्हें दीनबन्धु की उपाधि दी थी। वे सर्वथा इसके योग्य थे क्योंकि वे सभी देशों के दीन दुखियों के सच्चे सहायक थे।"

कविवर रवीन्द्र

"मेरा यह विश्वास है कि श्री ऐण्डरू[illegible] आत्मा जो मानवता की सेवा के लिए उत्सर्ग[illegible] थी सदा अमर है। मृत्यु उसका नाश नहीं कर स[illegible] और न काल उसे खा सकता है।"

वे सदा अन्याय के विरुद्ध लड़ते रहे। [illegible] से ओतप्रोत उनकी आत्मा ईसा के प्रेमम[illegible] आमंत्रित हुई और उन्हें सच्चा ईसाई बना दिया।

किसी एक व्यक्ति में मैंने ईसाई धर्म [illegible] विजय कभी नहीं देखी थी। ऐसे लोग हैं जि[illegible] हमारा प्रेम इस लिए है कि आवश्यकताएं [illegible] करती हैं। ऐसे लोगों के स्थानों की पूर्ति [illegible] है। पर यह हानि तो अपूरणीय है।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति मौलाना अबुल कलाम आजाद ने कहा कि 'श्री एण्डरूज उन विशेष व्यक्तियों में थे जिनका मेरे मन पर गहरा प्रभाव पड़ा था। उनके काम और विश्वास में वह सब भरा था जो ईसाई धर्म में सर्वोत्तम और सुन्दर है। हम सदा उन बातों को कृतज्ञता पूर्वक स्मरण करते रहेंगे जो उन्होंने हमारी मातृभूमि की सेवा में की हैं। उनकी मृत्यु से संसार की हानि हुई है।'

ग्रन्थ रचना

संक्षिप्त जीवन

श्री चार्ल्स फ्रीर ऐण्डरूज का जन्म इंगलैंड के न्यू कैसिल अपान टाइन नामक स्थान में १२ फरवरी १८७१ [illegible] हुआ था, बर्मिंघम में अ[illegible] शिक्षा हुई। सन् [illegible] में [illegible] कैम्ब्रिज के पेम्ब्रोक कालेज में फेलो [illegible] नियुक्त हुए [illegible] दिल्ली [illegible] कालेज [illegible] [illegible] ...

महालीन श्रीमान् आर० एस० नारायण स्वामी जी महाराज की पुण्य-स्मृति में

श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग द्वारा प्रकाशित—

व्यावहारिक वेदान्त

धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विषयों पर वेदान्त की
व्यावहारिक दृष्टि से प्रकाश डालने वाला मासिक पत्र

वर्ष १	जून १९४०	अङ्क ६

सम्पादक

श्रीचक्रधर 'हंस' नौटियाल एम० ए०, एल० टी०
शास्त्री, हिन्दी-प्रभाकर

दीनदयालु श्रीवास्तव बी० ए०

विशेष सम्पादक

श्री १०८ स्वामी अद्वैतानन्द जी

डॉ० राधाकुमुद मुकर्जी, एम० ए०, पी-एच० डी०,
विद्यावैभव, इतिहासशिरोमणि

डॉक्टर एन० एन० सेन गुप्त
एम० ए०, पी-एच० डी०

रावराजा डॉक्टर श्यामबिहारी मिश्र
एम० ए०, डी० लिट०

डॉक्टर पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल
एम० ए०, डी० लिट०

श्री गिरिधारी लाल बी० ए०

मैनेजिंग डाइरेक्टर

श्री रामेश्वरसहायसिंह, हीरापुरा, काशी

प्रकाशक

महात्मा शान्तिप्रकाश
सभापति, श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग, लखनऊ

मुद्रक

श्री माधव विष्णु पराड़कर, ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, काशी।

वार्षिक मूल्य ३) एक प्रति का मूल्य ।=)

ॐ

विषय-सूची।

विषय

"नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।"

...१] जून १९४०

आषाढ़ १९९७ [अङ्क ६

निजानन्द

...है फ़लक को तारे, तब बख़्श दूँगा मैं।
...र भर के मुट्ठी हीरे, अब बख़्श दूँगा मैं॥
...सूरज को गर्मी, चाँद को ठण्डक, गुहर को आब।
...मौज अपनी आई, तब बख़्श दूँगा मैं॥

गाली, गलोज, झिड़की, तानें कहूँ मुआफ़।
बोली, ठोली, धमकी, तब बख़्श दूँगा मैं॥
तारीफ़ से परे हूँ, ऐबों से मैं बरी हूँ।
हम्दो-सना-दुआ भी, तब बख़्श दूँगा मैं॥

बाहिर हूँ जाते-मुल्क, यों दस्तपाद कैसी।
औसाफ़ को लुटा दूँ, तब बख़्श दूँगा मैं॥
सहराये-बेकरां हूँ, दरिया हूँ बे किनार।
... को न छोड़, तब बख़्श दूँगा मैं॥

दुःख का कारण

[ब्रह्मलीन श्री नारायणस्वामी जी महाराज]

जिस प्रकार रोग का कारण स्वास्थ्य के नियमों का भंग करना है उसी प्रकार दुःख या शोक का कारण जैसा पहले बताया जा चुका है सुखों के नियमों का तोड़ना है, परन्तु इतने से सुख-दुःख का मूल कारण न ठीक समझ में आता है और न पूर्णतया स्पष्ट होता है, अतः इस लेख में इसे सविस्तार समझाना व स्पष्ट करना उचित समझा गया है।

सबसे पहले हमें यह देखना चाहिये कि मनुष्य में कब और किसके कारण सुख दुख का भान या अनुभव होता है। चाहे आस्तिक हो चाहे नास्तिक, किसी को भी इससे इनकार नहीं हो सकता और मोटी से मोटी बुद्धिवाला भी यह कह और समझ सकता है कि मन के कारण प्रत्येक को सुख-दुःख का भान होता है। जब मन मादक-द्रव्यों के प्रभाव से, क्लोरोफार्म से, प्रगाढ़-सुषुप्ति से, प्राणों के रुकने से या गशी इत्यादि अन्य कारणों से रुक जाता है तब मनुष्य को न दुःख का भान होता है न सुख का। दूसरे शब्दों में यह कि मन के मुर्दा होने अर्थात् मन की गति के नितान्त मन्द पड़ जाने पर मनुष्य को न दुःख का भान होता है न सुख का; बल्कि इन दोनों हालतों में बेखबरी सी छाई रहती है; और जब मन होश में आता है अर्थात् मुर्दापन छोड़ता है तब उस बेखबरी की साक्षी यह इन शब्दों में देता है कि "मैं ऐसी अवस्था में था कि मुझे दुःख सुख कुछ का भी भान नहीं हुआ।" फिर सुषुप्ति से उठकर भी मनुष्य यही बोलता है और क्लोरोफार्म इत्यादि द्रव्यों के प्रभाव या प्राण की गति में रुकावट होने पर भी मनुष्य यही साक्षी देता है कि उस समय का मन की गति के नितान्त मन्द रहने की अवस्था में दुःख सुख इत्यादि की कुछ भी खबर न थी।

इस प्रकार प्रत्येक को अपने ही अनुभव से स्प रहा है कि दुःख-सुख (सबको) मन ही के अर्थात् मन की जाग्रत अवस्था में (सुषुप्ति अव नहीं) भान होता है, बिना मन के न दुःख भान होता है न सुख का।

अब देखना यह है कि मन की किस प्र यह दुःख-सुख भान होता है। जरा विचार करे सर्वसाधारण को यह स्पष्ट हो सकता है कि मन स्थिर नहीं होता अर्थात् जब विक्षिप्त होता दुःख का भान होता है और जब स्थिर या होता है तब सुख का भान होता है। दूसरे श यों कहा जा सकता है कि जब मन की गति ए (एकाग्र या निर्विक्षिप्त one pointed) हो तो सुख का भान होता है और जब वह गति अग्र के अर्थात् नाना ओर दौड़ती अर्थात् विक्षिप्त या व्याकुल होती है तो दुःख का भा है। इस प्रकार मन की एक (निर्विक्षिप्त) तो सुख के भान का कारण और दूसरी (वि चंचल) अवस्था दुःख-भान का कारण होती विचारना यह है कि मन की यह निर्विक्षिप्त या स्थिर अवस्था कब और कैसे प्राप्त होती फिर इस अवस्था में सुख का भान क्यों दुःख का क्यों नहीं होता? और इसके मन की (विक्षिप्त या चंचल) अवस्था कब प्राप्त होती है और उसमें दुःख का भान क्यों वहाँ सुख का भान क्यों नहीं होता? देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि मन में किसी प्रकार की कामना उठ पड़ती है वृत्ति उस कामना से युक्त होकर उस वस्तु या पदार्थ की प्राप्ति के निमित्त दौड़-धूप में

और जब तक उस कामना का विषय या पदार्थ प्राप्त नहीं होता तब तक यह दौड़-धूप जारी रहती है; और जितना अधिक विलम्ब उस विषय या पदार्थ के प्राप्ति में लगता है, उतनी अधिक दौड़-धूप और उसी के कारण उतनीही अधिक व्याकुलता मन में बनी रहती है और जितनी अधिक व्याकुलता मन में जब तक बनी रहती है उतनी ही अधिक बेचैनी, विक्षिप्तता, या अशान्ति मन में बनी रहती है और ज्योंही उस कामना के विषय या पदार्थ की प्राप्ति होती है कामना स्वयं उड़ जाती है और मनोवृत्ति की दौड़ धूप बंद हो जाती है। व्याकुलता स्वतः दूर हो जाती है और कामना उठने से पहले अर्थात् निष्काम दशा में मन की जैसी निर्विक्षिप्त या शान्त अवस्था थी वैसीही अशान्ति या व्याकुलता-रहित अवस्था पुनः प्राप्त हो जाती है। दूसरे शब्दों में यों कहना चाहिये कि विषय-कामना उठने से पहले या कामना के विषय की प्राप्ति पर तो मन की अवस्था शान्त या निर्विक्षिप्त होती है और कामना उठने पर तथा कामना के पदार्थ की प्राप्ति निमित्त दौड़-धूप में जितने काल तक वह कामना बनी रहती है उतने काल तक मन की अवस्था अशान्त, विक्षिप्त और व्याकुल होती व बनी रहती है। इससे स्पष्ट हुआ कि कामना के उठने पर मन की अवस्था अशान्त या व्याकुल होने लगती है और जब तक वह कामना मिटती नहीं तब तक वह व्याकुल अवस्था बनी रहती है और निष्काम दशा में मन की अवस्था शान्त या निर्विक्षिप्त होती है और जब तक यह निष्काम दशा मिटती नहीं तब तक मन की शान्त या निर्विक्षिप्त अवस्था बनी रहती है।

सर्वसाधारण को यह स्पष्ट है कि नदी या तालाब का जल जब मैला हो और यदि भीतर में मैला न भी हो किन्तु उसके ऊपर काई आच्छादित हो तो उसमें किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता ऐसे ही अगर जल साफ भी हो पर हवा के वेग से जोर से लहरा रहा हो तो भी उसमें किसी पदार्थ का प्रतिबिम्ब ठीक नहीं पड़ता। केवल शुद्ध साफ व शान्त जल में ही किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब ठीक-ठीक पड़ता है और यह प्रतिबिम्ब भी वैसेही प्रकार का दीखता है जिस प्रकार की वस्तु स्वयं होती है, अर्थात् चाँद व तारे इत्यादि जैसे स्वयं शीतल या मंद प्रकाश के होते हैं वैसे उनका प्रतिबिम्ब भी शीतल या मन्द प्रकाश का दिखाई देता है और आँखों को ठंडक देता भान होता है। सूर्य, अग्नि आदि जैसे स्वयं तेजवान या अधिक प्रकाश के होते हैं उनका प्रतिबिम्ब भी अधिक प्रकाश का दीखता है और आँखों को चौंधता या चकाचौंध करता भान होता है। इस प्रकार शुद्ध साफ और शान्त मन में ही मनुष्य के निजात्मा का प्रतिबिम्ब ठीक २ पड़ता है और अशुद्ध मैले तथा अशान्त मन में ठीक-ठीक नहीं पड़ता। परन्तु आत्मा सबका सच्चिदानन्द स्वरूप है अर्थात् सत्-स्वरूप, चित्-स्वरूप व आनन्द-स्वरूप है, अतः उसका प्रतिबिम्ब भी वैसाही भान होता है; इस लिये शुद्ध व शान्त मन में जब आनन्द स्वरूप आत्मा का प्रतिबिम्ब अपने बिम्ब की आनन्द-रूप झलक से झलकता या छलकता है तो मन को सुख भान होता है और जब मन के मलिन व विक्षिप्त होने पर निजात्मा का प्रतिबिम्ब ठीक २ नहीं पड़ता और इसी कारण आनन्द की झलक वहाँ नहीं झलकती तो मन को दुःख भान होता है। इस प्रकार मन अपनी निष्काम या शान्त अवस्था में सुख-भान का कारण होता है और अपनी सकाम, चंचल या विक्षिप्त अवस्था में दुःख भान का कारण होता है।

इस सच्चिदानन्द स्वरूप आत्मा को न जानने से ही सर्व साधारण लोग इस सुख-दुःख के भान का मूलकारण कभी मन को समझने लग जाते हैं और कभी कामना या तृष्णा की तृप्ति को। पर विचार-दृष्टि से देखा जाय तो यह मन या मन में कामना या तृष्णा सुख-दुःख के भान के निमित्तकारण तो कहे जा सकते हैं मूल कारण कदापि नहीं क्योंकि आनन्द

की खान तो सच्चिदानन्द स्वरूप आत्मा स्वयं है और उस आत्मा का ज्ञान ही नित्यानन्द में निमग्न करने वाला होता है उसका अज्ञान विपरीत फल देनेवाला। मन व मनोकामना तो उक्त फल के भान कराने में केवल निमित्त कारण बन जाते हैं। मूल कारण कदापि न होते हैं न (स्वयं जड़ होने के कारण) हो सकते हैं।

इस प्रकार दुःख या शोक का मूल कारण तो आत्मा का अज्ञान या अपने आप का भूलना है और निमित्त कारण उस अज्ञान की शाखारूप मोह, तृष्णा, कामना, विषयासक्ति व भीनरी निर्बलता आदि हैं और सुख वा आनन्द का मूल कारण आत्मा का ज्ञान या अपने निज स्वरूप का जानना (अनुभव करना) है और निमित्त कारण उस ज्ञान की शाखा-रूप चित्त-शुद्धि, निष्कामता, मनकी निर्मलता और निर्विक्षिप्तता वा एकाग्रता आदि विषयों से निरासक्ति इत्यादि हैं। पर इस सिद्धान्त या अभिप्राय को नैय्यायिकों ने अपनी निराली विधि से (आत्मतत्त्व को न जानने के कारण) इस प्रकार दर्शाया है कि "अनुकूल वेदनीयं सुखं" = जो वेदना हमारे अनुकूल है वह सुख है और "प्रतिकूल वेदनीयं दुःखं" = जो वेदना हमारे प्रतिकूल है वह दुःख है। उससे वे यह सिद्ध करते हैं कि जो उपाय या वस्तु हमारे चित्त के अनुकूल वेदना उत्पन्न करे वह सुख का कारण है और जो उपाय या वस्तु प्रतिकूल वेदना उत्पन्न करे वह दुःख का कारण है। वास्तव में चित्त का विक्षेप ही अशान्ति है जो फिर दुःख रूप में अनुभव होती है और उसका निर्विक्षेप ही शान्ति है जो सुख रूप में अनुभव होती है। परन्तु इस मानसिक दुःख और सुख के स्वरूप को यदि और विचारा जाय तो यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि बाह्याभ्यन्तर समता का नाम सुख है और असमता का नाम दुःख है अर्थात् जब हमारे चित्त के अनुसार बाह्य दशा प्राप्त हो, अथवा बाह्य दशा के अनुसार हमारा चित्त सम हो तो शान्ति वा सुख का भान होता है, अन्यथा अशान्ति या दुःख का। ...

मानो हमारे मन में बी. ए. पास करने की इच्छा है या हम धन को सुख का साधन समझ कर उसके उपार्जन का यत्न करते हैं तो जब तक बी. ए. पास नहीं हो लेते अथवा धन एकत्र कर लेते या जब तक यह इच्छा किसी न किसी कारण से निवृत्त नहीं हो लेती तब तक चित्त विक्षेप अर्थात् अशान्ति बनी ही रहती है जो ... न्य रूप दुःख का है और जब यह अशान्ति ... गता पढ़ जाती है तब दुःख जोर से भान होने ... जाता है पर ज्योंही हम बी. ए. पास हुए ... दूर हुई अथवा धन उपार्जन हो गया और ... चित्त के अनुसार हो गई तो चित्त का विक्षेप ... दूर हो जाता है और बाह्याभ्यन्तर एक समता ... स्था होते ही प्रसन्नता या सुख भान होने ... है; अर्थात् तृष्णा के मिटने वा पूर्ण होने ... सम या शान्त होता है तब सुख भान होता है। ... जब इस तृष्णा या अज्ञान के कारण चित्त ... अशान्त होता है तब दुःख भान होता है। ... चित्त की अशान्ति या असमता का नाम दुःख ... उसकी शान्ति वा समता का नाम सुख है। ... असमता या अशान्ति प्रथम तो अपने ... अज्ञान से फिर उसके कार्य्य-रूप तृष्णा ... उत्पन्न होती है जिस लिये दुःख का मूल ... कारण प्रथम तो अज्ञान और फिर शाखावत् ... कारण तृष्णा इत्यादि ऊपर कहे गये हैं।

यह अनुभव सिद्ध है कि बाह्य अभ्यन्तर समान अवस्था दो प्रकार से उत्पन्न होती है। ... तो अपने चित्त के अनुकूल बाह्य दशा को बना ... से और दूसरा बाह्य दशा के अनुकूल अपने ... को बना लेने से। पाश्चात्य देश के लोग बाह्य ... को अपने चित्त की वेदना के अनुकूल बनाने में ... हैं और उनका कहना है कि पहले अपने ... कोई वेदना (प्रेरणा, तृष्णा, इच्छा, धड़कन)

ो अथवा उत्पन्न होने दो, और फिर बाह्य संसार इस वेदना (धड़कन) के अनुकूल बनाने की चेष्टा प्रयत्न करो, क्योंकि जब तक यह बाह्य जगत इस ना या धड़कन के अनुकूल न होगा तब तक न कन शान्त होगी और न बाह्याभ्यन्तर सम अवस्था े पावेगी। दृष्टान्त रूप में यों कि हमारे पास समय पाँच पदार्थ हैं, पर हमारा चित्त इन र्थों से तृप्त या सन्तुष्ट नहीं, उस में दो और र्थों की तृष्णा या वेदना उठ पड़ी है, तब हमारे त की दशा ५ (पदार्थ) / ७ (तृष्णा) हो जायगी। और तक हमारे प्रयत्न से पाँच पदार्थों के स्थान सात पदार्थ नहीं हो लेंगे अर्थात् जब तक हमारे पदार्थों की तृष्णा दो पदार्थों के लेने से मिट ो जाती या पूर्ण नहीं हो लेती, या दूसरे शब्दों यों कि जब तक दो पदार्थों के पा लेने पर हमारी ाभ्यन्तर अवस्था सम अर्थात् ७ (पदार्थ) / ७ (तृष्णा) ो हो लेती तब तक न चित्त शान्त होगा उसकी धड़कन बन्द होगी, और न इसी े सुख का ही भान होगा। अतएव चित्त में ना (पदार्थ की तृष्णा व धड़कन) के उठने पर उस (वेदना) के अनुकूल बाहर की दशा बनाने यत्न करना चाहिये ताकि वेदना अनुकूल बाह्य- ार होते ही चित्त की धड़कन बन्द हो और सुख- ि का लाभ हो। पर धर्म-शास्त्रों का सिद्धान्त, विशेष के वेदान्त शास्त्र और गीता का सिद्धान्त इस से लकुल भिन्न है। गीता मानती है कि सुख-भान होने के ये बाह्याभ्यन्तर सम अवस्था का होना तो आव- क है और इसी लिये इसी अवस्था को वह योग ानन्द स्वरूप में मग्न होना मानती है। पर चित्त की वेदना (धड़कन या तृष्णा) के ुकूल पदार्थों का इकट्ठा करके अर्थात् बाहर के ने से, बाह्याभ्यन्तर सम अवस्था को प्राप्त करने ो जो उपाय है उसको गीता ठीक नहीं मानती।

गीता का कहना है (और यह सबको अनुभव भी है) कि जब हम तृष्णा की पूर्ति से, अर्थात् चित्त की वेदना के अनुकूल बाहर की दशा बना लेने से बाह्याभ्यन्तर सम अवस्था प्राप्त करते हैं तो वह सम अवस्था प्रथम तो चिरस्थायी रहती नहीं, दूसरे उस सम अवस्था के प्राप्त होने के थोड़े ही काल बाद पहले से भी ज्यादा असम अवस्था स्वतः आच्छादित हो जाती है और इसी लिये हम थोड़ा सा सुख या शान्ति का भान कर लेने के बाद पहले से भी ज्यादा अपने को अशान्त पाने लग जाते हैं, क्योंकि तृष्णा की पूर्ति तृष्णा को तृप्त या शान्त नहीं करती बल्कि यह पूर्ति उसे पहले से भी ज्यादा वेग में बहाने लग जाती है। और यह प्रत्यक्ष नियम है कि जब हम अपनी वेदना (विषय-तृष्णा या पदार्थों की इच्छा) के अनुकूल पदार्थों के पाने का प्रयत्न करते हैं तो पदार्थों के प्राप्त होने के कुछ ही काल बाद उक्त वेदना (तृष्णा या इच्छा) की गति हम अपने में पहले से कई गुना ज्यादा पाते हैं मानों जैसे इस समय हमारे चित्त की दशा ५।७ है अर्थात् पाँच हमारे पास पदार्थ हैं और सात हमारी इच्छायें व वेदनायें हैं और हम दो पदार्थों को (जो इच्छाओं की संख्या से कम हैं और इस कमी के कारण बाह्या- भ्यन्तर अवस्था असम है) पाने का यत्न करते हैं और जब यह दो पदार्थ अपने परिश्रम से पा लेते हैं तो तृष्णा व पदार्थों की संख्या सम होने से हमारी बाह्याभ्यन्तर अवस्था सम हो जाती है, और हम शान्ति या सुख-लाभ करते हैं। पर ज्योंही हम भारी परिश्रम से अपनी तृष्णा व वेदना के अनुकूल दो पदार्थों को पाकर सम अवस्था उत्पन्न करते हैं त्योंही थोड़े काल बाद हमारे बिना यत्न और परिश्रम के तृष्णा या वेदना की गति (संख्या) स्वतः पहले से अधिक बढ़ जाती है और असम अवस्था हम पर पुनः आच्छादित हो जाती है अर्थात् ७ (पदार्थ) / ९ (तृष्णा) में जब हम ऊपर ढंग से भारी परिश्रम से

पाँच के मान बनाने लगते हैं तो नीचे के हर में बिना हमारे परिश्रम के मान स्वतः नौ (९) हो जाते हैं और जब हम अंश (पदार्थों) को पाँच का दस यत्न-पूर्वक करते हैं तो हर (तृष्णा-संख्या) बिना प्रयत्न के मान का चौदह स्वतः हो जाता है। इस प्रकार अंश (पदार्थ) की संख्या ज्यों ज्यों हम परिश्रम द्वारा अधिक करते जाते हैं, त्यों-त्यों हर (तृष्णा) की संख्या बिना हमारे परिश्रम के स्वतः अधिक होती जाती है। अतएव नाना प्रकार के (असंख्य) विषय पदार्थों के पा लेने पर भी तृष्णा की तृप्ति या वेदना की बाहर से अनुकूलता ठीक नहीं होने पाती; यदि कुछ काल के लिये किंचित होती भी है तो तत्पश्चात पहले से भी अधिक अतृप्ति, अशान्ति या प्रतिकूलता उत्पन्न हो जाती है। इस लिये शान्ति या सुख के पाने का यह उपाय गीता को माननीय नहीं है, क्योंकि इस से निरन्तर सुख या शान्ति मनुष्य को मिल नहीं सकती। गीता कहती है कि अपनी वेदना (तृष्णा या इच्छा) के अनुकूल बाह्य जगत को करना प्रथम तो अपने वश की बात नहीं, यह अधिकतर प्रारब्ध-वश है; और यदि परिश्रम द्वारा हो भी जाय तो चिर-काल तक वह स्थिति रहती नहीं बल्कि कई अंशों में पहले से भी अधिक प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न हो जाती है और इसके विपरीत यदि हम इच्छा के अनुकूल अपने चित्त को बनाने या अभ्यास अर्थात् बाह्य-अवस्था के अनुकूल चित्त की वृ (जो अपने वश की बात है) उठाते रहें और कि की वेदना के अनुकूल बाह्य जगत् (हर) को क का परिश्रम न करें (जो प्रायः अपने वश की नहीं) बाह्याभ्यन्तर सम अवस्था हमें शीघ्र हो जाती है और फिर इसके बाद वह अनुकूलता या समानता पहले से अधिक दृढ़ व परिप जाती है, घटती या शिथिल नहीं होने

अर्थात् $\frac{५ \text{ (पदार्थ)}}{७ \text{ (तृष्णा)}}$ को ७।७ बनाने के

पर हम विषय, तृष्णा को कम करें (सम अवस्था) बनाने का यदि प्रयत्न तो पूर्व विधि की अपेक्षा यह रीति (सम लाने की) बहुत उत्तम, ठीक, सहल और सुगम और इस से उक्त समता स्थायी भी बनी रहती लिए अर्जुन को भगवान् गीता में कहीं विषय विषय-तृष्णा की चाबुक से पदार्थों के इकट्ठा उपदेश नहीं देते, बल्कि तृष्णा तथा विषयों में रहने का और दुःख-सुख, शीत-उष्ण आ द्वन्द्वों में अपने को समुचित रखने का उपदे

कामना

सुन्दर होवें सेज, फूल से सजा बिछौना।
कोठे हों पटदार, भरा हो सेज खिलौना॥
वस्त्र-भूषण सजे, बने हों छैल छबीले।
हैं [illegible]॥
किन्तु [illegible] सुख की।
[illegible]
[illegible]
[illegible]॥

—हरिगोपालानन्द शर्मा

लीला

राम अनन्त अपार है, जिसका अन्त न
लीला करता आप है, लीला भी है
लीला भी है आप, आप ही
और [illegible] ध्यान, [illegible]
विष्णु महेश गणेश, सरस्वति
[illegible] आप आप ही

—स्वामी गोविन्द

स्वामी नारायण और व्यावहारिक-वेदान्त

सम्वत् १९८३ की घटना है। श्रीराम नवमी के अवसर पर ब्रह्मलीन श्री नारायण स्वामी, सेवासमिति के स्वयंसेवकों के साथ, मेला का प्रबन्ध करने के लिये और यात्रियों को सुख पहुँचाने के लिये श्री अयोध्याजी पधारे थे। स्वयंसेवकों को जहाँ-तहाँ उपयुक्त स्थानों में नियुक्त कर स्वयं श्री नागेश्वर नाथ मंदिर के फाटक पर खड़े थे। यात्रियों की बड़ी भीड़ थी। नीचे पुलिस वाले रोक-थाम के लिये बाँस गाड़ कर समुचित प्रबन्ध कर रहे थे। १० बजे दिन का समय था। मेला बढ़ता ही जाता था। रेल-पेल की समस्या थी। कंधे से कंधे छिलते थे और लोटे पर लोटे दबते थे। ऐसे कठिन समय में निर्बलों, अशक्तों, बूढ़ों और बच्चों की दशा दयनीय होती है। वास्तव में, इन्हीं की रक्षा के लिये सारा प्रबन्ध होता है, चाहे गवर्नमेंट की ओर से हो अथवा जनता की ओर से। संयोगवशात् एक पाँच वर्ष का बालक भीड़ में घुस गया। भीड़ में दब-दुब कर एकाएक वह ऊपर उठ गया। कोई सहारा नहीं, कोई अवलम्ब नहीं, निराधार वह बालक काफी ऊँचाई से धराशायी होने ही वाला था कि नारायण स्वामी की दृष्टि उधर आकृष्ट हुई और उन्हों ने अपनी जान की परवाह न करके तुरन्त कूद कर उस बालक को पकड़ लिया और गोद में उतार कर पृथ्वी पर सुरक्षित स्थान में उसे खड़ा कर दिया। चारों ओर से धन्य-धन्य और जय जय कार की ध्वनि होने लगी।

इसी का नाम व्यावहारिक-वेदान्त है। दूसरे के हित के लिये अपने प्राण का लोभ छोड़ कर अपने को न्योछावर कर देना व्यवहार में ज्ञान ही सच्चा वेदान्त है। स्वामी रामतीर्थ जी ने अपने अमर व्याख्यानों में इसी को व्यावहारिक-वेदान्त कहा है।

सच पूछिये तो सन्तों की परिभाषा में इसी को उपकार कहते हैं। यह उपकार-वृत्ति सन्तों में स्वाभाविक है और साधारण जनों में आकस्मिक है। जिसके साथ उपकार किया जाता है वह तो उपकारी के हाथ बिना मोल बिक ही जाता है। साथ ही भगवान् भी उसके हाथ बिक जाते हैं; क्योंकि रक्षा करना भगवान् ही का काम है।

यह उपकार-वृत्ति कभी कभी पालतू पशु में भी पाई जाती है। सं० १९८६ में झूलनोत्सव पर श्री अवधपुरी में चारों तरफ से यात्री आये हुए थे। घाटों पर बड़ी भीड़ थी। श्रावण शुक्ला एकादशी के दिन ८ बजे स्थानीय लाला वासुदेव खत्री का परिवार स्नान करने के लिए स्वर्गद्वार घाट पर गया। चार-पाँच स्त्रियाँ, एक नौकर, एक दासी और ४ वर्ष का एक बच्चा एवं एक पालतू कुत्ता था। घाट पर यात्रियों की काफी भीड़ थी। सब लोग सामान (वस्त्र आदि) धरने और स्नान की तैयारी में व्यस्त थे। इतने में वह छोटा बच्चा सीढ़ियों से उतर कर सरयूजी में चला गया। परिवार में से किसी ने नहीं देखा, सब बेखबर थे। कुत्ते ने देखा। वह तुरन्त जल में प्रवेश कर बच्चे की बाँह को अपने दाँत से पकड़ कर उसे किनारे खींच लाया। उसकी जान बच गई और साथ ही उसके बाँह पर कुत्ते के दाँत का चिह्न भी नहीं था। सब लोग इस अद्भुत घटना पर आश्चर्यचकित रह गए। कुत्ते की स्वामि-भक्ति, उसकी तत्परता और सावधानता की प्रशंसा करने लगे। एक वृद्ध यात्री ने कहा—"स्वयं भगवान ने ही कुत्ते के बहाने बच्चे की रक्षा की है नहीं तो इस घटना में इतना चमत्कार नहीं आता।" एक भद्र पुरुष ने कहा—"भगवान की आज्ञा के बिना जब एक पत्ता भी नहीं हिल

सकता तब इस घटना में परमेश्वर की प्रेरणा तो स्पष्ट ही है, इस से कौन इनकार कर सकता है।"

नोट—वेदान्त की सच्ची शिक्षा को व्यवहार में परिणित करने के लिए ब्रह्म लीन श्री आर० एम० नारायण स्वामी ने श्री अवध सेवा समिति की स्थापना की थी। श्री रे बराबर कुम्भ मेले, दुर्भिक्ष और महामारी के दैनिक साधारण स्वयं सेवक की भाँति काम करते दिखाई पड़ते थे।

—श्री बालकराम विनायक

कैसे हैं बँधते भगवान

कैसे हैं बँधते भगवान।
जिसकी माया के बन्धन में है आबद्ध जहान॥
सब कहते निज भक्तों के वश में हैं श्री भगवान।
कहत सुनत अति सुगम ध्यान में लावत अगम महान॥
वेद पुराण शास्त्र सब जिसके हैं करते गुणगान।
नेति नेति जग भरमावत अन्त न मिल्यो प्रमान॥
साँच-झूठ को भेद कहै को, केवल वचन विधान।
बुधि-विवेक-बल काम न आवत सब है रह्यो अजान॥
बुध जन यों कुछ भेद बतावत-यों बँधते भगवान।
समुझहु गुनहु भक्त जन जो कुछ इसमें भेद महान॥
बंधन का है भाव यही सर्वत्र मिले भगवान।
जित देखूँ तित उसको देखूँ, यही रहस्य महान॥
जल, थल, नभ सर्वत्र उसी प्रभु का ही होवे भान।
रोम रोम में केवल उसका ही हो तत्व प्रधान॥
नेत्र-जोति प्रभु मय हो, रसना पर हो प्रभु गुणगान।
रग-रग, श्वाँस, रक्त-बूँदों तक में हो प्रभु का थान॥
जो जन कण कण, अणु अणु तक में लखते उसकी शान।
प्रतिक्षण प्रतिपल जिसके श्रवणों में उसका है गान॥
जग में केवल प्रभु को तज नहिं जिसके हित है आन।
फिर कैसे उससे बाहर हो सकते दया-निधान॥
यही बाँधना औ बँधना है कहता यह विज्ञान।
यह रहस्य जो जाने उसके वश में हैं भगवान॥

—पुष्प

व्यावहारिक वेदान्त

"व्यावहारिक वेदान्त" के आचरण से ही सच्चा सुख अर्थात् शान्ति, पुष्टि और तुष्टि प्राप्त हो सकती है। अतः सब से पहिले इस विषय पर विचार करना चाहिये कि "वेदान्त" क्या है और व्यवहार में इसका उपयोग किस तरह होता है ?

"वेदान्त" किसी विशिष्ट धर्म (मजहब) मत सम्प्रदाय या पंथ का नाम नहीं है और न किसी ग्रन्थ विशेष तक ही "वेदान्त" परिमित है। वेदान्त शब्द का अर्थ है—जानने का अन्त अथवा ज्ञान की पराकाष्ठा। जानने का अन्त अथवा ज्ञान की पराकाष्ठा प्रत्येक व्यक्ति के "अपने आप" में होती है। जब तक अपने से भिन्न कोई दूसरी वस्तु रहती है, तब तक जानने का अन्त नहीं होता, क्योंकि जब तक जानने वाला (ज्ञाता) और जानने की वस्तु (ज्ञेय) का अलग अलग अस्तित्व रहता है तब तक एक दूसरे का जानना अथवा ज्ञान बना रहता है, परन्तु जब जानने वाला (ज्ञाता) और जानने की वस्तु (ज्ञेय) की पृथकता मिट कर एकता हो जाती है अर्थात् ज्ञाता और ज्ञेय का सब की एकता रूप "अपने आप" ([illegible]) में लय हो जाता है तब जानने के लिये कुछ भी अवशेष नहीं रहता, केवल "अपना आप" ही शेष रहता है, जो जानने (ज्ञान) का विषय नहीं है, क्योंकि जब अपने से भिन्न कोई दूसरा हो तभी जानने की क्रिया हो सकती है। अतः जानने का अन्त "अपने आप" [illegible] है

दूसरे प्रकार से [illegible] अपने आप [illegible] [illegible] है, परन्तु [illegible] "अपने आप" को [illegible] अपने अनुभव [illegible] अनुभव करना है [illegible]

किसी को ज्ञान नहीं है कि जिसे दूर करने के लिये ज्ञान की आवश्यकता हो। "अपने आप" से कोई अनजान नहीं है। यह कोई भी नहीं कहता कि "मैं नहीं हूँ"। "अपने आप" से भिन्न जितने पदार्थ हैं उनकी दूरी (पृथकता) मिट कर ज्यों ज्यों समीपता (एकता) होती जाती है, त्यों त्यों उनका ज्ञान घटता जाता है और जब सारी पृथकता—सारा अन्तर—मिटकर सब की "अपने आप" में पूरी एकता हो जाती है तब ज्ञान की समाप्ति हो कर केवल "अपने आप" का अनुभव मात्र ही शेष रह जाता है, अर्थात् सभी पृथकताओं का "अपने आप" में समावेश होने का अनुभव हो जाता है, अतः यह अनुभव ही "वेदान्त" है।

वेदान्त किसी व्यक्ति विशेष, जाति विशेष, समाज विशेष, देश विशेष अथवा काल विशेष में सीमा बद्ध नहीं है, क्योंकि "अपने आप" का भाव अर्थात् "मैं हूँ" यह अनुभव समस्त भूत प्राणियों में सब देश और सब काल में एक समान बना रहता है। अतः सब की पूर्ण एकता स्वरूप "अपने आप" का यथार्थ अनुभव ही "वेदान्त" है, चाहे वह अनुभव किसी भी व्यक्ति को हो। यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि यद्यपि अपने आप का अनुभव तो सब को है परन्तु इसका यथार्थ अनुभव किसी को ही होता है "मैं हूँ" यह तो सब अनुभव करते हैं, परन्तु "मैं क्या हूँ" इसका यथार्थ अनुभव सब को नहीं [illegible] स्थूल, सूक्ष्म अथवा [illegible] अपने आप [illegible] [illegible] "अपने आप" [illegible]

जन्मने मरने वाले हैं, परन्तु "अपना आप" तो सब में एक है और समान भाव से सदा विद्यमान तथा सदा एक सा रहता है। इसलिये परिवर्तन-शील शरीर "अपना आप" नहीं हो सकता, किन्तु जो सब शरीरों का आधार सत्-चित्-आनन्द स्वरूप आत्मा है, जो शरीर का रूप धारण करता है और प्रत्येक शरीर को चेतना देता है, जो प्रत्येक शरीर का अस्तित्व बनाये रखता है जो प्रत्येक शरीर का प्रकाशक है और उसका ज्ञान रखता है, एवं जो प्रत्येक शरीर को गति देता है, वही सच्चा "अपना आप" है।

प्रत्येक व्यक्ति अपने स्थूल शरीर के सब अवयवों—आँख, नाक, कान, मुख, सिर, हाथ, पाँव, हड्डी, मांस, रक्त, नस, नाड़ी, चमड़ी आदि को "मेरे" कहता है और चतुर्विध अन्तःकरण (मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार) एवं पाप-पुण्य, सुख-दुःख राग-द्वेष आदि सूक्ष्म शरीर के अवयवों और विकारों को भी "मेरे" कहता है। इस से स्पष्ट है कि वह "अपने आप" को स्थूल और सूक्ष्म दोनों शरीरों का स्वामी मानता है। जाग्रत अवस्था में स्थूल शरीर के सब अवयवों द्वारा "मैं" यानी "अपना आप" स्थूल व्यापार करता है और नाना भाँति के स्थूल भोग भोगता है, स्वप्न अवस्था में जब स्थूल शरीर के सब व्यापार बन्द हो जाते हैं एवं उसका ज्ञान भी नहीं रहता उस समय भी "मैं" यानी "अपना आप" सूक्ष्म शरीर द्वारा स्वप्न के व्यापार करता है और सुषुप्ति अर्थात् गाढ़ निद्रा की अवस्था में स्थूल तथा सूक्ष्म दोनों शरीरों के व्यापार बन्द हो जाने पर एवं सुख-दुःख आदि का कुछ भी ज्ञान न रहने पर भी "मैं" यानी "अपना आप" कारण रूप से गाढ़ निद्रा के आनन्द का अनुभव करता है और जागने पर कहता है कि "मैं बड़े सुख से सोया"। इसी तरह तुरीय अवस्था अर्थात् अन्तःकरण वृत्ति की निर्गुण अवस्था में सब के सांसारिक व्यापारों से पृथक रहने पर भी "मैं" यानी "अपना आप" अपने आनन्द में स्थित रहता है। शरीरों के बनने से जन्म के पूर्व और उनके बिगड़ने अर्थात् मरने के बाद भी "मैं" यानी "अपना आप" अपने संस्कारों अर्थात् मानसिक क्रियाओं के संचित संस्कारों के अनुसार, कभी कारण रूप से तमोगुण की वृद्धि दशा में, अथवा पंचभौतिक जड़ अवस्था में—पृथ्वी, जल, तेज, वायु अथवा आकाश-रूप में—रहता है, जिस दशा में चैतन्यता यद्यपि कारण रूप से रहती है, परन्तु व्यक्त (प्रकट) नहीं होती। जब चैतन्यता के संस्कार उद्भव (विकसित) होते हैं, तब पृथ्वी में से (जड़ अवस्था से) निकल कर वनस्पति-रूप से रहता है, फिर अधिक चेतना के संस्कार विकसित होने पर वनस्पति-रूप में प्राणियों के उदर में जाकर उनके रज-वीर्य रूप होकर पशु, पक्षी, मनुष्य आदि योनियाँ धारण करता है। इस तरह अपने मन के संस्कारों के अनुसार कभी निम्न की क्रमोन्नति की सीढ़ी चढ़ता और कभी उतरता हुआ नाना रूप धारण करता है। कभी सत्गुण की प्रबलता-जन्य उन्नत संस्कारों के कारण क्रमोन्नति की क्रिया के बिना ही विकास की उच्च अवस्थाओं में सम चढ़ जाता है और जब सब संस्कारों और वासनाओं से रहित हो जाता है, तब नाम-रूप एवं विकारों से रहित होकर निर्विकार अवस्था में अपनी स्वमहिमा में स्थित रहता है। परन्तु किसी भी अवस्था में "मेरा" यानी "अपने आप" का कभी अभाव नहीं होता क्योंकि यह सत्-चित्-आनन्द है, और सदा बना रहता है (बृहदारण्यकोपनिषद् अध्याय ३ और ४)

सब के "अपने आप" के अस्तित्व से ही सब का अस्तित्व है। सब को सत्ता देने वाला "अपना आप" = आत्मा है। "अपने आप" के बिना अन्य किसी का अस्तित्व सिद्ध नहीं होता। "अपना आप" होता है तब दूसरों की प्रतीति

हिंदी साहित्य में उपासना का स्वरूप

(लेखक—श्री डा० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल एम० ए० डी० लिट०)

साहित्य और उपासना दोनों के मूल में एक ही तत्त्व काम करता है। घनीभूत भावना का एक-मुख्य विकास साहित्य और उपासना दोनों को जन्म देता है। यद्यपि साहित्य का क्षेत्र उपासना के क्षेत्र से बहुत विस्तृत है तथापि उसका एक अंश उपासना के क्षेत्र से घनिष्ट रूप से सम्बद्ध है। बल्कि कहना चाहिए कि इस दृष्टि से ये दोनों एकही वस्तु के दो रूप हैं। मन प्रवृत्ति के क्षेत्र में जो उपासना है अभिव्यञ्जना के क्षेत्र में वही साहित्य हो जाता है।

भगवान् के सन्निधान के इच्छुक महात्माओं की वाणी ने भाषा के साहित्य को अमर रत्न प्रदान किये हैं। हिन्दी पर भी उनका आधार और किसी भाषा से कम नहीं। इस जन वाणी के साहित्यिक प्रसार का सबसे अधिक श्रेय संत महात्माओं को ही है। परमात्मा शायद उसी भाषा में की हुई प्रार्थना को सुनता है जिसमें हमारे हृदय की वासनाएँ स्वभावतः प्रकट हो सकती हैं। जिस भाषा में भूखा बच्चा माँ के पास जाकर 'भूख लगी है माँ' कहा करता है वही उसकी आध्यात्मिक भाषा है। अतएव हमारे सन्त-महात्माओं की भक्ति के अकृत्रिम स्रोत का उसी में उमड़ पड़ना स्वाभाविक ही था और यह भी स्वाभाविक है कि साम्प्रदायिक पद्धतियों को छोड़ कर हृदय के इन सरल उद्गारों में हम उनकी उपासना के विशुद्ध स्वरूप के दर्शन की आशा करें।

परमात्मा परमार्थतः सगुण है अथवा निर्गुण, यह झगड़ा दर्शन शास्त्र की सीमा को पार कर हमारे साहित्य में भी बहुत रहा परन्तु साधना के मार्ग में इससे कोई विशेष अन्तर नहीं पड़ा। सूरदास ने निर्गुण ज्ञान के उपदेश देने वाले उद्धव की गोपियों के हाथों न बनवाया? तुलसीदास ने ज्ञान मार्गी लोमश ऋषि को ऐसा अज्ञानी बनाया कि भुशुण्डि के मुँ[ह से] सगुणोपासना की बातें सुनकर वे आग-बबू[ला हो] गये और उसे कौआ बनने का शाप देकर [अपनी] मूर्खता पर जी भर पछताये। इसके विपरीत [निर्गुणवादी] सगुण वादियों की हँसी उड़ाते थे—

> गुणमयी मूर्ति सेइ सब भेख मिलि,
> निर्गुण निज रूप विश्राम नाहीं।
> अनेक जुग बंदगी विविध प्रकार की,
> अति गुण का गुण ही समाहीं।

परंतु जहाँ साधना का निरूपण अभीष्ट हुआ [है] दोनों पक्ष वालों ने एक ही बात कही। उदाहरण [के लिए] सूरदास कहते हैं—

> अविगत गति कछु कहत न आवै।
> रूप-रेख-गुन-जाति-जुगुति बिनु निरालंब मन चकृत [धावै]
> सब विधि अगम बिचारहिं ताते 'सूर' सगुन लीला [पद गावै]

यहाँ दूसरी ओर भक्ति भाव के लिये [स्थान] निकालने के उद्देश्य से कबीर भी कहते हैं—

> संतो धोखा कासो कहिये।
> गुण में निर्गुण, निर्गुण में गुण है,
> बस काहे हो बहिये॥

जो कबीरदास के सिद्धान्त और उनकी [उपासना] में विरोध बताकर उन पर धोखे का दोषारोपण [कर] रहे थे, उनको जवाब देना जरूरी था क्योंकि [कबीर] जानते थे कि—

> भाव भगति विसवास बिनु, कटै न संसै [मूल।]
> कहै 'कबीर' हरि भगति बिनु, मुकति नहीं रे [मूल॥]

इसी से वे पुरानी 'बाट' छोड़ कर सहज [मार्ग] चाहते थे।

शुष्क तत्त्व-चिन्तन, रूखे जप तप, [...] मनुष्य के हृदय के सरस आकर्षण नहीं [...]

लोक में इनके करने से चाहे जितने सुखों की कल्पना हो, परंतु जब तक हमारे हृदय का संयोग इन साधना-मार्ग के साथ इसी जीवन में न हो जाय तब तक हमारे लिये यह परलोक हमेशा परोक्ष रहेगा, अप्राप्य रहेगा। परिणाम की दृष्टि से इन साधनों का उपयोग इतना ही है कि ये मन को वश करने में सहायक होते हैं। परंतु उसमें भी ये कैसे ही सफल हो सकते हैं, यह दृढ़ता के साथ नहीं कहा जा सकता। वस्तुतः मन बलात्कार से वशीभूत नहीं होता। बलात्कार से केवल इतना ही हो सकता है कि मन की प्रेरणा से इन्द्रियाँ जो काम करना चाहती हों उनको करने से हम उन्हें रोक दें। किंतु इस से आगे बढ़ कर अगर हम यह भी चाहें कि मन ही विषयों की ओर न दौड़े तो अवश्य विफल मनोरथ होंगे। असल में अध्यात्म जबरदस्ती का सौदा नहीं। भौतिक आवश्यकताओं को बिल्कुल कुचल ही डालने से अध्यात्म-सिद्धि नहीं हो जाती। ज्ञान मार्ग की दुरूहता का मूल कारण यही जबरदस्ती, यही बलात्कार है। इस कठिनता को सरलता में बदल देने वाला मार्ग उपासना का मार्ग है।

उपासना के मूल सिद्धांत को आज कल के मनोवैज्ञानिकों की भाषा में Sublimation अथवा भूमिका परिवर्तन कह सकते हैं। मन कदापि निष्क्रिय नहीं रह सकता। वह हमेशा किसी न किसी उधेड़-बुन में लगा रहता है। उसकी प्रवर्तन शक्ति कभी मौन नहीं बैठी रह सकती। अगर उसे देवता बनने का अवकाश न मिला तो वह दानव बन जा सकता है। अंगरेजी कहावत के अनुसार ठाला मन शैतान का कारखाना है। मन हम को परमात्मा की ओर से बहुत बड़ी देन है। उसमें अनन्त शक्ति निहित है

मन के हारे हार है मन के जीते जीत
परब्रह्म को पाइए मन ही के परतीत

प्रश्न इतना 'मन मारने' का नहीं है जितना उसे सन्मार्ग पर प्रवृत्त करा कर उसकी शक्ति के सदुपयोग का। मन मार कर भी क्या कोई किसी काम को सफलता के साथ कर सकता है? 'मन-मारण' से शास्त्रों का अर्थ उसकी बुरी प्रवृत्ति को रोकना ही हो सकता है। पर उसे बुरे मार्ग पर जाने से रोकने से पहले उसके लिए ऐसा मार्ग भी तो खुला रहना चाहिए जिस पर वह आनन्द से चल सके, जहाँ उसको कोड़ों की मार का डर न हो, दुनियाँ में सब कुछ भुला कर जिस पर चलने ही में वह रम जाय। संसार में स्त्री, धन, माया इत्यादि का त्याग देना यदि आवश्यक है तो साधन-पथ में भी तो उनकी जगह लेने के लिये कोई वस्तु होनी चाहिए। तुलसीदास जी ने जिस समय राम से प्रार्थना की—

कामिहिं नारि पियारि जिमि, लोभिहिं प्रिय जिमि दाम।
तिमि रघुनाथ निरंतर, प्रिय लागहु मोहि राम॥

उस समय उनके भीतर से मनुष्य का हृदय पुकार रहा था। वासनाएँ स्वतः भली या बुरी नहीं होतीं। उनका भला या बुरा होना उनके अवलम्बन पर निर्भर है। जो वासना पुत्र-कलत्र-धन इत्यादि की ओर आकृष्ट होकर मोह कहाती है और बंधन का कारण होती है वही भगवान् की ओर आकृष्ट होने से उपासना या भक्ति कहाती है और जीव की मुक्ति का कारण हो जाती है। जो इन्द्रियाँ विषयासक्त होकर आध्यात्मिक उन्नति में बाधा डालती हैं वे ही तल्लीनता की अवस्था में परमात्मा की ओर मुड़ जाती हैं और श्रवण, कीर्तन, परोपकार आदि द्वारा भगवत्प्राप्ति में सहायक होती हैं—

जब लगि थो अँधियार घर, मूस थके सब चोर।
जब मंदिर दीपक बरो वही चोर धन मोर॥

—मलूक

मनुष्य के मनस्तत्त्व की इस विशेषता ने आध्यात्मिक साधना-पथ में इष्ट देव की कल्पना कराई है। भक्त के चित्त की इसी मृदुल भावना का आलम्बन बनने के उद्देश्य से 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी' (तुलसी) और 'पारावार पूरन

साधारण धर्म

ईश्वर का सच्चा भक्त कौन है और वह कहाँ
[र]हता है ? इस प्रश्न का उत्तर देना यद्यपि अति
[क]ठिन है इसका यथार्थ उत्तर भक्त ही दे सकते
परन्तु इसके स्पष्टीकरण में मैं कहाँ तक कृतकार्य
सकता हूँ इसके जानने के लिये ही मेरे लेख का
[प्रय]त्न है जिस को पढ़ कर विद्वान् महानुभाव सज्जन
निर्णय कर सकते हैं। वास्तव में ईश्वर का सच्चा
[भ]क्त किसी विशेष मत का नहीं होता। यद्यपि
[व]ह किसी विशेष मत के द्वारा ही दीक्षित और
[शि]क्षित होता है परन्तु व्यापक ईश्वर में वह जैसे २
[ली]न होता जाता है वैसे २ उसका व्यापक भाव सब
[मत]ों को समान ही अपनाने लगता है। इसलिये
[उस]का उदार हृदय विशेषता को छोड़कर सर्वसाधारण
[हो] जाता है और वह सब को सहोदर भ्राता के समान
[ह]ी देखने लगता है। अतएव वह अपने एक अद्वितीय
[ईश्व]र को जिस मत में भजन करते हुए किसी को देखता
[है व]ह मत भी उसके लिये पूजनीय समझ पड़ता
है। दया, प्रेम, उदारता, दान, सेवा, सहयोगिता,
[स]हिष्णुता, सन्तोष, समदर्शित्व आदि समस्त दिव्य-
[गु]ण उसके हृदय में निवास करने लगते हैं।
[illegible]र ज्ञान ही नहीं पड़ता है कि वह किस मत का
[सम्प्र]दाय का है। चाहे वह जिस जाति का हो या
[जिस] देश का हो, वह सच्चा प्रेमी होने पर परमार्थ के
[का]र्यों में ही चलता है और परोपकार उसका मुख्य
[ध्ये]य हो जाता है। वह इतना सरल हो जाता है कि
[व]ह सताये जाने पर भी सताने वाले का कल्याण ही
[चा]हता है परन्तु उनको उद्दण्डता दूर करने के लिये
[illegible]फिर से निश्चय सात्त्विक [illegible]
[illegible] कभी नहीं चाहता [illegible]
अपने लिये कुछ नहीं [illegible]
[illegible]न्धन से अलग हो जाता [illegible]

मन्थन में डालकर कभी रख नहीं सकता; क्योंकि
खुले हृदय में ही परमात्मा दिखलाई देता है। समाजों
के पक्षपात युक्त सङ्कीर्ण हृदय में परमात्मा कैसे प्रकट
हो सकता है ? सच्चा भक्त कठिन से कठिन आपत्तियों
को सह लेता है पर सत्य से वह सत्याग्रही कभी
विमुख नहीं होता। वह सत्य की वेदी पर बलि-
दान हो जाता है, सूली पर चढ़ जाता है, परन्तु वह
मरते २ भी सत्य को नहीं छोड़ता। इसी लिये
वह अन्त में सत्य ही में लीन हो जाता है। परन्तु
जो भक्त एकात्म-भाव से ऊँची श्रेणी को पहुँच चुके
हैं उनको काल भी प्रणाम् करता है। इसी कारण वे
अग्नि में जलाये जाने पर भी शीतल और अदाह्य ही बने
रहते हैं। उनके अनुकूल विष भी अमृत हो जाता है
और मृत्यु भी मङ्गल रूप धारण कर लेता है। ऐसे
भक्तों के लिये उल्टी प्रकृति भी सीधी हो जाती है
क्योंकि ईश्वर की प्रकृति ही स्वयं उनकी रक्षा करती
है। ऐसी अवस्था में उन्हें कौन समाज बन्धन में
डाल सकता है ?

समाज में एकदेशी भाव बना रहता है। यद्यपि
समाजी उसे व्यापक भाव में लाना चाहता है और
समस्त भुवन को अपने ही मत में दीक्षित करने का
यत्न करता है; परन्तु ऐसी ही स्पर्धा सब मतों और
सम्प्रदायों में समान होने से फलीभूत नहीं होती।
यदि सब मतों में एकात्म-भाव रहता तो निश्चय सब
मत या सम्प्रदाय एक में मिल जाते। सच्चे भक्त ही
एक [illegible] में रमते हैं क्योंकि एकात्मभाव बिना
कोई मत [illegible] नहीं हो सकता। देश, काल
[illegible] के भेद से धार्मिक ग्रन्थ का विभिन्न [illegible]
[illegible]
[illegible] धर्म
[illegible] पड़ता है

होते हैं और अज्ञानीजन वासना के नष्ट नहीं होने से अपने मनः कल्पित सूक्ष्म शरीर द्वारा पुनर्जन्म ग्रहण कर या क़यामत के दिन जिलाये जाने पर दण्ड भोगते हैं। जीव इन्द्रिय-विषय-जन्य सुख, अप्सरा, हूर गिल्मा आदि पाकर भी सुखी नहीं हो सकता है क्योंकि जहाँ इन्द्रिय-जन्य सुख रहता है वहाँ ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध, लोभ आदि अवगुण भी रहते हैं जो जीव को दुःखी बना देते हैं। परन्तु जो निर्विषय हो जाते हैं वे सर्वत्र आनन्द ही आनन्द अनुभव करते हैं।

यदि प्रश्न किया जाय कि जीव के निर्विषय होने पर अन्तःकरण (मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार) के धर्म लय हो जाने से भक्त किस प्रकार आनन्द अनुभव कर सकता है? अहंकार के लोप होने पर कौन आनन्द का पात्र हो सकता है? जो भोक्ता ही नहीं रहेगा तो फल कौन भोगेगा? मन, बुद्धि, चित्त के बिना मनन, विचार या चेतनता ही जब नहीं रहेगी तो उसकी स्थिति किस प्रकार आनन्दमयी होगी? इसका उत्तर यह है कि परमात्मा अपरिमित सागर तुल्य है और जीव परिमित बिन्दु के समान है। बिन्दु के व्यक्तित्व का कारण उसका सागर से पार्थक्य है जो प्रकृति के कारण है क्योंकि प्रकृति परिमित और अपरिमित दोनों है। बिन्दु के सागर में मिलते ही पार्थक्य की सत्ता लोप हो जाती है और बिन्दु एक रस होकर नाम रूप लय कर पूर्ण सागर बन जाता है। जीवात्मा भी ठीक इसी प्रकार अन्तःकरण के धर्म से परमात्मा से पृथक् मानता है। जब ज्ञान द्वारा अन्तःकरण का धर्म लय हो जाता है तब शुद्ध सच्चिदानन्द प्रकाशित हो जाता है। व्यष्टि रूप अन्तःकरण का समष्टि रूप ही ज्ञान है। जिस प्रकार व्यष्टि रूप अ, उ, म का समष्टि रूप ओम है। ज्ञान के उदय होने पर न मन की आवश्यकता होती न बुद्धि, चित्त वा अहंकार की। केवल ज्ञान ही से सब कुछ सिद्ध हो जाता है। अतः अन्तःकरण के [illegible] में मनन [illegible] है पर ज्ञान में यह एक

ही काल में सर्वत्र सुनता है, युगपद् स्पर्श [illegible] है, युगपद् देखता है, युगपद् रसास्वादन [illegible] और युगपद् सूंघता है। यही जीवात्मा [illegible] मिलकर एक ही काल में सर्वत्र कर्म करता है, [illegible] जाता है, सर्वत्र बोलता है, सर्वत्र [illegible] सर्वत्र आनन्द प्राप्त करता है। यही सूक्ष्म से सूक्ष्म है और यही महान् से भी महान् है। [illegible] स्थित योगी के समान समस्त ऐश्वर्यशाली हो [illegible] है। यही महा त्रिपुर सुन्दरी कामेश्वरी [illegible] साक्षात् आविर्भूत होती है जिस के सौन्दर्य [illegible] एक बिन्दु से समस्त देवियाँ, योगिनी, [illegible] किन्नरी, अप्सरायें उत्पन्न हुई हैं। भला [illegible] पाने के लिये जो यत्न नहीं करता है वह [illegible] को पाकर कहाँ तक प्रसन्न रह सकता है। [illegible] तो साक्षात् चिन्तामणि है। इस लिये वह [illegible] भावानुसार ही फलित होता है। परन्तु [illegible] निश्छल सत्य परमार्थिक नहीं हो तब तक [illegible] साक्षात्कार किस प्रकार हो सकता है! जो मन और बुद्धि से परे है वह इन्द्रियों का [illegible] होने के कारण किस प्रकार साध्य है [illegible] दर्शी भक्त ही बतला सकते हैं। मन [illegible] अपने में अपने से कोई किस प्रकार देख सक[illegible] उस आनन्द सागर में निमग्न बुद्धि [illegible] हो जाती है और मन के द्वारा इन्द्रियों के [illegible] रहते हुये सोते फिर सोते नहीं रह जाते हैं [illegible] सो एकमात्र ज्ञान पाने ही पहुँचाता है [illegible] मूर्ति का साक्षात्कार होता है। यह तो [illegible] है कि भिन्न २ देशों में भिन्न २ [illegible] और धर्म हैं। क्योंकि शीत, उष्ण, [illegible] स्थानीय गुण दोषों से स्वाग धर्म [illegible] नहीं सकते हैं। अतएव भोजन पान [illegible] के भिन्न २ होने पर भी ईश्वर में भेद [illegible] वाले भक्त अपनी प्यारी भक्ति द्वारा [illegible] कर सकते हैं चाहे उसके धर्म में तारतम्य [illegible]

क भक्त का संकल्प ईश्वर में विनयान्वित एक ही
भाव रहता है। वह पूर्ण भाव केवल आत्मज्ञानी
हृदय में उदय होता है।

वेद, कुरान, बाइबिल आदि ग्रंथ भी अपने २
ही भिन्न पारिपाटिक संगठन, खानपान, रहन-
की प्रथा के महत्त्व प्रदान में परिनिष्ठ ज्ञान
हैं। परन्तु वेद में विशेषता आत्मज्ञान की है
में ब्रह्माण्ड के विशिष्ट २ ज्ञान उदय और
न हो जाते हैं।

अहा! धन्य है प्रकृति जिसके अनन्त गगन के
कोने में करोड़ों योजन का प्रकाश करने वाला
भी यहाँ तारे के सदृश जान पड़ता है और
उन से भी दूर घोर अन्धकार में विलीन हो
है। केवल सूर्य ही नहीं वरन् समस्त संसार
न घोर तिमिर में लीन है। नहीं नहीं ऐसे
२ संसार इस तिमिर में शून्य में शून्य हो गये
इसी तमोगुण प्रकृति में ज्ञानरूपी सूर्य भी विलीन
स से आत्मा भी अपरोक्षानुभूत नहीं होता
इसी से विद्वान् कहते हैं कि अविद्या से यह
ढका हुआ है। यही मायासंश्लिष्ट अविद्या
के आवरण और विक्षेप रूप मल से ढके
। ये दोनों जब तक दूर न हों तब तक विद्या
उपलब्ध करना परम आवश्यक है। परन्तु माया
२ विद्वानों को भी मोहित कर रखता है।
से वे विद्वान् होने पर भी आत्मशान्ति की
निष्ठ नहीं रखते। अविद्या, अस्मिता, राग
और अभिनिवेश ने इन को भले प्रकार दबा
है। इसी प्रकार धनवान प्रतापी व्यक्ति भी
धनमद में मत्त हो कर निरंकुश हो जाते हैं
ज्ञान के अभिमान में ही पड़े रह जाते हैं इस
में पड़े २ महात्मा [illegible]
संन्यासी होने पर भी [illegible]
के लिए जनता से पुजवाने [illegible]
है और अपने [illegible]

उपदेश देना और अभीष्ट का अभीष्ट साधन करना
दोनों एक साथ ही सिद्ध करते हैं। इसी प्रकार
महन्त, पुजारी, वैरागी भी अपने प्रिय शिष्यों पर
कृपा रखते हैं। तब साधारण भक्ति में दिन २ बढ़ती
जाती हुई अभिलाषाओं की पूर्ति के लिये ईश्वर की
आराधना करने वाले भक्त जन कहाँ तक अविद्या से
पृथक् हो सकते हैं। इसी कारण हम सब सत्यमार्ग
से विचलित हो गये हैं और सच्चा रास्ता दिखाने
वाले निर्लोभ श्रद्धालु उदार और निश्छल गुरु का
मिलना असम्भव सा हो रहा है। माया की इतनी
प्रबलता है। परन्तु सत्य के ढूंढने वालों के लिये
परमात्मा ही गुरु हो कर उसके हृदय में बिजली के
समान एक बार ही ज्ञान का प्रकाश कर डालता है
जिस से उनकी विचारशक्ति अत्यन्त प्रबल हो जाती
है और उन्हें सच्चे मार्ग के ढूंढने में कहीं भी धोखा
नहीं होता। भक्त जब निरवलम्ब हो जाता है तभी
आत्मसाक्षात्कार होता है जब सब ओर से थक
कर जीव संसार से निराश हो जाता है तभी परमात्मा
का स्मरण होता है तभी भक्त आत्मरति, आत्मक्रीड़ा,
आत्ममैथुन, आत्मानन्द में निरन्तर लगा हुआ शीघ्र
आत्मदर्शन प्राप्त कर सकता है। आत्मावलम्बन ही
यथार्थ मोक्ष है। अतः आत्मापन के पहिचानने
पर कुछ भी और करने के लिये शेष नहीं रह
जाता है।

आत्मज्ञान होते ही भेदभाव सूर्य के द्वारा अन्ध-
कार दूर होने के समान आप ही नष्ट हो जाता है।
अभेद भाव के उदय होते २ एक अद्वितीय आत्मा
सब पदार्थों में पृथक् समान अनुस्यूत अनुभूत होने
लगता है जिससे सर्वान्तर्यामित्व, सर्वदर्शित्व और
सर्वज्ञत्व की सिद्धि प्राप्त होती है। वह पुरुष सर्वत्र
व्यापक देख पड़ता है परन्तु इसके लिये अहङ्कार
[illegible]
[illegible]
[illegible]

संसार में ही जीता हुआ मर जाता है वही योगीश्वर कहलाता है।

आत्म-साक्षात्कार के लक्षण और महत्व का बतलाना अनिर्वचनीय है। क्योंकि ब्रह्म के त्रिगुणातीत होने पर प्रकृति का धर्म ही साम्यावस्था में विलीन हो जाता है फिर निर्विषय होने पर कौन किस से कहे या सुने! स्वात्मसात्कृताखिल प्रपञ्च परिपूर्णाहं भाव भावना गर्भित परमानन्द परं ज्योतिः स्वरूप ही परमात्मा है। ऐसा अन्तर्लीन विमर्श प्रकाश मात्र तनु स्वात्म-शक्ति निरीक्षणाभिमुख पर ब्रह्म ही जगत्कारण है। यही महानिर्वाण पद है जिस से त्रिभुवन रचना की शक्ति विश्वामित्र आदि को प्राप्त हुई थी।

अतः सनातनी मूल प्रकृति के ब्रह्म में लीन रहने से ब्रह्म निर्गुण कहलाता है और उसके उदय होने से वही ब्रह्म सगुण हो ब्रह्माण्ड रूप भासता है। मूल प्रकृति के ब्रह्म में लीन और उदय होने से ही सृष्टि प्रलय का अनादि और अनन्त क्रम निरन्तर बना रहता है। अन्यथा प्रकृति के अत्यन्ताभाव से संसार का अस्तित्व सदैव के लिये लोप हो जायगा। इसीलिये परमेश्वर स्वात्मभूत निखिल प्रपञ्च विलयात्मक विमर्श शक्ति में प्रवेश कर बिन्दुभाव को प्राप्त होता है। तब वह विमर्श शक्ति भी स्वान्तर्गत प्रकाश-बिन्दु में प्रवेश करती है। तब बिन्दु उच्छून होता है और उससे नादात्मिका समस्त तत्व गर्भिणी तेजोमयी बीज रूपा बल्लाबद्ध सूक्ष्म रूपिणी निकल कर शृंगाटक रूपता को धारण करती है। इस प्रकार उन बिन्दु और नाद के स्वरूप प्रकाश और विमर्श में अहंकार शरीर होता है। उन दोनों रूपों में से एक विमर्श रक्त बिन्दु रूप और अपर प्रकाश शुक्ल बिन्दु भाव को प्राप्त होता है। दोनों के मिल जाने से मिश्र रूप सर्वतोमय परमात्म-स्वरूप होता है।

अब प्रश्न यह है कि ब्रह्म बनना क्या नास्तिकता का कारण नहीं है? ब्रह्म तो एक है वह अनेक किस प्रकार हो सकता है? इसके उत्तर में ... कहना है कि स्वयं ब्रह्म स्वरूप नहीं होता ... कता है और सर्वत्र सब पदार्थों में एक ही ... ब्रह्म का अनुभव करना आस्तिकता है। ... भाव के होने से ही नास्तिकता बनी रहती है। ... लिये जब तक जीव अपने को ब्रह्म से भिन्न ... है तब तक वह नास्तिकता के कारण सांसारिक ... भोगता रहता है। ईश्वर तो सूर्य के समान ... है। अंतःकरण के परिमित होने से उसमें ... का शुद्ध प्रकाश सूर्य के प्रतिबिम्ब के समान ... बिम्बित होता है जो विविध अन्तःकरणों ... से जल पूर्ण अनन्त घड़ों में अनन्त प्रतिबिम्ब ... तुल्य ही प्रतिबिम्बित अनन्त जीव होकर ... है। अतः अन्तःकरण चतुष्टय (मन, बुद्धि, ... और अहङ्कार) को चेतन परमात्मा में लीन ... ही ब्रह्म साक्षात्कार होता है अन्यथा उसे ... में लीन करने से जड़ हो जाना पड़ता है। ... जिनका अन्तःकरण विविध वासनाओं में ... रहने के कारण विलीन नहीं होता वे ... अपने कर्मानुसार ही फल पाते हैं। और ... से जितनी दूर रहता है उतना ही वह भिन्न ... है और उसके अन्तःकरण का धर्म ... जिस से फल भोगना अनिवार्य हो जाता है।

उपासना दो प्रकार की है। एक निर्गुण ... दूसरी सगुण। निर्गुण उपासना के द्वारा ... को समेट कर आत्मा में लय करने से इन्द्रिय ... नहीं रहने के कारण सांसारिक सुधार नहीं ... इस लिये गृहस्थ भक्तों को निर्गुण और सगुण ... उपासनाओं से भगवान् का भजन करना ... इस से लोक परलोक दोनों का सुधार ... सगुण उपासना से भक्त ऐश्वर्य पाकर ... करता है और निर्गुण से मुक्त हो जाता है। ... सभा सुधार तो तभी हो सकता है जब कि ... उपासक सहृदय मिलकर एक दूसरे को ...

भिन्न मत के क्यों न हों। परमात्मा के दर्शन के लिये परस्पर समान प्रेम से अवसर हो स्नेह और दृष्टि में निश्छल सहानुभूति प्रकट करें। प्रायः हर एक मत में दूसरों को नाना विषय अन्धे या अन्धे में स्वयं दिखलाता है। क्योंकि इस अवस्था में दोनों वञ्चित हैं। जीवों के भिन्न २ मतों के अनुसार ही उपासना करने से परमात्मा कहीं पिता बनकर भक्त को पुत्र के समान पालता है और कहीं स्वामी होकर उसे दास के समान अपनाता है। वह कहीं गुरु बनकर उसे शिष्य के समान मानता हुआ दिव्य ज्ञान देता है। कहीं वह मित्र होकर दर्शन देता है और कहीं स्वयं आत्मा ही हो जाता है। अतः देश, काल और पात्र के भेद से भिन्न २ भाव के मानने वाले भक्त उस अभिन्न आत्मा के द्वारा यथाभाव ही कृतार्थ होते हैं। जिसका प्रेम भाव अत्यन्त लीन है वह परमात्मा के अत्यन्त निकट है। जिसका प्रेम भाव नहीं है और जो परमात्मा को अपना हृदय अर्पित नहीं करता उसे परमात्मा भी दूर समझ पड़ता है। और जो मनुष्य परमात्मा की उपासना के लिये समाज बन्धन से परिच्छिन्न हो रहे हैं वे ईश्वर की व्यापकता को भी अज्ञात अवस्था में परिमित कर देते हैं जिस से समाजियों को अपने समाज का ईश्वर और समाज के ईश्वर से भिन्नतर जान पड़ता है। उनको तो दूसरे समाज का ईश्वर ही मिथ्या जान पड़ता है। इसी से वे दूसरे से उदासीन रहते हैं या विरोध करने के लिये चेष्टा करते हैं। आज कल मनुष्यों का पारिवारिक जीवन इतना दुःसह हो गया है कि परमात्मा के भजन की ओर सच्चा प्रेम आकृष्ट ही नहीं होता। इसीलिये हम सब परस्पर अपने समाज की विजय और दूसरे की पराजय चाहते हैं और सब भाव वास्तव में चित्त के विकारों से उत्पन्न होते हैं। अतएव [illegible] जितना [illegible] होगा उतना ही [illegible] और विक्षेप नष्ट होते जाने से परमात्मा अनुभूत होगा। व्याधि, स्त्यान, संशय, प्रमाद, आलस्य, अविरति, भ्रान्ति-दर्शन, अलब्धभूमिकत्व और अनवस्थितत्व ये नव चित्त के विक्षेप हैं जिनका निवारण करने के लिये एकात्मतत्त्व का अभ्यास करना चाहिये जिस से दुःख, दौर्मनस्य, अंगमेजयत्व, श्वास और प्रश्वास में ये पाँचों होने न पावें। जिनको जिस मत के अनुसार उपासना करनी हो उस को उसी मत की भावना के अनुसार ईश्वर का ध्यान, पूजा, भजन करते रहना चाहिये परन्तु ईश्वर में समस्त भावों को सदैव अर्पण करना और वसुधा को अपना कुटुम्ब मानना परम आवश्यक है जिससे प्रत्येक भिन्नमतावलम्बी उसको अपनाने लगे। जो उसको देखे वही अपना हो जाय यही एकात्मतत्व की अभ्यास विधि है। मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा का यथोचित प्रयोग करता हुआ भक्त ईश्वर की कृपा से संसार को मोहित कर सकता है फिर आस्तिक भिन्नमतावलम्बी सज्जन तो भगवान के प्रेम का परिचय देते ही हैं। हम सभी को प्रत्येक सम्प्रदाय का एक ही ईश्वर समझना चाहिये। भेद होते ही पक्षपात होने लगता है। वास्तव में जितनी ही सच्ची उपासना होती है उतना ही भेदभाव दूर हो जाता है इसलिये सिद्ध पुरुष की दृष्टि में विद्या-विनयसम्पन्न ब्राह्मण, गौ, हस्ती, श्वान और चाण्डाल सभी समान देख पड़ते हैं। इस समय भारतवर्ष में ऐसे ही सज्जन भक्तों की आवश्यकता है जिनके अभेदभाव से सब के भेदभाव दूर हों और सर्वत्र शान्ति फैले। जो ईश्वर को अपनाता है वही संसार का उद्धार कर सकता है। इसलिये यहाँ कृत्रिम प्रेम से काम नहीं चल सकता क्योंकि परमात्मा सर्वज्ञ है। अतएव भारतवर्ष के उद्धार के लिये यहाँ के सब मत और सम्प्रदाय के लोग निर्विघ्न इस सर्व साधारण धर्म को अपनावें जिस से सत्य युग का शीघ्र उदय हो। ॐ तत्सद्ब्रह्मार्पणमस्तु ॥

—श्री रामनन्दन सहाय

हम सब भाई भाई हैं

"धर्म ग्रन्थ बताते हैं कि सब आदमी भाई भाई हैं और हर एक आदमी को चाहिए कि वह दूसरों के साथ वैसा ही सलूक करे जैसा कि वह अपने साथ करता है। यह बात आज कल के बहुत से आदमी सिद्धान्त रूप में मानने को तय्यार हैं, मगर इसके अनुसार काम करने में बहुत मतभेद है।

अगर हम इतना ही मान लें कि सब हिन्दुस्तानी भाई २ हैं तो हम लोगों को जो कि औसत से ज्यादा धन या आमदनी वाले हैं, चाहिए कि अपना २ निजी खर्च कम करें और उस बचत से अपने गरीब भाइयों की मदद करें और उनकी आमदनी बढ़ाने की भी कोशिश करें।

चाहिए तो यह कि जितने में औसत हिन्दुस्तानी को अपना खर्च चलाना पड़ता है उतने ही में हमारा भी खर्च चल जावे मगर शुरू २ में ऐसा कर सकना बहुत ही मुश्किल है, फिर भी अपने खर्च का हिसाब रखना चाहिए और उसे बराबर घटाने की कोशिश करनी चाहिए। औसत हिन्दुस्तानी का खर्च शायद २) से ३) महीना मानना ठीक होगा। शहर के रहने वाले पढ़े लिखे आदमियों को भी १०) से १५) महीना तक में ही आदमी अपना खर्च आसानी से चला सकना चाहिए। इतने में उन्हें तन्दुरुस्त और खुश रहना चाहिए, और भी खर्च कम करने की कोशिश करना चाहिए।

मैं एक हिन्दी पत्रिका के एडिटर को जानता हूँ जो कि इलाहाबाद में रहते हैं और अपने खाने पीने का खर्च करीब ३) महीना में चला लेते हैं। कपड़े का खर्च शायद उनका १) महीना से भी कम होगा।

मैं लखनऊ में दो यूनिवर्सिटी के बी. ए. के विद्यार्थियों को जानता हूँ जो कि अपनी रोटी खुद बना लेते हैं, अपने कपड़े भी आप धो लें[illegible] काम के वास्ते भी उनको नौकर की ज़[illegible] होती उनका खाने पीने का खर्च करीब ४)[illegible] चल जाता है।

शहरों में मकानों का किराया बहुत [illegible] मगर ऐसे आश्रम मठों और गिर्जों [illegible] आसानी से बन सकते हैं जहां की आदमी [illegible] से ज्यादा किराया न पड़े। क्या हमारे धन[illegible] ऐसे मकानों को बनवाकर इस सिद्धान्त की[illegible] सहायक होंगे?

सर्दियों में हम लोगों के नौकर हम [illegible] सबसे ज्यादा निकट हैं, उनकी तनखाह ब[illegible] जरूरत है। अच्छा तो यह हो कि हिन्दुस्तान[illegible] लोगों को कम से कम एक आना घण्टा [illegible] मिल सके। मगर यह अभी बहुत मुश्किल [illegible] भी आध आना घण्टा के वास्ते तो अभी से [illegible] हो सकती है। क्या हम मालिकों से ऐसी क[illegible] सकते हैं!"

नोट—ऊपर लिखे हुए वाक्य हमने एक [illegible] पत्र से लिए गए हैं उनके अत्यन्त आग्रह से इन [illegible] में प्रकाशित कर रहे हैं। उनके विचारों से हम [illegible] सहमत नहीं हैं। हम खर्च घटाने के ज्यादा पक्ष [illegible] हैं। हमारा विचार है कि हमें आमदनी बढ़ाने का [illegible] उद्योग करना चाहिए। अगर कोई मनुष्य इस प्रका[illegible] घटाकर शेष अपने भाइयों को दे देता है तो हमें [illegible] आपत्ति नहीं है। किन्तु यदि वह बचा कर इक[illegible] चला जारहा है तो उसमें कुछ लाभ नहीं, [illegible] हर आदमी का खर्च उसके व्यवसाय के अनुसार [illegible] चाहिए। हाँ, यह बात ठीक है कि न्यूनतम वेतन [illegible] बढ़ना चाहिए और उच्चतम वेतन निर्धारित [illegible] चाहिए।—सम्पादक

यह आज से लगभग ६,५०० वर्ष पूर्व की बात है। इस सम्बन्ध में ऋग्वेद के तृतीय मण्डल के ३९ वें सूक्त के दूसरे मंत्र का यह कथन भी ध्यान देने योग्य है:—

दिवश्चिदापूर्व्या जायमाना विजागृविर्विदथे शस्यमाना।
भद्रावस्त्राण्यर्जुना वसाना सेयमस्मे सनजा पित्र्याधीः ॥

अर्थात् वेद के मंत्रों को बहुत प्राचीनकाल में पूर्वज लोग गाया करते थे और वह तभी से चले आते हैं। इससे यह बात निकली कि यदि कुछ मंत्र ६५०० वर्ष पुराने हैं तो कुछ इससे बहुत पुराने हैं। ऋग्वेद के दशम मंडल के ८६ वें सूक्तको वृषाकपि सूक्त कहते हैं। कुछ लोग उसको १८,००० वर्ष पुराना मानते हैं। इसी प्रकार ऋग्वेद, दशममण्डल के ८५ वें सूक्त के १३ वें मंत्र को १५,००० वर्ष पुराना माना जाता है। इन मंत्रों का पुरानापन इनमें दिये हुए ज्योतिष संकेतों से निश्चित किया जाता है। जैसे ऋक् १०-८५, १३ इस प्रकार है:—

सूर्याया वहतुः प्रागात्सविता यमवासृजत्।
अघासु हन्यन्ते गावोऽर्जुन्योः पर्युह्यते ॥

पिछली पंक्ति का अर्थ है मघा नक्षत्र में सूर्य की दी हुई गौएँ सोमगृह ले जाने के लिये फाल्गुनियों में (पूर्वा तथा उत्तरा फाल्गुनि में) दण्डों से प्रताड़ित होती हैं। बस यही ज्योतिष आधार इस मंत्र के रचनाकाल का पता देता है।

इन बातों से यह निष्कर्ष निकलता है कि वेदों के रचयिताओं की जन्मभूमि तथा स्तुति पात्री यही थी फिर भी उनका यह कहना था कि वृत्र को मार कर सप्त सिन्धुओं में जल को प्रवाहित कराना इन्द्र का प्रधान पराक्रम था। इससे यह स्पष्ट है कि उनको किसी भी दूसरे देश की स्मृति नहीं थी।

सप्तसिन्धव देश की सातों नदियों के नाम ये [illegible] सिन्धु, विपास (व्यास), शुतुद्रि या शतद्रु (सतलज) वितस्ता (झेलम), असिक्नी (चनाब), परुष्णी (रावी) और सरस्वती। इन्हीं सात नदियों के कारण इस प्रदेश का नाम सप्तसिन्धव पड़ा। इसके अतिरिक्त और भी नदियां थीं। सरस्वती के पास ही दृषद्वती थी। सिन्धु में तृष्टामा, सुसर्तु, रसा, श्वेती, कुभा, गोमती, मेहत्नु और क्रुमु गिरती थीं। सिन्धु का नाम सुषमा और विपाशा का आर्जिकीया भी था। ऋक् १०-७५, ५ में गंगा यमुना का भी नाम आया है पर वह नामोद्देश मात्र है। इससे इतना ही प्रमाणित होता है कि मंत्रकार को इनका पता था। यों यह सप्तसिन्धव के बाहर थीं।

आज कल हिन्दुओं में गङ्गा और यमुना का महत्त्व है। गङ्गा का माहात्म्य अन्य सभी नदियों से बढ़ा चढ़ा है। गङ्गा इस लोक में अभ्युदय और मृत्यु के उपरान्त मोक्ष देती हैं। गङ्गा, गङ्गा ऐसा कहने से ही सद्गति प्राप्त होती है। गङ्गातट से सौ योजन, चार सौ कोस, पर पड़ा हुआ व्यक्ति भी गङ्गा को पुकारने से विष्णुलोक को जाता है। वैदिक काल में यह बात न थी। उन दिनों सिन्धु और सरस्वती का ही यशोगान होता था। उन्हीं के तट पर आर्यों की बस्तियां थीं और ऋषियों के तपोवन थे। सिन्धु और सरस्वती ही वैदिक तथा आध्यात्मिक उन्नति की सोपान थीं। ऋग्वेद के दशम मण्डल का ७५ वां सूक्त सिन्धु की महिमा गाता है। इसके पहिले ही मंत्र में कहा है—

[illegible] अतिसिन्धुरोजसा—सिन्धु नदियों में सबसे ओजस्वी है। दूसरे मंत्र में कहते हैं—[illegible] सिन्धो—हे सिन्धु आरम्भ में वरुण ने तुम्हारे गमन के लिये मार्ग [illegible] बनाया। तीसरे मंत्र में कहा है:—

[illegible] वृष्टयः ।
[illegible] सिन्धुर्यदेति वृषभो न रोरुवत् ॥

सिन्धु [illegible] [illegible] नदियों से [illegible] (गंगा नदी)

(ऐसी दशा में [illegible] [illegible] हुआ।)

है। वह घोड़ी की भांति चित्रा (प्रशंसनीया) और सुन्दर स्त्री की भांति दर्शनीया है।

सरस्वती की प्रशंसा में तो क़लम ही तोड़ दिया है। जो वेदमंत्र इस सम्बन्ध में मिलते हैं वह काव्य के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उदाहरण के लिये इन अवतरणों को देखियेः—

'चोदयित्री सूनृतानां चेतन्तीसुमतीनाम्। यज्ञं दधे सरस्वती, (ऋक् १-३-११) सरस्वती ने, जो सूनृतों (सत्य बातों) की प्रेरिका है और सुमतिमान मनुष्यों की शिक्षिका है, हमारे यज्ञ को धारण कर लिया है (स्वीकार कर लिया है) 'इयम् शुष्मेभिर्बिसखा इवारुजत्सानु गिरीणां तविषेभिरूर्मिभिः। पारावतघ्नीमवसेसुवृक्तिभिः सरस्वतीमाविवासेमधीतिभिः (ऋक् ६-६१, २) नदी के रूप में प्रकट होकर सरस्वती ने ऊँचे पहाड़ों को अपनी वेगवान् विशाल लहरों से इस प्रकार तोड़फोड़ डाला है जैसे जड़ों को खोदनेवाले (मिट्टी के ढेरों या टीलों को तोड़ डालते हैं)। आओ हम लोग इस किनारों को तोड़ डालनेवाली की अर्चाओं और अपनी रक्षा के लिये स्तुतियों और यज्ञों से इसको तुष्ट करें। 'त्रिषधस्था सप्तधातुः पंचजाता वर्धयन्ती। वाजेवाजेहव्याभूत्, (ऋक्-६-६१-१२)

त्रिलोक में निवास करनेवाली सप्तधातु * (सात अवयवों वाली) पंचजानि को वृद्धि देनेवाली सरस्वती का हर युद्ध में आह्वान किया जाय।

उतस्यानः सरस्वती जुषाणोपश्रवत्सुभगा यज्ञे अस्मिन्। मितज्ञुभिर्नमस्यैरियानाराया युजाचिदुत्तरा सखिभ्यः॥ (ऋक् ७-९५-५)

शोभनधना सरस्वती इस यज्ञ में कृपा करके हमारी स्तुतियों को सुने। वह पथ्यम् धन से सम्पन्न है और अपने मित्रों के लिये उत्कृष्टतरा (बहुत सुख देनेवाली) है। देवगण घुटने टेक कर उसके पास आवें।

* सप्तधातु—सात नदी या गायत्री आदि सात वैदिक छन्द। पंचजानि—आर्य्यसभ्यता पांच समुदायों में विभक्त थे। वेदों में पञ्चजनाः बहुत आता है।

सप्तसिन्धव की चारों ओर की सीमाओं के सम्बन्ध में विद्वानों में बड़ा मतभेद रहा है और अब भी इस पर सर्वसम्मत सिद्धान्त स्थिर नहीं हुआ है। बात यह है कि यदि सप्तसिन्धव के तत्कालीन भूगोल का रूप निश्चित हो जाय तो स्यात् आर्यों के मूल स्थान की समस्या स्वतः सुलझ जाय। मैं तो इस विचार से सहमत हूँ जिसे ए. सी. दास ने 'ऋग्वैदिक इण्डिया' में प्रकट किया है। इसमें उन्होंने इस विषय का विस्तृत विवेचन किया है। यहां पर वह तर्क संक्षेप में दिये जा सकते हैं।

कुछ भी हो वह सदैव निवास करते हैं और उस आध्यात्मिक शान्ति को प्रत्येक मनुष्य प्राप्त होगा। कारण यह है कि वह विभूति समस्त जीवधारियों के लिये शान्ति का संदेश लेकर आई थी॥ नमो बुद्धाय॥

(धर्म सन्देश से)

हमारा राम

कलियुग की ठीक आयु

[ले०—श्री १०८ स्वामी पण्डित राजनारायणजी षट शास्त्री ज्योतिष भूषण फाजिल्का जिला फीरोजपुर (पंजा)

मनुस्मृति अध्याय १ श्लोक ६७—७० मे चारों युगों की आयु कलियुग से लेकर क्रमपूर्वक इसप्रकार आती है ४८००, ३६००, २४००, १२००। मेधातिथि ने भूल में पड़कर सतयुग ४८०० वर्षों का समझा तो उसके हिसाब से त्रेता ३६०० का, द्वापर २४०० का और कलियुग १२०० वर्षों का हुआ। उसने सोचा होगा कि कलियुग तो मुझ तक ही कई हजार वर्षों का व्यतीत हो चुका है फिर यह १२०० वर्षों का नहीं हो सकता तब उसने श्री मद्भागवत् स्कन्ध १२ अध्याय २ के श्लोक को देखा होगा—

> दिव्याब्दानां सहस्रान्ते चतुर्थं तु पुनः कृतम्।
> भविष्यति यदा नृणां मन आत्मप्रकाशकम् ॥३४॥

इसका शब्दार्थ यह है—"चार हजार दिव्य वर्षों के अन्त में" अर्थात् चार हजार दिव्य वर्षों में (कलियुग बीता) पुनः (फिर) सत्ययुग आयेगा जो मनुष्यों के मन और आत्मा में प्रकाश करेगा।"

भागवत् में इस श्लोक से पहले कई पृष्ठों में केवल कलियुग ही का वर्णन है यह स्पष्ट है कि उसी कलियुग की ओर इशारा है कि यह चार हजार वर्षों मे बीता है पुनः सतयुग आयेगा"।

इस श्लोक में दिव्य शब्द आता है, मेधातिथि ने इस शब्द का अर्थ देवता कर डाला और अभी तक प्रायः पंडित लोग ऐसा ही अर्थ कर रहे हैं। चूंकि एक मानुष वर्ष के बराबर देवताओं का एक दिन होता है यह विचार करके मेधातिथि ने भ्रम से [illegible] वर्षों का कलियुग जानकर और [illegible] से यह देव वर्ष समझकर उनको ३६० के गुणा करके [illegible] बना दिया और कलियुग की इतनी अवधि [illegible] सर्वथा मिथ्या है 'दिव्य' शब्द का अर्थ देवता नाम [illegible] मे

नहीं हो सकता। पहले मैं इसके प्रमाण देता हूँ

ऋग्वेद १। १६४। ४६

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहु रथो दिव्यः सुपर्णो ग[illegible]
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वा न[illegible]

इस मंत्र का देवता सूर्य है अतः इसमें अ[illegible]
प्रसंग है।

अर्थ—अग्नि रूपी सूर्य को इन्द्र मित्र व[illegible] हैं वही दिव्य, सुपर्ण, गुरुत्मान है। एक स[illegible] विद्वान् बहुत नामों से कहते हैं। अग्नि, यम, [illegible] रिश्वा कहते हैं।"

यह मंत्र निरुक्त दैवत कांड ७।१८ में भी [illegible] है यहां दिव्य शब्द की व्युत्पत्ति यह की है "दि[illegible] दिविजो" अर्थात् जो दिवि में प्रकट होता है उसे दि[illegible] कहते हैं। दिवि द्यु को कहते हैं नैघण्टुक कांड [illegible] के १२ नाम लिखे हैं उनमें द्यु शब्द भी दिन का [illegible] है अब दिव्य का यह अर्थ हुआ कि "जो दि[illegible] प्रकट होता है" और यह प्रत्यक्ष है कि दिन में सू[illegible] ही प्रकट होता है अतः दिव्य सूर्य का नाम है।

ऋगवेद १। १६३। १० यह है—

ईर्मान्तासः सिलिकमध्यमासः संशूरणासो दिव्यासो अ[illegible]
हंसा इव श्रेणिशो यतन्ते यदाक्षिषुर्दिव्य मज्ममश्वाः।

इस श्लोक का "अश्वोअग्निर्देवता" अर्थात् अ[illegible] का घोड़ा (सूर्य) है, इस में भी सूर्य ही का वर्णन है

इस मंत्र पर निरुक्तने दिव्य शब्द की व्युत्[illegible] "दिव्या दिविजो" की है। बात वही है कि जो दिवि [illegible] प्रकट होता है वह दिव्य सूर्य है और यह भी [illegible] लिखा है कि "अस्यादित्यस्तुति" अर्थात् 'इस [illegible] मे सूर्य की स्तुति है'। गोया वेद में दिव्य [illegible] का है देवता को दिव्य कदापि नहीं कहते। [illegible]

प्रमाण वेद के हैं। ऋगवेद में इसी प्रसंग में १६४ मंत्र २ यह हैं—

"सप्तयुञ्जन्ति रथमेक चक्रमेक वाहिणम्। त्रिनेमि चक्रमजरमनर्व यत्रेमा विश्वा भुवनाधि तस्थुः॥ एकोऽश्वो वहति सप्तनामा। सप्त युञ्जन्ति रथमेक चक्रमेकं वहति सप्तनामा। त्रिनाभि चक्रमजरमनर्व यत्र विश्वा भुवनाधि तस्थुः॥" इस मन्त्र की व्याख्या निरुक्त नैगमकांड ४।२७ में यह की है—"सात किरणें एक रथ को जोड़ती हैं (रथ आकाश है) एक सात नामों वाला घोड़ा जो सूर्य है उसकी ओर सात किरण जलों को खींचती हैं अथवा सात ऋषि इसकी स्तुति करते हैं जिसके एक वर्ष के ३६० दिन-रात होते हैं ६ अरों वाले पहिये ६ ऋतुएँ हैं। १२ अरे १२ मास हैं, ३६० कीलों से जोड़ते हैं यह ३६० कीलें उसके ३६० दिन हैं (ऋगवेद १।१६४।४८ को भी देखो) सब भुवन इस सूर्य के आश्रित हैं इत्यादि।

यह सब सूर्य ही का प्रसंग वेद में चल रहा है सूर्य ही से दिन रात, १२ मासों, ६ मौसमों और ३६० दिनों की उत्पत्ति बताई जाती है और सूर्य ही का नाम दिव्य लिखा है।

व्याकरण से भी दिव्य शब्द का अर्थ देवता नहीं बनता, दिवु धातु में 'स्वार्थे यत् प्रत्यय" लगाने से दिव्य शब्द बनता है इसकी व्युत्पत्ति यह हुई 'दिवि भवं दिव्यम्' अर्थात् जो दिवि में प्रकट होता है वह दिव्य है और दिन में सूर्य ही प्रकट होता है। अतः दिव्य केवल सूर्य ही को कहते हैं दिवि द्यु को कहते हैं और द्यु दिन का नाम है। सूर्य सिद्धान्त १२।२९ में भी आता है "न तत्र द्यु निशोर्भेदो" अर्थात् वहां दिन रात का भेद नहीं।

यहां भी द्यु शब्द दिन के अर्थ में आया है इस प्रकार कभी दिव्य का अर्थ देवता नहीं होता क्योंकि वेद में देवता शब्द इसका 'देवतात्' आदि मन्त्रों में आता है। इस कारण भी दिव्य और देवता शब्दों का आपस में कोई सम्बन्ध ही नहीं है दिव्य शब्द और देवता शब्द बनाने के

कुल्लूक भट्ट ने तो अपनी मनुस्मृति में १।७१ की टीका करते हुए पृग खंडन किया है कि "एतस्य श्लोकद्वयादौ यद्दे तन्मानुषम चतुर्युगं परिगणितम् एतद्देवानां युगमुच्यते"।

अर्थात यह चारों युग मनुष्यों के हैं इनके बराबर देवताओं का एक युग होता है—

मेधातिथि ने चारों युगों को देवताओं के युग और उनके वर्षों के बराबर देव वर्ष लिखा है उसका खंडन कुल्लूक भट्ट पांच सौ वर्ष पहले कर चुके हैं। मेधा तिथि और कुल्लूक के दरम्यान छः सौ वर्ष होते हैं इन छः सौ वर्षोंमें उस समय के पंडित लोग आखें बन्द करके मेधातिथि के पीछे चल पड़े थे कुल्लूक भट्ट के खंडन को भी नहीं देखा और अब तक प्रायः सब पंडित ऐसा ही मिथ्या मान रहे हैं।

अब विचार की बात यह है कि मेधातिथि ने उल्टा हिसाब लगाकर कलियुग को १२०० वर्षों का लिखा है और दिव्य शब्द का अर्थ देवता करके १२०० को ३६० के गुणा करके कलियुग को ४३२००० वर्षों का लिख डाला परन्तु दिव्य शब्द का अर्थ किसी प्रकार भी देवता नहीं हो सकता तब कलियुग के १२०० वर्ष ही रहे और कलियुग की आयु १२०० वर्ष नहीं क्योंकि पंचांगों के अनुसारही कलियुग को अब तक ५०३६ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं इस बात से ही स्पष्टरूपेण सिद्ध होता है कि मेधातिथि ने कलियुग की जगह सतयुग समझ लिया था वास्तव में सतयुग १२०० वर्षों का होता है, त्रेता २४०० का, द्वापर ३६०० का और कलियुग ४८०० वर्षों का। यह अब समाप्त हो रहा है भागवत् के श्लोक में ४००० वर्ष कलियुग के बताये हैं संध्या संध्यांश के ८०० वर्ष हैं कुल ४८०० वर्ष हुये।

अन्य स्पष्ट प्रमाण

द्वादशाब्दसहस्रेण देवानाञ्च चतुर्युगम्।
चत्वारि त्रीणि द्वे चैक सहस्र गणितं मतम्॥

कल्कि-पुराण ३।५।१२

अर्थ—"द्वादशाब्द सहस्रेण देवानां"—१२ हजार वर्षों का देवताओं का एक युग होता है (देखो मनुस्मृति १।७१) "च चर्तुयुगम" और चर्तुयुग को ४-३-२-१ क्रम से गिनो (व्यास कहते हैं) 'मनम' यह मेरी सम्मति है।

मतलब यह हुआ कि १२०० वर्षों के बराबर ४ युग होते हैं यह देवताओं के एक युग के बराबर हैं और चार युगों की संख्या इस क्रम से है कि ४-३-२-१ को हजार से क्रमशः गिनो अर्थात्—

४— ३— २— १

१००० — २००० — ३००० — ४०००

यह ४-३-२-१ युगों में धर्मों के पाद या चरण हैं।

सतयुग में पूर्ण चार पाद धर्म रहता है फिर अन्य युगों में एक एक पाद घटता है। इस प्रमाण से सतयुग के १००० त्रेता के २००० द्वापर के ३००० और कलियुग के ४००० वर्ष होते हैं। अगला श्लोक यह है। टीकाकारों ने इसका अर्थ ठीक नहीं किया।

[illegible] चत्वारि त्रीणि द्वे चैकमेवहि।

सन्ध्या क्रमेण तेषान्तु, सन्ध्यांशोऽपि यथाविधः॥१३॥

अर्थ—जितने हजार वर्षों के सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं उतने उतने सैकड़ों की उनकी सन्ध्या और सन्ध्यांश की अवधि है।

अर्थात् सतयुग के १००० वर्ष हैं तो १०० वर्षों की सन्ध्या हुई, १०० वर्षों का सन्ध्यांश हुआ। इसी प्रकार सतयुग १२०० वर्षों का त्रेता २४०० का द्वापर ३६०० और कलयुग ४८०० वर्षों का हुआ।

विष्णु पुराण

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

इस प्रकार है—

चत्वारि त्रीणि द्वे चैकं कृतादिषु यथाक्रमं।
दिव्याब्दानां सहस्राणि युगेष्वाहुः पुराविदः॥

अर्थ—४-३-२-१ के क्रम से सतयुग, [illegible] द्वापरयुग और कलियुग हैं। उनकी संख्या [illegible] दिव्य वर्ष में है ऐसा प्राचीन विद्वान कहते हैं।

यहां भी ४-३-२-१ धर्म के पादों के सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग की [illegible] अर्थात् ४ पाद वाला सतयुग, ३ पाद वाला [illegible] पाद वाला द्वापर और १ पाद वाला कलियुग है। संख्या भी क्रमशः १०००-२०००-३००० [illegible] हैं जैसे—

४	३	२	१
सतयुग	त्रेता	द्वापर	कलियुग
१०००	२०००	३०००	४०००

अगला श्लोक पढ़ो—

तत्प्रमाणैः शतैः सन्ध्या पूर्वा तत्राभिधीयते।
सन्ध्यांशकश्च तत्तुल्यो युगस्यानन्तरो हि सः॥

अर्थ—उतने ही सैकड़ों की संख्या है और [illegible] ही संध्यांश है इन दोनों के बीच की संख्या [illegible] कहते हैं।

मतलब यह है कि ४ चरण धर्म वाला [illegible] १००० वर्षों का है उसकी १०० वर्षों की [illegible] १०० वर्षों का सन्ध्यांश है। यह कुल १२०० [illegible] इस प्रकार सन्ध्या और सन्ध्यांश के [illegible] के १२०० वर्ष हैं परन्तु केवल सतयुग १००० वर्ष का है इसी प्रकार त्रेता २००० वर्षों का है और [illegible] सन्ध्या सन्ध्यांश के हैं कुल २४०० वर्ष [illegible] [illegible] ३००० वर्षों का है ४०० वर्ष [illegible] [illegible] का सन्ध्यांश है कुल कलियुग [illegible] [illegible] सन्ध्यांश सहित हुआ।

(क्रमशः)

A warning to Sadhakas

(SWAMI RAMDAS)

Conceit, fretfulness and ill-temper are not the signs of spiritual advancement; it is not to be filled with anxiety for the future either. As you walk on the Path you develop broad and noble qualities. Pettiness and brooding are foreign to the illumined nature of the sadhaka. The mere fact that a person can talk glibly of Brahma jnana and write in extenso on the greatness of that achievement does not make him a real sadhaka. Even a long stay in the company of a saint does not entitle him to the supreme spiritual status. Very often a prolonged residence with a saint far from being conducive to his spiritual progress proves a drag on his Path. Ramdas can emphatically say that it would be well for a sadhaka to get the necessary touch of a saint and then go and live by himself and do spiritual discipline for control and purification of the mind, preliminary to gaining the knowledge of the Self. What retards his progress is the pride that he has attained the goal although he may be only a smatterer in Brahmavidya.

Self-realisation is the knowledge and experience of the Self. In this state the saint lives in unbroken inner peace and bliss. He knows that he is the immortal Atman and the Prakriti before him is his own manifestation. *In him* there is no duality. He may assume duality for the sake of [illegible]. As you see *yourself* in the mirror [illegible] himself in all creatures and [illegible] of the world [illegible] the entire [illegible]

[illegible]

is a [illegible]

spiritual [illegible]

observed [illegible]

illumined soul [illegible]

personality by which he attracts all [illegible] towards him. He does not merely [illegible] but elevates and sanctifies their lives [illegible] people shrink away from the sadhaka [illegible] presumes to be advanced on the path, who [illegible] big of himself, who looks down upon [illegible] on others, you may depend upon it he is [illegible] away from the goal. Further such [illegible] becomes a tyrant to those who have to [illegible] and deal with him. There is nothing [illegible] pernicious than the egoism of the so-[illegible] spiritually advanced sadhaka.

A keen aspiration coupled with [illegible] and humility are essential for a sa[illegible] Until he realises God he will avail him[illegible] every help in his march on his Path. T[illegible] I am Brahma is very easy but to act B[illegible] is very very difficult. By mere saying [illegible] cannot realise that you are Brahma. [illegible] and sages have taught by their exam[illegible] to reach this exalted state. Ramdas wa[illegible] spiritual aspirants not to delude them[illegible] into thinking that they have attained [illegible] perfection while they are still stumbling [illegible] Path. Ego must be dead along with a[illegible] desires. Brahma must be the dominan[illegible] the only real factor in the life of the sad[illegible] His life must totally be filled with the [illegible] peace and joy of the Brahma. He m[illegible] live and move as Brahma. He must [illegible] eat and do all actions as Brahma. [illegible] have achieved this consummation of the d[illegible] [illegible] then you are a thousand times bles[illegible] [illegible] purpose of human life is fulfilled [illegible] go onward steadily and surely intens[illegible] [illegible] day your thirst for God until you [illegible] that you are He.

Om ! Om !! Om !!!

Prayer for World-Peace

(SWAMI SIVANAND)

O Adorable Lord! May Absolute Peace [illegible] over the whole world! May the War [co]me to an end soon! May all Nations and [com]munities be united by the bond of Pure [lo]ve! May all enjoy Peace and Prosperity. [M]ay there be deep abiding Peace throughout [th]e Universe! Grant us Eternal Peace, the [Pe]ace that passeth all understanding! May [w]e all work together harmoniously with the [spi]rit of self-sacrifice for the well-being of [th]e World. May we all develop Cosmic [lo]ve and Universal Brotherhood! May we [a]ll see God in all faces!!

O All-merciful Lord! Grant us an under[st]anding and forgiving heart, broad tolerance [an]d adaptability. Grant us that inner eye of [W]isdom, O Lord, with which we will behold [On]e-ness or the Self everywhere!!

Peace be to the East. Peace be to the [W]est. Peace be to the North. Peace be to the South. Peace be Above. Peace be Below. Peace be to all creatures of this Universe!

Sarvesham Swastir Bhavatu.
Sarvesham Shantir Bhavatu.
Sarvesham Poornam Bhavatu.
Sarvesham Mangalam Bhavatu.

May Auspiciousness be unto All!
May Peace be unto All!
May Fullness be unto All!
May Prosperity be unto All!

Lokah Samastha Sukhino Bhavantu.
May Happiness be unto the whole World!

Om Poornamada Poornamidam Poornat Poornamaduchyathe. Poornasya Poornamadaya Poornameva Avasishyathe. That is Full. This is Full. From that Full this Full has come; when This Full is taken from That Full, It always remains FULL!!

Om Santi! Santi!! Santi!!!
Om Peace! Peace!! Peace!!!

N.B.—(All are requested to repeat this prayer daily at surise. The spiritual vibrations [g]enerated by collective prayers will bring peace to the whole world—Editor)

Sadharan Dharma

[illegible] truth.

Vision Universal

(SWAMI OMKAR.)

Vision Universal is the Birthright of every individual on the face of the earth, irrespective of the differences of castes creeds, colours and nations

When once a man is blessed with Universal Vision, the false values of the world such as differences of high and low stations, riches and poverty, learning and ignorance, lose their empty meanings, and one beholds all beings as the One Manifestation of God

It is the lack of Universal Vision that is creating havoc in the lives of individuals as well as nations, resulting in unrest, excruciating sufferings, and wars

People are jealous of each other even in the name of spirituality and religion There is communal strife and fighting between Hindus and Mohammedans, all in the name of religion There are blood thirsty wars taking the toll of millions of lives in East and West, all because of the denial of the Vision Universal

Where people are blessed with Vision Universal, there is Peace, Prosp[illegible] Progress, economically, socially and spir[illegible]

Where the people are living like [illegible] devoid of Universal Vision or Divine [illegible] there is strife, poverty, degenerat[illegible] ignorance of every kind and in every for[illegible]

Behold! the life-giving and soul-awak[illegible] vision of the Sun as he rises from the horizon every morning! He dispels all [illegible]ness in every form, with his penetrating [illegible] of sweeping, effulgent Light His Vis[illegible] always filled with Light and Life [illegible] nothing but Life and Light in all his [illegible] every day, because he radiates and [illegible] infinite Light on the whole world.

It is in the Vision Universal that [illegible] realizes, that in loving anyone, one is lov[illegible] One God, that in hating or hurting anyo[illegible] is hating and hurting the ONE PRESEN[illegible]

In the Universal Vision, everyth[illegible] everyone is God! Verily, nothing [illegible] except THAT!

Thou art That: Tat Twam Asi

Whatever thou lovest, man
Thou, too, become that must,
God, if thou lovest God,
Dust, if thou lovest dust.

स्वामी राम की पुस्तकें

(उर्दू में)

		मूल्य	
		सा०	वि०
१—खुमखाने राम-भाग १ पृष्ठ ४०० इसमें स्वामी राम के वे लेख संगृहीत हैं, जो पहले (अलिफ) मासिक पत्र में प्रकाशित हुए थे।		१॥)	२)
२—खुमखाने राम-भाग २ पृष्ठ ४०० इसमें स्वामी राम की आत्म-कथा और उनके सदुपदेश हैं।		१॥)	२)
३—खुमखाने राम-भाग ३ पृष्ठ ४०० इसमें स्वामी राम के वेदान्तविषयक १२ लेख व भाषण हैं।		१॥)	२)
४—राम वर्षा— स्वामी राम व अन्य महात्माओं के ज्ञान-भक्ति विषयक भजनों का बृहद् संग्रह		१)	१॥)
५—राम-पत्र (इसमें स्वामी राम के ११०० से ऊपर पत्र हैं)		॥)	॥)
६—सवाने-उमरी स्वामी राम श्रीमान् आर. एस. नारायण स्वामी कृत		॥)	१)
७—नारायण-चरित्र श्री आर० एस० नारायण स्वामी का जीवन चरित्र		॥)	..
८—वेदानुवचन (ब्रह्मदर्शी बाबा नगीनासिंह बेदी)		१॥)	२)
९—[illegible]	.. ..	[illegible]	[illegible]
१०—[illegible]	.. ..	[illegible]	[illegible]
११—[illegible]	.. ..	[illegible]	[illegible]
१२—[illegible]		[illegible]	

[illegible]

ॐ

विषय-सूची ।

व्यावहारिक-वेदान्त

"नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।"

] सितम्बर १९४०

आश्विन १९९७ [अङ्क ९

मृत्यु में जीवन का आनन्द

विछड़ती दुलहन वतन से है जब, खड़े हैं राम और गला रुके हैं।
कि फिर न आने की है कोई ढब, खड़े हैं राम और गला रुके हैं॥
यह दीनो-दुनियाँ तुम्हें मुबारिक, हमारा दूल्हा हमें सलामत।
पै याद रखना, यह आखिरी छवि, खड़े हैं राम और गला रुके हैं॥
ठगों को कपड़े उतार दे दो, लुटा दो असबाबो-मालो-ज़र सब।
खुशी से गर्दन पे तेग धर तब, खड़े हैं राम और गला रुके हैं॥
न बाक़ी छोड़ेंगे इल्म कोई, थे इस इरादे से जम के बैठे।
है पिछला लिक्खा पढ़ा भी गायब, खड़े हैं राम और गला रुके हैं॥
है चौड़ चौपड यह खेल दुनियाँ, लपेट गंगा में इसको फेंका।
मरा है [illegible] उड़ा है असबाब, खड़े हैं राम और गला रुके हैं॥
पड़ा है [illegible] कहाँ की वहशत।
है [illegible] है राम और गला रुके हैं॥
[illegible] में नहीं [illegible]
[illegible] है राम और गला रुके हैं॥

—राम बादशाह

राम-वचनामृत

जगत में रोग एक ही है और औषधि भी एक ही। चित्त से अथवा क्रिया से ब्रह्म को मिथ्या और जगत को सत्य जानना एक यही विपरीत वृत्ति कभी किसी दुःख में प्रगट होती है, कभी किसी में। और हर विपत्ति की औषधि शरीर आदि को 'है नहीं' समझ कर ब्रह्माग्नि में ज्वाला रूप हो जाना है।

लोग शायद डरते हैं कि दुनियाँ की चीजों से प्रेम किया जाय तो प्रेम का जवाब भी पाते हैं, परन्तु परमेश्वर से प्रेम तो हवा को पकड़ने जैसा है, कुछ हाथ नहीं आता। यह धोखे का ख्याल है, परमेश्वर के इश्क में अगर हमारी छाती जरा धड़के, तो उसकी एक दम बराबर धड़कती है और हमें जवाब मिलता है बल्कि दुनियाँ के प्यारों की तरफ से मुहब्बत का जवाब तब ही मिलता है जब हम उनकी तरफ से निराश होकर ईश्वर भाव ही की ओर लेते हैं।

× × ×

किसी ने कहा लोग तुम्हें यह कहते हैं, कोई बोला लोग तुम्हें यह कहते हैं, कहीं हाकिम बिगड़ गया, कहीं मुकद्दमा आ पड़ा, कहीं रोग आ खड़ा हुआ। ओ भोले महेश! तू इन बातों में अपने तकले में ब्योंग न पड़ने दे ... में मन आ ... तू एक न मान. ब्रह्म बिना ... क्या ... हुआ ... नहीं ... बिन में त्याग और ब्रह्मानन्द का ... तो ... सब कल्याण ... आँख खोल ... माल समझ ... तो मुझको समुद्र में डुबो देना

एक बालक को देखा दूसरे बालक को ... रहा था, "आज पिता से तू ऐसा पिटेगा, ... पिटेगा, कि सारी उम्र याद पड़ा करे", दूसरे ... ने शान्ति से उत्तर दिया "अगर वे मुझे ... भले ही के लिए मारेंगे न, तेरे हाथ का ... इस बालक के बराबर विश्वास तो हम लोगों में ... चाहिए. भयंकर भयानक भाव की ... बगुले की तरह गर्दन उठाकर, घबराकर, "... क्या? क्यों करने लगीं। आनन्द से बैठ, मेरे ... यहाँ कोई और नहीं है, तेरा ही परम पिता, ... आत्मदेव है,' अगर मारेगा भी तो भले के लिए। और अगर तुम उसकी मर्जी पर चलना शुरू ... तो वह पागल तो है नहीं कि यूँही पड़ा पीटे।

× × ×

जीता तो वही है, जो सत्य में, नारायण में राम में रहता-सहता, चलता-फिरता और ... है। जिन्दगी तो यही है। जहाँ पर सत्य, प्रेम और नारायण का निवास है, वहाँ शोक, मोह, दुःख ... आदि का क्या काम? उस मनुष्य की जय कभी नहीं हो सकती, जिसका हृदय पवित्र नहीं है।

× × ×

राम जब प्रोफेसर था, उसने उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की नामावली बनाई थी और उनके ... का ढंग और आचरण से यह परिणाम निकाला ...

जो विद्यार्थी परीक्षा के दिनों या उसके कुछ दिनों पहले विषयों में फँस जाते थे, वे परीक्षा में प्रायः फेल होते थे, चाहे वे वर्ष भर श्रेणी में अच्छे ही न रहे हों; और वे विद्यार्थी, जिनका चित्त परीक्षा दिनों में एकाग्र और शुद्ध रहा करता था, उत्तीर्ण र सफल होते थे।

× × ×

जिस समय हम लोग अर्थात् आर्य लोग इस में आए, उस समय हमको ज़रूरत थी कि हमारी और संख्या अधिक हो, इसलिए विवाह के में इस प्रकार की प्रार्थना की जाती थी कि इस के दस पुत्र हों। मगर इन दिनों दस पुत्रों की का करना ठीक नहीं है। तुम कहते हो कि मरने बाद पुत्र तुम्हें स्वर्ग में पहुँचायेंगे मगर, अब तो ने ही ये बच्चे, जिन्हें तुम पेट भर रोटी भी नहीं सकते, तुम्हारे पाप अर्थात नरक के कारण हो रहे। उधार के पीछे नक़द क्यों छोड़ते हो।

× × ×

स्वर्ग मुक्ति नहीं है, स्वर्ग के बाद तो फिर यहाँ आना पड़ता है। जो वैकुंठ की कामना रखता है, वह ब्रह्म का उपासक कैसे कहा जा सकता है? वह तो अप्सराओं की इच्छा रखता है और कामासक्त है।

× × ×

प्यारो, अगर तुम जनसंख्या के कम करने में यत्न न करोगे, तो प्रकृति अपनी क्रूर-पद्धति को काम में लायेगी और काट-छाँट करना शुरू कर देगी। जैसा कि महर्षि वशिष्ठजी ने कहा है कि महामारी, दुर्भिक्ष, भूकम्प, और युद्ध द्वारा छाँट शुरू हो जायगी। यदि आप गृह-कलह, दुर्भिक्ष, प्लेग आदि नहीं चाहते तो पवित्रता [illegible] और निर्मल आचार-व्यवहार को बर्ताव में लाओ। देश में मेल और राष्ट्रीय एकता कदापि स्थिर नहीं रह सकती, जब तक जन-संख्या की वृद्धि और भूमि की पैदावार का अनुपात ठीक न रहे। संसार में कोई देश ऐसा नहीं है, जो निर्धनता में हिन्दुस्तान से कम हो और जन-संख्या में इससे अधिक। ऐसी दशा में झगड़े-बखेड़े और स्वार्थ-परायणता भला क्यों कर दूर हो सकती है और मेल मिलाप व एकता क्यों कर स्थिर रह सकती है। दो कुत्तों के बीच में एक रोटी का टुकड़ा डाल कर कहते हो कि मत लड़ो। भला यह कैसे हो सकता है? इस दशा में प्रेम व एकता का उपदेश करना, लेक्चरबाज़ी की हँसी उड़ाना और उपदेश का मखौल करना है। एक गोशाला में दस गाएँ हों और चारा केवल एक के लिए हो तो गायों के समान सीधा-सादा शान्त स्वभाव और बेज़ुबान पशु भी आपस में लड़े मरे बिना नहीं रह सकता। भला भूखों मरते भारत-निवासी कैसे शान्ति और निष्कपटता स्थिर रख सकते हैं? पदार्थ-विद्या में यह बात सिद्ध हो चुकी है कि किसी की साम्यस्थिति के लिए आवश्यक है कि उसके प्रत्येक अणु की आन्तरिक गति के लिए इतनी जगह हो कि दूसरे अणु की गति में बाधा न पड़ने पावे। अब भला बताओ कि जिस देश में एक आदमी के पेट भर खाने से बाक़ी दस आदमी अर्द्ध-तृप्त या भूखे रह जाँय, उस देश में भिन्न भिन्न व्यक्ति एक दूसरे के सुख में बाधा डालने वाले क्यों न हों? और ऐसे देश की शान्ति और साम्य स्थिति कैसे स्थिर रह सकती है? क्या तुम भारतवर्ष को कलकत्ता की काल कोठरी बनाए बिना न रहोगे?

[illegible] नहीं है [illegible]
[illegible] इसमें [illegible] राम

श्रीकृष्ण

(लेखक-श्री संपूर्णानन्दजी)

कुछ ही दिन हुए, देश के कोने-कोने में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया है। हिन्दुओं के विश्वास के अनुसार श्रीकृष्ण को शरीर छोड़े पाँच सहस्र से ऊपर वर्ष बीत गये, क्योंकि वर्तमान कलिकाब्द यह ५०४१ वाँ वर्ष माना जाता है। इस लम्बे काल में ही इसके पहले की तो बात ही जाने दीजिये–करोड़ों मनुष्यों ने जन्म लिया और मर गये। सभी के जीवन उनके लिये और उनके सामाजिक परिधि में रहनेवालों के लिये महत्व रखते थे। उन सबने ही किसी का भला किया होगा, किसी का बुरा किया होगा। पर साल गिरह और जन्म दिन मनाने की बात तो दूर रही उनके शत्रु-मित्र उनको दस-पाँच वर्ष भी नहीं याद करते। फिर जिन लोगों को करोड़ों मनुष्य दीर्घ-काल तक यों अपने मन मन्दिर में बिठाये रहते हैं, उनमें कोई विशेषता तो होगी।

श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व कितना असाधारण था, इसका परिचय हमको उनके जीवन से कुछ-कुछ मिलता है। उनकी जीवनी आधुनिक ढंग से तो लिखी गयी नहीं थी कथाओं में प्रसङ्गवशात् बहुत बातें इधर उधर से जोड़ी गयी हैं, कभी-कभी सैकड़ों वर्ष आगे पीछे की घटनाएं एक ही जगह खड़ी कर दी गयी हैं, फिर भी मुख्य-मुख्य बातें निकाली जा सकती हैं। श्रीकृष्ण प्रतिभावान रहे होंगे, उनको बचपन में विद्या-भ्यास का अवसर नहीं मिला। बाद को पढ़ा-लिखा था। उनके समय में ही बड़े-बड़े विद्वान कुलपति उप-स्थित थे [illegible] सिद्ध [illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

सन्ध भी पृथ्वी पर विद्यमान थे। उनका [illegible] पद भी कुछ बड़ा न था। मथुरा का राज्य [illegible] दुर्बल था। यादवों को जरासन्ध के डर से [illegible] रात भागना पड़ा था। जरासन्ध के मरने पर भी [illegible] दूसरे शक्तिशाली राज्य रह गये थे। जैसा [illegible] था, यादवों की शासन पद्धति भौज्यगणतन्त्र [illegible] की थी। उसमें क्षत्रियों के दो प्रमुख कुलों के [illegible] शासनसूत्र था। एक कुल का नाम वृष्णि और [illegible] का अन्धक इसीलिये इसको अन्धक-वृष्णि संघ [illegible] थे। यह संघ बहुत दिनों तक चलता रहा। [illegible] खोने पर इसने शकों को अपना अधिपति [illegible] कर लिया था। अस्तु श्रीकृष्ण के समय में वृष्णि [illegible] के नेता अक्रूर और अन्धक कुल के उग्रसेन थे। [illegible] व्यवस्था परिषद की बैठक होती थी तो ये दोनों [illegible] उसके साथ पति होते थे। दोनों मिलकर [illegible] थे। ऐसी पद्धति पुराने स्पार्टा में भी थी। [illegible] कृष्ण इस छोटे से राज्य में भी प्रमुख न थे। [illegible] शाली अवश्य थे पर यह नहीं था कि सब [illegible] बात चुप चाप मान लें। महाभारत में [illegible] से अपना दुःख रोया है। कहा कि यह लोग [illegible] लड़ते रहते हैं, मेरा सारा समय बीच [illegible] में ही जाता है। मेरी दशा तो 'कितव [illegible] नैकस्य जयमन्विच्छेन् न चान्यस्य पराजयं' [illegible] उस माँ-जैसी है जिसके दो लड़के आपस में [illegible] खेल रहे हों। अब यह बेचारी किसकी [illegible] किसकी जीत। नारद ने उनको समझाया कि [illegible] [illegible] ऐसा होना ही है। तुम्हें धीरज [illegible] [illegible] और शान्ति से काम लेना चाहिये। [illegible] का तात्पर्य यह है कि विधानतः श्रीकृष्ण का [illegible] आसन पद कुछ बड़ा न था। फिर भी [illegible]

आत्यन्तिक शान्ति

(श्री स्वामी करपात्री जी)

जिस समय संसार में सब राष्ट्रों, समाजों, जातियों [illegible] परिवारों में वैमनस्य, विद्वेष फैल जाता है; प्रति राष्ट्र, प्रति समाज, प्रति परिवार, प्रति व्यक्ति दूसरे [illegible] के भूखे हो जाते हैं, तब किसी को शान्ति नहीं मिलती। सभी शंकित, चिन्तित तथा अशान्त रहे हैं। तब सभी सुख की नींद सोने के लिए कुछ कुछ शान्ति का उपाय खोजते हैं। अहिंसा, सत्य, [illegible]स्तेय आदि सामाजिक धर्म इसीलिए प्रचलित किये [illegible] कि सभी लोग सुख से रहें। लोगों को जान [illegible] कि अपने आपको निर्भय एवं सुखी रखने के [illegible] विश्व को भी निर्भय और सुखी बनाना पड़ेगा। [illegible] प्रयत्नों में कुछ संघर्ष दूर होता है। परन्तु ऐका-[illegible], आत्यन्तिक वैमनस्य, विद्वेष आदि की निवृत्ति [illegible] तभी होती है, जब सर्वत्र एक आत्मा की भावना [illegible]। तब भय, आन्तर विद्वेष, ईर्ष्याज्वाला सर्वथा मिट [illegible] है, जब यह समझ में आ जाता है कि नाना [illegible] के सकल चर-अचर जगत् का पर्य्यवसान [illegible] अन्तरात्मा में ही है। जैसे जल से प्रादुर्भूत फेन [illegible], तरंग सब जल ही हैं वैसे ही भगवान् से [illegible], भगवान् में ही स्थित, सब कुछ भगवान् ही [illegible]। ऐसी दृष्टिवाला पुरुष किसी नगण्य से नगण्य [illegible] के साथ किये गये अन्याय और अत्याचार से [illegible] का ही अपमान समझेगा। भगवान् ने [illegible] है 'यदा भूतपृथग्भावमेकस्थम[illegible] विस्तारं ब्रह्म सम्पद्यते तदा [illegible] मनन, निदिध्यासन [illegible] वस्तुओं के [illegible] ही स्थित देखता है [illegible] की उत्पत्ति [illegible] ही हो [illegible]

[illegible]स्वात्मक ब्रह्म ही हो जाता है और जब वही समस्त प्राणियों के निरुपाधिक, निरतिशय प्रेम का आस्पद है, तब फिर किससे वैमनस्य, किससे विद्वेष ? फिर तो पिछले वैर-विद्वेषों को स्मरण करने पर भी उसे लज्जा ही लगेगी। जितनी भिन्नता, जितनी विषमता, सब का पर्य्यवसान एक निस्सीम सम अद्वैत ब्रह्म से ही हो जाता है। नाना प्रकार की विषमता से परि-पूर्ण विश्व में विराजमान होकर भी भगवान् कर्म और कर्मफलों से असंस्पृष्ट रहते हैं। वे कार्य्य-कारण से अतीत एवं गुणों और अवयवों से रहित होने के कारण सर्वाधिष्ठानरूप से शरीरों में रहकर भी न किन्हीं कर्मों के कर्ता होते हैं, न किन्हीं कर्मों के फलों से लिप्त होते हैं। जैसे आकाश अतिसूक्ष्म होने के कारण सर्वगत होता हुआ भी किसी में लिप्त नहीं होता वैसे ही ब्रह्मात्मा भी सर्वत्र स्थित होकर भी किन्हीं भावों से लिप्त नहीं होता। निष्प्रपञ्च, निर्वि-कार आकाश में कितनी ही घनघोर घटा छायी हो, दामिनी दमक रही हो, फिर भी ब्रह्म निर्विकार ही रहता है। न वह वर्षा से भीगता, न घाम से सूखता, न वायु से उड़ता और न धूलि से मलिन होता है। नाना तरह के विस्मय अस्त्र-शस्त्र संहारक यन्त्रों से भी उसमें कोई विकार नहीं आता सब उपद्रवों के रहने या न रहने पर उसमें कोई विशेषता नहीं [illegible] वैसे ही परमानन्दस्वरूपात्मक भगवान् [illegible] इन्द्रिय मन, बुद्धि अहंकार [illegible] का प्रभाव नहीं [illegible] विशेष से [illegible] कारण, [illegible] जिसका प्रतिष्ठा [illegible] सहज सुख

है। सूर्य बादलों से छिप जाय या पृथक् हो जाय उसकी स्वच्छता सदा निर्विशेष है—

"समाहितैः क्व करजैर्गुणात्मभिर्गुणो भवेन्मत्सुविविक्तधामनः।
विक्षिप्यमाणैरुत किं नु दूषणं घनैरुपेतैर्विगतै रवेः किम्॥"

जो विवेकी विज्ञान चक्षु से दृक्-दृश्य, चितिचैत्य, सम-विषम, पुरुष एवं प्रकृति का सम्यक् साक्षात्कार करके भूतों की अविद्या लक्षण प्रकृति का अभावापादन या बाध जानते हैं, वे परस्वरूप में प्रतिष्ठित होकर सदा के लिए कृतकृत्य हो जाते हैं। जिस समय विद्वान पुरुष देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, अहंकार एवं शब्दादि विषयरूप में परिणत गुणों को ही कर्त्ता समझने लगता है, और अन्तरात्मा को असंग, अनन्त तथा गुणों के प्रकाश, प्रवृत्ति, मोह आदि सभी विकारों एवं हलचलों का भासक साक्षीरूप से देखने लगता है उस समय वह अवश्य ही सर्व उपद्रवों से मुक्त होकर भगवद्भाव को प्राप्त हो जाता है। वास्तव में इतना ही सारभूत ज्ञान है। समस्त दृश्य अनात्मा ही कर्तृत्व भोक्तृत्व आदि अनर्थों की जड़ एवं आश्रय हैं। अन्तरात्मा इनसे पृथक्, असंग, अनन्त और इन सबका भासक है। जैसे दर्पण में आकाश, बादल, बिजली, नक्षत्र, चन्द्र, सूर्य, वन, पर्वत, नगर आदि सभी का प्रतिबिम्ब प्रतीत होता है, उसी तरह कूटस्थ, असंग, अनन्त, निर्विकार, चिदात्मा में सर्वानर्थ परिप्लुत समस्त विश्व कल्पित है। जैसे शुद्ध दर्पण पर दृष्टि रखकर प्रतिबिम्ब-दृष्टि मिटायी जाती है, उसी तरह शुद्ध भान पर दृष्टि रखकर दृश्य मिटाया जा सकता है।

कर्त्ता-भोक्ता, सुखी-दुःखी, मन्ता, विज्ञाता, [illegible] गन्ता इन सभी भावों में निर्विकार अनन्त [illegible] अनुस्यूत है। सर्वानुगत अखण्ड बोध या [illegible] परम तत्त्व है उसमें ही सर्व दृश्य का लय [illegible] निर्दृश्य निर्विकल्प उस नित्यबोध का [illegible] परमात्मदर्शन है।

नान्यं गुणेभ्यः कर्तारं यदा द्रष्टानुपश्यति।
गुणेभ्यश्च परं वेत्ति मद्भावं सोऽधिगच्छति॥

सांख्य-मतानुसार तो प्रकृति-पुरुष दोनों [illegible] सत्य हैं इसी लिए उनका विवेचन हो जाने पर [illegible] दोनों ही बने रहते हैं। इसीलिए उनके [illegible] विषमता का आत्यन्तिक अभाव नहीं होता। [illegible] वेदान्त-मतानुसार तो पुरुष-प्रकृति का [illegible] सत्यानृत का संमिलन ये मिथुनीभाव है। अ[illegible] तो जैसे रज्जुसर्प का विवेचन होने से स[illegible] जाता है, वैसे ही सत्य पुरुष, अनृत प्रकृति [illegible] विवेचन होने पर प्रकृति मिट जाती है। फिर [illegible] की मूलभूत विषमता की जड़ ही कट [illegible] तन्मूलक वैर, वैमनस्य, ईर्ष्या आदि का अत्य[illegible] अभाव हो जाता है—"भूतप्रकृतिमोक्षं च ये वि[illegible]न्ति ते परम्।" समस्त विश्व के प्राणी एक ही [illegible] हैं या एक ही सर्वान्तरात्मा भगवान के सब [illegible] अंश हैं, ऐसी बुद्धि होने पर समस्त विश्व में [illegible] एवं बन्धुभाव की प्रतिष्ठा होती है। तभी सा[illegible] के द्वन्द्व मिट सकते हैं। बिना इन भावनाओं [illegible] विस्तार हुए स्थायी शान्ति असम्भव है।

'सिद्धान्त से उ[illegible]

सर्वमात्मनि संपश्येत्सच्चासच्च समाहितः।
सर्वं ह्यात्मनि संपश्यन्नाधर्मे कुरुते मनः॥ (मनु)

सब कुछ [illegible] [illegible] लेता है वह अधर्म की ओर मन नहीं लगाता। [illegible] और [illegible] ना अपने में है सब तो अपने ही हैं, जिनसे वैर [illegible] और सब [illegible] किसको दुःख दे? कोई दूसरा अपने से अलग हो [illegible] और पहिचान [illegible] सब कुछ पहिचान ना उसको दुःख दे उससे कुछ छीनकर अपना [illegible]

स्वामी राम का पत्र

(गुरु भक्त धन्नारामजी के नाम)

ब्रह्मपुरी, हृषिकेश,
३० अगस्त, १८९८

ॐ महाराज सच्चिदानंद स्वरूप, सर्व शक्तिमान, नित्य, अनंत, परमानंद, विभु, अनिर्वाच्य जी !

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

अर्थः—पूर्ण वह है, पूर्ण यह है, पूर्ण से पूर्ण निकाल लिया जाय, पूर्ण का पूर्ण लिया जाय, तो पूर्ण बाक़ी रह जाता है ।

क्या हम अकेले हैं ?

तनहास्तम तनहास्तम दर बहरो-बर यक्तास्तम ।
जुज़ मन न बाशद हेच शै मन आस्तम मन मास्तम ॥

भावार्थः—मैं अकेला हूँ, मैं अकेला हूँ, पृथ्वी और समुद्र में भी अद्वितीय हूँ । मेरे से अतिरिक्त अन्य कोई वस्तु है नहीं । मैं ही भूमि हूँ, मैं ही जल हूँ ।

कोई विद्यार्थी साथ नहीं, नौकर पास नहीं, गाँव बहुत दूर है । आदमी का नाम काफ़ूर है । अरण्य है, सुनसान है; तारों-भरी रात है, आधी इधर, आधी उधर है, पर क्या हम अकेले हैं ?

अकेली हमारी बला ! अभी वर्षा लौंडी स्नान करा कर गयी है । हवा बाँदी चारों ओर दौड़ रही है । वह किसी रफ़ीक़ ने कुओं में से आवाज़ दी "हाज़िर जनाब" (मालूम होता है सियार है अथवा हाथी की चिंघाड़ है । [illegible] झाड़ियों में दबे बैठे हैं [illegible]

हम अकेले क्यों ?

पर हाँ, हम अकेले हैं [illegible] [illegible] हैं, हम ही हैं; पवन नहीं, हम ही हैं; गंगा कहाँ ? हम हैं; यह चाँद नहीं, हम हैं; ख़ुदा (ईश्वर) नहीं, हम हैं; प्रियवर कौन ? हम हैं; मिलाप क्या ? हम हैं । अरे 'अकेले' का शब्द भी हमसे भाग गया ।

ईं नारह-ओ-ईं नारहज़नो, नीज़ ईं सहरा ।
अशजारो कोहसारो शबो-रोज़ो-नगारा ॥
ईं मारो-फ़िराक़ वस्लो दमे-हिज्राँ ।
बाद अञ्जुमो गंगा-जलो-अबरो-महे-ताबाँ ॥
काग़ज़ क़लम् चश्मत व मज़मून तो ख़ुद जाँ ।
ईं जुमल्गी रामस्त मरा दाँ मरा दाँ ॥

भावार्थः—यह गरज, यह गरजने वाला, और यह अरण्य, वृक्ष, पर्वत, रात, दिन, प्यारा, मिलाप और विरह का समय, वायु, तारे, गंगाजल, बादल और चमकता हुआ चाँद, काग़ज़, लेखनी और मेरे नेत्र, विषय और ऐ प्यारे ! तू स्वयं, सब के सब राम हैं, ऐसा मुझको तू समझ, ऐसा मुझको तू समझ ।

हमारा पता पूछो, तो यह है ।

निशानम बेनिशाँ मी दाँ । मकानम दर दिलत मी ख़्वाँ ।
जहाँ दर दीदह-अम पिन्हाँ । मरा जोयन्द गुमराहाँ ।

भावार्थः—मेरा निशान बे निशान समझ । मेरा स्थान अपने हृदय में देख। जगत् मेरी दृष्टि में छिपा है। मुझको गुमराह लोग (अपने से बाहर) ढूँढ़ते हैं ।

क्या हम बेकार हैं ?

मन का काम मनोहर जगत् में त्याग्य ([illegible] आनन्द को नहीं हृदय में से [illegible] अनेक नाम रूप हैं । विष्णु के [illegible] हुआ कि मना न मरा । [illegible] के [illegible]) में चरणों द्वारा

गंगा-जल बन कर सत्वगुण वह निकला। ठीक उसी प्रकार से इस समय,

नारा (जल या सत्वगुण) में शयन करने वाला नारायण,
तीर्थ (जल रूप सत्वगुणी) में रमण करने वाला,
तीर्थों को रमणीय (शोभावाला) बनाने वाला,
तीर्थ राम नारायण

सत्वगुण या आनन्द से भरपूर हो रहा है। उसका ब्रह्मानन्द समेटे से समिटता नहीं। परमानंद सी सरिता या स्रोत बनकर यह तीर्थ राम साक्षात् विष्णु, पूर्णानन्द की धारा (नदी) जगत् को कृतार्थ करने के लिये भेज रहा है। खुशहाली (प्रसन्नता) और फ़ारगुलबाली (विश्रामता) की प्रभात वायु संसार को भेज रहा है। कौन कहता है, वह बेकार (निष्कर्मी) बैठा है ? मैं सच कहता हूँ, इस तीर्थ-राम के दर्शनों से कल्याण होता है, यह गंगा है, यह तुर्या राम है, वह राम है।

धन्य भूमि धन्य काल देश वह।
धन्य माता, धन्य कुल, धन्य समर्थी॥
धन्य धन्य लोचन कर रहे दरस जो।
राम तिहारो सर्वज्ञ समर्थी॥

मेरी

बाँकी अदायें देखो! चाँद सा मुखड़ा पेखो॥
वायु में, बहते जल में, बादल में मेरी लटें।
तारों में, नाचनी में, मोरों में मेरी मटकें॥
चलना ठुमक-ठुमक कर, बादल का रूप धर कर।
घूँघट अबर उलट कर, हँसना यह बिजली बनकर॥
शबनम गुल और सूरज, चाकर हैं तेरे पद के।
यह आन बान सज धज, ऐ राम! तेरे मटके॥

जगत सारा वार डारूँ, राम तेरे नाम पर।
इन्द्र ब्रह्मा वार डारूँ, राम! तेरे ध्यान पर॥

मैं कैसा खूबसूरत हूँ! मेरी सूरत, मेरी मोहनी मूरत, मेरी झलक, मेरा हुस्न (सौन्दर्य), मेरा जमाल (शोभा), इसको मेरी आँख के अतिरिक्त किसी और को देखने की ताब (शक्ति) नहीं हो सकती।

आज कल लक्ष्मण झूले से परे गंगा-तट पर्वतों में निवास है। गंगा क्या है विराट् परमात्मा का हृदय। परमात्मा के हृदय या परमात्मा का आत्मा बनकर विश्राम करता हूँ।

पावस-प्रसंग

[कविवर श्रीकृष्णवदन सिंह "सुमन", आजमगढ़ी]

लोप भई लपटैं, निदाघ की दोहाई गई,
बिछि गये हरित बिछौने उपवन में।
धूरि उड़ती थी जहाँ, अंकुर उगे हैं वहीं,
करने किलोल केकी लागत में, बन में॥
कलिकायें बूँदन के भार झुकि झुकि जा रहीं,
[illegible]
[illegible]
[illegible]

पुकार

[रचयिता—जगमोहन मिश्र एम॰ ए॰]

धेनु सबै निधि दीन भई,
अब आइ गुपाल इन्हें अपनाओ।
नग्न भई, यह जानि दयानिधि,
चीर बढ़ाइ सुलाज बचाओ॥
दीन किसान बिहाल परो,
करुनाकर नीर सुधा बरसाओ।
सागर में छिन जाय दुरे,
घनश्याम उगा सुगचद दिखाओ॥

संस्कार

(ले०—श्री गोपाल शास्त्री)

सम् उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से घञ् प्रत्यय करने से संस्कार शब्द बनता है। जिसका अर्थ होता है किसी वस्तु को विशेष प्रकार द्वारा सामान्यावस्था से उन्नतावस्था पर पहुँचा देने वाला कर्म।

यह संस्कार प्रत्येक धर्म तथा सम्प्रदाय में किसी न किसी स्वरूप में पाया जाता है। प्रत्येक समाज में यह एक प्रकार का उत्सव माना जाता है। सामान्यतः इसके तीन उद्देश्य बताये जाते हैं।

प्रथम—संस्कार जीवों को अपने कोशों को पवित्र कर उसे उन्नत बनाने का अवसर देता है।

द्वितीय—संस्कार देवताओं और ऋषियों के अनुग्रह द्वारा ज्ञान वृद्धि में सहायता पहुँचाता है।

तृतीय—संस्कार संस्कृत व्यक्ति की मानसिक शक्ति तथा उसके आचार व्यवहार को शुद्ध पवित्र करता है। जिससे उसे अध्ययनादि कृत्यों में बड़ी सुविधाएँ मिलती हैं।

संस्कार एक ऐसी वस्तु है कि यह कर्म जिसी वस्तु में लगता है उसके गुण, परिमाण, आदर, अवस्था, पद कहाँ तक कहा जाय संस्कार किये जाने वाले पदार्थ के सभी गुणों को देदीप्यमान कर उसकी अवस्था को सब प्रकार से उन्नत कर देता है।

सोना जिस समय खान से निकाला जाता है उस समय उसे सोना कहने को कोई भी साधारण व्यक्ति उद्यत नहीं हो सकता, पर वही जब चतुर शिल्पियों के द्वारा संस्कार युक्त हो जाता है तो उसे सभी ले [illegible] और अपने [illegible] साथ अपने गले के [illegible] नाना तरह के उपयोगी भूषण [illegible]

दूर जाने की आवश्यकता नहीं है, [illegible] धातुओं में छोटा है पर शिल्पी गण जब [illegible] संस्कार करके वीणा, सितार प्रभृति बाजों [illegible] तैयार कर देता है तब उसके मूल्य का [illegible] नहीं रह जाता। जितना मँहगा चाहो [illegible] बेच सकते हो। इसी प्रकार सभी पदार्थ [illegible] द्वारा उज्ज्वल, तथा उन्नत हो जाते हैं। मूर्तियें [illegible] वस्तु हैं? चतुर शिल्पी द्वारा जिसका विशेष प्रकार [illegible] संस्कार कर दिया गया है। ऐसा पत्थर ही तो [illegible]

यज्ञ भस्म क्या वस्तु है? चतुर चिकित्स[illegible] एक विशेष प्रकार से संस्कार किया गया वही [illegible] सोना, अवरख आदि धातुएँ ही तो हैं। [illegible] तसवीर को देखकर आप बिलकुल मुग्ध हो जाते [illegible] सो क्यों? क्योंकि एक प्रवीण स्थपति ([illegible] द्वारा मनोयोग के साथ उसका एक विशेष प्रकार [illegible] संस्कार ही तो हुआ है जो आपकी सभी इ[illegible] को एक बार वशीभूत कर लेता है।

इसी प्रकार मनुष्य मात्र के लिये संस्कार बड़ा ही उपयोगी साधन है। जिसके द्वारा [illegible] समाज अपनी आभ्यान्तरिक अवस्थाओं के [illegible] साथ साथ मानसिक, वाचनिक, शारीरिक सभी [illegible] को दूर करता हुआ कारण शरीर, सूक्ष्म शरीर [illegible] स्थूल शरीर की सर्वविधि उन्नति कर सकता है। पुरुषकार रूपी संस्कारों का सदुपयोग सुचारु [illegible] किया जाय तो प्रारब्ध कर्म भी बदल दिया जा [illegible] है। वाग्भट ने साफ साफ कहा है कि पुंसवन [illegible] तभी तक हो जाना चाहिए जब तक गर्भस्थ [illegible]

गर्भे पुंसवनान्यत्र पूर्वं व्यक्तेः प्रयोजयेत्।
बली पुरुषकारो हि दैवमप्यतिवर्तते।
(वाग्भट शारीरस्थान अ० १ श्लो० [illegible])

संस्क्रियन्तेऽनेनेति संस्कारः। सम् + कृ + घञ्।

इस भौतिक संसार से पृथक् एक दूसरे जगत की सत्ता का तत्व निहित है।

किन्तु यह मान लेने का कोई कारण नहीं है कि वह आन्तरिक प्रेरक शक्ति जो मनुष्य को ईश्वर की ओर प्रवृत्त करती है, अन्य जीवनोपयोगी स्वाभाविक प्रवृत्तियों से पृथक् कोई एक विशेष प्रवृत्ति है। जैसा कि ऊपर दिखाया गया है, अपनी मानसिक कार्यकारिणी शक्तियों के विकास के पूर्व की [illegible] अवस्था में, मनुष्य ने संसार के [illegible] धार्मिक वृत्ति का परिचय दिया, वह उन्हीं [illegible] की प्रबल प्रेरणा से उत्पन्न हुई थी, जो भय, [illegible] और श्रद्धा की साधारण प्रवृत्तियों में पाई जाती [illegible]

कलियुग की ठीक आयु

(ले०—श्री राजनारायण जी बट शास्त्री, ज्योतिष भूषण)

(गतांक से आगे)

श्रीमद्भगवद्गीता महापुराण

चत्वारि त्रीणि द्वे चैकं कृतादिषु यथा क्रमम्।
संख्या तानि सहस्राणि द्विगुणानि शतानि च॥
(३-११-१९)

अर्थ—४-३-२-१ को क्रम से सत्ययुगादि जानो। उनकी संख्या हज़ारों और सैकड़ों के साथ दुगना करने से होती है। यहाँ भी वही बात है कि—

४ पाद अथवा चरण धर्म वाला सत्ययुग १२०० वर्षों का, ३ पाद धर्म वाला त्रेता २४०० का, २ पाद धर्म वाला द्वापर ३६०० का, और १ पाद व चरण धर्म वाला कलियुग ४८०० वर्षों का है।

संध्या संध्यांशयोरन्तरेणयः कालः शत संख्ययोः।
तमे वाहुर्युगं तत्वायत्र धर्मो विधीयते॥२०॥

अर्थ—१०० की संख्या वाले काल संध्या और संध्यांश के बीच को युग कहते हैं उसमें विशेष धर्म होता है।

धर्मश्चतुष्पान्मनुजान्कृते समनुवर्तते।
स एवान्येष्वधर्मेण व्येतिपादेन वर्धता॥२१॥

अर्थ—धर्म के चार पाद अथवा चरण सत्ययुग में मनुष्यों के होते हैं फिर अन्ययुगों में एक एक पाद का धर्म घटता जाता है।

इस श्लोक ने "मनुजान" शब्द ने स्पष्टरूपेण बता दिया है कि चारों युग मनुष्यों के होते हैं देवताओं के नहीं होते और यह भी बता दिया है कि [illegible] यह धर्म के पाद (चरण) युगानुसार है [illegible] नहीं हैं। देवताओं का केवल दिन और युग [illegible] चार युग नहीं होते यदि ऐसा मान लिया [illegible] देव लोक में कलियुग भी होता होगा उसमें बड़े पाप भी होते होंगे और इसी प्रकार दे[illegible] हर युग में एक एक पाद धर्म घटता भी हो[illegible] ऐसा नहीं है। देव लोक में लेशमात्र भी पाप [illegible] और इसके अतिरिक्त सूर्य की गति ही [illegible] उससे मनुष्य लोक में तो ४ युग बनते हैं [illegible] लोक में बन ही नहीं सकते।

(धर्म के ४ पाद या चरण)

कृते प्रवर्तते धर्मश्चतुष्पात[illegible]
सत्यं दया तपो दानमिति पादा [illegible]

अर्थ—सत्ययुग में मनुष्यों का [illegible] होता है सत्य, दया, तप, दान यह धर्म के [illegible] या चरण हैं।

इस श्लोक में भी मनुष्यों का वर्णन [illegible] कि देवताओं का, मतलब यह है कि सत्य [illegible] दान पूर्ण चार पाद धर्म सत्ययुग में होत[illegible] युग में एक पाद धर्म अर्थात सत्य घट के [illegible] दान रह जाता है। द्वापर में दो पाद धर्म [illegible] दान रहते हैं और कलियुग में केवल दान

सांख्य और योग

(ले०—श्री आर० एम० नारायण स्वामी)

सांख्य शब्द के अर्थ श्री शंकराचार्य ने तो परमार्थ वस्तु का विवेक अर्थात् परोक्ष ज्ञान किया है और श्री रामानुज ने सांख्य के अर्थ बुद्धि करके उससे जानने योग्य जो आत्मतत्त्व है उसको सांख्य शब्द का अर्थ लिया है। पर संस्कृत कोष के अनुसार "संख्यया निर्वृत्तं अण्" जो संख्या से सम्बन्ध रखने, अर्थात् जो गिनती में आवे, वह सांख्य है। और अभिप्राय रूप से "सांख्यायन्ते ज्ञातव्य विषया येन तत् सांख्य" जिस द्वारा जानने योग्य विषयों का संख्यावार वर्णन किया जाय उसका नाम सांख्य है। इस प्रकार श्री शंकराचार्य के अनुसार सांख्य नाम आत्मविवेक (परोक्षज्ञान, Speculative abstract thought or theoretical knowledge of the self) का है, और उस विवेकानुसार कर्म में युक्त होना अर्थात् उस विवेक को आचरण में लाना (The practical process of the application of such abstract thought to actual life, or of turning the theory into practice, अर्थात् परोक्षज्ञान को प्रत्यक्ष करने की विधि वा उपाय) योग है। इस रीति से ये दोनों शब्द (सांख्य और योग) एक ही सिक्के (ज्ञान) के दो (पूर्वापर) भाग अर्थात् रुख या पहलू हैं। इसीलिए गीता के पाँचवे अध्याय के श्लोक ४ में भगवान् ने स्पष्ट कहा है कि "सांख्य और योग को पृथक् पृथक् बालक कहते हैं, न कि पण्डित [illegible] इन दोनों में से एक में भी पूर्ण स्थित हुआ पुरुष दोनों के फल को पा लेता है। [illegible] इनमें से एक में पूर्ण स्थित होना [illegible] [illegible] स्थित होना है क्योंकि यह एक [illegible] [illegible] [illegible] उसके साथ [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] हुए, एक भी इनमें से पूर्णता को प्राप्त नहीं हो सका। और यह स्पष्ट है कि जब एक वस्तु के दो अङ्ग हैं और उन दोनों अंगों से वस्तु की पूर्णता हो, तो एक अंग को पूर्णरूप से पकड़ने का आशय दोनों अंगों को बारी बारी पकड़ने का होता है, या एक अंग के पूर्ण रूप से पकड़ने से दूसरा अङ्ग स्वतः पकड़ा जाता है, क्योंकि दूसरा अङ्ग वास्तव में प्रथम अङ्ग से अलग नहीं है, बल्कि दोनों की स्थिति से वह वस्तु पूर्ण रूप से स्थित है। इसीलिए [illegible] एक में भी पूर्ण स्थित होने से दोनों के फल को पा लेता है। और यह सांख्य और योग एक [illegible] (ज्ञान अर्थात् आत्मसाक्षात्कार रूप फल) के दो अङ्ग अर्थात् उपाय (Theoretical [illegible] practical process of the self-realisation) हैं। इनमें से एक में भी पूर्ण स्थिति दूसरे में [illegible] स्थिति करा देती है क्योंकि बिना दोनों में स्थिति पूर्ण स्थिति एक अङ्ग (उपाय) की भी हो [illegible] सकती। इसीलिए एक अङ्ग में पूर्ण स्थिति [illegible] सम्पूर्ण वस्तु (आत्म साक्षात्कार) की प्राप्ति [illegible] वाली कही गई है।

योग—योग शब्द 'युज्' धातु से बना [illegible] जिसका अर्थ 'जोड़, मेल, मिलाप, युक्त होना, [illegible] इत्यादि होता है, और ऐसी स्थिति की प्राप्ति [illegible] 'उपाय, साधन, या कर्म' को भी योग कहते [illegible] पातञ्जल सूत्र 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' के अनुसार [illegible] शब्द का अर्थ चित्तवृत्ति का निरोध अथवा [illegible] है जिससे रूढार्थ इस शब्द का आशय [illegible] प्राणायाम आदिक साधनों से चित्तवृत्तियों का [illegible] का निरोध करना' है। और 'योग क्षेम' [illegible] योग शब्द का अर्थ 'अप्राप्त वस्तु को प्राप्त [illegible]

भूल स्वीकार

(लेखक—श्री सन्तराम बी॰ ए॰)

अमेरिका में डेलकारनेगी नाम के एक सज्जन लोगों को मित्र बनाने और जनता को प्रभावित करने की कला के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने इस विषय पर कई उत्तम ग्रन्थ भी लिखे हैं। दूसरे लोगों को अपने विचार का बनाना एक गुर वे यह बताते हैं कि, यदि हम गलती पर हों, तो हमें अपनी गलती को मान लेना चाहिये। इससे दूसरा व्यक्ति शस्त्र डाल देता है। वे अपने जीवन की एक घटना इस प्रकार लिखते हैं,—

"यद्यपि मैं न्यूयार्क के औद्योगिक केन्द्र में रहता हूँ, तो भी मेरे घर से मिनट की दूरी पर जंगली लकड़ी का एक छोटा सा नैसर्गिक वन है, जहाँ वसन्त ऋतु में ब्लैकबेरी के सफेद फूलों का वितान तन जाता है, जहाँ गिलहरियाँ घोंसले बनाकर बच्चे पालती हैं और जहाँ घोड़ा-घास घोड़े के सिर के बराबर लम्बी उगती है। यह प्राकृतिक वनभूमि फॉरिस्टपार्क कहलाती है। मैं बहुधा अपने कुत्ते रेक्स के साथ इस पार्क में घूमने जाया करता हूँ। रेक्स एक स्नेही और निर्दोष कुत्ता है पार्क में हमें क्वचित् ही कोई मनुष्य मिलता है। इसलिये मैं रेक्स के गले में न तसमा बाँधता हूँ और न मुँह पर

एक दिन हमें पा

मिला। उसे अपना

हु ने मुझे

। को

नून

नहीं समझते थे! आप नहीं समझते थे! आप क्या समझते हैं, क़ानून को इसकी रत्ती भर भी परवा नहीं हो सकती है कि यह कुत्ता किसी गिलहरी को मार डाले अथवा किसी बच्चे को काट खावे। अब इस बार तो मैं आपको छोड़ देता हूँ परन्तु यदि मैंने फिर कभी इस कुत्ते को यहाँ बिना तसमे और मुसके के देख लिया तो आपको जज के सामने पेश होना पड़ेगा।"

मैंने विनीत भाव से उनकी आज्ञा का पालन करने का वचन दिया और मैंने आज्ञा-पालन किया—थोड़ी बार। परन्तु रेक्स मुसके को पसन्द नहीं करता था। और न मैं करता था। इसलिये हमने अवसर देखने का निश्चय किया। कुछ समय तक प्रत्येक बात मनोहर थी; परन्तु हम फिर पकड़े गये। एक दिन तीसरे पहर रेक्स और मैं एक पर्वत के माथे पर दौड़ रहे थे। वहाँ सहसा क़ानून की विभूति कुम्मैत घोड़े पर सवार देख पड़ा। रेक्स मेरे आगे आगे सीधा पुलिस अफसर के पीछे दौड़ा जा रहा था, इससे मुझे बड़ी व्याकुलता हुई।

मैं इसमें फँसता था, यह बात मुझे मालूम थी। इसलिए मैंने पुलिसमैन के बात आरम्भ करने की की। मैंने आप ही पहल कर दी। मैंने

सर महोदय, आपने मुझे अपराध करते

मैं अपराधी हूँ। मेरे पास अपराध

होने का कोई उज्र

नहीं सप्ताह मुझे चेतावनी दी

बिना मुसका लगाये

तो जुर्माना हो जायगा।"

धर्म का मूल दुःख में छिपा है।

[ले०—श्री जयभगवान जैन बी० ए०, एल एल० बी०, वकील]

जीवनकी दो मूल अनुभूति—

शैशव कालमे जीवन उज्ज्वल, अद्भुत, विस्मयकारी लीलामय दिखाई देता है और जगत आनंद की रङ्गभूमि। यहाँ की हरएक चीज सुन्दर, सौम्य और आकर्षक प्रतीत होती है। जी चाहता है कि यहां हिलमिल कर बैठें, हँस-हँस कर खेलें, रोक-टोक से लड़ें और छलक-छलक कर उड़ जायें।

परन्तु ज्यों-ज्यों जीवन की गति प्रौढ़ताकी ओर बढ़ती है, यह रङ्गभूमि और इसकी ललाम लीला डरावनी और घिनावनी मूर्ति धारण करती चली जाती है। पद-पद पर भान होने लगता है—जीवन दुःखमय है*, जगत निष्ठुर और क्रूर है, यहाँ मनका चाहा कुछ भी नहीं, सर्व ओर पराधीनता है, बहुत परिश्रम करने पर भी इष्टकी प्राप्ति नहीं और बहुत रोक थाम करने पर भी अनिष्टकी उपस्थिति अनिवार्य है।

यह जगत निस्सार है, केवल तृष्णाका हुंकार है। उसीसे उन्मत्त हुआ जीवन अगणित बाधा, अमित वेदना, असंख्यात आघात-प्रघात सहता हुआ संसार-वनमें घूम रहा है, परन्तु यहां सन्तुष्टि का, सुख शान्ति का कहीं पता नहीं। यही अपूर्णता, यही तृष्णा, यही वेदना हरदम बनी है। यह लोक-तृष्णा पूर्तिका स्थान नहीं, यह निर्दयी मरीचिका है। यह दूर दूर रहने वाला है। यह नितान्त अमाप्य है। यह झूठी आशाके पाशों से बांध बांध कर जीवन को मृत्यु के घाट उतारता रहता है।

यह जगत मन्यु ... नाम ... मय और क्रन्दन और चीत्कार है। लोक निरन्तर कालमुख में ... चला जा रहा है। भूमण्डल अस्थिपञ्जर से ढका ... पर, रुण्डमुण्ड पहिने हुए कालका अट्टहास ... बना है। यहां जीवन नितान्त अशरण है†।

यहाँ कोई चीज स्थायी नहीं, जो आज ... वह कल नहीं, अंकुर उदय होता है, बढ़ता है, पुष्पसे सजता है, हँसता है, ऊपरको ... परन्तु अन्त में धराशायी हो जाता है। यहां ... रोग बसा है, यौवनमें जरा रहती है, शरीरमें ... वास है। यहां की सभी वस्तुएँ भयमे दबी हैं ...

प्रौढ़ अनुभूति और धर्म मार्ग—

यह है प्रौढ़ अनुभूति जो मानव ... धर्म-मार्ग की आविष्कारक हुई है*। कोई ... नहीं, कोई देश ऐसा नहीं जहाँ इस प्रौढ़ अ... का उदय न हुआ हो और इसके साथ साथ ... के अलौकिक आदर्श और तत्प्राप्ति के ... मार्गका जन्म न हुआ हो। वैदिक ऋषि... अनुभूति वैदिक साहित्योक्त यम, मृत्यु व ... विवरण में छिपी है†। असुर लोगोंकी यह ... प्रचण्ड, भीषण, रुद्र, और नाग सभ्यताके ... तक पहुँची है। लिंगायत लोगोंमें यह ... और शिवके ताण्डव नृत्यमें अङ्कित है ... बंगाल देशके तान्त्रिक लोगोंमें काली ...

---

* मज्झिमनिकाय—... सुत्त

† "यदिदं सर्वं मृत्युना ... सर्वं मृत्युना ...'

—वृह० ३० ... १ ३

* द्वादशानुप्रेक्षा ॥८॥ धम्मपद २०. १९

भर्तृहरि—वैराग्यशतक ॥३५॥

... —Rigvedic Culture 19..

* अथर्ववेद १९.५३, १९.५४; ऋग्वेद १०...

R... ...larker Vaisnavas ... &

... pages 145 151.

धर्म शब्द 'धृ' धातु से निकला माना जाता है जिसके अर्थ 'धारण करना' व 'धारण होना' है; इसलिए जिन नियमों के आधार पर सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति और वृद्धि धृत अर्थात् धारण की हुई या निर्भर है, अथवा जिन नियमों के आधार पर प्राण की स्थिति या उन्नति निर्भर है, अथवा जिन नियमों या मार्ग को प्राणी ने अपनी वास्तविक उन्नति या सुख के लिए धारण किया हुआ है, उन्हें धर्म कहा जाता है। परन्तु नित्य-व्यवहार में 'धर्म' शब्द का प्रयोग प्रायः पारलौकिक सुख के मार्ग के अर्थ में ही किया जाता है। जब किसी से पूछा जाता है कि "तुम्हारा धर्म क्या है", तब हमारे पूछने का उससे यही हेतु होता है कि तुम अपने पारलौकिक सुख अथवा कल्याण के लिये किस मार्ग (वैदिक, बौद्ध, जैन, ईसाई, मूसाई, मुहम्मदी, या पारसी इत्यादि) से चलते हो। और वह उत्तर भी फिर हमारे प्रश्न के अनुसार ही देता है। और स्वर्ग-प्राप्ति के साधन भूत यज्ञ-याग आदि वैदिक विषयों की मीमांसा करते समय "अथातो धर्म जिज्ञासा" आदि सूत्रों में जो धर्म शब्द आया है, उससे तात्पर्य भी यही है कि जिस विधि या मार्ग पर चलने से स्वर्ग की प्राप्ति हो सकती है जिसकी अब जिज्ञासा करनी चाहिए। ऐसे ही कैवल्य मुक्ति की प्राप्ति का साधन भूत जो ब्रह्म साक्षात्कार रूप मार्ग है उसकी मीमांसा करते समय "अथातो धर्म जिज्ञासा" आदि वेदान्त सूत्रों में जो 'ब्रह्म शब्द आया है, उससे तात्पर्य धर्म शब्द ही है, अर्थात् वह (ब्रह्म साक्षात्कार रूप) मार्ग जिस पर कि कैवल्य मुक्ति नितान्त निर्भर है उसकी अब जिज्ञासा करनी चाहिए। परन्तु धर्म शब्द का इतना ही संकुचित अर्थ नहीं है। इसके अतिरिक्त राज-धर्म प्रजा-धर्म देश-धर्म जाति-धर्म कुल-धर्म, मित्र-धर्म, इत्यादि सांसारिक नीति- को भी 'धर्म' कहते हैं। धर्म शब्द के उक्त दो या अभिप्रायों को जब पृथक् पृथक् करके दि होता है तो पारलौकिक अर्थात् मोक्ष मार्ग के ध 'मोक्ष धर्म' अथवा केवल 'मोक्ष' और व्याव अर्थात् लौकिक मार्ग के धर्म या नीति को केवल कहा करते हैं। उदाहरणार्थ चतुर्विध पुरुषार्थ गणना करते समय 'धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष' के जाता है। इसके पहले शब्द 'धर्म' में ही यदि का समावेश हो जाता तो अन्त में मोक्ष को पुरुषार्थ बतलाने की आवश्यकता न रहती। इ कहना पड़ता है कि धर्म शब्द से प्रायः स्वर्गी लौकिक सुख का मार्ग, अथवा व्यावहारिक सांसारिक नीति-धर्म ही शास्त्रकारों को अ है। इन्हीं को आज कल प्रायः कर्तव्य, कर्म, नीति-धर्म अथवा सदाचार आदि नाम दिया जा परन्तु प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में 'नीति' अथवा शास्त्र' शब्दों का उपयोग केवल राजनीति ही के किया गया है, इसलिए उस समय में लोग कर्म अथवा सदाचार के सामान्य विवेचन को प्रवचन' न कह कर 'धर्म प्रवचन' कहा करते थे 'नीति' और 'धर्म' दो शब्दों का यह पारिभाषि सभी संस्कृत ग्रन्थों में नहीं माना गया है, इ गीता में 'नीति', 'कर्तव्य' और 'धर्म' शब्द उपयोग प्रायः एक ही अर्थ में किया गया है। जिस स्थान पर तत्त्व विवेक अर्थात् मोक्ष का किया गया है, वहाँ गीता में भगवान ने उस का नाम सांख्य या अध्यात्म-शास्त्र या अध्यात्म रक्खा है। महाभारत में धर्म शब्द अनेक स्थ आया है और जिस स्थान में कहा गया

[illegible] है, तथापि जो हमारा परम [illegible] स्थान वा मोक्ष है उस पर भी हमारी [illegible] रही है। समाज धारण को लीजिए, [illegible] (धर्म के बाह्योपयोगी) तत्त्व हमारे आत्म- [illegible] में बाधा डालें, तो हमें इनकी [illegible] नहीं। इसलिये जो कर्म (चाहे उनसे समाज [illegible], पोषण और हित ही होता हो पर) [illegible] हानि वा अधोगति कर रहा हो, वह [illegible] वास्तव में अधर्म रूप वा पाप रूप [illegible] नहीं। और जो कर्म हमारी आध्यात्मिक [illegible] अनुकूल हो (चाहे उससे समाज का पालन, [illegible] हित न हो तो भी) वह कर्म हमारे वास्ते [illegible] धर्म रूप वा पुण्य रूप ही है, अधर्म रूप [illegible] नहीं। मूल तत्त्व इस उक्त विचार से यह [illegible] कि जो कर्म अपने कर्ता की आध्यात्मिकोन्नति [illegible] वा सर्व भूत हित कर रहा हो, [illegible] धर्म रूप वा शुभ कर्म है। जो कर्म अपने [illegible] ही आध्यात्मिकोन्नति कर रहा हो, और [illegible] वा सर्व भूत हित चाहे न कर रहा हो, [illegible] धर्म रूप वा शुभ कर्म है, अधर्म रूप वा [illegible] नहीं। और जो कर्म अपने कर्ता की न आध्यात्मिक उन्नति कर रहा हो और न अवनति, केवल समाज का पालन पोषण वा हित ही कर रहा हो वह भी धर्म रूप वा शुभ कर्म कहलाने के योग्य है। पर जिस कर्म से कर्ता की अपनी आध्यात्मिक उन्नति तो नहीं अवनति हो, और जिससे केवल समाज का ही पालन, पोषण वा हित होता हो वह कर्म धर्म रूप वा शुभ कर्म नहीं किन्तु पाप रूप वा अशुभ कर्म है। क्योंकि व्यक्तिगत उन्नति से ही समाज की उन्नति वा स्थिति हो सकती है। जिस समाज के मनुष्यों की आध्यात्मिक उन्नति ही नहीं अर्थात् जो स्वयं गिरे हुए हैं उनकी समाज उन्नति परायण हो ही कैसे सकती है अर्थात् वह समाज स्वयं गिर जाता है। और जिस कर्म से न कर्ता का अपना कल्याण और न समाज का पालन पोषण वा हित हो बल्कि दोनों की हानि होती हो तो वह कर्म घोर पाप रूप वा महा अधर्म रूप ही है। संक्षेप से तात्पर्य यह कि जो कर्म अपने कर्ता के मोक्ष वा आध्यात्मिक उन्नति के अनुकूल हो, वही पुण्य, वही धर्म और वही शुभ कर्म है; और जो उसके प्रतिकूल हो वही पाप, वही अधर्म और वही अशुभ कर्म है। (क्रमशः)

हमारा हिन्दुस्तान

देश हमारा हिन्दुस्तान।
हमको प्यारा प्राण समान॥

मस्तक उच्च हिमांचल,
[illegible] है विन्ध्याचल।
[illegible] समान। देश०॥

[illegible]

मधुर [illegible], [illegible] इसके,
मन को हर न सके हैं किसके?
[illegible]। देश०॥

हिन्दू, मुस्लिम और इसाई,
[illegible] भाई।
सब इसको प्यारा समान। देश०॥

[illegible]

प्रतीत्य समुत्पाद

(ले०—आचार्य नरेन्द्र देव)

(गतांक से आगे)

द्वादशांग का विस्तार

अविद्या—अविद्या क्या है ? दुःख के विषय में अज्ञान, दुःख-समुदय के विषय में अज्ञान, दुःख-निरोध के विषय में अज्ञान और दुःख निरोध-गामिनी प्रतिपत्ति (निरोध-मार्ग) के विषय में अज्ञान (मज्झिम निकाय, १।५४) जितने अकुशल (=अशुभ) धर्म हैं वह सब अविद्यामूलक हैं। (संयुत्त निकाय, २।२६३) इस लोक या परलोक में जितनी दुर्गतियाँ हैं वह सब अविद्यामूलक हैं। अभिधर्म कोश के अनुसार पूर्वजन्मों के क्लेश की जो दशा है वही अविद्या है (पूर्वक्लेशदशाऽविद्या—तृतीय कोशस्थान, २१)। रागादि क्लेश हैं। विद्या का अभाव अविद्या नहीं है किन्तु विद्याविरोधी अन्य धर्म अविद्या है। प्रज्ञा का उपक्लेश ही अविद्या है। अविद्या को संयोजन, अनुशय, आस्रव, ओघ, निवरण आदि में परिगणित किया है। यह अविद्या यथाभूत अर्थ का प्रच्छादक है। इसी अविद्या से आच्छादित पुद्गल (=जीव) पुनर्भव (पुनर्जन्म) के लिये कर्म करता है।

संस्कार—'संस्कृत' (पालि रूप 'संखत') का अभिसंस्कार करने के कारण 'संस्कार' कहलाता है। इन्द्रिय का प्रत्येक विषय 'संस्कृत' है (संयुत निकाय, ३।८७)। संस्कृत के तीन लक्षण हैं—उत्पाद, नाश और स्थित के अन्यथात्व का देखा जाना। संस्कार तीन हैं—काय-संस्कार, वाक्-संस्कार, चित्त-संस्कार। आश्वास-प्रश्वास काय-संस्कार हैं वितर्क और विचार वाक्-संस्कार हैं और संज्ञा, वेदना चित्त-संस्कार हैं। आश्वास-प्रश्वास कायिक धर्म हैं वितर्क और विचार [illegible] का कार्य होता है और संज्ञा-वेदना चैतसिक धर्म हैं। (मज्झिम निकाय ३०१) संस्कार अनित्य हैं। संस्कार पूर्व जन्म कर्म को कहते हैं।

संस्काराः पूर्वकर्मणः—अभिधर्मकोश ३।[illegible]

मध्यमक कारिका की टीका के अनुसार—

कुशलाकुशलानेञ्ज्यादिचेतनाविशेषास्ते संस्काराः। वा कायिका वाचिका मानसाश्चेति।

अविद्या से आवृत जीव कर्मों को करता है इन कर्मों के द्वारा अमुक अमुक गति को होना है।

विज्ञान—विज्ञानकाय ६ हैं—चक्षु विज्ञान, [illegible] घ्राण, जिह्वा, काय, मनो विज्ञान। ([illegible] निकाय २१४).

सत्वों की स्थिति के लिये ४ प्रकार के [illegible] बनाये गये हैं। उनमें एक 'विज्ञान आहार' भी [illegible] यह पुनर्जन्म में हेतु-प्रत्यय बनाया गया है। संसार का बीज है। माता की कुक्षि में (संयुत [illegible] १३), बिम्ब प्रतिबिम्बादि न्याय से विज्ञान सं[illegible] होता है अर्थात् विज्ञान की अवक्रान्ति होती [illegible] विज्ञानहेतु-वश नाम-रूप का प्रादुर्भाव होता है।

अभिधर्म कोश के अनुसार 'सन्धिस्कन्ध विज्ञान' अर्थात् प्रतिसन्धि-क्षण में योनिगत पञ्च[illegible] 'विज्ञान' कहलाते हैं।

नाम-रूप—चार अरूपी स्कन्धों को 'नाम' है (मध्यमक वृत्ति)- वेदना, संज्ञा, संस्कार, वि[illegible] संयुत्त निकाय के अनुसार वेदना, संज्ञा, चे[illegible] स्पर्श मनसिकार नाम' ([illegible]) हैं पञ्च [illegible] षडायतनों की उत्पत्ति के पूर्व नाम-रूप कहलाते

अविद्यादि निर्दिष्ट प्रत्ययों से जो प्रत्यय जिस संस्कारादिक धर्म का उत्पाद करता है वह अन्योन्य विकल्ता होने पर उत्पाद नहीं कर सकता। इसलिये प्रत्यय सामर्ग्रीवश एक साथ समुत्पाद होता है, अलग अलग नहीं।

पटिमुच्चमितो ति युत्तो हेतुसमूहो अयं पटिच्चोति। सहिते उप्पादेति च इति वुत्तो सो समुप्पादो। (विसुद्धिमग्ग, २।५२१)

वसुबन्धु-रचित अभिधर्म कोश के अनुसार अनादि भव-चक्र प्रतीत्य समुत्पाद है। उसके १२ अंग हैं और तीन काण्ड हैं। १२ अंग ऊपर गिनाये जा चुके हैं।

तीन काण्ड इस प्रकार हैं—(१) पूर्वान्त अविद्या-संस्कार; (२) अपरान्त—जाति-जरामरण, (३) मध्य भाग—शेष आठ अंग।

स प्रतीत्य समुत्पादो द्वादशांग त्रिकाण्डक.।
पूर्वापरान्तयोर्द्वे मध्येऽष्टौ परिपूरणात॥
तृतीय कोश स्थान, कारिका २०।

इनमें पूर्वान्त द्वय अतीत विषय, अपरान्त द्वय अनागत विषय और मध्य का अष्टक वर्तमान विषय है। मध्य के दो विभाग भी किये जाते हैं—(३-७) अतीत स्थिति के कार्य और (८-१०) अनागत स्थिति कारण।

१२ अंगों में से अविद्या-तृष्णा-उपादान यह तीन क्लेश, संस्कार-भव 'कर्म' और शेष ७ अर्थात विज्ञान-नामरूप-षडायतन-स्पर्श-वेदना-जाति-जरामरण 'वस्तु' (आश्रय-क्लेश कर्मणा) कहलाते हैं। द्वादशाग ॥ मे जो अंग वस्तु हैं वही फल भी हैं। मध्य का जो अष्टक है उसकी दृष्टि से अविद्या और संस्कार की हेतु संज्ञा है और जाति-जरामरण की फल संज्ञा है। क्लेश से क्लेश की उत्पत्ति होती है, जैसे तृष्णा से उपादान क्लेश से क्रिया की उत्पत्ति होती है, जैसे ... भव, क्रिया से वस्तु की उत्पत्ति है, जैसे ... विज्ञान, वस्तु से वस्तु की उत्पत्ति ... विज्ञान से नाम रूप और वस्तु से क्लेशों की उत्पत्ति होती है, जैसे वेदना से तृष्णा। भव-चक्र के अंगों का यही नियम है। इस प्रतीत्य समुत्पाद में हेतु अङ्ग (१२) 'समुत्पाद'; फलभूत अङ्ग (११-१२) 'समुत्पन्न प्रतीत्य और कार्य' कारणभवतुन संज्ञक अङ्ग ३-१० प्रतीत्य समुत्पाद प्रतीत्य समुत्पन्न कहलाते हैं।

क्लेश. त्रिणि द्वयं कर्म सप्त वस्तु फलं तथा।
फलहेत्वभिसंक्षेपो द्वयोर्मध्यानुमानत॥
क्लेशात् क्लेशः क्रिया चैव यतो वस्तु तत पुन।
वस्तुक्लेशाश्च जायन्ते भवांगानां अयं नय॥
तृतीय कोशस्थान।

त्रिपिटक के ग्रन्थों के टीकाकार बुद्धघोष भी प्रतीत्य समुत्पाद को 'भव-चक्र' कहते हैं।

बुद्ध कहते हैं कि जो धर्म को देखता है वह मुझको देखता है और जो मुझको देखता है वह धर्म को देखता है; जो प्रतीत्य समुत्पाद को देखता है वह धर्म को देखता है। 'धर्म' का अर्थ 'हेतु' भी है (बुद्ध घोष)। प्रतीत्य समुत्पाद दुःख का हेतु है इसलिये उसे धर्म कहते हैं। धर्मता ही परम सत्य है। चार आर्य सत्यों में इसकी प्रधानता है। यही बुद्ध की शिक्षा का सार है। इसीलिये शून्यवादी प्रतीत्य समुत्पाद को शून्यता मानते हैं।

नागार्जुनकृत मध्यमककारिका के २४ वें प्रकरण में आर्यसत्यों की परीक्षा की गयी है। इस लिये प्रतीत्य समुत्पाद पर भी विचार किया गया है। नागार्जुन कहते हैं—

य प्रतीत्य समुत्पाद शून्यतां तां प्रचक्ष्महे।
सा प्रज्ञप्तिरुपादाय प्रतिपत्सैव मध्यमा॥१८॥

नागार्जुन के अनुसार सब धर्म शून्य हैं अर्थात ... यदि भाव स्वभाव से विद्यमान हैं ... हों और उस अवस्था में ... और न निरोध। जो ... यह अज्ञान है क्योंकि

शून्यतायां विशुद्धायां नैरात्म्यान्मार्गलाभत. ।
बुद्धाः शुद्धात्मलाभित्वात् गता आत्ममहात्मताम् ॥९।२३

कारिका की टीका इस प्रकार है—

अनेनाभिसंधिना बुद्धानामनात्मवे धातौ परमात्मा व्यवस्थाप्यते । 'अनात्मन' और 'महात्मन' एक ही हैं । एक negative है दूसरा positive यही बुद्धत्व या तथागत-धर्म है ।

यही बुद्ध महायान सूत्रालंकार के शब्दों में—

यथाम्बरं सर्वगतं सदा मतं तथैव तत्सर्वगतं सदामतम् ।
यथाम्बरं रूपगणेषु सर्वगं तथैव तत्सत्त्वगणेषु सर्वगम् ॥
यथोदभाजने भिन्ने चन्द्रबिम्बं न दृश्यते । तथा दुष्टेषु सत्त्वेषु बुद्धबिम्बं न दृश्यते ॥९।१५-१६.

ऊपर के विवेचन में हमने यह दिखलाया है कि हेतु प्रत्ययवश दुःख-समूह का ही उत्पाद होता है । इस प्रकार भवाङ्गों की प्रवृत्ति होती है । इस प्रतीत्य समुत्पाद की यथावत अविपरीत भावना से अविद्या का नाश होता है । शून्यतावादियों के शब्दों में जो प्रतीत्य समुत्पाद को सम्यक् रूप से देखता है वह सब भावों को प्रतिबिम्बवत् स्वभावशून्य समझता है, वह किसी विषय में मोह को नहीं प्राप्त होता और कर्म नहीं करता । इस प्रकार प्रतीत्य समुत्पाद की भावना से तत्व की प्राप्ति होती है । तत्वदर्शन से अविद्या का निश्चय ही नाश होता है और उस से संस्कारों का निरोध होता है । इस प्रकार दुःख-स्कन्ध का निरोध होता है । जिस प्रकार अग्नि जब तक उपादान है तभी तक जलती है और उपादान के विकलता से नहीं जलती, उसी प्रकार कर्म-क्लेशादि विज्ञान-बीज प्रतिसन्धि (=जन्म) के क्षण में माता की कुक्षि में नाम-रूप के अंकुर में परिणत होता है पर निर्मला प्रज्ञा द्वारा दुःखों का निरोध होता है और जीव भव चक्र से छुटकारा पाता है ।

व्यावहारिक वेदान्त

वेदान्त को आचरण, अमल व व्यवहार में लाने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम उसके सिद्धान्तों को पहले भली प्रकार समझ लें । यदि हम सिद्धान्त ही नहीं समझते तो उनको व्यवहार में क्या लायेंगे ।

वेदान्त का मुख्य सिद्धान्त "अहं ब्रह्मास्मि" है । जो मनुष्य "ब्रह्म" का अनर्थ करते हैं वही वेदान्त के सिद्धान्तों पर आक्षेप करते हैं । जो ब्रह्म को ईश्वर मानते हैं वे कहते हैं कि ईश्वर तो सर्वव्यापी और सर्वज्ञ है और जीव प्राछिन्न और अल्पज्ञ है । तो यह कैसे ब्रह्म हो सकता है ।" जो मनुष्य "ब्रह्म" को एक व्यक्ति या पुरुष मानते हैं वो कहते हैं कि "सत्य पुरुष के अपेक्षा ब्रह्म पुरुष की पदवी नीची है । क्योंकि जिस दर्जे की चैतन्यता सत्य पुरुष में है ब्रह्म पुरुष मे नहीं ।" यदि उपरोक्त अर्थ या अनर्थ करने वाले 'ब्रह्म' का यथार्थ या ठीक अर्थ समझते तो यह अनर्थ न करते । अब समय ने पल्टा खाया है और सत्य के खोजियों ने पक्षपात को त्या बताया है । इससे आशा है कि हर एक सत्य अभिलाषी इसके वास्तविक अर्थ जानकर अन करेगा और वेदान्त को अपने आचरण में ला आपको, अपने परिवार को, अपनी जाति को, देश का समस्त संसार को सच्चे सुख और शान्ति भरपूर कर देगा । निम्नलिखित उपदेश से जो नारायण से मिलता है उसकी समझ में आ जावेगा कि कोई पृथक व्यक्ति नहीं यदि उसे हम कोई पृथक माने तो यह एक देशी और परिछिन्न हो जाये वह सर्वदेशी अपरछिन्न है । इसलिये वो चैतन्य किन्तु चैतन्यता है जो सर्वत्र फैली हुई है । यह अत्यन्त है वहाँ ईश्वर या सत्य पुरुष है जहाँ अति न्यून है वहाँ प्रकृति समाया है और इन दोनों के बीच में है वह जीव है ।

ईश है सूरज जीव हैं किरने ।
जगती को हम धूप ही कहलें ।
औ' जो है प्रकाश तीनों मे ।
हम उसे ब्रह्म या राम कहें ।

—महात्मा प्रका

के बगैर मेहनत भी नहीं हो सकती। परमात्मा मेरा मन मेहनत पर ज्यादा लगे। मैं निहायत दर्जे की मेहनत करूँ। क्योंकि मेरे इरादों को पूरा करने वाले आप हैं। सातवीं आठवीं छुट्टी के बाद मैं गुजरानवाला आऊँगा। थोड़े ही अर्से के बाद फिर लाहौर में अगर आ जाऊँ तो बड़ी अच्छी बात हो। आप इस काम से नाराज न हो जाना। इससे तो असल गर्ज सिर्फ यही थी कि किसी तरह आप नाराज न हो जाएँ। रघुनाथ मल को यह कह देना कि अगर अच्छा होना चाहता है तो यों करे कि ईश्वर को उनकी याद करे। इस बात से इतने वाकिफ़ हैं कि मैं किसी तरह बयान नहीं कर सकता। मुझे मेरा यों तजुर्बे के बाद यह बात मालूम हुई है कि यह बात निहायत ही अच्छी है। मैं इसकी तारीफ़ फिर बयान करूँगा जब गुजरानवाला आऊँगा। यह बात ऐसी है कि इसमें बिल्कुल उस्तादों की जरूरत नहीं रहती सिवाय स्कूल मास्टरों के। —तीर्थराम

नोट:—स्वामी रामतीर्थ १९ वीं सदी के महान पु में से एक थे। आप अपने पिता गोस्वामी हीरानन्दजी घर १८७३ ई० में दीपावली की रात को पैदा हु गुजरानवाला में आप अपने पिता के सत्संगी और भ वेदान्त भक्त धन्नारामजी के आश्रम में रहते थे। स्वा जी की शिक्षा इन्हीं भक्त धन्नाराम के आज्ञानुसार हु थी। स्वामी जी की सफलता और वेदान्त का साक्षा भक्त धन्नारामजी का सत्संग तथा परिश्रम का फल जिस समय स्वामीजी लाहौर में एम० ए० में पढ़ रहे थे उनके गुरु श्री भक्त धन्नारामजी ने छुट्टियों में आने के लिये एक पत्र लिखा। यह पत्र स्व तीर्थराम जी ने अपने गुरु भक्त धन्नाराम को १९ वर्ष की अवस्था में लिखा था इस पत्र से आप गुरु श्रद्धा, आज्ञा, प्रेम इत्यादि का अपूर्व परिचय मिलता यह पत्र उर्दू भाषा में है और ज्यों का त्यों दे दि गया है। (संपा

शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ

शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ, अजर-अमर अज अविनाशी।
ब्रह्म ज्ञान से मोक्ष हो जावे, कट जावे यम की फाँसी ॥टेक॥

अनादि ब्रह्म अद्वैत-द्वैत का जहाँ नामो निशान नहीं।
अखंड सदा [illegible] कोई अति-सत्य अवसान नहीं॥
निर्गुण निर्विकल्प निष्काम [illegible] कोई ज्ञान नहीं।
निर्विकार निर्वैर [illegible] भान नहीं॥
ऐसा ब्रह्म हूँ [illegible] संन्यासी।
शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ अजर-अमर अज अविनाशी

सर्वदेशी हूँ, ब्रह्म हमारा एक जगह स्थान नहीं
रमा हूँ सब में, मुझसे कोई भिन्न वस्तु स्थान नहीं
[illegible] बिना ब्रह्म के हुआ कभी कुछ अन्न नहीं
कभी न छूटे [illegible] दुःख से जिसे ब्रह्म का ज्ञान नहीं
ब्रह्म-ज्ञान हो जिसे उसे नहीं [illegible]
शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ अजर-अमर अज अविनाशी

[illegible]

भारती

(कुमारी [illegible])

[illegible]! यह संसार क्या है ? आज मैंने अपनी [illegible] के मुख से सुना था, कि यह केवल एक [illegible] ही है, किन्तु अभी भी मैं न समझ सकी। [illegible] जननी ! तू ही बतला दे।"

"भारती ! तू अभी से दर्शनवाद में क्यों संल- [illegible] हो रही है। अभी तेरी आयु इन योग्य नहीं [illegible] तू केवल सात ही वर्ष की तो है। यह तेरे खेलने [illegible] के दिन हैं।"

सहसा किसी ने पुकारा—"भक्त-भारती ! [illegible] भक्त सुखदायिनी !!" किन्तु सब व्यर्थ था, [illegible] दर्शनवाद का रहस्य देख रही थी।

[illegible] ! मेरी हृदय-शक्ति !! सावधान हो, देख [illegible] सखी-सरसी द्वार पर हैं। माता ने कर पल्लवों से [illegible] कमल को छुआ, भारती की तन्द्रा टूटी, वह [illegible] कर द्वार पर आई। सम्मुख देखा सरसी तथा [illegible] कुमुदिनी, दोनों हँस पड़े, "पगली ! तू कहाँ थी, [illegible] कब से खड़े हैं।" मैं—"माता के पास थी मुझे [illegible] ना करना, अच्छा चलो उद्यान में कन्दुक क्रीड़ा का [illegible] आनन्द लें।"

तीनों चल पड़े, सरोवर के समीप आकर भारती [illegible] के तले बैठ गई, सरसी, कुमुदिनी भी आसीन [illegible], वार्तालाप आरम्भ हुआ। कुमुद तुझे याद है, [illegible] अध्यापिका ने संसार को धोखे की टट्टी कहा [illegible], इससे क्या [illegible] निकलता है [illegible]

[illegible]

[illegible]

सकेगा, हम तो सरलता के उपासक हैं, सरल बात शीघ्र जान लेते हैं, गूढ़ तत्त्व हम मूढ़ क्या जाने।"

"भाई प्यारे ! जग उजियारे !! तू तो बड़ा वाक्-पटु है। तूने कुमुद को भी हरा दिया। तेरा भविष्य बड़ा चमत्कारी होगा। हे दीन बन्धु ! बालक का कल्याण करो।"

पुनः भारती विचार तरङ्गिणी में डूबने उतराने लगी। उसका मुखचन्द्र मलिन सा प्रतीत होता था, उसके नेत्र कमलों में उदासीनता की झलक दिखायी देती थी, वह मौन थी।

भक्त शिरोमणि भारती को इस प्रकार मौन देख कर शमित तमारि का रथ रुक गया, मूक सृष्टि में हल-चल मच गई, इन्द्रका सिंहासन डोलने लगा। बड़े वेग से वायु का प्रवेश हुआ, जिसके दर्पको सहस्रांशु सहन न कर सका, और दोनों में मल्लयुद्ध हुआ, वृद्ध दिनेश को उसका आधिपत्य स्वीकार करना पड़ा, और अन्धकार ने विजय-स्वरूप अपनी ध्वजा फहराई।

भारती इन सबसे परे दूर देश में विचरण कर रही थी, कभी उसके मुखपर स्मिति की रेखा खिंच जाती, और कभी वह उदासीनता की पराकाष्ठा पर पहुँच जाती। इस समय उसे किसी की चिन्ता न थी, प्राणप्यारी माता, सुखदमोह, परम प्रिय सखी, सरसा, कुमुदिनी उसके लिए सब निरर्थक थे। आज उसके सामने एक समस्या थी। जिसे सरल करना मात्र ही उसके जीवन का लक्ष्य था।

[illegible] मलिन कुमुदिनी टकी सी सब दृश्य देख [illegible] उसके हाथों के तोते उड़ गये थे। अब वह [illegible] को क्या उत्तर देगी यही सोच सोच [illegible] उसके हृदय में प्रचण्ड ज्वाला उठी, अश्रु-बिन्दु [illegible] उसके नयन [illegible] थे, किन्तु ही वह [illegible]

करने का प्रयत्न करती, उतने ही वेग से धुँआ बाहर आता। असह्य वेदना ने आ घेरा, अब तो अन्धकार के अतिरिक्त कुछ न सूझता था।

सहसा अन्तर ध्वनि सुन पड़ी कृपानिधि की पुकार; फिर क्या था नई शक्ति ! नया जीवन !! विचार—"क्या प्रेमनिधि तक मेरी कराही कसक ध्वनि पहुँच जायगी ?" उत्तर मिला "अवश्य।" फिर क्या प्रेम की निराली नापक बनकर, प्रेम-माला के सहारे, प्रेमके अज्ञात मन्दिर तक पहुँची। सब इच्छाएँ पूर्ण हुई। भारती को भी चेत फिरा, चिर निद्रा से उठे हुए प्राणी की भाँति अवरुद्ध कण्ठ से पुकारा—"कुमुद ! शशी कहाँ है ? हाय ! मुझे निर्बल जानकर सबने त्याग दिया। अच्छा इसमें भी कल्याण ही है।"

कुमुदिनी ने कहा—"भारति ! उन्माद को त्यागो, चित्त को सावधान करो, तुम सरीखी को कौन त्याग सकता है, माता का भी कुछ भय है कि सबकी अवहेलना ही तुम्हारा ध्येय है। इतना विलम्ब हो चुका है, घरकी राह लो।"

उत्तर मिला—"कुमुद ! मैं अनजान राही राह से उस ओर ही जा रही थी, आज मैंने प्रिय-मिलन की साध का दो व्रत लिया था, पर हाय ! सुसमय में ठगी गई। अब कोई दूसरा मार्ग नहीं सूझता, निरावलम्ब हो गई।"

कुमुदिनी निर्निमेष नयनों से भारती की ओर ताक रही थी, बीच-बीच में प्रकृति-दूतों का समाचार सुनती, बड़े समारोह से रजनीमाता का आगमन हो रहा था, सर्वत्र सन्नाटा छा रहा था, विहंगम वृन्दों ने बसेरा ले लिया था, मूक दृष्टि सकेतों द्वारा घर की राह दिखा रही थी किन्तु इतनी शक्ति न थी कि भारती को घर लाती। जब राकेश ने भी उनका उपहास करना आरम्भ किया, तब तो उससे न रहा गया, उसने भारती को आग्रहपूर्वक उद्यान से चलने पर उद्यत किया।

तीनों चल पड़े। भारती अनमनी सी हो रही थी, उसमे कुमुदिनी ने पूँछाः—"वीरे ! खिन्न क्यों हो ?" उत्तर मिलाः—"अभागिनी हूँ ! पापचारिणी हूँ !! तू ही बतला क्या है, घोंघे की टट्टी।"

कुमुदिनी तथा शशी खिलखिला कर हँस पड़े। शशी ने कहा—"दीदी कल तत्त्ववेत्ता के पास चल कर घोंघे की टट्टी को जान लेंगे। ठीक है न।"

यह बात भारती के मन भाई, और उसने मुक्तकण्ठ से शशी की प्रशंसा की। कुमुदिनी से न रहा गया उसने कहा—"भारती ! प्रेमकी प्यासी !! तू यह तो प्रथम जान ले कि बिना आज्ञा पत्ता तक नहीं खटकता, तब बिना अवसर आए तेरी व्यथा कैसे दूर हो सकती है। अरी उन्मादिनी ! सावधान हो !! सावधान !!! बाह्याडम्बर को त्यागो। बड़ी देर हो गई है, माता शोकातुर हो रही होंगी। सत्वरगति से घर की ओर पदार्पण करो।"

द्वार पर पहुँची, माता को सम्मुख देखा, वह व्याकुल थी और द्वार पर खड़ी नेत्र-ज्योति भारती की राह देख रही थी, उसे आती देख कर धेनु के समान लपक कर भारती को अङ्क में भर लिया, तथा उसके मुखपङ्कज को भ्रमर के समान चूमने लगी।

रात्रि का पहला पहर व्यतीत हो चुका था। आग्रहपूर्वक भारती, कुमुदिनी, तथा शशी ने भोजन किया, और निद्रादेवी की शरण ली। परन्तु भारती को चैन कहाँ, उसने कठिनता से यामिनी का अन्त किया। अभी पूर्ण रूप से सूर्योदय नहीं हुआ है, किन्तु भारती शय्या त्याग चुकी है। उसकी व्यथा वेदना बढ़ती ही जाती है, वह विरहिणी की भाँति प्रिय के विरह में मग्न है। आवेग में आकर पिता को शोक दे दे कर उठा दिया, पुनः प्रश्न किया "पिताजी ! घोंघे की टट्टी किसे कहते हैं ?"

उसके ऐसे व्यवहार को देखकर पिता चकित हो गए। नेत्र फाड़ फाड़ कर उसकी ओर निहारने

उन्होंने, जनक की आज्ञा से तीनों दार्शनिकजी के दर्शनों को गए, वही प्रश्न पूछा गया। उन्होंने बड़ी बुद्धिमानी से भारती का समाधान किया। आगन्तुकों को आश्चर्य ने आ घेरा। वे मुक्तकण्ठ से भारती की प्रशंसा करने लगे। धीरे धीरे [illegible] भी एक बड़ी दार्शनिक बनी। सब से [illegible] व्यवहार करती, दीन-हीन की सेवा करती। [illegible] प्रकार वह अपनी जीवन-तरणी खेने लगी।

गीत

(रचयिता—श्री श्याम नारायण पाण्डेय)

मेरे शहीद तुम चिरंजीव।
केसरिया तन पर पट तान, चल पड़े युद्ध में नौजवान।
होली जल उठी, जली सतियाँ, अब भी कण-कण में विद्यमान॥
जौहर व्रत वाले चिरंजीव।
हे रण-मतवाले चिरंजीव।
वह करामात थी धीरों में, मेवाड़—देश—रणधीरों में।
अड़ गए हिमालय के समान, बंध सकी न माँ जंजीरों में॥
मेरे प्रताप तुम चिरंजीव।
मेरे शहीद तुम चिरंजीव।
बढ़ चले निडर हथियारों में, बढ़ चले निठुर तलवारों में।
पीछे न एक डग फिरे कभी, गुन गाए वीर दीवारों में॥
हे वीर हकीकत चिरंजीव।
मेरे शहीद तुम चिरंजीव।
सह भूख प्यास की ज्वालाएँ, पहनी कड़ियों की मालाएँ।
कारा के बंधन से निकाल, ले गई तुम्हें सुर-बालाएँ॥
युग युग यतीन्द्र तुम चिरंजीव।
मेरे शहीद तुम चिरंजीव।
हँस लिये शीश तलवारों पर वे कूद पड़े अंगारों पर।
[illegible]

Their voices rang like marriage-bells once more upon my ear,
Their eyes were gazing there with mine on that red Sun

फिर आर्यों अतीत की स्मृतियों हृदय पटल पर घेर।
जीवित खड़ा पड़ा था मेरे निकट अपार शवों का ढेर॥
दौड़ पड़ी उनके कपोल पर जीवन-लाली मधु से सिक्त।
एक ओर उनके विदीर्ण हो कफ़न प्रशान्त पड़े थे रिक्त॥
तुलना किया विवाहोत्सव के बाजों की ध्वनि से अम्लान।
सुना मधुर उनके स्वर को फिर एकबार कानों ने मान॥
देख रहा टकटकी लगाये मैं था रक्तिम रवि की ओर।
वे भी मेरे साथ साथ थे देख रहे छवि प्रेम-विभोर॥

Many days have passed since then, many chequered years,
I have wandered far and wide, still I fear I am not well,
For often as the Sun goes down, my eyes fill up with tears,
And then that vision comes, and I see my Florimel

तब से दुख के और हर्ष के हुए सहस्रों वर्ष व्यतीत।
रहा घूमता इधर उधर मैं सुनने वही स्वर्ग-संगीत॥
फिर भी शांति नहीं मिलती मैं प्रतिपल विपुल विकल हूँ घोर।
'क्या मैं अब सकुशल हूँ ?' अब भी बना रहा सन्देह कठोर॥
जब जब रवि है चलने लगता अधः पतन के पथ पर दीन।
उसे देख हुत जाते जलभर हैं मेरे ये लोचन मीन॥
उसी दृश्य का होता जब जब नयनों में नर्तन-उत्कर्ष।
मुझे दिखाई पड़ने लगता, 'मेरा प्यारा भारतवर्ष'॥

अनुवादक—श्री कृष्ण सहाय सिनहा

ऐ डूबते हुए सूर्य ! तू भारत-भूमि पर निकलने जा रहा है। क्या न कृपा करके राम का यह संदेश उस तेजोमयी प्रतापी माता की सेवा में ले जायगा ? क्या ही अच्छा हो यदि [illegible] आम भारत के खेतों में पहुँचकर [illegible] जैसे एक शैव शिव की पूजा करता है, [illegible] विष्णु की, बौद्ध बुद्ध की, ईसाई ईसा की और मुसलमान मोहम्मद की, वैसे ही मैं प्रेमाग्नि में निमग्न चित्त से भारत को शैव, वैष्णव, बौद्ध, ईसाई, मुसलमान, पारसी, सिक्ख, संन्यासी, अछूत, इत्यादि भारत-सन्तान के प्रत्येक बच्चे के रूप में देखता और पूजता हूँ। ऐ भारत-माता ! मैं तेरे प्रत्येक रूप में तेरी उपासना करता हूँ। तू ही मेरी गंगी है, तू ही मेरी कालीदेवी है, तू ही मेरी इष्टदेवी है और तू ही शालग्राम है। भगवान् कृष्णचन्द्र, जिनको भारत की मिट्टी खाने की रुचि थी, उपासना की चर्चा करते हुए कहते हैं कि जिनका मन अव्यक्त की ओर लगा हुआ है, उनके लिये बहुत-सी कठिनाइयाँ हैं, क्योंकि अव्यक्त का रास्ता प्रत्येक के लिये अत्यन्त कठिन है।

ऐ मेरे प्यारे कृष्ण ! मुझे तो अब उस देवता की उपासना करने दे जिसकी समस्त पूँजी एक बूढ़ा बैल, एक टूटी हुई पलँगड़ी, एक पुराना चिमटा, थोड़ी-सी राख, नाग और एक खाली खोपड़ी है। क्या यह महिम्न-स्तोत्र के महादेव हैं ? नहीं, नहीं। ये तो साक्षात् नारायण-स्वरूप भूखे भारतवासी हैं। यही मेरा धर्म है, और भारत के प्रत्येक मनुष्य का यही धर्म, यही साधारण मार्ग, यही व्यावहारिक वेदान्त और यही भगवान् की भक्ति होना चाहिए। केवल कोरी शाबाशी देने या थोड़ी-सी सहिष्णुता दिखाने से काम नहीं चलेगा। भारत-माता के प्रत्येक पुत्र से मैं ऐसा क्रियात्मक सहयोग चाहता हूँ जिससे वह दिन-प्रतिदिन बढ़नेवाले राष्ट्रीय जीवन का चारों ओर संचार कर सके। संसार में कोई भी बच्चा शिशुपन के बिना युवावस्था को प्राप्त नहीं हो सकता। इसी तरह कोई भी मनुष्य उस समय तक विराट् भगवान से अभेद होने के आनन्द का अनुभव नहीं कर सकता, जब तक कि समस्त राष्ट्र के साथ अभेद-भाव उसकी नस नस में पूरा जोश न मार ले। भारत-माता के प्रत्येक पुत्र को समस्त देश की सेवा के लिये इस दृष्टि से तैयार रहना चाहिए कि 'समस्त भारत मेरा ही शरीर है। भारतवर्ष का प्रत्येक नगर, नदी,

[illegible] और भ्रमी देवता माना और पूजा जाता है। क्या अभी वह समय नहीं आया जब हम अपनी मातृभूमि को देवी मानें और उसका प्रत्येक परमाणु [illegible] में सम्पूर्ण देश के प्रति देश-भक्ति उत्पन्न करे? जब प्राण-प्रतिष्ठा करके हिन्दू लोग दुर्गा की प्रतिमा को साक्षात् शक्ति मान लेते हैं, तो क्या ठीक नहीं कि हम अपनी मातृभूमि की महिमा प्रतिष्ठित करें और भारत-रूपी लक्ष्मी दुर्गा में जीवन और प्राण की प्रतिष्ठा करें? आओ, पहले हम अपने दिलों को एक करें, फिर हमारे दिल और हाथ अपने आप मिल जायेंगे।

संसार के महापुरुष योगिराज श्रीकृष्ण भगवान कहते हैं कि मनुष्य अपने श्रद्धा और विश्वास का बना हुआ पुतला है। जैसा जिसका विश्वास होता है, वैसा ही वह हो जाता है।

ऐ प्यारे धर्मनिष्ठ भारतवासियो! श्लोकों को ठीक ठीक बर्ताव में लाओ। देश का आदर्श तुमसे यह कह रहा है कि जाति-पाँति की कड़ी जंजीरों को तोड़ फोड़ करके इन सब भेदभावों को राष्ट्रीय भावना के अधीन कर दो। क्या तुम नहीं देखते कि जिस भारत ने सारे संसार के भगोड़ों को अपने यहाँ शरण दी, और संसार की विभिन्न जातियों का पेट पाला, वही भारत आज अपने प्यारे पुत्रों को सूखी रोटी देने में असमर्थ हो रहा है। प्रत्येक मनुष्य को अपनी उचित स्थिति प्राप्त करने के लिये पूरी स्वतन्त्रता होनी चाहिए हमारे दिल चाहे जितने बड़े हों, किन्तु [illegible]

की भौतिक अवनति, भारत का धर्म एवं परमार्थ-निष्ठा का दोष नहीं है; वरन् भारत की विकसित और हरी-भरी फुलवारियाँ इसलिये लुट गईं कि उनके आस-पास काँटों और झाड़ियों की बाड़ नहीं थी। काँटों और झाड़ियों की बाड़ अपने खेतों के चारों ओर लगा दो, किन्तु उन्नति और सुधार के बहाने सुन्दर गुलाब के पौधों और फलवाले वृक्षों को न काट डालो। प्यारे काँटो और झाड़ियो! तुम मुबारक हो, तुम्हीं इन हरे-भरे लहलहाते हुए खेतों के रक्षक हो, तुम्हारी इस समय भारतवर्ष में बहुत ज़रूरत है।

जब राम शूद्रों के परिश्रम का गुण-गान करता है, तो इससे यह प्रयोजन नहीं कि राम तमोगुण को रजोगुण और सतोगुण से अच्छा समझता है, वरन् असली तात्पर्य यह है कि भारत में चिरकाल से हम तमोगुण से घृणा करते आये हैं और घृणा की क्रिया से ही तमोगुण हम में बेहद बढ़ गया है। अब हमको चाहिए कि तमोगुण का उपयोग करना सीखें और उसको लाभदायक बनावें।

भला बाग-बगीचे क्योंकर लग सकते हैं, यदि हम कूड़ा-करकट और घास बाहर फेंक दें और उसका सदुपयोग न करें।

तमोगुण-रूपी कोयले के बिना रजोगुण-रूपी अग्नि एवं सतोगुण-रूपी प्रकाश नहीं हो सकता। जिस देश में कोई आन्दोलन उत्पन्न करना हो, तो उसमें तमोगुण-रूपी कोयला जितना अधिक होगा, उतनी ही गरमी अग्नि और सात्विकी प्रकाश [illegible] यह स्थान वर्तमान आत्मिक-विद्या [illegible] के सिद्धान्तों के सर्वथा अनुकूल [illegible] के लिये [illegible] का विकास [illegible] सतोगुण का [illegible] यही

कारण है कि हिन्दू देवाधिदेव महादेवजी को तमोगुण का मालिक या शासक मानते हैं।

यदि हम भारतवर्ष के इस विपत्ति-ग्रस्त समय में उत्पन्न हुए हैं, तो हमें ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि हमको अपने स्वदेश-भाइयों की सेवा करने का खूब अवसर मिला है। हमें जो काम मिला है, वह बहुत ही निराला, सुरीला और प्रगतिशील (Dynamic) है। यह कहावत प्रसिद्ध है जो खूब सोता है, वह खूब जागता है। भारतवर्ष खूब सोया, इसलिये इसकी जागृति भी खूब होगी। अब हमको भारत के पुत्रों में गुण-ग्रहण करने का स्वभाव, भ्रातृ-भाव, सहयोग की प्रवृत्ति, यथायोग्य कार्य-विभाग और परिश्रम की श्रेष्ठता उत्पन्न करनी चाहिए; केवल छिद्रान्वेषण से काम चलाना दुस्तर होगा।

ओह ! इस देश की कितनी शक्ति भिन्न-भिन्न सम्प्रदायों के परस्पर गाली-गलौज देने में नष्ट हो रही है। हमें उन सिद्धान्तों का पता लगाना चाहिए जिनमें हम सब सहमत हैं, और उन्हीं पर जोर देना चाहिए। कुछ मनुष्यों पर आर्य-समाज का ही प्रभाव हो सकता है, सनातन-धर्म का नहीं, कई ऐसे हैं जिन्हें ब्रह्म-समाज ही अच्छा मालूम होता है; किसी को वैष्णव-धर्म ही प्यारा है। हमें क्या अधिकार है कि हम उन मनुष्यों को बुरा-भला कहें, जो उस आनन्द और शक्ति की परवाह नहीं करते जो हमारा धर्म हमें दे रहा है। जो हमारे साथ आना चाहते हैं, वे आवें, जो ठहरना चाहें, वे ठहरें और जो न ठहरना चाहें, वे न ठहरें। संसार कुछ कहे, हमें काम से काम। हमें या तुम्हें क्या अधिकार है कि हरएक को अपने सम्प्रदाय में ही सम्मिलित कर लें। मेरा अधिकार तो प्रत्येक की सेवा करना है अर्थात् उनकी भी सेवा जो मुझसे प्रेम करते हैं और उनकी भी जो मुझसे द्वेष करते हैं [illegible] [illegible] बच्चों को अधिक प्यार करती है जो आरक्त दुर्बल और रुग्ण होते हैं। क्या वे सब लोग जो तुमसे सहमत नहीं हैं, भ्रांति में पड़े हुए हैं ? ऐसा हो भी, तो उनकी भी देश के लिये अत्यन्त आवश्यकता है। ऐसे चले वाले मनुष्य की क्या दशा होगी, जो केवल एक टाँग के बल से फुदकता फिरता है। सच्ची शिक्षा यह है कि प्रत्येक वस्तु को ईश्वरीय दृष्टि से देखा जाय।

हमारे प्रभु अवगुण चित न धरो।
समदर्शी प्रभु नाम तिहारो सोई पार करो;
हमारे प्रभु अवगुण चित न धरो।
इक नदिया इक नार कहावत, मैलो नीर भरो;
जब दोनों मिलि एक बरन भई, गंगा नाम परो।
हमारे प्रभु अवगुण चित न धरो।
इक लोहा पूजा में राखत, इक घर बधिक परो;
सो दुविधा पारस नहिं राखत, कंचन करत खरो।
हमारे प्रभु अवगुण चित न धरो।
समदर्शी प्रभु नाम तिहारो, सोई पार करो;
हमारे प्रभु अवगुण चित न धरो।

O Lord, look not upon my evil qualities!
Thy name, O Lord, is Same-Sightedness;
By thy touch, if Thou wilt,
Thou cans't make me pure,
One drop of water is in the sacred Jamuna
Another is foul in the ditch by the road'side;
But when they fall into the Ganges,
Both alike become holy
One piece of iron is the Image in the temple
Another is the knife in the hand of the butcher
But when they touch the philosopher's stone,
Both alike turn to gold.
So, Lord, look not upon my evil qualities!
Thy name, O Lord, is Same-Sightedness,
By thy touch, if Thou wilt,
Thou cans't make me pure'

हमें अपने व्यक्तिगत और घरेलू धर्म को राष्ट्रीय धर्म से उच्च पद न देना चाहिए। इनको उपयुक्त स्थान पर रखने से परम सुख प्राप्त होता है।

देश और राष्ट्र की उन्नति के लिये काम करना ही आधिदैविक शक्तियों या देवताओं की पूजा करना है। आज भारतमाता के निमित्त इस प्रकार के यज्ञ

...आत्मा को मरने के बाद दूसरा जन्म धारण करना होता है। किन्तु ऐसे उज्ज्वल सिद्धान्त के अनुयायी होते हुए भी वे मृत्यु से बेतरह घबराते हैं। यह श्रद्धा ...क अज्ञानजनित और मौखिक है। यदि हम ...न्त से लाभ उठाना चाहते हैं तो हमें उसके सिद्धान्तों को अपने व्यवहार में लाना होगा।

आजकल देश में अहिंसा की बड़ी चर्चा है। इसकी अमोघ और अलौकिक शक्तियों का बड़े जोरों से प्रचार किया जा रहा है। उदाहरण के लिए कहा जाता है कि यदि कोई अत्याचारी बलपूर्वक हमारी ...त्ति का अपहरण करता है तो हमें बल–पशुबल के द्वारा उसके प्रतिकार की आवश्यकता नहीं। हम केवल अहिंसा को धारण कर उसका हृदय-परिवर्तन कर सकते हैं। प्रश्न यह है कि वेदान्त को कहां तक इस प्रकार की अहिंसा मान्य है। इसमें सन्देह नहीं कि आज कल संसार में पशुबल अपनी पराकाष्ठा पर पहुँचा हुआ है। प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक मनुष्य ...धन-बल, पशु–बल और शक्ति का उपासक है। यदि इसकी कोई रोक थाम न हुई, यदि बल की ...लसा इसी प्रकार बेतरह बढ़ती गयी तो उसका अवश्यम्भावी परिणाम होगा संसार का सर्वनाश। यह माना हुआ सिद्धान्त है कि पशुबल के प्रयोग से पशुबल और उसकी बढ़ती हुई लिप्सा का उच्छेदन नहीं कर सकते। उसके लिए हमें पशुबल से ...र उच्चतर बल की आवश्यकता है और वह ...

उसी में आसकता है जिसने वेदान्त का सा... किया है, जिसने संसार के सारे क्रिया-कला... भीतर अपने प्रभु के दर्शन किये हैं। जो सर्व... ही आत्मा, अपनी आत्मा देखता है वही तो, ... वही तो पापी से प्रेम और पाप से घृणा कर स... है। जिसके हृदय में अभी इस ज्ञान का उदय नहीं हु... है वह पाप से घृणा करता हुआ उसके कर्त्ता पापी ... कैसे प्रेम कर सकता है! इसके विपरीत जिसने सब... प्रभु के दर्शन किये हैं उसके लिए बल, पशुबल-प्रयो... का प्रश्न ही कहाँ उठता है। वह तो पशुबल का प्रयोग कर ही नहीं सकता। संसार का सारा पशुबल ऐसे व्यक्ति के सामने सिर झुकाता है और सदा झुकायेगा। अतएव वेदान्त हिंसा और अहिंसा के विषय में सभी मनुष्यों को एक समान उपदेश नहीं दे सकता। वेदान्त साधना का पथ है। प्रत्येक साधक को वेदान्त उसके अधिकार अनुसार ही उपदेश देता है और यह भी बताता है कि उसका आगामी और अन्तिम लक्ष्य क्या है। अर्जुन को कुरुक्षेत्र के युद्ध में ही मोह उत्पन्न हुआ। उसके पहले उसने अनेकों बार युद्ध किया था किन्तु पहले कभी उसके हृदय में ऐसी मोह-ममता उत्पन्न नहीं हुई थी। क्यों? क्योंकि यहां उसे युद्ध करने वाले अपने भाई–बन्धु ही दिखाई देते थे। वह कुरुक्षेत्र में युद्ध के ही लिए आया था, युद्ध से, पशुबल प्रयोग से उसे कोई घृणा न थी। उसके हृदय में उस समय जो दया और करुणा का उद्रेक हुआ था वह केवल उसने आत्मीय या कुटुम्बी जनों को देखकर। ...

। जिससे हम एक ब्रह्म, एक आत्मा की ओर बढ़े, वह हमारी धर्म, पुण्य और उन्नति है, इसके विपरीत अधर्म, पाप और अवनति। बस, यदि हम अन्यायारी के विरुद्ध बल-प्रयोग का केवल इसलिए निषेध करते हैं कि हिंसा-विशुद्ध रूपेण कोई बुरी वस्तु है तब हम भूल करते हैं। बल-प्रयोग या प्रेम-प्रयोग तो अधिकारानुसार ही उपयुक्त या अनुपयुक्त हो सकता है। इसके साथ ही यदि यह जानकर कि बल-प्रयोग हमारे लिए शक्य नहीं है, हम केवल अहिंसा की नकल या अहिंसा का स्वांग करते हैं तब तो वह शुद्ध कायरता है और हमें नीचे गिराने वाली है–इसमें संदेह नहीं। हम अपने प्रबल प्रतिपक्षी के विरुद्ध बल-प्रयोग की सामर्थ्य न होने पर अपने संगठन अथवा असहयोग के आग्रह से कुछ लाभ भले ही उठालें किन्तु हृदय में अहिंसा न होने पर, केवल बाह्य अहिंसा के अनुशीलन से, दूसरे शब्दों में उसे नीतिरूप में मानने से उसका मूल्य जाता रहता है। संक्षेप में वेदान्त के अनुसार हिंसा पशु धर्म है और अहिंसा मानव-धर्म।

अपने लिये

ऐ मेरे अपने मन, आज तुझसे कुछ बातें करना चाहता हूं। ये केवल तेरे और मेरे लिए हैं, तू ध्यान दे कर इन्हें सुनना। सच पूछो तो मैंने जितना तेरा कहना माना है, यदि उसका एक अंश, अंशमात्र भी बात भी तू मेरी बात मान ले तो हम दोनों का कल्याण हो। किन्तु अब मुझे अपने कल्याण के लिए उतनी उत्सुकता नहीं। मैं उस ओर से निश्चिन्त सा हो चुका हूँ। समझा-मेरा मतलब जितना ही जितना मैं तेरे चंगुल से निकला जाता हूं, उतना ही उतना मेरा कल्याण मेरा उद्धार स्वयं सिद्ध होता जाता है। सोचो तो मैंने तेरे साथ कितने ... शील हो उठता हूं। ओहो, तेरी तृप्ति के लिए मैंने कितने कष्ट सहे, क्या उनकी नाप-तौल हो सकती है। नहीं और कभी नहीं। किन्तु सदा की भाँति तू फिर कह उठेगा–इसमें मेरे ऊपर क्या अहसान, तुम मेरे उपकार के लिए नहीं, वरन स्वयं अपने स्वार्थ के लिए मेरी गुलामी करते रहे हो। तुम्हें सुख की इच्छा है, आनन्द की भूख है, इसलिए तुम मीठी वस्तुओं के लिए तड़पते हो, सुन्दर वस्तुओं के लिए तरसते हो।

बस, अब तेरे इस तर्क का जादू मेरे ऊपर नहीं चल सकता। मैंने अपने स्वरूप को पहचाना है। जानता है—मैं कौन हूं? मैं वह हूँ जिसे कोई छू नहीं सकता। मैं सुख से परे हूं, दुःख से परे हूं, परे का अर्थ—जिसे तू सुख कहता है, जिसे तू दुःख कहता है, वे मेरा कुछ बना बिगाड़ नहीं सकते। आकाश चाहे बादलों से भरा हो, चाहे निर्मल उसमें सूर्य को क्या? वह तो सदा एकरस, प्रकाशवान रहता है। मैं सूर्य हूं, सूर्य का सूर्य हूं। इसी लिए, ऐ मेरे प्यारे मन, अपनी छाया होने के नाते मैं तुझे समझाता हूं कि यह व्यर्थ की दौड़-धूप बन्द कर। तू जितना ही अधिक दौड़ेगा, तेरी प्यारी वस्तु तुझसे उतनी ही अधिक दूर हो जायगी। अच्छा, जरा शान्ति से सोच तो सही, आनंद है कहाँ? तेरी समझ में सुख उन वस्तुओं में रहता है जो इन्द्रियों को प्यारी लगती हैं। किन्तु तेरा यह विचार कई प्रकार से भ्रममूलक है। पहली तरह से, मिठाई तभी तक मीठी लगती है, जब तक थोड़ी-बहुत भूख हो, पेट के छक जाने पर मिठाइयों का स्वाद कहां चला जाता है? स्वाद की तृप्ति तेरे में न हो कर मिठाई में होती तो मिठाई कभी बेस्वाद

हो सकती है। तीसरी तरह से अग्नि में घृत की आहुति देने से ज्वाला अधिकाधिक भड़कती है, विषयभोग से विषय-प्रवृत्ति भी तीव्र से तीव्रतर होती है। यह मेरे-तेरे तर्क की बात नहीं, मैंने स्वयं इसे देखा है और आज भी देख सकता हूँ। चौथी तरह से—विषय-भोग के साधन हैं इन्द्रियां। किन्तु विषय भोग से ज्यों-ज्यों भोगेच्छा बढ़ती है त्यों-त्यों इन्द्रियां शिथिल होती हैं। परिणाम होता है भयंकर परिताप। इन्हीं और ऐसी बातों को सोच कर, ऐ मेरे अपने मन, मैं तुझे नेक सलाह देना चाहता हूं। किन्तु यह क्या, देखता हूं तू उल्टा मुझसे क्रुद्ध हुआ जा रहा है। यदि तुझे कुछ शंकायें हैं तो मैं सहर्ष सुनने के लिए तैयार हूं।

मन—सच तो यह है कि मैं तुम जैसों से बात भी नहीं करना चाहता। तुम अपने को मनुष्य समझते हो, तुम्हें पुरुषत्व का दावा है किन्तु मुझसे पूछो तो तुम हो निरे नपुंसक। मैं तुम्हारा चिर-साथी हूं, इसी लिए निर्भय होकर तुम्हारी पोलें खोल सकता हूं। वास्तव में तुम शक्ति-हीन हो, इसी लिए वैराग्य की बातें बघारते हो। मैं तो बात की एक बात कहता हूं—वीर-भोग्या वसुन्धरा। तुमने आज तक जितने भोगों को प्राप्त किया है अथवा तुमने जैसे भोगों की कल्पना की है, उससे सौ गुने, नहीं, नहीं, हजारों गुने श्रेष्ठ भोगों को लोग इसी पृथ्वी पर स्वच्छंदतापूर्वक भोग रहे हैं। मैं सच कहता हूं—उन्हें कभी स्वप्न में भी भोगों से विरत होने का अवसर प्राप्त नहीं होता। और यदि मैं यह भी मान लूं कि जीवन के अन्तिम भाग में वे भी शक्ति-हीन हो जाते हैं तो इससे क्या, जब तक मनुष्य के हृदय में आनन्द की इच्छा है तब तक वे विषयों की ओर दौड़ेंगे, और फिर दौड़ेंगे। इससे इतर तुम जिस आनंद की बात कहते हो वह केवल शून्यवाद है। अतः यदि सचमुच तुम पुरुष हो तो चुपचाप मेरा कहना मान कर स्वर्ग-सुख का आस्वादन करो।

बेशक, बेशक, मुझमें पुंसत्व नहीं, मैं पुरुष नहीं हूं। ऐ प्यारे मन, अब तेरा यह मन्त्र मुझपर नहीं चल सकता। जब मुझे यथार्थ ज्ञान नहीं था, तब मैं तेरे बिना कहे ही तेरा कहना मानता था। निस्संदेह मैं आनन्द का भूखा था और हूं। परन्तु जहां तू आनन्द बतलाता है, वहां आनन्द है कहां। वहां तो केवल मृग-तृष्णा है। विषय की प्राप्ति होने पर जो सुख मिलता है वह वास्तव में विषय में नहीं होता, वरन् तेरी स्थिरता में तेरे स्थिर होने के कारण होता है। जब तक तू अस्थिर रहता है तब तक निरानन्द की अवस्था रहती है। ज्यों ही तू स्थिर होता है, त्यों ही आनन्द आ प्रकट होता है। इस लिए हे मन, तू अस्थिर होना छोड़ दे। जिस आनन्द की खोज में तू इधर से उधर मारा-मारा फिरता है- वह स्वयं तेरी स्थिरता में है। जब तक तुझे अपने अर्थात् मेरे सहज स्वरूप का ज्ञान नहीं होता, निश्चयात्मक ज्ञान नहीं होता, तब तक तू अचंचल नहीं हो सकता। तू यह निश्चय जान कि बाहर के सुख को जो मैं अब अन्दर देखने लगा हूं—यह मेरी कायरता नहीं, वरन् यथार्थ ज्ञान का सुपरिणाम है। मैं जानता हूं कि मैं हूं और सदा रहूंगा। संसार में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो मेरे शाश्वत स्वरूप में बाधा पहुंचा सके। जिसके द्वारा मुझमें अपने इसी शाश्वत स्वरूप का बोध जाग्रत रहता है, वही मेरा ज्ञान है और मेरा आनन्द है। और यही तेरी शान्ति तथा मुक्ति है। हरि ॐ !

भूल सुधार

[illegible] के व्यावहारिक वेदान्त के पृ॰ [illegible] के [illegible] में जो लेखक ने स्वामीराम के "कैसर हिन्द" को जर्मनी [illegible] कैसर का अर्थ समझा है वह ठीक नहीं है [illegible] वह 'जर्मनी' का कैसर था न कि "हिन्द" का। वह राजराजेश्वरी [illegible] का समय था [illegible] कैसरेहिन्द [illegible] यह पदवी उनको सन १८[illegible] ई॰ के दर्बार में जो दिल्ली में हुआ था दी [illegible]। लेखक ने कोहनूर का [illegible] सम्भवतः उर्दू की अनभिज्ञता के कारण उन्होंने ऐसे अर्थ [illegible]। हम इस भूल के लिये [illegible]

—प्रकाश (प्रकाशक)

है। जिसमें हम एक ब्रह्म, एक आत्मा की ओर बढ़ें, वह हमारा धर्म, पुण्य और उन्नति है, इसके विपरीत अधर्म, पाप और अवनति। बस, यदि हम अत्याचारी के विरुद्ध बल-प्रयोग का केवल इसलिए विरोध करते हैं कि हिंसा-विशुद्ध प्रयोग कोई बुरी वस्तु है तब हम भूल करते हैं। बल-प्रयोग या प्रेम-प्रयोग तो अधिकारानुसार ही उपयुक्त या अनुपयुक्त हो सकता है। इसके साथ ही यदि यह जानकर कि बल-प्रयोग हमारे लिए शक्य नहीं है, हम केवल अहिंसा की नकल या अहिंसा का स्वांग करते हैं तब तो वह शुद्ध कायरता है और हमें नीचे गिराने वाली है—इसमें संदेह नहीं। हम अपने प्रबल प्रतिवादी के विरुद्ध बल-प्रयोग की सामर्थ्य न होने पर अपने संगठन अथवा असहयोग के आधार से कुछ लाभ भले ही उठावें किन्तु हृदय में अहिंसा न होने पर, केवल बाह्य अहिंसा के अनुशीलन से हमारे हृदयों में उसे प्रतिष्ठित में करने से उसका मूल्य जाता रहता है। संक्षेप में वेदान्त के अनुसार हिंसा पशु धर्म है और अहिंसा मानव-धर्म।

अपने लिये

हे मेरे अपने मन, आज तुझसे कुछ बातें करना चाहता हूं। ये केवल तेरे और मेरे लिए हैं, न [illegible] है कि इन्हें सुनना। सच पूछो तो मैंने जितना तेरा कहना माना है, यदि उसका एक अंश, [illegible] भी बात भी तू मेरी बात मान ले तो हम दोनों का कल्याण हो। किन्तु अब मुझे अपने कल्याण के लिए इसकी उत्सुकता नहीं। मैं इस ओर से निश्चिन्त हो चुका हूं। सत्य-मेरा मन तब [illegible] हूं जिसमें मैं [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

शील हो उठता हूं। ओहो, तेरी तृप्ति के लिए मैंने कितने कष्ट सहे, क्या उनकी नाप-तौल हो सकती है। नहीं और कभी नहीं। किन्तु सदा की भांति तू फिर कह उठेगा—इसमें मेरे ऊपर क्या अहसान, तुम मेरे उपकार के लिए नहीं, वरन् स्वयं अपने स्वार्थ के लिए मेरी गुलामी करते रहे हो। तुम्हें सुख की इच्छा है, आनन्द की भूख है, इसीलिए तुम मीठी वस्तुओं के लिए तड़पते हो, सुन्दर वस्तुओं के लिए तरसते हो।

बस, अब तेरे इस तर्क का जादू मेरे ऊपर नहीं चल सकता। मैंने अपने स्वरूप को पहचाना है। जानता है—मैं कौन हूं? मैं वह हूं जिसे कोई छू नहीं सकता। मैं सुख से परे हूं, दुःख से परे। परे का अर्थ—जिसे तू सुख कहता है, जिसे तू दुःख कहता है, वे मेरा कुछ बना बिगाड़ नहीं सकते। आकाश चाहे बादलों से भरा हो, चाहे निर्मल, उससे सूर्य को क्या वह तो सदा एकरस, प्रकाशमान रहता है। मैं सूर्य हूं, सूर्य का सूर्य हूं। इसीलिए, हे मेरे प्यारे मन, अपनी छाया होने के नाते मैं तुझे समझाता हूं कि यह व्यर्थ की दौड़ बन्द कर। तू जितना ही अधिक दौड़ेगा, तेरी प्यारी वस्तु तुझसे उतनी ही अधिक दूर हो जायगी। अरे, जरा शान्ति से सोच तो सही, आनंद है कहां? तेरी समझ में सुख इन वस्तुओं में रहता है जो इन्द्रियों को प्यारी लगती हैं। किन्तु तेरा यह विश्वास बड़े प्रकार से भ्रममूलक है। पहली बात है—मिठाई तभी तक मीठी लगती है, जब तक पेट खाली है। बहुत भूख हो पर पेट के भर जाने पर मिठाइयों [illegible] [illegible] [illegible] की तृप्ति में [illegible] [illegible] मिठाई [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] किन्तु [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

व्यावहारिक वेदान्त के नियम

१—व्यावहारिक वेदान्त अँगरेज़ी महीने के हर पहले हफ्ते में प्रकाशित होकर ग्राहकों की सेवा में भेज दिया जायगा।

२—डाक-व्यय-सहित इसका वार्षिक मूल्य ३) रक्खा गया है। एक संख्या का मूल्य ।=) है। हिन्दुस्तान के बाहर वार्षिक मूल्य ५।) है वर्मा के लिए ४॥)

३—जिनको किसी महीने में "व्यावहारिक वेदान्त" न मिले उन्हें पहले डाकघर से पूछना चाहिए। पता न लगने पर डाकघर के उत्तर के साथ हमारे पास अगले महीने की १५ तारीख तक लिखना चाहिए।

४—पत्र लिखते समय ग्राहक नम्बर जरूर लिखना चाहिए नहीं तो जवाब मिलना मुश्किल होगा।

५—लेख, चित्र समालोचना के लिए पुस्तकें और बदले के पत्र वगैरह सम्पादक "व्यावहारिक वेदान्त" ६४, १०० हीरापुरा, काशी के पते पर आना चाहिए। सालाना चन्दा और दूसरे किस्म के खत मैनेजिङ्ग डाइरेक्टर "व्यावहारिक वेदान्त" ६४ १०० हीरापुरा, काशी के पते पर भेजना चाहिए।

६—'व्यावहारिक वेदान्त' में, धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय विषयों पर लेख, कविता, कहानियाँ वगैरह छपती हैं। उनकी भाषा सरल होनी चाहिए।

७—किसी लेख अथवा कविता के प्रकाशित करने या न करने का तथा उसे लौटाने या न लौटाने का भी अधिकार सम्पादक को है लेखों को घटाने-बढ़ाने का भी अधिकार सम्पादक को है। जिन लेखों को सम्पादक लौटाना मन्जूर करें उनका डाक और रजिस्ट्री खर्च लेखक के जिम्मे होगा। बिना उसे भेजे लेख न लौटाया जायगा।

८—अधूरे लेख नहीं छापे जाते। स्थान के अनुसार लेख एक या अधिक संख्याओं में प्रकाशित किये जायँगे।

९—जिन लेखों में चित्र रहेंगे, उन चित्रों के मिलने का जब तक लेखक प्रबन्ध न कर देंगे, तब तक वे लेख न छापे जायँगे। यदि चित्रों के प्रबन्ध करने में व्यय आवश्यक होगा तो दिया जायगा।

The Law of Life Eternal.

SWAMI RAM.

The Law is all pervasive, is the higher Self of each and all, and is Rama in this sense. Yet it must kick out and kill out the personal self. It is cruel, but its cruelty is the quintessence of love, because in this very death of the apparent self consists resurrection of real Self and life eternal. He who keeps the false self and claims for it the prerogatives of the King-Self, must, as it were, be devoured by vultures on the height of vanity. The freedom of Vedanta is no impunity from Law for the limited local self, i e personality and body. This is turning G O D into the very reverse. Millions of beings perish every hour through this mistake. Thousands of heads are sinking into pessimism, and hundreds of thousands of hearts are breaking every minute, by the foolish reversal of the order of the Law. The Freedom from Law is secured by becoming the Law, that is the realization of Shivoham. That dupe of the senses, who counts on w[illegible] are called facts, figures, and rests on [illegible] foundation of forms, builds on the foam a[nd] sinks. He builds on the rock, in whose he[art] of heart,

God is Real, the world unreal,
and the Law a living force.

Let this body be freely called policy pla[yer], selfish, vain, proud, or anything else, let it what they call insultsd, kicked, killed, w[hat] is that to me, the Self of all ?

I am truth the inevitable.
I am Law the inexorables:
To know Me is to obey Me,
To obey Me is to prosper
Oppose Me, it will not annoy Me,
Ignore Me, I cannot be anxious
But will calmly destroy him who slights
This is no empty threat. It is too terr[ible] a truth.

Self Reliance

BY SWAMI RAM

The religion that Rama brings to Japan is virtually the same as was brought centuries ago by Buddha's followers, but the same religion requires to be dealt with from an entirely different standpoint [illegible] needs [illegible] blaz[illegible] and [illegible]

"I tell you what's man's supreme Vocatio[n] Before me was no world, 'tis my creatio[n] It was I who raised the Sun from out the se[a] The moon began his changeful course with me [illegible]

ॐ

ब्रह्मलीन श्रीमान् आर० एस० नारायण स्वामी जी महाराज की पुण्य-स्मृति में,

श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग द्वारा प्रकाशित—

व्यावहारिक वेदान्त

धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विषयों पर वेदान्त की

व्यावहारिक दृष्टि से प्रकाश डालने वाला मासिक पत्र

वर्ष १	नवम्बर १९४०	अङ्क ११

प्रकाशक

महात्मा शान्तिप्रकाश

सभापति, श्रीरामतीर्थ पब्लिकेशन लीग, लखनऊ

मुद्रक

[illegible] विष्णु पराड़कर, ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, काशी।

[illegible] एक प्रति का मूल्य [illegible]

विषय-सूची ।

रा!" जब सच्चे दिल से यह भावना और यह [illegible] हो, तो क्या दुनिया और दुनिया के क़ानूनों [illegible] आई हैं कि चाकरों की तरह तत्काल [illegible] न करने जावें। भला, राम के काम में भी [illegible] हो सकता है? भगवद्गीता के मध्य में [illegible] श्लोक गीता को आधा इधर और आधा [illegible] गुरुत्व-केन्द्र (centre of gravity) की [illegible] तोल देता है वह है:—

अनन्याश्चिन्तयंतो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

भगवान् का यह तमस्सुक [इक़रारनामा] तब [illegible] नहीं होगा, जब अग्नि की ज्वाला नीचे को [illegible] लगे, और सूर्य पश्चिम से उदय होना आरम्भ कर दे और पूर्व में अस्त।

यार! मनुष्य जन्म पाकर भी हैरान और शोकातुर रहना बड़े शर्म (लज्जा) की बात है। [illegible] चिन्ता में वह डूबे जिनके मा-बाप मर जाते हैं, तुम्हारा राम तो सदा जीता है क्या राम! [illegible] तमाशा तो देखो, छोड़ दो शरीर की चिन्ता को, मत रक्खो किसी की आस, परे फेंको वासना-कामना, एक आत्म-दृष्टि को दृढ़ रक्खो, तुम्हारी ख़ातिर [illegible] सब देवता लोहे के चने भी चबा लेंगे।

रुचं ब्राह्मं जनयन्तो देवा अग्रे तदब्रुवन्।
यस्त्वैवं ब्राह्मणो विद्यात्तस्य देवा असन्वशे॥

सर्वाण्येनं भूतान्यभिक्षरन्ति॥ बृह०
सर्वेऽस्मै देवा बलिमावहन्ति॥ तैत०

न पश्यो मृत्युं पश्यति, न रोगं, नोत दुःखतां।
सर्वं [illegible] पश्यः पश्यति सर्वमाप्नोति सर्वशः इति॥

[illegible]

धर्म की कसौटी।

१

किसी धर्म को इस लिए अंगीकार मत करो कि वह सब से प्राचीन है। इसका सब से प्राचीन होना, इसके सच्चे होने का कोई प्रमाण नहीं है। कभी कभी पुराने से पुराने घरों को गिराना उचित होता है और पुराने वस्त्र अवश्य बदलने पड़ते हैं। यदि कोई नये से नया मत और पथ विवेक की कसौटी पर खरा उतरे, तो वह उस ताज़े गुलाब के फूल के सदृश उत्तम है, जिस पर कि चमकती हुई ओस के कण शोभायमान हो रहे हों।

२

किसी धर्म को इस लिए स्वीकार मत करो कि वह सब से नया है। सब से नयी चीज़ें समय की कसौटी में न परखी जाने के कारण सर्वदा सर्वश्रेष्ठ नहीं होतीं।

३

किसी धर्म को इसलिए मत स्वीकार करो कि उस पर विपुल जन-संख्या का विश्वास है; क्योंकि विपुल जन-संख्या का विश्वास तो वास्तव में शैतान अर्थात् अज्ञान के धर्म पर होता है। एक समय था जब कि विपुल जनसंख्या गुलामी की प्रथा को स्वीकार करती थी, परन्तु यह बात गुलामी की प्रथा के उचित होने का कोई प्रमाण नहीं हो सकती है।

४

किसी धर्म पर इस लिए श्रद्धा मत करो कि उसे थोड़े से चुने हुए लोगों ने माना है। कभी कभी अल्प जन-संख्या किसी धर्म को अंगीकार कर लेती है क्योंकि अज्ञान से उनकी भ्रान्त-बुद्धि होती है।

[illegible]

जीवनमुक्त स्वामी राम

[लेखक—श्रीकालीप्रसाद एम० ए०, एल-एल० बी०]

स्वामी राम अनादि हैं, वे आज भी हमारे बीच में हैं। वे एक आदर्श हैं, ऐसे आदर्श हैं जो उस पार्थिव शरीर से कहीं अधिक सुन्दर है जिसमें वे विराजमान थे। यह सच है, उनका जन्म हुआ था और उनकी मृत्यु हुई है किन्तु उनका प्रभाव अनन्त और शाश्वत है। जो अपने जीवन के सच्चे लक्ष्य को समझना चाहते हैं, जो अपने स्वरूप का साक्षात् करना चाहते हैं, उन लोगों को स्वामी राम के आदर्श से निरन्तर स्फूर्ति और प्रेरणा मिलती रहेगी। स्वामी राम दार्शनिक नहीं थे और न वे काल्पनिक आदर्शवाद में ही विचरने वाले थे। भगवान बुद्ध के शब्दों के अनुसार उनका विश्वास था कि दर्शन किसी को शुद्ध नहीं कर सकता, शुद्धता, पवित्रता और केवल शान्ति में ही प्रकट हो सकते हैं। सच पूछो तो दार्शनिक कल्पनावाद ऐसा मार्ग है जिसका कोई सुपरिणाम नहीं होता और न जिसके द्वारा वास्तविक जीवन की कठोर समस्यायें ही हल हो सकती हैं—तर्क और बुद्धिवाद के अभ्यास से मनुष्य को अधिक से अधिक जो आत्म-संतोष होता है वह अन्त में भ्रमात्मक ही सिद्ध होता है। दर्शन शास्त्र के अध्ययन के साथ जब तक अनुभवजन्य ज्ञान का संयोग नहीं होता, तब तक उससे कोई अच्छा परिणाम नहीं हो सकता। इसीलिए भारतीय दर्शन शास्त्र इतना अधिक क्रियात्मक और साधनामय है। इसीलिए भारतीय ऋषि-मुनियों ने अनेक प्रकार की साधनाओं का विधान करके सत्य का साक्षात्कार किया है।

श्रीकालीप्रसाद एम० ए०, एल-एल० बी०

२—स्वामी राम स्वाभाविक साधक थे। उनका सारा जीवन आत्मसाक्षात्कार के प्रत्यक्ष अनुभव में समर्पित हुआ है। अधिकांशतः उनके हृदय में इस ओर एक ऐसी अज्ञात प्रेरणा थी जिसकी वे न व्याख्या ही कर सकते थे और न जिसे वे रोक ही सकते थे। बचपन ही से स्वामी जी में बुद्धि और

[illegible] मस्तकी जो असाधारण प्रतिभा थी [illegible] बड़ी तेज़ी से अलौकिक आनन्द की पिपासा में [illegible] गयी और अन्त में उसने उनके सारे हृदय पर अधिकार कर लिया। उनकी यही लगन हमें अलौकिक—पारलौकिक, जीवन में स्पष्ट दिखायी देती है। उनके नेत्र एक अलौकिक ज्योतिर्मय प्रकाश से चमकते रहते थे, क्योंकि उनकी दृष्टि सदैव [illegible] और अनन्त ब्रह्म पर लगी रहती थी। उनका [illegible] और अधीर था किन्तु यह व्यग्रता और [illegible] अधीरता अपने ही स्वरूप और अपने ही सत्ता के लिए थी। सच तो यह है कि अपने आपको पाने और अपने आपको जानने से बढ़कर और कोई दूसरी खोज हो ही नहीं सकती। क्योंकि जिसने अपने को पा लिया, फिर उसे पाने के लिए बाकी ही क्या रहता है! अपने से इतर, आत्मा से इतर और है ही क्या, जिसे ढूंढ़ा जाय। उपनिषदों को स्वामी राम ने अपना गुरु बनाया और उन्हीं की शिक्षा 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' के दर्शन की चेष्टा में जिस प्रकार उन्होंने अपने आपको डुबो दिया, वह सचमुच आश्चर्यजनक है! धन्य भाग्य! स्वामी राम अपनी चेष्टा में पूर्ण सफल हुए। उनकी जीवन-कथा उनके हृदय की गतिविधियों की वह वीर गाथा है जिसकी अपनी एक दिव्य विशेषता है। उन्हें अपने ही जीवन में जो आनन्द मिला, वह वर्णनातीत है, जो विश्व-व्यापक प्रेम मिला, उसकी कोई सीमा नहीं, जो आत्मज्ञान हुआ, उसे आत्मज्ञानी ही जान सकता है। वे जीवन-मुक्त थे।

३—स्वामी राम ने वेदान्त की साधना की और इसी की शिक्षा दी। जीवन और जीवन के क्रियाकलापों में अद्वैत का प्रतिपादन और प्रतिष्ठा करना ही उनका तत्वज्ञान है [illegible] वेदान्त और अन्य शास्त्रों की अनुकूलता से उन्होंने [illegible] मन के संयम तथा वासनाओं के [illegible] पर बहुत ज़ोर दिया है [illegible] है उसे स्वस्थ और स्वच्छ रखना ही चाहिए। साथ ही हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि शरीर आत्मा की सम्पत्ति नहीं है। वह तो आत्मा के लिए साधनमात्र है, जो हमें अपने पूर्वजों द्वारा उत्तराधिकार में मिलता है। अपने पूर्वजों की दी हुई यह पवित्र सम्पत्ति भाररूप न हो जाय, हमें उसे सत्य की सेवा में समर्पित करना चाहिए। ऐसा उत्सर्ग तभी संभव हो सकता है, जब हम शरीर को आत्मरूप से न मान कर शक्ति और उद्योग का केन्द्रमात्र समझें। स्वामी जी कहते हैं—ज्योंही हमें एक क्षण का अवकाश मिले त्योंही हमें अपने शरीर की पृथकता पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। देखो, तुम पैर नहीं हो, हाथ नहीं हो, मुख नहीं हो। अभिप्राय यह, घड़ी भर के लिए हमें उन्हें सर्वथा भूल जाना चाहिए। संसार से विरक्ति प्राप्त करने के लिए बौद्ध लोग भी शरीर की व्यर्थता, नश्वरता आदि पर विचार करने के लिए ज़ोर देते हैं। आगे चलकर हमें शरीर की भाँति मन और उसकी वासनाओं को भी उतार फेंकना चाहिए। यही वैराग्य की साधना है। हमारा मन बड़ा चंचल है। 'योग-वशिष्ठ' में इसे बन्दर की उपमा दी गई है। इसके अन्तर में नित उठने वाली नयी नयी वासनाओं का दमन करने का एक उपाय यह है कि हम उन्हीं क्षणिक इच्छाओं पर अपना ध्यान केन्द्रित करें और उनके भ्रामक सौंदर्य और मौलिक एवं पारस्परिक विरोध को अपनी कल्पना-दृष्टि से अन्त तक देख डालें। यह साधना की पहली सीढ़ी है और इतने ही से हमें अपूर्व आनन्द मिलता है, क्योंकि जिसे हम अभी तक अत्यन्त बहुमूल्य और ठोस समझते थे, वही अब व्यर्थ और क्षणिक हो जाता है। इस अनुभव के आते ही हमारा पार्थिव शरीर भी काल्पनिक जैसा हो जाता है और जब हमारा यही काल्पनिक शरीर इस अनुभव का केन्द्र होता है जिसे हम संसार कहते हैं तब संसार का मूल्य ही क्या

रहता है! ऐसा निश्चय होते ही हमें विश्व के साथ जो तदात्म प्राप्त होता है—वह स्वामी जी के शब्दों में—

सारे कान मेरे कान हैं और सारे नेत्र मेरे नेत्र
सारे हाथ मेरे हाथ हैं और सारे मन मेरे मन

४—किन्तु इस प्रकार का बौद्धिक निश्चय होने के बाद भी आत्म-साक्षात्कार के मार्ग में अनेक बड़ी बड़ी बाधायें सामने आती हैं। जैसे कभी कभी ऐसा निश्चय होने पर भी प्राचीन चिन्तन-शीलता (देहाध्यास) के कारण विपरीत भावना का उदय हो उठता है।

वेदान्त इस बुराई को दूर करने के लिए निदिध्यासन का आदेश करता है। निदिध्यासन क्या है? ब्रह्मात्मैक्य चिन्तन। इस प्रकार के निदिध्यासन से साधक को अपने स्वरूप का अपरोक्ष अनुभव होता है और यह अवस्था प्राप्त होने पर ही वह जीवनमुक्त कहलाता है। जीवनमुक्त के जीवन के दो पहलू हैं। एक तो यह कि वह समाधि में पहुँच कर मानो ब्रह्म में लीन हो जाता है और दूसरे यह कि वह फिर मानों नीचे उतर कर हम लोगों की साधारण दुनिया में आ जाता है किन्तु इस दशा में भी वह दुनिया के धोखे में नहीं आता, क्योंकि उसे संसार के मिथ्यात्व का प्रत्यक्ष अनुभव बना रहता है। सुख और दुख का द्वन्द्व जीवनमुक्त के लिए भी रहता है किन्तु वह उससे रंचमात्र भी विचलित नहीं होता। यद्यपि उस के पैर पृथ्वी पर ही रहते हैं किन्तु उसका ध्यान सदैव अनन्त ब्रह्म पर लगा रहता है। सचमुच वह ब्रह्म हो जाता है। 'ईश' उपनिषद् में कहा गया है कि जीवनमुक्त सब को अपने में और अपने को सब में देखता है। और वह जीवन के संघर्ष से ऊपर उठ कर सदैव अपने सच्चिदानन्द स्वरूप में ही स्थित रहता है। स्वामी राम कहते हैं—

मृत्यु को मैंने खा लिया है,
सारे भेद भावों को मैंने पी लिया है।

यह भोजन कितना मीठा और कितना स्वास्थ्यकर है।
न कोई डर, न कोई दुख और न कोई चिन्ता।'

जीवनमुक्त ऐसा ही जीवन व्यतीत करता और अन्त में जब वह उस पार्थिव शरीर से कि ही पृथक हो जाता है जिसमें अभी तक बँधा प्रतीत होता था, तब उसका पुनर्जन्म नहीं ह क्योंकि वह ब्रह्मत्व को प्राप्त हो जाता है। बस, विदेहमुक्ति है। यही मुक्ति स्वामी राम को प्राप्त थी। इस मुक्ति का अर्थ नष्ट होना अथवा नास्ति किसी प्रकार नहीं हो सकता, वरन यही मुक्ति व रूप में, सच्चे से सच्चे रूप में जीवन की प और नित्यता है।

५—ऊपर हमने मोक्ष प्राप्त करने अथवा बन जाने की बात कही है किन्तु कभी कभी इस के कथन से बड़ा भ्रम हो जाता है। शांकर वे के अनुसार मोक्ष ऐसी अवस्था नहीं है जिसे नये रूप में प्राप्त करना है किन्तु वह तो आत्मा का स्वरूप ही है। क्योंकि यदि मोक्ष आत्मा के वास्त स्वरूप में सन्निहित न हो तो उसे हम त्रिकाल मे प्राप्त नहीं कर सकते। और यदि वह किसी रू हमें प्राप्त भी हो तो वह हमारे वास्तविक स्वरूप अंग न होगा, वरन् वह एक अध्यास जैसा ह जिसे हम ऊपर से ग्रहण कर लेते हैं। किन्तु स्पष्ट ही विरोध प्रकट होता है, क्योंकि मोक्ष- का अर्थ ही है अध्यास का निराकरण करना। इस जिसे हम मोक्ष या साक्षात्कार की इच्छा कहते वह अन्य साधारण इच्छाओं के रूप में नहीं हो आत्मा तो उसका प्रत्यक्ष अनुभव करती है जो से उसीका स्वरूप होता है, जो वह स्वयं होती मानो थोड़ी देर के लिए अपने वास्तविक स्वरू भूलने पर वह पुनः उसका अनुभव करती हो। प्रश्न हो सकता है, अच्छा, इस भूलने का इस अ का कारण क्या है? वेदान्त के अनुसार यह सं माया का स्वभाव है। किन्तु यह माया ब्रह्म स्वभाव अथवा ब्रह्म के समान अनादि-अनन्त नहीं है। वास्तव में इसका स्वरूप अंधकार के सम

भारतीय दर्शन में ईश्वर का स्थान तथा स्वरूप

[लेखक—श्री भी, ला. आत्रेय एम. ए., डी. लिट.]

'ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः'

ईश्वर को जान लेने पर सारे बन्धन कट जाते हैं।

ईश्वर, स्वतंत्रता और अमरता—ये तीनों समस्यायें मनुष्य के हृदय को सब से अधिक प्रिय हैं। यथार्थ में पहली समस्या के हल से शेष दो प्रश्नों का उत्तर भी हमें मिल सकता है। वास्तव में ईश्वर का प्रश्न इतनी बार हमारे सामने आता है कि हम उसे छोड़ ही नहीं सकते। प्रत्येक विचारशील पुरुष को किसी न किसी रूप में उसका उत्तर देना ही होता है। संसार की समस्याओं में ईश्वर की समस्या ही सबसे पुरानी है। संसार का और कोई भी विचार हमारे दैनिक जीवन पर इतना अधिक प्रभाव नहीं डालता जितना कि ईश्वर का। इसीलिए हम किसी ऐसे भविष्य की कल्पना ही नहीं कर सकते, जब मनुष्य ईश्वर के बारे में सोचना एकदम बन्द कर देंगे। 'ईश्वर' शब्द से अभिप्रेत सत्य के अस्तित्व को चाहे कोई स्वीकार करे या अस्वीकार, किन्तु कोई इस महान प्रश्न की अवहेलना नहीं कर सकता। जो अपने आप को ईश्वर के विषय में संशयवादी कहते हैं, वे भी इस महान प्रश्न की गम्भीरता के प्रति आकृष्ट होने के लिए बाध्य होते हैं। ईश्वर के विषय में हम कुछ सोचें अथवा बिल्कुल न सोचें—इन दो बातों में से हम पिछली बात तो कर नहीं सकते, इसलिए ईश्वर के बारे में हमारे विचार स्पष्ट, क्रमबद्ध और युक्तिसंगत हों अथवा अस्पष्ट, स्वयंविरोधी और तर्कहीन हों, इन दो में से ही हमें एक बात पसन्द करनी होगी।

ऐसी स्थिति में ईश्वर के विषय में कोई निश्चित धारणा करने के पहले क्या हमारे लिए यह उचित न होगा कि हम यह जानने की चेष्टा करें कि इस अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रश्न पर प्राचीन कालिक विभिन्न देशों के तत्त्वज्ञानियों ने किस प्रकार विचार किया है। निस्संदेह यह बुद्धिमानी का कार्य ही होगा कि इस विषय में अपना कोई निश्चित मत बनाने के पहले, यदि सचमुच हम ऐसा कर सकते हैं, तो हम यह जानने की चेष्टा करें कि इस समस्या के हल करने में प्राचीन और अर्वाचीन विचारकों के सामने कौन कौन सी कठिनाइयाँ और आपत्तियाँ उपस्थित हुई थीं और अन्त में वे किस निष्कर्ष पर पहुँचे थे। सचमुच यह कार्य हमारे लिए और भी अधिक आवश्यक है, क्योंकि हम लोग इस विचित्र दौड़-धूप और धूम-धाम के युग में रहते हैं जहाँ अवकाश और एकान्त का अभाव होता जाता है। यदि इस विषय में हम उन प्राचीन ऋषियों का अध्ययन करें जिन्होंने अपना सारा समय और सारी शक्ति इन्हीं बातों के सुलझाने में लगा दी थी तो वह हमारे लिए श्रेयस्कर ही होगा।

परन्तु सभी देशों के सभी प्राचीन दार्शनिकों के विचारों का मनन करना आसान काम नहीं है। एक तो उन्होंने विभिन्न भाषाओं में विचार किया है और दूसरे अपनी अपनी विभिन्न पद्धतियों के अनुसार। फिर भी इस प्रश्न की महत्ता को देखते हुए हमें किसी न किसी प्रकार इन बाधा देने वाली कठिनाइयों का सामना करना ही होगा। आइये, पहले हम भारतीय दार्शनिकों से ही प्रारम्भ करें, क्योंकि कहते हैं, कि जहाँ तक विचार की गति हो सकती है, ईश्वर पर विचार करते हुए ये दार्शनिक उसे अन्तिम से अन्तिम सीमा तक ले गये हैं। 'हिबर्ट जनरल' में विलियम दुली सीगर लिखते हैं—'संसार में भारतवर्ष के समान शायद ही कोई ऐसा देश हो जहां हमारी श्रद्धा के योग्य उच्च कोटि के विद्वानों ने

[illegible] बड़ी संख्या में इस बात पर एकमत होकर [illegible] ही नहीं किया है, वरन् इसे अपने जीवन में [illegible] है कि हम अपने जीवन का जो सब से [illegible] और सब से अधिक आनन्ददायक प्रयोग कर सकते हैं वह है निरन्तर दृढ़ता, गम्भीरता और [illegible] ईश्वर का चिन्तन, मनन और [illegible]। इसके अतिरिक्त जीवन की और [illegible] हैं वे गौण एवं निम्न महत्व की हैं।

किन्तु भारतीय दर्शनों के अनुसार ईश्वर के [illegible] पर विचार करने के पहले हमें दो-एक प्रारम्भिक [illegible] ध्यान देनी होंगी। पाश्चात्य देशों की पद्धति से [illegible] भारत में, यदि हम विभिन्न दर्शन शास्त्रों के [illegible] की बात छोड़ दें, तो हमें वहाँ ऐसे स्वतंत्र [illegible] बहुत कम मिलते हैं, जो मधुर होने के [illegible] हमारा ध्यान आकर्षित करते हों। कुछ [illegible] को छोड़कर भारतवर्ष के प्रायः सभी [illegible] किसी एक न एक दर्शन शास्त्र से सम्बन्धित हैं। क्योंकि उन लोगों ने स्वतंत्र दार्शनिक ग्रन्थ न लिखकर केवल अपने से पूर्ववर्ती ग्रन्थों पर टीकायें [illegible] लिखी हैं, हाँ, उन टीकाओं में चाहे भले ही उन्होंने ऐसे सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया हो, जो उन मौलिक ग्रन्थों के अभिप्राय से सर्वथा भिन्न हों। यह पद्धति तो यहां तक बढ़ी हुई है कि बड़े बड़े दर्शन शास्त्रों के संस्थापक आचार्य भी किसी नूतन [illegible] के आविष्कार की घोषणा नहीं करते, वरन् जो कुछ पहले से है उसको एक क्रम में लाकर व्याख्या करने का ही दावा करते हैं। इसे चाहे आप [illegible] की कमी कहें अथवा नम्रता की [illegible], कि भारतवर्ष में विभिन्न दार्शनिक सिद्धान्त [illegible] दार्शनिकों [illegible] शास्त्रों के नाम [illegible] [illegible] में हमें [illegible] [illegible] कोई [illegible] केवल [illegible] विचार करना है।

दूसरी बात जिसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए यह है कि भारत में दार्शनिक भावनाओं और सिद्धान्तों का कोई क्रमबद्ध इतिहास हमारे पास नहीं है। कुछ विशेष मोटी बातों को छोड़कर हम निश्चयपूर्वक ऐसी घोषणा नहीं कर सकते कि अमुक दार्शनिक शास्त्र व सिद्धान्त पहले का है और अमुक पीछे का। अतएव भारतीय दर्शन शास्त्रों में ईश्वर विषयक विश्वास के ऐतिहासिक विकास के सम्बन्ध में हम कुछ कहने का दावा नहीं कर सकते। क्योंकि अधिकांश दर्शन शास्त्र यहाँ साथ ही साथ विकसित हुए मालूम होते हैं, जिससे ऐसा मालूम होता है कि ये एक दूसरे को प्रभावित करते रहे हैं।

तीसरी बात जिस पर हमें ध्यान देना है, यह है कि कभी कभी बाह्य प्रभाव के कारण एक ही दर्शन शास्त्र के अनुयायियों के दृष्टिकोणों में अत्यधिक अन्तर दिखाई देता है, यहाँ तक कि वे शास्त्र के संस्थापक के विचारों से भी विपरीत दिशा में चले जाते हैं।

बस, इन बातों को ध्यान में रखते हुए हमें भारतीय दर्शन शास्त्रों में ईश्वर के स्वरूप और अस्तित्व पर विचार करना चाहिए।

(१)

चार्वाक मत और ईश्वर

न तो निश्चितरूप से यही कहा जा सकता है कि इस शास्त्र के संस्थापक कौन थे और न इस शास्त्र के भौतिकवादी अनुयायियों ने ही इस शास्त्र की कोई क्रमबद्ध व्याख्या ही की है। हमें इस सम्बन्ध में जो कुछ मालूम है वह केवल माधवाचार्य के 'सर्वदर्शनसंग्रह' से। इस शास्त्र के अनुयायी सोलहों आने भौतिकवादी हैं वे भौतिकवाद के सिवा और [illegible] तत्व के अस्तित्व में विश्वास नहीं करते। वे [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] के साथ

नाश को प्राप्त हो जाती है। भला, इस शास्त्र में ईश्वर के लिए कहीं कोई स्थान हो सकता है! संसार के उत्पादक की दृष्टि से भी उन्हें ईश्वर की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि चार्वाक मत में तो यहाँ सभी कुछ 'स्वभाव' के अनुसार हो रहा है। उन्हें नैतिक न्यायाधीश के रूप में भी ईश्वर की जरूरत नहीं। उनके लिए यदि कोई शासक और न्यायाधीश है तो वह राजा और राजा ही उनके लिए ईश्वर है। इसके सिवा वे और किसी ईश्वर को नहीं मानते। लोकसिद्धो राजा परमेश्वरः।

(२)

बौद्धमत में ईश्वर

ऐसा मालूम होता है कि न्याय, वैशेषिक, सांख्य, वेदान्त आदि की भाँति बौद्धमत ने संसार के आदि अन्त की खोज के लिए उतनी तत्परता नहीं दिखलाई है। वह संसार के अनित्यत्व को मानता है और मानता है उसमें रहने वाले चैतन्य प्राणियों को। बस, इसी संसार को अन्तिम तत्त्व मानते हुए बौद्धमत ने हमारी मौलिक मानसिक प्रेरणाओं एवं स्वतन्त्र दार्शनिक विचारों के आधार पर जीवन की दार्शनिक विवेचना की है। इस प्रकार बौद्ध दर्शन यथार्थवादी है, जिस में संसार की व्यावहारिक एवं आवश्यक समस्याओं पर विचार किया गया है। इस मत में प्रत्यक्ष संसार और जीवन के नियन्त्रक नियमों की सूक्ष्म समीक्षा करके जो [illegible]

से बार बार पूछा था। बौद्ध लोग 'कांट' की भाँति किसी नैतिक शासक की भी आवश्यकता नहीं समझते, क्योंकि उनकी दृष्टि में धर्म के सदाचरण के लिए 'कर्म' का सिद्धान्त ही यथेष्ट है।

भगवान बुद्ध ने स्वयं यथार्थ रूप में किसी दर्शन शास्त्र की प्रतिष्ठा नहीं की है। उन्होंने केवल आन्तरिक प्रकाश द्वारा प्राप्त विचार और निष्कर्ष शिष्यों को सुनाये हैं, जिनके आधार पर उनके पश्चात् बौद्ध दर्शन की स्थापना हुई है। कुछ दिन बाद इस दर्शन के चार मुख्य विभाग हो गये। १—सौत्रान्तिक २—वैभाषिक, ३—माध्यमिक ४—योगाचार।

बौद्ध मत के जिन सिद्धान्तों को समान रूप में उक्त चारों सम्प्रदायों ने माना है, उनमें ईश्वर के लिए कोई स्थान नहीं है। उनकी मुख्य शिक्षायें हैं, १—सर्वं क्षणिकं अर्थात् सर्वव्यापक अनित्यता, २—विज्ञानं वेदना संज्ञा संस्कारो रूपमेतत् अर्थात् के समूह जिनसे मनुष्य का स्वरूप बनता है और जिनके आधार में कोई अपरिवर्तनीय आत्मा जैसा तत्त्व नहीं रहता ३—विश्व-व्यापक कार्य कारण सम्बन्ध, जिससे संसार की सारी वस्तुओं का निर्माण होता है (किन्तु इसमें उपादान कारण के लिए कोई स्थान नहीं है) ४—जीवन में काम करने वाली कार्य-कारण सम्बन्ध की १२ कड़ियाँ (अविद्या, संस्कार, विज्ञान, नामरूप, षडायतन, स्पर्श, वेदना, तृष्णा, उपादान, भवः, जाति, जरामरण) ५—चार सर्वोत्तम सत्य (दुःख सत्य, समुदय [illegible] सत्य) ६—सर्वोत्तम अष्टांग मार्ग [illegible]

[illegible]

[illegible] प्रकृति, न स्वभाव, न ईश्वर और न कारण-शून्य नियति। इनके लिए इतना ही जानो कि वे [illegible] होते हैं और तृष्णा करते हैं। अंगुत्तरनिकाय में भगवान् बुद्ध अपने शिष्यों को इस प्रकार शिक्षा देते हैं—कुछ श्रमण और ब्राह्मण ऐसा कहते हैं कि जो कुछ सुख या दुःख अथवा असुखादुःख मनुष्य को मिलता है वह सब ईश्वर की इच्छा के अनुसार ही मिलता है। ऐसे लोगों से मैं कहता हूँ कि यदि तुम्हारी बात सच हो तब तो हत्यारे, चोर-डाकू, व्यभिचारी, झूठे, लम्पट, निन्दक, ईर्ष्यालु, नास्तिक आदि सभी दुष्ट मनुष्य ईश्वर की इच्छा से ही बनता है। ऐसा मानने से अपना चरित्र सुधारने की चेष्टा करना अथवा कर्तव्याकर्तव्य का विचार करना ही व्यर्थ हो जायगा। ऐसा होने से पतित का उद्धार बिल्कुल असम्भव हो जायगा।

इस प्रकार बौद्ध मत में धर्म और सदाचार की जो व्यवस्था है, वह स्वयं पूर्ण है। मनुष्य अपने अपने कर्मों के अनुसार ही जीवन में गिरते-उठते हैं। बौद्ध दार्शनिकों ने कर्म सिद्धान्त की आस्तिक बातों की छानबीन नहीं की है, उन्होंने तो इसे धार्मिक जीवन के लिए अन्तिम नियम के रूप में मान लिया है।

प्रो० सोजेन के अनुसार 'अभिधम्म पिटक' की व्याख्या करते हुए बुद्धघोष ने कभी कभी विषयान्तर करके इस मत का खण्डन करने का उद्योग किया है कि इस ब्रह्माण्ड का बनाने वाला कोई पहले ही से कहीं इसके बाहर बैठा था। उन्होंने भगवान् बुद्ध के मुख से कहलाया है कि किसी एक कारण से कुछ भी प्रकट नहीं हो सकता क्योंकि संसार की सभी वस्तुएँ कारणों के [illegible] से [illegible] हैं। बुद्धघोष के [illegible] सिद्धान्त [illegible] है कि यह [illegible] प्रादुर्भाव [illegible] में

केवल एक ही स्थान पर ईश्वर की चर्चा आयी है, जहां भगवान् बुद्ध ने इस कल्पना की निन्दा की है कि मनुष्य के इहलौकिक सुख-दुःख का कारण यदृच्छा नियति अथवा ईश्वर हो सकता है।

(यंकिं चयम् पुरिस पुग्गलो पति संवेदेति या सुखं दुक्खं वा अदुक्खं सुखं वा सब्बम् तं पुब्बे। कत हेतु इस्सर निर्मानहेतु अहेतु अपच्चयति)।

क्योंकि ऐसी धारणा से मनुष्य आलसी हुए बिना नहीं रह सकता।

यद्यपि बौद्ध लोग सामान्यतः सृष्टि-कर्ता के रूप में ईश्वर के अस्तित्व को अस्वीकार ही करते रहे हैं, फिर भी कुछ बौद्ध 'महात्मन्' के सिद्धान्त को मानते हैं और संसार की इन्हीं महान् आत्माओं में लय होने का आदेश करते हैं। (ऐसा मालूम होता है कि बौद्ध मत में यह भाव वेदान्त के सिद्धान्तों के सम्पर्क से आया है।) असंग के महायान सूत्रालंकार शास्त्र में भी हमें व्यक्तित्व के भ्रम से छुटकारा पाने के लिए 'महात्मन् सिद्धान्त' की शरण लेने का आदेश किया गया है।

महावैरोचन-अभिसम्बोध सूत्र का कहना है कि 'महात्मन्' का पद केवल सर्वोच्च भावनाओं (अनुत्तरार्थ) के अभ्यास द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। इसी पुस्तक में लिखा है कि महात्मन् बुद्ध पद का ही दूसरा नाम है। महायान सूत्रालंकार शास्त्र में एक कारिका है—

शून्यतायां विशुद्धायां नैरात्म्यमार्गलाभतः
बुद्धाः शुद्धात्मलाभित्वात् गता आत्ममहात्मताम्

इसकी व्याख्या करते हुए असंग ने महात्मा का अर्थ किया है परमात्मा। 'अनेनानिर्दिष्टेन बुद्धानामनास्रवे धातौ परमात्मा व्यवस्थाप्यते'।

[illegible] के महावैरोचन [illegible] सूत्र में महात्मा [illegible] 'महात्मन्' [illegible] का अर्थ है [illegible] का अर्थ है कि सभी [illegible] जो

मन और एकान्त

[लेखक—श्रीपरिपूर्णानन्द वर्म्मा।]

दुनिया ज्यों-ज्यों बूढ़ी होती जा रही है, त्यों-त्यों [illegible] इसका साज-शृंगार बढ़ाती चली जा रही है। [illegible] हुई हरियाली, नदी का कल-कल और प्रकृति की [illegible] मुसकान को अब वैसी ही अनादर की दृष्टि से [illegible] जाता है, जैसे पुराने चाल की वेष-भूषा को। [illegible] शहर के पास एक चप्पा ज़मीन का भी बेकाम [illegible] रहना, नदी के किनारों का सुनसान रहना और [illegible] ऊँची अट्टालिकाओं के देहातों का उजाड़ मालूम [illegible] पड़ना, सभ्यता—नयी रोशनी और नयी शिष्टता [illegible] के विरुद्ध मालूम पड़ता है। फिर भी, बाह्य आडम्बर [illegible] कितना भी बढ़ जावे, बिना प्राकृतिक दृश्यों का आनन्द लिये, बिना कभी कभी एकान्त सेवन किये और समाज की चमक दमक से पीछा छुड़ा कर प्रकृति की गोद में अपना मस्तक रखे मनुष्य को शान्ति नहीं मिलती। स्वामी रामतीर्थ जिन दृश्यों को देखकर प्रकृति अनुचरी से अपनी सेवा कराकर आनन्द ग्रहण करते थे, वही आज भी अनगिनत प्राणियों की रक्षा कर रही है और उनको पागल होने से बचा रही है।

पागल संसार—

संसार तो पागल हो रहा है। वह किस तरफ, किस लिए, क्या लेकर दौड़ा जा रहा है—यह कोई नहीं कह सकता, कोई नहीं जानता! एक कोई अज्ञात सुख है, जिसको न हम जानते और न पहचानते, पर जिसके पीछे हम भागे चले जा रहे हैं। हम जितना ही सुख के लिए अपनी [illegible] और [illegible] को लेकर [illegible] हैं [illegible] वह सुख हम [illegible] —[illegible] फिर भी [illegible] हम उसे [illegible] चित्त की वृत्ति कभी स्थिर नहीं होती और सुख का प्यासा मन इधर-उधर भटकता हुआ अन्त में सो जाता है—अपनी सब कुछ साथ लिये हुए।

अवसर भी तो नहीं मिलता कि सोचा जावे कि हम क्या चाहते हैं—हमें सुख की क्या परिभाषा करनी चाहिए! यदि स्त्री-पुत्र-धन से ही सुख मिल सके तो आज संसार में करोड़ों परिवार इनसे सम्पन्न मिलेंगे। पर वे सुख से अपने साधनों का और अपनी सुख-सामग्री का उपभोग नहीं कर पाते और शायद उनके मन की इच्छा इतना पीड़ा देती है कि अपने को सबसे बड़ा अभागा समझने लगते हैं। इसका क्या कारण हो सकता है—हम अपने मन को स्थिर और शान्त नहीं कर सकते और चित्त की वृत्तियों की चञ्चलता पर हमारा नियंत्रण नहीं है। भर्तृहरि ने सत्य कहा है:—

'भोगान भुक्ता वयमेव भुक्ता'

अर्थात भोगों का भोगना पूरा नहीं हो पाता, हमीं भुक्त हो जाते हैं—या यों कहिये कि समाप्त हो जाते हैं। गीता में मन पर नियंत्रण रखने की महिमा बहुत कुछ समझायी गयी है पर ज़ुबान से रट लेने पर भी हमारे ऊपर कोई असर नहीं होता। भगवान ने साफ़ कहा है:—

> इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
> मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्परः॥
> महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः।
> पुरुषान्न परं किञ्चित्सा काष्ठा सा परा गतिः॥

महान पुरुष—

जो पुरुष कि इन्द्रिया अर्थ मन, बुद्धि, आत्मा, [illegible] आदि से [illegible] [illegible] हैं—महान हैं। [illegible] पुरुष के [illegible] [illegible] को इन्द्रियों ने

इतना चञ्चल क्यों कर रक्खा है। क्यों हम लोग इस महा आनन्ददायक उक्ति को भूल जाते हैं कि संसार में सबसे सुखदायक वस्तु है, सभी चीजों को, सभी विराग या विवेक, तृष्णा या ज्ञान, बुरी से बुरी और अच्छी से अच्छी वस्तु को अपनी अन्तरात्मा में समर्पित कर, वीतराग, शिव-प्रज्ञ हो जाना !

"समार्पितो मयैव पुरुषोपभोगाय अग्निस समाधिः"

क्यों न हम इस बात को सदैव ध्यान में रखें कि—

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।

मन ही मनुष्य के बन्धन और मोक्ष का कारण होता है। अतएव सुख की तलाश के पहले हम मन को ही क्यों न काबू में कर लिया जावे—

सुषारथिरश्वानिवयन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन इव

जिस प्रकार अच्छा सारथी अपने रथ के घोड़ों को बड़ी योग्यता के साथ चलाता है, उसी प्रकार मन-रूपी घोड़ों का भी नियंत्रण किया जावे। किन्तु ऐसे नियंत्रण में बड़ी साधना की, तपस्या की आवश्यकता होती है। मन की साधना बड़ा कठिन काम है—मन से ही तो संसार का समूचा सुख-दुःख उत्पन्न होता है:—

सुखस्य दुःखस्य न कोऽपिदाता,
परो ददातीति कुबुद्धिरेषा।
स्वयं कृतं स्वेन फलेन भुज्यते,
मनो हि तन्निमित्तं यत्त्वया कृतम्॥

सत्य है कि सुख दुख का देने वाला दूसरा कोई नहीं है। आदमी अपने ही किये का फल भोगता है। इसीलिए मन ने जैसा किया है वैसा ही मनुष्य भोगता है

मन और एकान्त

इसीलिए मन ... [illegible] ... कि इस मन ... [illegible] ... काबू ... [illegible] ... दृष्टान्त है ... [illegible] ... चित्त-चञ्चल

को शान्त करने और संसार के कोलाहल से अलग खींचने के लिए सरलतम औषधि एकान्त सेवन है। इस एकान्त-सेवन की जितनी महत्ता गायी जाये थोड़ी है। इसी एकान्त-सेवन के विषय में भर्तृहरि ने लिखा है:—

"स्फुरत्स्फार ज्योत्स्ना धवलित तले क्वापि पुलिने सुखासीनः शान्तः ध्वनिषु रजनीषु द्युसरितः॥"

अर्थात्—जहाँ पर उज्ज्वल और चारों ओर बिखरी हुई चाँदनी के समान जल है, ऐसे गंगा के किनारे पर आराम से बैठा रहूँ; जब सब आवाजें बन्द हों, तब रात में शिव-शिव प्रणवरूप शब्द करते हुए सांसारिक दुःख दर्द से मुक्त होकर आनन्द के आँसुओं से आँखों का होना सफल करूँ। ऐसे शुभ दिन कब आवेंगे !

कितनी सुन्दर पंक्तियाँ हैं ! ऐसे एकान्त भाव से मन क्यों न शान्त हो जावेगा ! प्रभु से अनन्यता के लिए एकान्त आवश्यक है और इस अनन्यता में ही:—

"तस्मिन् अनन्यता तद्विरोधिषूदासीनता च"

देवर्षि नारद के इस गम्भीर वाक्य का अर्थ यह है—"उस परम प्रेमास्पद प्रभु से अनन्यता हो और उसके जो विरोधी भाव हों उनमें विरक्ति उत्पन्न हो जावे।"

इसमें कोई सन्देह नहीं कि पर्वत की कन्दरा या नदी-तट पर एकान्त ध्यान होता है।

"उपह्वरे गिरीणां संगमे च नदीनाम्।"

प्रेमी एकान्त

एकान्त की महत्ता को एक कवि ने बड़े सुन्दर शब्दों में—

... d ... this
... to feel
... and ...
... your mind,

भारतवर्ष के धार्मिक युग

[लेखक—श्री 'मिश्रबन्धु']

(१) अनार्य-धर्म [३२५० ईसा-पूर्व से २७५० ई० पू०] मोहंजोदड़ो और हड़प्पा में १९२२ से १९२७ तक जो खोदाई हुई थी, उसके आधार पर विद्वानों ने तत्कालीन सभ्यता के विषय में बहुत कुछ ज्ञान प्राप्त किया है। यहाँ पर केवल धार्मिक दृष्टि से उल्लेख किया जाता है। पुरातत्त्व-विभाग के डाइरेक्टर जनरल सर जान मार्शल उसका समय उपर्युक्त बतलाते हैं। लखनऊ-विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष श्रीयुत डाक्टर राधाकुमुद मुकर्जी की राय में यह समय प्रायः ४००० ई० पू० है। वहाँ प्रचुर सामग्री और चित्र-लेख भी मिले हैं। लेख अभी पढ़े नहीं जा सके हैं। उस सामग्री की सहायता से निम्नलिखित धार्मिक निष्कर्ष निकाला गया है:—

उन लोगों ने पत्थर और जस्ते में मानविक मूर्तियाँ बनाई थीं। वे आदिम मातृदेवी, शक्ति और शिव का पूजन करते थे। जानवर देवताओं के वाहन थे, तथा वे वृक्ष-पूजा भी करते थे। वहाँ ध्यान-मग्न शैव-मूर्तियाँ मिली हैं, तथा नासिका पर दृष्टि लगाये हुए ध्यानी योगियों की मूर्तियाँ भी उपलब्ध हुई हैं। वहाँ पृथ्वी या सिंहवाहिनी मातृदेवी बहुत पायी गयी हैं। त्रिनेत्र शिव के तीन सर हैं। कदाचित् इसी प्राचीन भाव से हिन्दू-त्रिमूर्ति का विचार निकला हो। त्रिशूल भी मिला है। योग का भी विचार है। शिव के निकट हाथी, चीता, भैंसा और गैंडा हैं। नाग उनकी पूजा करते हैं। शिव दो मृग-चर्मों पर बैठे हैं। उस काल में भी शिव पशुपति समझ पड़ते हैं। लिंग और योनि के पूजन भी उस समय प्रचलित थे। लिंग और लिंग-विस्तार में वर्तमान आग के समान लिंग-युक्त अरघे मिले हैं। जानवरों का भी उस समय पूजन होता था। सींग देवत्व का चिह्न था। शिव, मातृदेवी अग्नि, नाग, पशु, वृक्ष, पत्थर, लिंग, योग, शक्ति, संन्यास, भक्ति आदि के जो भाव हिन्दुओं में चले आते हैं उनके आधार उपर्युक्त सभ्यता में पाये जाते हैं। स्नान को बड़ा महत्त्व दिया जाता था। शायद यह धार्मिक हो। पूजनालय नहीं मिले हैं, किंतु कुछ कमरे ऐसे मिले हैं जिनका प्रयोजन अस्पष्ट है। शायद वे पूजनालय हों। अन्य प्रमाणों से अनार्यों में गिरि-पूजन भी सिद्ध होता है।

(२) वैदिक धर्म [ई० पू० २७५० से ११... ई० पू० तक]—वैदिक समय-निरूपण न केवल मतभेद, वरन् हठवाद से हुआ है। फिर भी अनुमान से यहाँ लिखा जाता है। अंतिम पाँच वेदर्षि युधिष्ठिर के समय के हैं, तथा जनमेजय के समय में वेदव्यास ने वेद-विभाजन किया। अंतिम वैदिक समय युधिष्ठिर के काल-निर्णय पर ही निर्भर है, किंतु इसमें मतभेद है। यह समय पंद्रहवीं शताब्दी ई० पू० से दसवीं तक भी माना गया है। आजकल पंडितों का झुकाव अंतिम सीमा पर ही है। वेदों में ऋग्वेद मुख्य है। उसकी कुछ ऋचाओं को लेकर तथा उन पर गद्य में टिप्पणियाँ बढ़ाकर एवं कुछ नवीन ऋचाएँ जोड़कर यजुर्वेद बनाया गया, और गाने योग्य ऋचाओं से सामवेद बना। अथर्ववेद प्रायः ऋग्वेद के साथ ही साथ उसके कुछ पीछे तक बनता रहा। ऋग्वेद में मुख्यतः ३३ देवता हैं। विश्वामित्र ने तृतीय मंडल में एकेश्वरवाद चलाया, तथा युधिष्ठिर के समकालीन नारायण ऋषि ने पुरुषसूक्त में एकेश्वर के साथ आदि... भेद का कथन किया। यजुर्वेद और अथर्ववेद में शैव... मत स्थापित हुआ। इससे स्पष्ट है कि प्राचीन अनार्यों के शिव-समान किसी देवता ने अपने रुद्र शिव से ... एकीकरण करके उन्नति की है। ऋग्वेद में ईश्वर लो...

(७) तर्कवाद (आठवीं से चौदहवीं शताब्दी पर्यंत) शंकर स्वामी ने अद्वैतमतमूलक तर्कवाद चलाया, नाथ-संप्रदाय के बहुत से उपदेशकों ने तत्त्ववाद और रामानुजाचार्य आदि ने भक्ति-गर्भित तर्कवाद चलाया। इस समय हिन्दू-धर्म आत्मबल से बहिष्कार द्वारा मुसलमानी धार्मिक आक्रमण का प्रभाव रोक रहा था।

(८) भक्तिवाद (पन्द्रहवीं से १९ वीं शताब्दी के मध्य तक)। इसमें तर्कवाद का आधिक्य छूट गय और कोरी भक्ति का बल बढ़ा। वास्तव में भक्ति व विचार गीता के प्रारम्भिक काल से यहाँ विद्यमान था

(९) विवेकवाद (१९ वीं शताब्दी के म से अब तक)। इसमें विभिन्न धर्मों के पारस्परि सामंजस्य की ओर लोगों का अधिक ध्यान है। बस यहीं हमारे नौ धार्मिक युगों का वर्णन समाप्त होता है

व्यावहारिक वेदान्त

वेदान्त के साक्षात्कार के लिए जंगलों में जाने की आवश्यकता नहीं। यदि हम इस दौड़-धूप के संघर्षमय जीवन में एकान्त का प्रबन्ध कर सकते हैं, तो जन-समुदाय के बीच में रहकर भी वेदान्त का अनुभव कठिन नहीं है। अपने दैनिक जीवन में हमें एकान्त और अवकाश क्यों नहीं मिलता, क्योंकि हमें अपने मित्रों से, शत्रुओं से नहीं, गप-शप करनी पड़ती है। इन गप-शप के फलस्वरूप चिन्तायें हमारे सिर पर सवार होती हैं और जब हम एकान्त में पहुँच भी जाते हैं, तब भी वे पीछा नहीं छोड़तीं। वास्तव में केवल वही एकान्त हमारे लिए श्रेयस्कर है, जो हमें चिन्ता मुक्त करके अपने वास्तविक स्वरूप की ओर ले जाय।

यह कैसे हो सकता है? यह एक प्रश्न है। यदि हम यथार्थ रीति से वेदान्त का अध्ययन करें तो फिर हमारा मन अस्त-व्यस्त न होगा। फिर हमें घाम में ही आनन्द मिलने लगेगा और संघर्षमय जीवन हमारे लिए बाधक न हो कर सहायक होगा। वेदान्त को यथार्थ रीति से पढ़ने का अर्थ है, उसे अपने हाथों से, अपने हृदय से और अपनी बुद्धि से पढ़ना। किन्तु जो उसे केवल किताबों से पढ़ते हैं, उनसे उन्हें कोई लाभ नहीं हो सकता [illegible]

कुछ लोग उसे केवल हाथों से पढ़ते हैं [illegible] वेदान्त के [illegible] हो सकते हैं वे वेदान्त के दृष्टिकोण से काम कर सकते हैं किन्तु उन्हें वेदान्त के ज्ञान का आनन्द नहीं मिल सकता। इसलिए वे कभी भी इस कला को छोड़ सकते हैं। कुछ लोग उसे केवल हृदय से पढ़ते हैं। वेदान्त की सर्वव्यापी सहानुभूति का उन्हें अनुभव होता है, वे परिस्थिति विशेष में उच्च कोटि की सहृदयता से विचार करने लगते हैं किन्तु वे सोच-विचार और भाव-प्रवणता में कभी आगे नहीं जाते, इसलिए वे भी आगे न बढ़ने पर वेदान्त के आदर्श से विरत हो सकते हैं। तीसरे वे हैं जो उसे केवल बुद्धि से पढ़ते हैं। ऐसे लोगों को ज्ञान तो होता है, किन्तु हृदय और हाथों का साथ न होने से वे कभी कभी अपने आपको बड़े धोखे में डाल लेते हैं। अपने व्यवहार से वे दूसरों को धोखा देते हैं, सो उसका कहना ही क्या!

अतएव वेदान्त का सच्चा विद्यार्थी वही हो सकता है, जो उपर्युक्त तीनों साधनों से—हाथों से, हृदय से और बुद्धि से इस कलात्मक ज्ञान को सीखे। दूसरे शब्दों में, ऐसा पुरुष सर्वथा आलस्य और प्रमाद रहित होगा और उसका हृदय स्वार्थ, व्यक्तिगत स्वार्थ से शून्य होने के कारण वह लोकोपकारी में निरत रहेगा। इतना ही नहीं, उसे वेदान्त का परोक्ष ज्ञान होने से वह अपने कार्यों के लिए अहंकार भी नहीं करेगा। [illegible] साधक की नस-नस में [illegible] दर्शन रमता है। उसके रग-रग में वेदान्त प्रदर्शित हो जाता है। बहुत क्या कहें, वह स्वयं वेदान्त की मूर्ति हो जाता है। —महात्मा प्रकाश के पत्र से

गीता के अनुसार धर्म-अधर्म-विवेक

[ब्रह्मलीन श्रीमान् आर० एस० नारायण स्वामी]

हिन्दू धर्म के शास्त्रों के अनुसार मनुष्य का परम
र और मुख्य उद्देश्य है आत्मा का कल्याण अर्थात्
ध्यात्मिक पूर्ण अवस्था। अन्य हितों की अपेक्षा
से आध्यात्मिक पूर्णावस्था को प्रधान जानना
र तदनुसार आचरण करना उसका परम
र मुख्य कर्तव्य है और यह कर्तव्य ही उसका
म धर्म है। इसी भाव को सम्मुख रखते हुए
शेषिक दर्शन ने धर्म की ऐसी व्याख्या की है:—
तोऽभ्युदय निःश्रेयससिद्धिः सधर्मः"। अर्थात्
ससे अभ्युदय और निःश्रेयस की प्राप्ति हो
धर्म है। इसी उद्देश्य व कर्तव्य की दृष्टि से
-अकर्म, अधर्म-धर्म, कार्य-अकार्य और पुण्य-पाप
विचार करना चाहिए। अध्यात्म-विद्या को
ड़ कर कर्म-अकर्म इत्यादि का विचार करना ठीक
ीं। अर्जुन ने आध्यात्मिक उन्नति अर्थात् आध्यात्मिक
अवस्था को परम व मुख्य न समझ कर केवल
ओं और सम्बन्धियों के हित को ही मुख्य
र परमोच समझा, जिससे यह निज धर्म और
र्तव्य से मूढ़ चित्त हुआ कायर और दुखी
गया, इसीलिए भगवान ने दूसरे अध्याय में
र्जुन को पहले आत्म-ज्ञान का उपदेश देकर फिर
से निज धर्म के पालन का उपदेश दिया है, और वहाँ
र्म का अभिप्राय भगवान ने अर्जुन के केवल निज
ल्याण अर्थात् आध्यात्मिक उन्नति या आध्यात्मिक
र्ण अवस्था को [illegible]
हुओ. [illegible] नहीं
ससे [illegible]
पने [illegible]
ोर [illegible]
या [illegible]

के मार्ग में बाधा डालने वाला क्षत्रिय के सम्मुख आ
जावे, वह उसका शस्त्रों से तत्काल बिना झिझक के
वध कर दे, जिससे उन्नति में आगे और बाधा न
पड़ने पावे। फिर उन्नति के मार्ग में बाधा डालनेवाला
प्राणी चाहे उसका अत्यन्त पूजनीय और घर का ही
क्यों न हो, तो भी उसका संहार करना क्षत्रिय का
परमधर्म व कर्तव्य है।" इसलिए भगवान दूसरे
अध्याय में श्लोक ३० तक आत्मतत्व का निरूपण
करके फिर अर्जुन को अपने धर्म की ओर दृष्टि देने
के लिए कहते हैं; और उसकी दृष्टि निज धर्म की ओर
दिला कर फिर उसे स्पष्ट ऐसा उपदेश देते हैं कि—

"स्वधर्ममपि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि।
धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयोऽन्यत्क्षत्रियस्य न विद्यते॥
(गी० २-३१)।

अर्थात् अपने धर्म को देखकर भी तुझे डोलना
योग्य नहीं क्योंकि क्षत्रिय के लिए धर्मयुक्त युद्ध से
बढ़कर और कुछ श्रेयस्कर नहीं है।" सारांश यह
हुआ कि क्या गीता, क्या महाभारत और क्या अन्य
शास्त्र, सभी ग्रंथों में 'धर्म' शब्द का प्रयोग प्रायः उन
सब नीति-नियमों के विषय में किया गया है जो
आध्यात्मिक उन्नति की दृष्टि से और इस दृष्टि के अनुसार
समाज-धारणा के उद्देश्य से शिष्ट जनों द्वारा बनाये
गये हैं। इस प्रकार नीति के उन नियमों अथवा
शिष्टाचारों को, जो कि समाज-धारणा के उद्देश्य से
शिष्ट जनों द्वारा प्रचलित किये गये और सर्वमान्य
हो चुके हैं, हम धर्म की नींव कह सकते हैं. परन्तु
[illegible] में धर्म [illegible] वास्तव में वही समझा
जाना चाहिए जिससे हमारे [illegible] निज कल्याण
अर्थात् आध्यात्मिक [illegible] अन्त में मोक्ष
[illegible] होता है

आयरलैण्ड की स्वतंत्रता का संग्राम

[लेखक—श्रीव्रजनाथ शर्मा, एम० ए०, एल-एल० बी०]

उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भ में आयरलैंड और इंग्लैंड का शासन एक हो गया। लार्ड विलियम ने कैथलिकों को कुछ स्वत्व दिये थे, जिससे वे पार्ल्यामेंट के सदस्य तो नहीं हो सकते थे किन्तु चुनाव में भाग ले सकते थे, इससे उनमें कुछ बल आ चला था। इस एकीकरण से मतलब था उनको फिर दबाने का, क्योंकि आयरिश प्रोटेस्टेन्ट भी अब कैथलिक से मिल चले थे और इन दोनों के मेल में इंग्लैंड के लिए भय था। एकीकरण का फल यह हुआ कि आयरलैंड के बहु-संख्यक कैथलिक अब एकीकृत शासन में न्यूनसंख्यक रह गये और इंग्लैंड के कानून के अनुसार उनके कैथलिक होने के कारण बहुत से स्वत्व मिट गये। इसका प्रभाव आयरलैंड की कला-कौशल और वाणिज्य पर भी बुरा पड़ा। उदाहरण के लिए एकीकरण के पहले जिस गांव में ५०० करघे चलते थे वहाँ सन् १८३३ में केवल १० रह गये थे।

यह एकीकृत शासन लगभग एक शताब्दी तक रहा। इस काल में देश-भक्ति दो धाराओं में बहती रही। आशावादी कानून की पाबंदी (Constitutional [illegible]) के अन्दर रहे, निराशावादी शस्त्रबल ([illegible]) के पक्ष में थे। आशावादी अपने [illegible] स्वतन्त्रता का संग्राम ब्रिटिश पार्ल्यामेंट में चाहा [illegible] से [illegible] थे। [illegible] इनके नेता [illegible] ने [illegible] अंग्रेजों से कहा [illegible]

[illegible] हमने [illegible] हम बिना बदला [illegible] तुम्हारी पार्ल्यामेंट में, तुम्हारे संगठन के हृदय में अपने दल के छोटे हुए १०० बड़े से बड़े बदमाश भेजेंगे।

इन दोनों दलों का अभिप्राय एक ही था, अर्थात आयरलैंड का इंग्लैंड से पृथक करना। भेद केवल यह था कि कानूनवादी ब्रिटिश मुकुट के साये में रहना चाहते थे और क्रांतिकारी उससे अलग। सन १८१९ में रोमन कैथलिक दल को वोट का अधिकार न मिल सका, पर १८२९ में इंग्लैंड के ह्विग (Whig) दल की सहायता से ओकानल इसमें सफल हो गया। फिर भी एकीकरण के रद्द करने में ह्विग दल आगा पीछा करता था। आयरलैंड के निराश क्रान्तिकारी यंग आयरलैंड (Young Ireland) के नाम से प्रकट हुए। सन १८४३ में सरकार ने ओकानल के समर्थन में (जो वह क्रान्ति का विरोधी था) महती सभा रोक दी, उसे पकड़ कर कारागार भेज दिया, और सन् १८४७ में उसकी मृत्यु होगई (शायद दिल टूट जाने से)। इसी समय घोर अकाल ने भी मुँह दिखाया। इन सबका प्रभाव यह हुआ कि क्रान्तिकारी दल का बल बढ़ने लगा और सन १८५८ में उन्होंने फीनिक्स लिटरेरी सोसाइटी (Phoenix Literary Society) स्थापित की। इस सोसाइटी का उद्देश्य जाहिरा तो शिक्षा प्रचार था किन्तु वास्तव में ब्रिटिश के विरुद्ध घोर क्रान्ति करके स्वतन्त्रता [illegible] और इसी की शपथ उसके [illegible] थी। [illegible] धार्मिक नेताओं ने इसे [illegible] और सरकार ने लोहे के [illegible] इसके नेताओं को अमेरिका [illegible] उन्होंने अपने से पहले के गये [illegible] की सहायता से आयरिश [illegible] (Irish Republican [illegible]) जिसका दूसरा नाम फेनियन सोसाइटी ([illegible] Society) है, स्थापना की।

फेनियनों ने यह प्रबंध किया था कि कैनाडा (Canada) में बलवा हो, चेस्टर केसिल (Chester Castle) उनके हाथ आजाय और एक साथ ही लिवरपूल, लीड्स, मैनचेस्टर और लंदन में क्रान्तिकारी कार्य हों। 'पैट्रिक फोर्ड का कथन है कि जब रात में आंधी चले तब लंदन को फूंकने का विचार था।' एक जासूस ने पूरा हाल सरकार को बता दिया। फेनियनों का नेता जेम्स स्टीफिन्स सन् १८६१ में पकड़ लिया गया मगर थोड़े ही दिनों बाद वह भाग निकला। यदि इनके १५००० आदमी डब्लिन में और १८००० कार्क में लड़ाई छेड़ने पाते तो कैसा भयंकर परिणाम होता! पादरियों ने उनके एक शहीद नेता टेरेन्स मैक मेनस (Terence Mac Manus) के शव पर प्रार्थना पढ़ने से इन्कार कर दिया था, परन्तु उस शव के साथ १५०० आदमियों की भीड़ थी जो पुकारते थे—"Down with the priests" "Down with the pointicians" "पादरियों की क्षय" "राजनीतिज्ञों की क्षय"

आयरलैंड के काश्तकार अत्यन्त निर्धन और सरकार के विरोधी थे। १८वीं शताब्दी में इन्होंने अनेक स्थानों पर अपनी अवस्था सुधारने के हेतु बलवे किये थे. १९ वीं शताब्दी में निर्धनता की यह दशा थी कि वे केवल आलू खाकर प्राण रक्षा करते थे। तब जब आलू कम पैदा होता था तो भयंकर अकाल पड़ता था। इस दशा में क्रान्तिकारियों को आयरिश [illegible]

आयरिश मेम्बर पार्ल्यामेंट में अपने कृषक भाइयों के स्वत्व की प्राप्ति के लिये दिलोजान से लड़ते रहे। मगर फल कुछ भी न हुआ। हाँ, फिनियन क्रान्ति के उपरान्त ग्लैडस्टोन ने सन् १८७० में पहला आयरिश-लैंड एक्ट (Irish Land Act) पास कराया, जिसके द्वारा काश्तकार को यह हक़ दिया गया कि वेदखल होने पर उसे अपनी भूमि की उन्नति का मुआविजा मिले।

भूमि पर स्वत्व प्राप्त करने की इतनी तीव्र चेष्टा थी कि गाँव गाँव में गोप्य सभायें कानून-वादियों, फिनियनों और 'यंग आयरलैंड' का विरोध होते हुए भी स्थापन हो गयी थीं। ये सभायें जमींदारों, उनके कारिन्दों, गजकूरियों इत्यादिक के दिलों में भय उत्पन्न करने वाले कार्य कर रही थीं। सन् १८७९ में माइकल डेविट (Michael Davitt) ने लैंड लीग (Land League) स्थापित की। पार्नेल जो आयरलैंड की आवश्यकताओं पर ब्रिटिश पार्ल्यामेंट का ध्यान दिलाने के लिए बहुत काल से हाउस आफ कामंस के काम में रुकावट डाल रहा था, अब डेविट से मिल गया, अब पार्नेल को भी जमींदारों की शक्ति कम करना आवश्यक प्रतीत हुआ क्योंकि उसका विचार था कि वे उस जंजीर की अन्तिम कड़ी हैं जो आयरलैंड को इङ्गलैंड के साथ जकड़े हैं।

लैंड लीग तो सरकार ने दबा दी किन्तु [illegible]

[illegible]िए हानिकारक होने पर बड़ा जोर दिया गया। [illegible]लैडस्टोन ने विवश हो सन् १८८१ में दूसरा लैंड ऐक्ट [illegible]ास कराया। इस क़ानून द्वारा उचित लगान नियत [illegible]रने के लिए न्यायालय स्थापित हुए जिसकी अदाई से [illegible]ाश्तकार को भूमि में ऐसे स्वत्व मिलें जो वह बेच [illegible]के और अपने उत्तराधिकारियों के लिए छोड़ सके। [illegible]सके कुछ ही काल पीछे ऐसे क़ानून बने जिनके [illegible]ारा सरकार काश्तकारों को अपने खेत पर स्वामित्व [illegible]ाप्त करने के लिए तकावी देती थी। जमींदार अब [illegible]हज मकानों और अपनी अपनी सीरों के स्वामी रह [illegible]ये। इस भूमि संबंधी आन्दोलन ने एक विशेष और [illegible]विचित्र बात काश्तकार और जमींदार दोनों में समान [illegible]प से यह पैदा कर दी कि उनकी दृष्टि में क़ानून [illegible]ा आदर मिट गया, जमींदार अपने तईं क़ानून से [illegible]पर समझने लगे और काश्तकार अपने तईं [illegible]ससे बाहर।

सन् १९०६ के चुनाव के बाद जब लिबरल दल [illegible]के हाथ में शासन आया तो पार्ल्यामेंट ने जान [illegible]ेडमंड का यह मन्तव्य स्वीकार किया कि "आयरिश [illegible]ासन का सुधार आयर्लैंड के लिए बड़े महत्व का [illegible] और उसमें ग्रेट ब्रिटेन की प्रजा का भी कल्याण [illegible]है।" यह मन्तव्य वैसे ही पड़ा रहा। सन् १९१० [illegible]के चुनाव के बाद जब लिबरलों को यह मालूम हुआ [illegible]कि आयरिश और श्रमजीवी वोटों के सहारे से ही [illegible]ासन उनके हाथ में रह सकता है, तो १८ एप्रेल [illegible]१९१२ को ऐस्क्विथ ने आयरिश होमरूल बिल हाउस [illegible]आफ़ कामन्स में पेश किया। बड़ी शीघ्रता से वह [illegible]बिल हाउस आफ़ कामन्स से पास कराया गया और [illegible]हाउस आफ़ लार्ड्स का अड़ंगा पार्ल्यामेंट ऐक्ट पास [illegible]करके दूर किया गया। [illegible] [illegible]ाता फिर से [illegible] [illegible]हुत ग्रस्त पहुंचा [illegible] [illegible]टेस्ट और ब्रिटिश [illegible] [illegible]सके नेता सर एडवर्ड कार्सन ने [illegible] की सहायता से होमरूल बिल को आवश्यकता पड़ने पर बलात् निष्फल करने के लिए स्वयंसेवक-मंडल स्थापित किये। अंग्रेजी सरकार के इस दल को कानून विरुद्ध कारवाई करने पर भी न रुकता देख कर नये युवकों को सरकार के ऊपर भरोसा न रहा।

इसके उत्तर में आयरिश रिपब्लिकन ब्रादरहुड ने नवम्बर १९१३ में प्रोफ़ेसर जान मैकनील की अध्य[illegible]क्षता में हथियारबंद आयरिश स्वयंसेवक दल, जिसमें अधिकतर यूनिवर्सिटी कालेज के विद्यार्थी थे, स्थापि[illegible] किया। सन् १९१४ में महायुद्ध छिड़ने पर जा[illegible] रेडमंड ने इङ्गलैंड की सहायता के लिए आयर्लैंड [illegible] कुमुक भेजने का वचन दिया। इसे आयरिश स्वयं[illegible]सेवक दल ने भी स्वीकार किया, और १६०००० स्वयंसेवकों ने ब्रिटिश सेना में नाम लिखा लिया, केव[illegible] १२००० स्वयंसेवक दल में रह गये। किन्तु ब्रिटि[illegible] अधिकारियों ने उन स्वयंसेवकों पर जो सेना में भरती हो गये थे अत्याचार किये और कान्सक्रिप्शन बिल (जब्रिया भरती का क़ानून) लागू करने की नियत प्रकट की। इसका आयर्लैंड ने घोर विरो[illegible] किया। इन सबका फल यह हुआ कि स्वयंसेवक दल इंग्लैंड का नितांत विरोधी होगया। और आयरिश ब्रादरहुड की सहायता से ईस्टर सन् १९१६ की सोमवार को आयर्लैंड ने क्रान्ति करने की तैयारी कर दी।

प्रोफ़ेसर मैकनील के रोकने पर भी क्रान्ति हो ही गई। इसके बाद से जो कुछ हुआ वह वर्तमान काल का इतिहास है, जिससे पाठकगण भली भांति परिचित होंगे। सन् १९१६ के आयर्लैंड की स्वतंत्रता के संग्राम का इतिहास ही 'डी वलेरा' की जीवनी है। इतना लिख देना पर्याप्त होगा कि फिर से इन [illegible] दलों ने एक दूसरे को नष्ट कर देने का [illegible] किया और आयर्लैंड में रह ही [illegible] [illegible] दाता देश नाम के ईसाई हैं [illegible] की अहिंसा और सहिष्णुता के अनुयायी [illegible] तक मार व हत्या का बाज़ार गर्म

सत्यं-शिवं-सुन्दरम्

दीवाली

[श्री ब्रह्मदत्त दीक्षित 'ललाम']

खाली जाती है दीवाली।
कर न सका तेरे मन्दिर की जी भर कर उजियाली।
जगमग जगमग दीप जलाये,
सुन्दर सुन्दर सुमन सजाये।
पर तेरी पावन प्रतिमा से रहा भरा घर खाली।
छेड़ीं कुछ मन मौजी तानें,
गाये कुछ आनन्दी गानें।
निकल गया मन के कोने से कुछ रुककर वनमाली।
आशा थी दुख-निशा मिटेगी,
भाग्योदय की प्रभा फटेगी।
किन्तु निराशा-निशा रही यों ही काली की काली।
सो जा मन्द-भाग्य ले अपना,
देख न तू वैभव का सपना।
लक्ष्मी-पूजन अरे अकिञ्चन! तेरी थाली खाली।
निर्धन! तेरी कया दीवाली।

मूर्ख कौन है ?

एक दिन की बात है, एक आदमी किसी मन्दिर में मिठाई बांट रहा था। भारतवासियों के लिए मिठाई बांटना साधारण सी बात है। कोई भी शुभ समाचार हो, अथवा कोई विशेष लाभ हुआ हो तो लोग गरीबों को मिठाई खिलाते हैं, कोई कोई उन्हें कपड़ा-बर्तन आदि आवश्यक वस्तुयें भी दान करते हैं। मन्दिर में उत्सव होता देख कर एक व्यक्ति ने उस सज्जन से पूछा—क्यों भाई आज आपके इस हर्षातिरेक का कारण क्या है ? उसने उत्तर दिया—कुछ नहीं, मेरा घोड़ा खो गया है, इसी खुशी में थोड़ी सी मिठाई बाँटी है। सुनने वालों को आश्चर्य हुआ, यह विचित्र कारण उनकी समझ में न आया। एकने फिर पूछा—क्यों भाई, आपका घोड़ा खो गया है अथवा मिल गया है ? दुख होने पर तो हमने कभी किसी को हर्ष मनाते नहीं देखा। उसने उत्तर दिया—आप मेरी बात समझे नहीं। वास्तव मेरा घोड़ा खोया है, केवल घोड़ा खोया है, पर उसका सवार बच गया है। इसीलिए मैं यह हर्ष मना रहा हूँ। ऐसा हुआ, रात्रि के समय में कुछ डाकू मेरा घोड़ा पकड़ ले गये। भाग्य से उस समय मैं उस पर सवार न था। यदि कहीं मैं भी उस पर सवार होता और वे मुझे भी पकड़ ले जाते तो क्या आश्चर्य ! इसीलिए मैं ईश्वर को धन्यवाद देता हूँ कि मैं बच गया और केवल मेरा घोड़ा ही चोरी गया। क्यों, क्या यह प्रसन्नता की बात नहीं है ? उसकी ऐसी बातें सुनकर लोग खिलखिला कर हँस पड़े। कुछ बोले—बड़ा मूर्ख मालूम होता है, काठ का उल्लू !

सचमुच यह कहानी हँसने योग्य मालूम होती है ! किन्तु प्रत्येक मनुष्य को यह कहानी अपने ऊपर ही घटाना चाहिए और देखना चाहिए कि कहीं वे स्वयं उस मनुष्य से अधिक मूर्खता तो नहीं कर रहे हैं ? उनसे तो केवल घोड़ा खोया था और अपने आपको, सवार को बचा लिया था किन्तु यहां हजारों, नहीं, नहीं, लाखों-करोड़ों मनुष्य केवल घोड़ा बचाने की ही चेष्टा में रहते हैं, उन्हें सवार की रत्ती भर परवाह नहीं होती। कहना न होगा कि हमारी वास्तविक आत्मा का हमारे सूक्ष्म शरीर के साथ वही सम्बन्ध है जो सवार का घोड़े के साथ होता है। अच्छा, आओ, यहां किसी से इसका

तुम इतने आनन्द में हो। भविष्य की चिन्ता न करो, वह तो तुम्हारा है ही। बस, काम करना शुरू कर दो, वर्तमान में अपना कर्तव्य करो, हृदय में आनन्द हो और बाहर सब ईश्वर रूप हों, किसी स्वार्थ-भावना को अपने पास न फटकने दो। चाहे जो भी करो, चाहे जिस रूप में करो, पर करो उसे भगवान् के लिए। बस, फिर तुम्हें कोई चिन्ता नहीं हो सकती।

सर्व धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहम् त्वाम् सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

देखो, उल्टी गंगा न बहाओ। रथवान को ही रथ हांकने दो। ओ अर्जुन (हंसो मत), वह तुम्हें अवश्य ही इस संसार के महाभारत के पार लगावेगा। मैं तुम्हें इससे अच्छा संदेश नहीं दे सकता।

रामदास गौड़

ललकार सुनाई देती है!

[श्रीगिरिजाशंकर मिश्र 'गिरीश']

ललकार सुनाई देती है!
अब रुक न सकूँगा मैं पल भर,
अब बढ़ा चलूँगा मैं पल भर,
वह दूर—किसी प्रतिरोधी की जयकार सुनाई देती है।
ललकार सुनाई देती है!
तू रोक न पावेगी अब मुझको।
अब तजना ही होगा तुझको,
वह दूर—किसी [illegible] की झनकार सुनाई देती है।
[illegible] सुनाई देती है!
[illegible]
[illegible]

विवेक-वचनावली

[श्रीस्वामी शरणानन्दजी]

१—यदि किसी प्रकार की अभिलाषा बाकी है तो समझना चाहिए कि अभी अनन्त अभिलाषायें बाकी हैं, क्योंकि त्याग पूरे का होता है, कुछ का नहीं।

२—इच्छा की उत्पत्ति में दुःख और पूर्ति में सुख तथा इच्छाओं की निवृत्ति में आनन्द का अनुभव होता है।

३—अविचार से इच्छाओं की उत्पत्ति होती है, कर्म से इच्छाओं की पूर्ति होती है। ज्ञान से इच्छाओं की निवृत्ति होती है।

४—सुख से दुख दब जाता है और आनन्द से मिट जाता है। दबा हुआ दुख फिर उत्पन्न होता है, मिट जाने पर फिर उत्पन्न नहीं हो सकता।

५—यदि राग-द्वेष न किया होता तो त्याग व प्रेम न करना पड़ता।

६—यदि विषयों का चिन्तन न किया होता तो भगवत्-चिन्तन न करना पड़ता।

७—यदि भोग न किया होता तो योग न करना पड़ता।

८—यदि स्वार्थ-सिद्धि न की होती तो संसार सेवा न करनी पड़ती।

९—यदि अविचार न किया होता तो विचार न करना पड़ता।

१०—यदि शरीर-भाव न धारण किया होता तो आत्म-भाव न धारण करना पड़ता।

[illegible]—यदि किसी का अनहित न किया होता [illegible] न करना पड़ता।

[illegible]

क्या कोई रोग असाध्य है ?

[श्री प्रिय बाबू]

वास्तव में 'असाध्य' शब्द होना ही नहीं चाहिए। जब तुम कहते हो कि अमुक रोग असाध्य है, तो तुम वास्तव में कहते हो कि प्रकृति की नैसर्गिक धारा स्वास्थ्य की ओर न होकर, रोग की ओर है। यह बात ठीक नहीं है। प्रत्येक जीवित परमाणु चाहे वह रोग-ग्रसित भले ही हो जाय, स्वस्थ हो सकता है। क्योंकि वह जीवित है, वह प्रकृति की नैसर्गिक जीवन-शक्ति का केन्द्र है। इसलिए हम रोग-ग्रस्त परमाणु को अवश्य ठीक कर सकते हैं। यदि कोई रोग-ग्रस्त परमाणु हमारी इच्छा के अनुसार ठीक नहीं होता है, तो इसमें परमाणु का दोष नहीं, हमारा दोष है। जिस विधि से तुम उन परमाणुओं पर प्रभाव डालने का यत्न करते हो, वह ठीक नहीं है। किसी परमाणु की रक्षा करना ठीक वैसा ही है जैसा किसी मनुष्य की रक्षा करना। जब तुम किसी मनुष्य की रक्षा करते हो तो अपने सहज प्रेम के कारण उसे सदैव सोते-जागते अपनी शुभ कामनाओं द्वारा आशीर्वाद देते रहते हो। जाग्रत अवस्था में जान बूझ कर और सुषुप्ति अवस्था में मानसिक एकाग्रता के फल स्वरूप ये आशीर्वाद अपने आप तुम्हारे हृदय से निकलते रहते हैं। बस, जिस प्रकार तुम अपने प्रिय पात्र के लिए शुभ कामना करते हो, उसी प्रकार उस रोग-ग्रस्त अंग के लिए भी मंगल-कामना करो। इस कामना के प्रभाव को कभी व्यर्थ न समझो। ऐसा कदापि हो नहीं हो सकता कि तुम किसी जीवित परमाणु पर प्रभाव डालना चाहो और वह उसे ग्रहण न करे। क्योंकि वास्तव में जीवन और प्रभाव का स्रोत तो एक ही है। जीवन के लिए इच्छा-शक्ति का प्रभाव आवश्यक है और इच्छा-शक्ति के प्रभाव के लिए जीवन आवश्यक है। दोनों का अविच्छेद्य सम्बन्ध है। अतएव कोई भी रोग असाध्य नहीं है।

वास्तव में शरीर कभी रोगी नहीं होता। शरीर और शरीर के परमाणु तो सदा प्राकृतिक अवस्था में चलते हैं। यह तो हमारा मन है, जो उसके मार्ग में गड़बड़ उपस्थित करता है और शरीर को रोगी बना देता है। इतना ही नहीं, जब शरीर स्वतः नीरोग बनने की चेष्टा करता है, तो उसके मार्ग में असाध्यता की कल्पना लाकर उसके कार्य को और भी दुस्तर कर देता है। वास्तव में हर परिस्थिति में शरीर की अवस्था मन की अवस्था पर निर्भर है। जब तुम किसी रोग को असाध्य कहते हो, तो उसका अर्थ होता है कि मन की अवस्था को असाध्य कहते हो। किन्तु यह असम्भव है, क्योंकि मन का स्वभाव ही चांचल्य है। यदि वह आज असाध्य है, तो वह सदा असाध्य कभी नहीं रह सकता। वह सदा एक रस रहने वाली चीज ही नहीं है। अतएव मन का असाध्य से साध्य होना अवश्यम्भावी है। और मन क्या है ? हमारे विचारों का पुंज और मन की शक्ति क्या है, हमारे विचारों की शक्ति। इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता कि हमारे विचारों में शक्ति होती है। हम जैसा सोचते हैं, वैसा ही बन जाते हैं। यदि हम अपने आप को कमजोर अनुभव करते हैं, तो हमें कौन ऊपर उठा सकता है। कोई नहीं। यदि हम अपने को बलवान अनुभव करते हैं तो हमें कौन रोक सकता है, कोई नहीं।

बस, उठो, रोगी की साध्यता-असाध्यता की भावना हृदय से दूर कर दो। तुम बलवान हो, बलवान होना, तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। जब तक तुम हो बलवान हो। न तुम मिट सकते हो और न तुम्हारा बलवान होना मिट सकता है।

"ईसाई वर्ग के सर्वोत्तम पुष्प"

श्रीमोहन जोशी की अन्तिम झाँकी

[लेखक—पादरी आर० एम० विल्किन्सन]

स्वर्गीय पादरी जे० डी० जोशी जी के सुपुत्र माननीय मोहन जोशी जी गण्यमान पुरुषों में थे। अल्मोड़े के दीन-हीन व्यक्ति से लेकर महात्मा गांधी तक सभी उनके जीवन से प्रभावित हुए हैं। वे एक सच्चे देशभक्त, सच्चरित्र, दीन मनुष्यों के सहायक थे। उनको देखकर एक बार महात्मा गांधी जी ने कहा था—"मोहन जोशी ईसाई वर्ग का सब से सुन्दर फूल है"। बड़ा शोक है कि यह फूल ता० ४ अक्टूबर १९४० के दिन सदा के लिए मुरझा गया।

उनकी एक मात्र बहिन मिस्सी जोशी जी के नैनीताल से अल्मोड़ा आने पर उनका शव ५ अक्टूबर को समारोह के साथ निकाला गया। उनके प्रति लोगों का आदर और कृतज्ञता उनके शव-संस्कार में स्पष्ट प्रमाणित होती थी। अल्मोड़े के कांग्रेसी व अन्य सभी जनों ने मृत आत्मा के प्रति बड़ी उत्सुकता के साथ प्रेम व आदर दर्शाया।

उनका मृतक शरीर और कफन सब खादी के स्वच्छ वस्त्र से आच्छादित थे। कफन के सिरे पर कांग्रेस का झंडा पाल की तरह लहरा रहा था।

संस्कार के समय चारों ओर आदरभाव और गम्भीरता विद्यमान थी। मानो समाधि लोगों की भक्ति को प्रदर्शित कर रहा था।

वे सद्कार्य का अनुकरण करने में सदा तत्पर रहते थे और धार्मिक विषयों में [illegible] थे। उन दिनों [illegible] की सदैव चर्चा का [illegible] मगर वे बीते [illegible] असम्भव ज्ञात हुई [illegible] एक सुन्दर माल साल में पूर्ण [illegible]

शारीरिक और आध्यात्मिक उन्नति के विषय में शिक्षा दें। उनकी इच्छा थी कि हमारे गिरजों में प्रार्थना की प्रणाली पाश्चात्य के बदले भारतीय हो। भारतीय वाद्य और भारतीय गान हों। प्रार्थना भारतीय रीति के अनुसार पृथ्वी पर बैठ कर और जूते उतार कर हो जैसा कि वर्तमान समय में हमारे गिरजों के अनेक नायक उचित समझते हैं। परन्तु उस समय वे समय से २० साल आगे और हमारे भाई समय से २० साल पीछे थे। इसलिए उनको नये विचार पूरे करने में सहायता और साहस नहीं मिला।

वे राष्ट्रीय पत्र 'शक्ति' व अन्य हिन्दी और अंग्रेजी पत्रों के जन्मदाता थे। हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं पर उनका समान अधिकार था। उन्होंने अनेक लेख इतनी खूबी के साथ लिखे हैं कि लोग देखते रह जाते हैं। वे हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के सद्वक्ता भी थे।

उनका उद्देश्य न तो धन प्राप्त करना था और न आदर ही। वह था केवल 'देश-सेवा' करना। एक बार उनको ३००) रुपया मासिक पर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के सेक्रेटरी का पद मिला। परन्तु उन्होंने इतनी बड़ी तनख्वाह लेना अस्वीकार किया। उन्होंने देखा कि दीन और धनाढ्य व्यक्ति के साथ एक सा बर्ताव नहीं हो रहा है, तो आपने पद व वेतन त्यागने में जरा भी संकोच नहीं किया।

मिस्टर मोहन जोशी ने भारतमाता के हेतु कठिन परिश्रम किया। वे सदा भारत की अच्छी दशा का स्वप्न देखते रहे। उनके हृदय में भारतमाता के लिए विमल स्थान था। वे अन्तिम समय तक भारतमाता के लिए चिन्तित रहे। [illegible] और कार्यकर्ता [illegible] भारतमाता की सेवा के हेतु [illegible] भारतमाता अब उनके सदृश [illegible]

अपनी बात

महोत्सव

दिन और दिन में क्या अन्तर है ? जो कल था, वही आज है और वही कल भी रहेगा। फिर भी हम अपने दृष्टि-कोण से उसमें अन्तर मानते हैं, किसी को शुभ और किसी को अशुभ समझने लगते हैं। जिस प्रकार व्यक्तिगत जीवन में कोई दिन अच्छा और कोई बुरा माना जाता है, उसी प्रकार समाज के जीवन में भी कोई उसकी प्रतिष्ठा बढ़ाता है और कोई अप्रतिष्ठा। जिन दिनों से समाज की प्रतिष्ठा-वृद्धि होती है, वही उसके लिए हर्ष के दिन हैं। इन्हीं को दूसरे शब्दों में हम त्योहार कहते हैं।

हम इन त्योहारों की बड़ी बाठ देखते हैं। क्यों ? क्योंकि यदि हम लेना चाहें तो इनसे हमें उनका एक संदेश मिल सकता है। यदि हममें उनसे संदेश ग्रहण करने की इच्छा नहीं है तो फिर हमारे लिए उनमें विशेषता ही क्या ? जैसे और दिन, वैसे ही ये त्यौहार के दिन। जैसे और दिन आते हैं और जाते हैं, वैसे ही एक दिन वह भी आयगा और चला जायगा।

दीपावली हमारे सामने है। हिन्दुओं के त्यौहारों में इसका विशेष स्थान है। इस त्यौहार के विशेष संदेश को यदि हम एक शब्द में व्यक्त करना चाहें तो वह होगा—पवित्रता। पवित्रता दो प्रकार की है। एक बाह्य और दूसरी अतरंग। दीपावली के इस पवित्र संदेश की ओर प्रायः सभी भारतवासियों का ध्यान आकृष्ट होता है। बाह्यतः सभी किसी न किसी परिमाण में स्वच्छ और पवित्र बनने की चेष्टा करते हैं, परन्तु अन्तरंग पवित्रता, हृदय की शुद्धि की ओर हम उतना ध्यान नहीं देते हैं। पर स्वामी राम के प्रेमियों के लिए तो इस दीपावली का महत्व सर्वोपरि है। क्योंकि इसी पवित्र दिवस के अवसर पर उन्होंने जन्म ग्रहण किया था, इसी पवित्र दिवस पर उन् संन्यास लिया था और इसी पवित्र दिवस पर उन् अपने नश्वर शरीर का त्याग किया था। साधार सांसारिक मनुष्य एक जीवन में एक ही बार ज लेते हैं और एक ही बार मरते हैं। किन्तु इ जीवन-मुक्त महात्मा एक ही जीवन में दो बार ज हैं और दो बार मरते हैं। जिस समय मनुष्य एक हृदय से ईश्वर की शरण जाता है अथवा जिस स उसके हृदय में ईश्वर के स्वरूप को जानने की के एक ही जिज्ञासा रहती है, उसी समय मानों उस दूसरा जन्म होता है। इसी लगन व प्रेरणा के फ स्वरूप जब साधक को अपने स्वरूप का अप अनुभव, प्रत्यक्ष अनुभूति होती है, जिस सम उसका देहाध्यास बिलकुल छूट जाता है, वही मा उसकी पहली मृत्यु है। धन्य है यह द्वितीय ज और प्रथम मृत्यु ! स्वामी राम ने अपने द्वितीय ज के अवसर पर अपने गुरु को इस प्रकार लिखा था—

आपका कृपापत्र प्राप्त हुआ जिसमें घर आने लिए प्रेरणा की गयी है। इस पत्र को मैंने पॉल परम धाम को भेज दिया है, श्रीगंगा जी की भें कर दिया है।

× × × ×

मरे हुओं से मिलने के लिए लोग उनको संदेश भेजकर नहीं बुला सकते। अलबत्ता आप मरक उनसे मिल सकते हैं। हम तो मर चुके। जीते ज ही मर चुके। घर वाले हमको बुलाने का यत्न न करें। हम उन्हें हो जायगे, तब तो मेल बहुत सुगमत से हो सकता है। सत्त्वगुण की गंगा जहाँ न हो, हमारा जाना होना बड़ा कठिन है।

× × × ×

जिस हृदय में ऐसी लगन हो, ऐसी जिज्ञासा हो, ऐसी मिलनपिपासा हो और हो उसके लिए ऐसे प्राणों की प्रबल आकांक्षा, उसके लिए क्या यह देहाध्यास का अंधकार का रहना संभव हो सकता है। देहाध्यास के हटने से साधक सारे विश्व के साथ तद्रूप हो जाता है। अपनी इसी अवस्था में स्वामी राम कहते हैं—

ऐ डूबते हुए सूर्य! तू भारतभूमि पर निकलने जा रहा है। क्या तू कृपा करके राम का यह संदेसा उस तेजोमयी भाग्यशालिनी माता की सेवा में ले जावेगा? क्या ही अच्छा हो, यदि ये मेरे प्रेम के आँसू भारत के खेतों में ओस की बूँदें बन जायें। जैसे शैव शिव को पूजता है, वैष्णव विष्णु को, बौद्ध बुद्ध को, ईसाई ईसा को, मुसलमान मुहम्मद को, वैसे ही मैं प्रेमाग्नि में निमग्न हो शैव, वैष्णव, बौद्ध, ईसाई, मुसलमान, पारसी, सिक्ख, संन्यासी, अछूत आदि प्रत्येक रूप में तुझ ही को देखता और पूजता हूँ। तू ही मेरी गंगा है, तू ही मेरी काली देवी, तू ही मेरी इष्ट देवी है और तू ही मेरे शालग्राम!

स्वामी राम के इस ज्ञान को समझने के लिए, स्वामी राम के इस प्रेम रस में डूबने के लिए, स्वामी राम के इस कर्मयोग में कार्यरत होने के लिए सब से पहले हमें अपने हृदय में जिज्ञासा की ज्योति जगाना चाहिए। और इस ज्योति जगाने के लिए इस दीपावली के महोत्सव से बढ़कर और कौन सा पुण्य अवसर हो सकता है। आइये, आज हम सब मिलकर बाहर दीपावलियों की ज्योति जगा कर अपने भीतर और बाहर ज्ञान के प्रकाश का दर्शन करें [illegible]

[illegible] है, [illegible] है, [illegible] है। नित [illegible] है, नित [illegible] है, नित [illegible], [illegible] है।

न्यूनतम कर्तव्य

संसार एक है या अनेक—यह प्रश्न पूछने में कुछ अच्छा नहीं मालूम होता। किन्तु यदि थोड़ा भी ध्यान पूर्वक विचार किया जाय तो यह स्पष्ट हो जायगा कि प्रत्येक मनुष्य की अपनी एक दुनिया है। इस प्रकार जितने मनुष्य हैं, उतने ही संसार कहे जा सकते हैं। प्रत्येक अपने अपने संसार में ही रहता है। इनमें परस्पर सम्पर्क बहुत कम होता है। यहाँ तक कि एक ही शहर, एक ही मुहल्ला, एक ही बाड़ा, एक ही मकान और एक ही कमरे में रहने वाले दो मनुष्य कभी कभी एक ही संसार में रहते हुए भी एक में नहीं रहते। क्योंकि वास्तव में हमारी सहानुभूति के घेरे के अनुसार ही हमारा संसार छोटा या बड़ा होता है। हमारी सहानुभूति का क्षेत्र जितना व्यापक होगा, हमारा संसार उतना ही विशाल और जितना संकीर्ण होगा, उतना ही लघु होगा। हम अपने सहानुभूति के पात्रों के सुख-दुख से ही सुखी दुखी होते हैं, शेष से हमें विशेष मतलब नहीं होता।

किन्तु जिस प्रकार हमारा स्थूल भौतिक जगत एक है, उसी प्रकार यदि हम अपनी वास्तविक उन्नति चाहते हैं, तो हमारा उपर्युक्त मानसिक जगत भी एक होना चाहिए। इसमें कहीं कोई सीमा नहीं बनायी जा सकती। हमें अपने परिवार, अपनी जाति, अपने प्रान्त, अपने देश, यहा तक कि सारे संसार के साथ तादात्म्य करना होगा। जिस प्रकार [illegible]

है, जो नित्य प्रति हमारे सम्मुख आ रहा है, वह इतने ही देशों तक सीमित रहेगा अथवा विश्व-व्यापी हो जायगा, इससे भारतवर्ष को लाभ होगा या हानि, इसमें हमें सहायता करना चाहिए या नहीं, इसमें किन मित्रराष्ट्रों की विजय होना चाहिए और किन की हार—ये समस्याएँ ऐसी हैं जिन पर विभिन्न लोग पृथक् पृथक् उत्तर देते और दे रहे हैं। किन्तु एक बात निश्चित है कि यह युद्ध दैवी कोप और प्राकृतिक संकट है। एक तो युद्ध-प्रवृत्ति ही स्वयं दैवी विधान के प्रतिकूल है और फिर इस युद्ध की नर-संहारकता का क्या कहना ! जहां अबलाओं को सैनिक अपना निशाना बनाते हों, जहां स्कूल जाने वाले बच्चों पर बम फेंके जाते हों, जहां अर्द्ध निद्रा में सोते हुए मनुष्य अग्नि में स्वाहा कर दिये जाते हों—वह निस्सन्देह दैवी कोप की पराकाष्ठा है।

ऐसी स्थिति में जो दैवी विधान की अनुकूलता में चलना चाहते हैं, उनका इस सर्वनाशक युद्ध के प्रति एक कर्तव्य, अवश्य कर्तव्य है। उन्हें कम से कम इसके निवारणार्थ विश्व-शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करना ही चाहिए। संसार में ऐसा भयानक संग्राम चल रहा हो और हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहें अथवा अपने ही सुख-दुःख में मस्त रहें—यह हमारे लिए श्रेयस्कर नहीं हो सकता। यदि हम इसमें सर्वदा उदासीन रहते हैं, तो निस्सन्देह किसी न किसी रूप में उसका प्रतिफल हमारे ऊपर अवश्य पड़ेगा ही। इसीलिए एक हम [illegible]

प्रार्थनाओं का कोई मूल्य है या नहीं, कोई उनका सुनने वाला है या नहीं—इस विचार में भी हमें पड़ने की आवश्यकता नहीं। क्योंकि यह तो कहने का, विवाद का विषय नहीं, स्वयं करके देखने, स्वयं अनुभव करने की बात है। अस्तु—

युद्ध के प्रति सात्विक भाव

युद्ध-परिणाम के विषय में हमारे हृदय में कैसा भाव होना चाहिए, इसके विषय में महात्मा गांधी जी ने 'हरिजन सेवक' में ऐसा उत्तर दिया है—

जब अंग्रेजों के प्रति घृणा और उन्हें सजा देने की इच्छा हो तब ऐसी हालत में रास्ता निकालना मुश्किल है। लेकिन अहिंसा ऐसे मौके पर ही अपना तेज दिखाती है। पहले तो हमें अङ्गरेज और उनकी चालबाजी—इन दोनों में भेद करना चाहिए। उनकी चालबाजी की हम निर्भय पूर्वक टीका भले ही करें, परन्तु उनसे घृणा न करें। गलतियां सब से होती हैं। मनुष्यमात्र गुण-दोष का पुतला है। उनकी गलतियां हम भले ही बतावें लेकिन उनका बुरा न चाहें। यही प्रार्थना करें कि उन्हें सद्बुद्धि मिले, न कि यह कि उनका नाश हो। सत्याग्रह की उत्पत्ति इसी मनोवृत्ति से होती है।

× × ×

यह सही है कि हिन्दुस्तान को हम अंग्रेजों से आजाद करना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए यह जरूरी नहीं है कि हम जर्मनी का नाम चाहें। [illegible] हम अपनी ताकत से हासिल करें। [illegible]

ॐ

VYAVAHARIKA VEDANTA

"नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।"

"GOD IS REAL, WORLD UNREAL"
"SELF-REALIZATION THROUGH RENUNCIATION."

"RAMA"

VOL 1 | **November, 1940.** | **No. 11**

I am all in all.

I am the mote in the sunbeam,
and I am the burning sun.

"Rest here," I whisper the atom.
I call to the orb "Roll on."

I am the blush of the morning,
and I am the evening breeze:

I am the leaf's low murmur, the swell
of the terrible seas.

I am the net, the fowler, the bird
and its frightened cry;

The mirror, the form reflected; the
sound and its echo I

The lover's passion [illegible] the
[illegible]

[illegible]

The guest, the host, the traveller,
the goblet of crystal fine.

I am the breath of the flute, I am
the mind of man:

Gold's glitter, the light of the diamond,
The sea pearl's lustre wan.

The rose, her poet nightangle, the
songs from the throat that rise.

The flint, the sparks, the taper, the
moth that about it flies.

I am both good and evil, the deed
and the deed's intent:

Temptation victim, sinner, crime,
pardon and punishment

— RAMA

One is the state of a baby monkey that holds to the bosom of its mother. And other is the state of a tiny kitten that is being carried from place to place by the mother cat's holding it in her mouth.

In the first case the baby monkey although it clings to its mother for its life, still is apt to lose its hold, in trying moments. Similarly, a devotee of this type, although he tries to live, breathe, work and move in God, clinging to Him, as his All-in-All, yet there will be some trying moments when he loses the firm hold of God, for the time being.

In the case of the other type of devotion, the devotee completely surrenders his little self to the Lord, knowing that he will be carried by the Lord, like the tiny kitten held in the mouth of the mother cat.

The Divine Mother knows best where to carry, keep and nourish us. So one need not worry over the many trivial duties and cares of daily life.

If there is happiness anywhere, the happiness that knows no change, it is only in SELF SURRENDER. One who has surrendered himself to God alone is free from worry, suffering and the restlessness of life.

It is only a Soul of Self Surrender that takes joy in repeating:

O Lord, let others be great and famous but let me remain humble [illegible] and [illegible] [illegible]

Dear friend, are you sad and heavy, worried and depressed? Do you have any hard problems to solve? Is your life like a heavy cross hard for you to bear? Do you want to be free from all your physical, mental, financial and even spiritual worries and struggles? If so, there is the only way, the way of all saints and sages. Its door is ever open for you and one and all. It is SELF SURRENDER. Through its lovely portals you will be led into the Presence of God, where it is All Light.

Surrender yourself for your Individual Peace. Let the nations surrender themselves for the Universal Peace. Above all, the Lord knows what is best for you, for the Eastern and the Western world, so let us have the strength to fully surrender ourselves to His all-knowing wise Will or Providence. The place to surrender ourselves is where we are, now and here.

It is the tenacious self, which is the root cause of all troubles and disturbances within and without, individually and universally. It is not so easy to annihilate it, so let us offer it to His Service. Let it be completely surrendered NOW and HERE!

Let us be ever carried like the kitten in the mouth of its mother. After all, MOTHER knows best. Let us love and trust the UNIVERSAL MOTHER with perfect Self Surrender. May HER Will be done!

May SELF SURRENDER and PEACE [illegible] in Individuals and HARMONY and [illegible] among Nations!

[illegible] Sat [illegible] Om!

A pure heart is like unto a mirror; purify it with the polish of Love, and severance from all save God, until the Ideal Sun may reflect therein, and the Eternal Morn may dawn.

—BAHA-U-LLAH

The Song of a Vedantin

SWAMI SIVANANDA

Soham !	Soham !!	Sivoham !!!
Om Om Om Om Om		Om Om Om Om Om.
1. I am neither mind nor body		Immortal Self I am
I am witness of three states		Existence Absolute.
I am witness of three states		Knowledge Absolute.
I am witness of three states		Bliss Absolute.
Nothing exists,		Nothin belongs to me.
2 I am not this body.		This body is not mine.
I am not the Prana.		This Prana is not mine
I am not the mind.		This mind is not mine.
I am not the buddhi		This buddhi is not mine.
I am That I am		I am That I am.
I am That, I am That		I am That, I am That.
3 I am Sat, Chit		Ananda Swaroop.
Nitya Shudha Buddha		Mukta Swabhava
I am Svayam Prakasha		I am Santi Swaroop.
I am Akarta		I am abhokta
I am Asanga		I am Sakshi
4. Prajnanam Brahma		Aham Brahmasmi
Tat Twam Asi.		Ayam Atma Brahma
Satyam Jnanam		Anantam Brahman,
Ekam Eva		Adwatiyam
Sarvam Khalu vidham Brahma		Na Iha nana asti Kinchana

Twelve Secrets of Service.

By SWAMI OMKAR

1. Attain Peace by wishing Peace unto all

2. Find your own happiness in making others happy

3 Be lov[illegible] by lo[illegible]ing th[illegible] you w[illegible] to be loved by

4 Make [illegible]rself great by [illegible] greatne[illegible]

5 [illegible] transitory goods

6 Heal the pain in your [illegible] those that are sick in body

7 Enrich yourself before God by giving to the poor among men

8 Increase your own knowledge by imparting it to others

9 Elevate your own life by raising the downtrodden

10 Become strong as a whole by strengthening the parts that are weak

11 A[illegible] thou lovest thyself so love thy neighbour

12 Do unto others as you would hav[illegible] [illegible] to do unto you

विपय-सूची ।

एकाग्रता में विघ्न

द्वेष-दृष्टि

आनन्दधाम को चित्त चला, तो वैरी, विरोधी का ख्याल डाकू रूप होकर चित्त को ले उड़ा।

यूरुप में एक दिन एक तत्व-विज्ञान का लायक डाक्टर (आचार्य) अपने पास आने वालों की कुछ निन्दा सी करने लगा। उससे पूछा कि "आप शिकायत करते हो ?" तो बोला—"नहीं, मैं उनके चित्त की आध्यात्मिक दशा पर विचार करता हूँ—" (I study the psychology of their minds.)

दुनिया में हम लोग बराबर यही तो करते हैं। द्वेष-दृष्टि (और दुष्ट भाव) को कोई श्रेष्ठ सा नाम देकर आँखों पर परदा डाल लिया और इस सर्पनी को बराबर छाती से लगाये फिरे।

फिर जब कहा गया—"प्यारे डाक्टर ! सम्बन्ध वालों की आध्यात्मिक दशा अकेली विचार के योग्य नहीं होती। अपनी आभ्यन्तर दशा भी उसके साथ साथ विचारणीय है। साथी जो बिगड़े चित्त वाले मिले हैं, तो क्या आज-कल आप की आभ्यन्तर अवस्था बिल्कुल दूषण-रहित थी?" डाक्टर आदमी था सच्चा। कुछ देर चुप रह कर विचार करके बोला — "स्वामिन ! कहते तो बिल्कुल सच हो। वास्तव में जैसा मेरा चित्त होता है, वैसे चित्त और स्वभाव मेरे पास आकर्षित हो जाते हैं। औरों की अवस्था पर भला-बुरा चिन्तवन करते रहने से कभी झगड़ा निपटता भी नहीं। उन लोगों को क्या पकड़ूँ, सब मनों का मन मैं हूँ, सब चित्तों का चित्त मैं हूँ, अन्दर से ऐसी एकता है कि अपने तईं शुद्ध करते ही सब शुद्ध ही शुद्ध पाता हूँ। समीप का इलाज (अपने तईं ब्रह्ममय कर देना) तो हम करते नहीं, दूर के बन्दोबस्त (औरों के सुधार) को दौड़ते हैं। न यह होता है, न वह। ईश्वर-दर्शन तो तब मिलेगा, जब सांसारिक दृष्टि से प्रतीयमान वैरी, विरोधी, निन्दक लोगों को क्षमा करते हम इतनी देर भी न लगायें, जितना श्री गंगा जी तिनकों को बहा ले जाने में लगाती हैं या जितनी आलोक-किरणें अन्धकार के उड़ाने में लगाती हैं।

जब तक सर्व पदार्थों में सम 'धी' नहीं होती, तब तक समाधि कैसी ? विषम-दृष्टि रहते, योग की समाधि और ध्यान तो कहाँ, धारणा भी होनी असम्भव है। सम दृष्टि तब होगी, जब लोगों में भलाई-बुराई की भावना उठ जाये और यह क्योंकर उठे ? जब लोगों में से भेद-भावना उठ जाये और पुरुषों को ब्रह्म से भिन्न मान कर जो अच्छी-बुरी कल्पना कर रक्खी है उसे छोड़ दें। समुद्र में जैसे तरंगें होती हैं, कोई छोटी, कोई बड़ी, कोई ऊँची, कोई नीची, कोई तिरछी, कोई सीधी, पर उनकी सत्ता समुद्र से अलग नहीं मानी जाती,

उनका जीवन भिन्न नहीं जाना जाता। इसी तरह अच्छे-बुरे आदमी और अमीर-गरीब लोग तो तरंगें हैं, जिनमें एक ही ब्रह्म समुद्र ठाठें मार रहा है। अहाहाहा ! अच्छे-बुरे पुरुषों में से जब हमारी जीव-दृष्टि उठ जाये और उनको ब्रह्म-रूपी समुद्र की लहरें जान लें, तो राग-द्वेष की अग्नि बुझ जायगी और छाती में ठंडक पड़ जायगी। जो लहर ऊँची चढ़ गई है, वह अवश्य नीचे गिरती है। इसी तरह जिस पुरुष में खोटापन समा गया है, उसे अवश्य दुःख पाना ही है। परन्तु लहरों के ऊँच और नीच भाव को प्राप्त होते रहने पर भी समुद्र की पृष्ठ को क्षितिज धरातल (horizontal) ही माना है। इसी तरह वीचि रूप लोगों के कर्म और कर्म-फल के प्राप्त होते रहने पर भी ब्रह्म रूपी समुद्र की समता में फर्क़ नहीं पड़ता। लहरों का तमाशा भी परम सुखदायी और आनन्द वर्द्धक होता है ! पर हाँ, जो पुरुष उनसे भीग जाये या डूबने लगे, उसके लिए तो उपद्रव रूप है। समुद्र-दृष्टि होने से मन 'धीं' और समाधि होगी।

स्वार्थ, कपट।

उपासना की जान समर्पण और आत्म-दान है। यदि यह नहीं, तो उपासना निष्फल और प्राण-रहित है। भाई ! सच पूछो तो हर कोई लेने का यार है। जब तक तुम अपनी खुदी और अहङ्कार को परमेश्वर के हवाले न करोगे, तो तुम्हारे पास बैठना तो कैसा, तुमसे कोसों भागता फिरेगा, जैसे कृष्ण भगवान कालयवन से। उन आँखों वाले प्रज्वलित हृदय सूरदास ने [illegible] कहा है —

किन तेरो गोविन्द नाम धर्यो !
लेन-देन के तुम हितकारी मो ते कछु न सर्यो।
विप्र सुदामा कियो अजाची तंदुल भेंट धर्यो।
द्रुपदसुता की तुम पति राखी अम्बर दान कर्यो।
गज के फंद छुड़ाये आकर पुष्प जो हाथ धर्यो।
सूर की बिरियाँ निठुर ह्वै बैठे कानन मूँद धर्यो।

यदि चाहो, परीक्षा तो करें भजन (उपासना) से फल मिलता है या नहीं। तो प्यारे ! याद रहे 'परीक्षा का भजन असङ्गत है और असंभव है,' क्योंकि निष्कपट भजन तो होगा वह जिसमें फल और फल की इच्छा वाले अपने आप को इस तरह परमेश्वर के भेंट कर दें, जैसे अग्नि में आहुति।

यह विनती रघुबीर गुसाईं !
और आस विश्वास भरोसो हरो जीव जड़ताई।
चहों न सुमति सम्पति कछु रिद्धि सिद्धि विपुल बड़ाई।
हेतु रहित अनुराग राम पद बढ़े अनुदिन अधिकाई।

यदि कोई कहे, आहुति हो जाने में क्या स्वाद रहा ? तो ऐसा पूछने वाले को स्वाद (आनन्द) का स्वरूप ही विदित नहीं। खुद (अहम् भाव) के लीन हो जाने का ही नाम है, स्वाद, आनन्द।

बच्चे ने जब अपना नन्हा सा तनु और भोला-भाला मन माता की गोद में डाल दिया, तो सारे जहान में उसके लिए कौन सा आराम शेष रहा, और कौन सी चिन्ता बाक़ी रही। आँधी हो, वर्षा हो, भूकम्प हो, युद्ध हो, उसका बाल बाँका नहीं होगा। कैसा निश्चिन्त है ! क्या मीठी नींद सोता है और बेखौफ़ जागता रहता है !

अपने अनन्त में अविश्वास है तो मौत में गोली [illegible] लेने। राम

वेदों के अध्ययन की आवश्यकता

[लेखक—श्रीसम्पूर्णानन्द]

साधारण हिन्दू जनता वेदों के नाम से प्रायः परिचित है। जो लोग नाम से परिचित हैं, उनमें से भी बहुत कम ऐसे हैं, जिन्होंने किसी भी वेद की पोथी आँख से देखी है। वेदों में है क्या, यह जानना तो बहुत दूर की बात है। सामान्यतः पढ़े-लिखे लोगों ने, जिसमें अधिकांश पंडित समाज भी है, ऐसा मान लिया है कि वेद अपौरुषेय, अनादि, स्वतः प्रमाण ग्रंथ हैं, धर्म तत्व का सार उनमें मिलता है, अन्य सब धर्म-ग्रन्थों में एक प्रकार से उनकी विस्तृत व्याख्या है और बस। यह इतना मान लेने पर इति-कर्तव्यता हो जाती है, वेदों के अध्ययन की आवश्यकता नहीं रह जाती। वेदों की पवित्रता इतनी बढ़ा दी गयी कि वह अछूत हो गये। कोई उनके पास जाने का नाम ही नहीं लेता। जो वेद स्वतः प्रमाण का पद रखते हैं, उनको अब प्रमाण रूप से पेश करने की आवश्यकता नहीं समझी जाती। लोग छोटे-मोटे दार्शनिक लेख लिखते हैं और उनमें प्रमाण की जगह वेद मंत्र नहीं, भगवद्गीता के श्लोक उद्धृत करते हैं। यह पाण्डित्य की खान समझी जाती है। किसी को यह नहीं सोचते कि गीता को स्वतः प्रमाणत्व नहीं प्राप्त है। जो अपने को हिन्दू कहता है, वह वेद की प्रामाणिकता से इनकार नहीं कर सकता परन्तु भगवद्गीता की मान्यता न मानता [illegible]

[illegible]

जातीय चरित्र बना है, जिन विचारों के रंग में हमारी संस्कृति रंगी है, उनका स्रोत वेदों में ही है। मैं इस लेख तथा इसके बाद के एकाध लेख में इस प्रकार की कुछ बातें दिखलाऊँगा। इन बातों में एक भी नयी अर्थात् मेरी निज की खोज नहीं है, पर इनसे लोगों का ध्यान वेदों की ओर आकृष्ट होने में सहायता मिलनी चाहिए।

वेदों में धर्म, उपासना, ज्ञान की सामग्री है—यह तो लोग मान लेते हैं पर इतना ही नहीं है। उनमें प्रचुर ऐतिहासिक सामग्री भी भरी पड़ी है, जिससे हमारे इतिहास पर गहरा प्रकाश पड़ता है। वैदिक काल कितना पुराना है अर्थात् हमारी संस्कृति की परम्परा कितने पीछे तक जाती है, यह रोचक प्रश्न है। इसका उत्तर दूसरे साधनों से भी देने का प्रयत्न किया जाता है परन्तु स्वयं वेद में भी ऐसी बातें मिलती हैं, जो इस काम में सहायता देती हैं। इसका एक उदाहरण देता हूँ—

ऋग्वेद के दशम मण्डल के ८५ वें सूक्त में सूर्य की लड़की सूर्या के विवाह का प्रकरण है। सोम भी उसका पाणिग्रहण करना चाहते थे परन्तु वह अश्विद्वय की—दोनों अश्विनों की, जो पुराणों में अश्विनीकुमार के नाम से विख्यात हैं—पत्नी हुई। सूक्त का १३वाँ मन्त्र कहता है—

> सूर्याया वहतुः प्रागात्, सविता यमवासृजत्।
> अघासु हन्यन्ते गावोऽर्जुन्योः पर्युह्यते॥

इसका अर्थ या यह है कि सविता (सूर्य) ने [illegible]

अब कुम्भ राशि के लगभग पौष-माघ के महीनों में होती है, वह उन दिनों सिंह राशि के आसपास भाद्रपद में होती थी। ज्योतिर्गणना से यह अंतर लगभग १५,००० वर्षों में पड़ सकता है। अतः यह मंत्र आज से १५,००० वर्ष पूर्व का हुआ, या यों कहिये कि आज से १५,००० वर्ष पूर्व के समय का वर्णन करता है।

यह एक उदाहरण है। ऐसे ही अनेक स्थल पड़े हैं, जिन पर विचार करने से हम उन स्थानों को भर सकते हैं, जो हमारे ही नहीं, सभ्य समाज मात्र के इतिवृत्त में अब तक रिक्त पड़े हैं। इतना तो पता चलता ही है कि यह इतिहास कम से कम १५,००० वर्ष तक जाता है। इससे पहिले भी जाता ही होगा, क्योंकि सभ्यता के उदय काल में ही इतना ज्ञान कहां से हो सकता था कि लोग सूर्य की गतिविधि को आँक कर उसको नक्षत्रों की परिभाषा में बतला सकें।

गुरु का स्वरूप

१

आत्मा ही हमारा गुरु है। जीवन में कुछ दिनों तक मनुष्य उससे असंतुष्ट सा रहता है। जितना उसे प्राप्त होता है, उससे संतोष न मान कर वह अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए चेष्टा करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है। जब धीरे धीरे उसका हृदय इतना शुद्ध हो जाता है कि उसे अपनी सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति की अपेक्षा ईश्वर के स्वरूप को जानने की इच्छा तीव्र हो जाती है, बस, ऐसे समय पर ही उसे ईश्वर का वरदान मिलता है। ईश्वर गुरु के रूप में आता है और भक्त को परम सत्य की शिक्षा देता है। गुरु के सत्संग से उसका हृदय अधिकाधिक शुद्ध होकर अन्तर्मुखी होने की योग्यता प्राप्त करता है। जब हृदय संकल्प-विकल्पों से पूर्णतया शून्य हो जाता है, जब उसमें किसी प्रकार का भी कम्पन नहीं होता, तो वही विशद शान्ति आत्मा का स्वरूप है।

२

प्रभु हमारे भीतर है। ध्यान का अर्थ है इस मिथ्या विचार को हटा देना कि वह बाहर है। यदि वह सचमुच परदेशी और अपरिचित है तो उसकी प्रतीक्षा करने से लाभ? वह आयगा भी और चला भी जायगा। फिर उसके अनिश्चित मिलाप से हमें क्या मिल सकता है? हां, जब तक तुम अपने आपको शरीर समझते हो, अपने को एक व्यक्ति मात्र मानते हो, तब तक तुम्हें गुरु, बाह्य गुरु की भी आवश्यकता है, [illegible] प्रकट होगे। किन्तु जब शरीर में तल्लीन होने का मिथ्या भ्रम [illegible] है कि आत्मा ही हमारा गुरु है।

—महर्षि रमण के उपदेशामृत से

स्वामी राम और हिन्दू-समाज

[लेखक—श्रीरामशरण बी० ए०]

राम हिन्दू-समाज में पैदा हुए थे और इसी में उनका पालन-पोषण हुआ था। अन्त में, वे सन्यासी हो गये थे—यह सन्यास आश्रम भी हिन्दू-समाज-संगठन का एक आवश्यक अङ्ग है। यद्यपि राम एकान्त-प्रिय थे किन्तु वे समाज की आवश्यकता को पूर्ण रूप से समझते थे। उन्होंने कभी इसकी अवहेलना नहीं की। वे कहते हैं—

हमें मध्य मार्ग का अवलम्बन करना चाहिए—इसी में हमारा-चातुर्य है और इसी में हमारी रक्षा। एकान्त अव्यावहारिक है और समाज घातक। हमें अपना सर रखना होगा एकान्त में और हाथ समाज में। सदैव स्वतंत्र रहो और सहानुभूति-शून्य भी न बनो।

राम समाज से ऊपर थे किन्तु वे समाज के लिए काम करते थे। उन्होंने अनुभव किया था कि हिन्दू-समाज-व्यवस्था में अनेकों बुराइयाँ आ घुसी हैं। वह पत्थर के समान कठोर और कांच के समान चटखने वाली है। इसमें उन्हें अकर्मण्यता और विनाश के लक्षण दिखाई देते थे। वे समाज से इन्हीं बुराइयों को दूर करने के लिए उत्सुक थे। किन्तु वे इसे तोड़ना नहीं, वरन् इसे नये रूप में देखना चाहते थे। प्राचीन ऋषियों ने समाज-व्यवस्था के लिए जो आवश्यक [illegible] किये हैं—[illegible] [illegible]

से चलना चाहें, हाथ से सूँघना चाहें अथवा कान से खाना चाहें तो क्या यह वांछनीय हो सकता है! नहीं, इनके द्वारा तो हम पुनः जीवन-विकास की सब से पहली सीढ़ी में पहुँच जायंगे। हमारा जीवन उस सजीव पिण्ड से प्रारम्भ होता है जिसे 'प्रोटोप्लाज्म' कहते हैं। इसमें पेट के अतिरिक्त और कुछ नहीं होता। पेट ही आँख, कान, नाक और पैरों का काम करता है। हम ऐसी दशा में पहुँचने के इच्छुक नहीं हो सकते। इसीलिए कार्य-विभाजन न्यायसंगत और आवश्यक है। और इसी कार्य-विभाजन के सिद्धान्त पर प्राचीन काल में भारतवर्ष में जाति-व्यवस्था की स्थापना की गयी थी। जाति-व्यवस्था का शुद्ध अर्थ था कार्य-विभाजन। एक आदमी पुरोहित और धर्माचार्य का काम करता था और दूसरा योद्धा का, केवल इसलिए कि वह पहले की अपेक्षा अधिक युद्ध-प्रिय और राजनैतिक वृत्ति-सम्पन्न था। उसमें हथियार चलाने, शत्रुओं से लड़ने और पराजित करने की विशेष योग्यता थी, इसलिए वह पुरोहित के अधिकार कर्तव्यों का पालन नहीं कर सकता था। यही कार्य-विभाजन का सिद्धान्त है। कुछ ऐसे लोग भी थे, जो अन्य सांसारिक कर्तव्यों—दूकानदारी आदि के लिए अधिक [illegible] थे। वे धार्मिक कृत्यों की अपेक्षा दूकानदारी के [illegible] से सम्पादन कर सकते थे। [illegible]

सीमा से अधिक बढ़ा दी गयी। उसे वह महत्व दिया गया, जो वास्तव में हमारे हृदयस्थ आत्म-देव को मिलना चाहिए। व्यवहार रूप से मनुष्य हो गया केवल मनुष्य-शरीर। केवल हाड़-मांस को ही हम मनुष्य मानने लगे। ब्राह्मणों में, क्षत्रियों में अथवा वैश्यों और शूद्रों में, जो अनादि और चिरन्तर आत्मदेव है, वह हमारी आँखों से सर्वथा ओझल हो गया।

प्राचीन महात्माओं की भाँति, जो समय समय पर हिन्दू-धर्म के उद्धार और विकास के लिए जन्म लेते रहे हैं, स्वामी राम ने हमारे देश की सामाजिक उन्नति के लिए 'व्यावहारिक वेदान्त' का निर्देश किया है। वे कहते हैं—

व्यावहारिक समझ-बूझ न होने के कारण हमारे सामाजिक जीवन में अनेकों बुराइयाँ आ घुसी हैं, जैसे शारीरिक परिश्रम के कामों से घृणा, अस्वाभाविक वर्णभेद और फिर उन भेदों के भीतर अनेकों उपभेद, विदेश-परिभ्रमण के प्रति अरुचि, बाल-विवाह, स्त्रियों का अज्ञान और दौर्बल्य, शारीरिक और मानसिक ह्रास। इस प्रकार हमारी सामाजिक अवनति की जो कथा है, उसका मानना करना अति कठिन है। 'बर्क' ने बहुत ही ठीक कहा है—सुधार एक ऐसी वस्तु है, जो दूर पर रहने से ही हमारे मन को प्रसन्न किया करती है। प्राचीन रूढ़ियों के जाल को तोड़ना सचमुच दुस्तर कार्य है। इसका अनिवार्य फल यह होता है कि सेवक तो समाज पर और समाज सेवकों पर [illegible] में [illegible]

[illegible]

ओह, यदि कहीं यह बात संभव होती! नीचे गिरने वाला समाज कभी आपको अछूता नहीं छोड़ सकता। तुम समाज के साथ ही ऊपर उठ सकते हो और समाज के साथ ही तुम्हें नीचे गिरना होगा। असम्भव, यह तो नितान्त असम्भव है कि कोई अपूर्ण समाज में पूर्ण बन सके। क्या हाथ अपने आपको शरीर से पृथक् रख कर बलशाली बन सकता है? कदापि नहीं।

बहुत दिनों से यह संकीर्ण, वेदान्त-विरोधी विचार भारतवर्ष में फैला हुआ है और उसी के कारण आज हमारी जाति की ऐसी दयनीय और छिन्न-भिन्न स्थिति हो गयी है। होनहार युवक! भारत का भविष्य तुम्हारा भविष्य है और तुम उसके लिए उत्तरदायी हो। याद रखो, केवल कायरों के ऊपर ही बहुमत का मिथ्या जादू चलता है। केवल एक आत्मदेव ही मनुष्यों के हृदयों और विचारों पर शासन करता है। शरीर का शासक कौन है—इसकी परवाह करोगे? केवल बी० ए० और एम० ए० की डिगरियाँ तुम्हें विश्व-विद्यालय से मिल सकती हैं। किन्तु तुम कायर बनना चाहते या बहादुर—इसका निर्णय तुम्हें स्वयं करना होगा। बोलो, बोलो, तुम क्या बनना चाहते हो—गुर्गे और गुलाम अथवा वीर और सत्पुरुष। [illegible] और गुरुता ही इतिहास की परीक्षा में ठहर सकते हैं। 'न्यूटन' ने गति के दूसरे नियम में बतलाया है कि एक स्थिर पदार्थ पर बल पड़ता है, उसकी स्थिति में अवश्यमेव कुछ न कुछ अन्तर पड़ता है। [illegible]

[illegible]

परिवर्तित करो, जहां उसकी अत्यन्त उपयोगिता है अर्थात् जन-समाज को गतिशील बना डालो। उठो, काम करो, काम में जुट पड़ो।

कट्टर हिन्दुओं के मुख पीछे की ओर हैं, वे भूतकाल में रहते हैं। अंग्रेजी पढ़े हुए अधीर सुधारक पाश्चात्य प्रेमी हैं। वे भारतवर्ष को हूबहू दूसरा इंग्लैण्ड बना देना चाहते हैं। ऐसे लोगों को अभिमुख करके राम कहते हैं—

भूतकाल को वर्तमान काल के अनुरूप सांचे में ढालो और निर्भय होकर अपने शुद्ध और सबल वर्तमान को भविष्य की दौड़ में दौड़ने दो। हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए जो सम्पत्ति छोड़ी है, उसके बिना हमारा काम नहीं चल सकता। जो समाज इस सम्पत्ति का त्याग करता है, वह बाह्य कारणों से नष्ट हो जायगा। किन्तु इसकी 'अति' भी हमारे लिए भयंकर है। जिस समाज में इसका, आवश्यकता से अधिक, प्राधान्य हो, उसका भीतर से नाश हुए बिना न रहेगा।

दलित जातियों के बारे में राम ने कहा है—बस यही तो राष्ट्रीय वृक्ष की जड़ें हैं। जिन्हें हम उच्चवर्ग कहते हैं वे इसके फल रूप हैं। यदि जड़ों की उपेक्षा करोगे तो फिर क्या हाथ लग सकता है?

धनवान् पुरुषों के द्वारा मिथ्या गौरव का आभास प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु सभ्यता तो गरीबों के द्वारा ही आगे बढ़ती है। इसलिए काम है, इन्हीं जड़ों को सींचना।

तुम तलाश करो गरीबों को, धनवान् तो संसर्ग से बचने के लिए यत्नशील रहते हैं।

जो इन निम्न श्रेणियों को बिल्कुल बेकार समझते हैं, उनसे राम का कहना है—

शून्य का कोई मूल्य नहीं, किन्तु जब किसी अंक के दाहिनी ओर रख दिया जाता है, तो वही शून्य उस अङ्क के मूल्य को दस गुना बढ़ा देता है। इसी प्रकार ये दलित जातियाँ भी हिन्दू-समाज के मूल्य को न जाने कितना अधिक बढ़ा सकती हैं।

जैसे बच्चे के लिए शारीरिक विकास की प्रत्येक अवस्था आवश्यक है, उसी प्रकार नैतिक और आध्यात्मिक विकास के मार्ग में भी शैशव, बाल्यपन आदि अवस्थायें आवश्यक और अनिवार्य हैं। जिन्हें आप पापी कहते हैं, वे नैतिक बच्चे हैं और क्या बच्चों में अपना एक सौंदर्य नहीं होता? जिन्हें तुम भूल से "पददलित" कहते हो, वे अभी तक "उठे" नहीं हैं। वे हैं विश्वविद्यालय के पहली कक्षा में जैसे कि तुम भी किसी समय थे।

आत्मा-परमात्मा

परमात्मा निस्संदेह हमारे हृदय के अन्तस्तल में है। वह हमारे भीतर चिरन्तर आनन्द का मूर्त रूप है। वह एक है, अद्वितीय है, अखण्ड है, सच्चिदानन्द है, मन-बुद्धि का आदि का द्रष्टा और मन-असन से परे है। संक्षेप में, प्रत्येक व्यक्ति में सर्व सम्बन्धों से रहित जो 'मैं', 'शुद्ध मैं' है, वही उसका सच्चा स्वरूप है।

—जगद्गुरु शंकर

गीतानुसार धर्म-अधर्म-विवेक

[ब्रह्मलीन श्रीमान् आर० एस० नारायण स्वामी]

'धर्म' शब्द की अनेक व्याख्याएँ हो सकती हैं। यहाँ हम एक सबसे सरल व्याख्या पर विचार करते हैं। वह यह है कि धर्म शब्द बहुत स्थानों पर स्वभाव, गुण के अर्थ में बरता जाता है, जैसे चक्षु का धर्म देखना, श्रोत्र का धर्म सुनना, इत्यादि। जिस प्रकार अग्नि का धर्म जलाना, पानी का धर्म गलाना, हवा का धर्म सुखाना है, उसी प्रकार प्रत्येक इन्द्रिय का स्वभाव, प्रत्येक पदार्थ या गुण उसका धर्म कहलाता है। इससे आगे बढ़ कर प्रत्येक प्राणी की प्रकृति भी उसका धर्म कहलाती है। इस प्रकार धर्म का अर्थ केवल धारण करना, ग्रहण करना, नीति, प्रजा की रक्षा इत्यादि के नियम, आत्म-कल्याण की साधना तथा अनुभवी पुरुषों की बाँधी हुई मर्यादा ही नहीं है किन्तु पूर्व जन्म-कृत प्रारब्ध, कर्मों से बनी हुई प्रकृति अर्थात् स्वभाव या गुण भी है। इसी लिए प्रारब्ध कर्मों से बनी हुई अपनी अपनी प्रकृति के अनुसार चलना धर्म और उसके विरुद्ध चलना अधर्म कहलाता है। जैसे प्रत्येक इन्द्रिय का अपने स्वभाव के अनुसार चलना 'धर्म' और स्वभाव-विरुद्ध चलना 'अधर्म' कहलाता है, वैसे ही प्राणी का अपनी प्रकृति के अनुसार चलना 'धर्म' और उसके विरुद्ध चलना 'अधर्म' कहलाता है। फिर जैसे मनुष्य का अपनी अपनी प्रकृति के अनुसार चलना 'धर्म' और उसके विरुद्ध चलना 'अधर्म' नाम पाता है, वैसे ही मनुष्य के देह के भीतर जो उसकी प्रकृति का भी मालिक, उसका अपना आप (देही) है, उस अपने आप (अर्थात् आत्मा) का भी अपने वास्तविक [illegible] अकर्ता अभोक्ता साक्षी) के अनुसार [illegible] उसके विरुद्ध चलना 'अधर्म' [illegible] मनुष्य का अपना आप [illegible] साक्षी स्वभाव की परवा [illegible] मन के स्वभाव में आसक्त [illegible] अपना स्वभाव मानकर उनके अनुसार विचरता है, तो इसका नाम अधर्म होता है; और जब इन्द्रियों या मन के स्वभाव से निरासक्त होकर वह केवल अपने अकर्ता, अभोक्ता, साक्षी स्वभाव में ही विचरता है, तो इसका नाम धर्म होता है। इसी आशय को लेकर भगवान् गीता में अर्जुन को ऐसा उपदेश देते हैं कि—

"इन्द्रियस्येन्द्रियस्यार्थे रागद्वेषौ व्यवस्थितौ।
तयोर्न वशमागच्छेत्तौ ह्यस्य परिपन्थिनौ॥"

अर्थात् इन्द्रिय का इन्द्रिय के अर्थ (विषय) में रागद्वेष रहता है (यह इन्द्रिय का स्वभाव ही है), पुरुष को चाहिए कि वह अपने आपको इस राग-द्वेष रूपी स्वभाव के वश में न आने दे, क्योंकि ये दोनों (राग-द्वेष) मनुष्य की उन्नति के मार्ग में बटमार (डाकू या विघ्न डालने वाले) हैं और धर्म के इसी आशय को लेकर, इसी श्लोक के बाद, भगवान् धर्म-विषय में अर्जुन को ऐसे कहते हैं:—

"श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः पर-धर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥

पराये अच्छे अनुष्ठान किये हुए धर्म से अपना गुण-रहित धर्म भी श्रेष्ठ है। निःसन्देह अपने धर्म में तो मृत्यु भी श्रेष्ठ है, परन्तु पराया धर्म भयकारक होता है। इस प्रकार इन्द्रियों के स्वभाव के वश में न होना, बल्कि हो सके तो इन्द्रियों के स्वभाव को नियम में लाकर अपने वश में रखना अर्थात् उन्हें मर्यादा में बाँधना—यह आशय भी धर्म शब्द से स्पष्ट निकलता है। इसी को गीता में बहुत स्थानों पर स्पष्ट किया गया है, और महाभारत (शां. प. २९४, २९) में भी इसी को ऐसे स्पष्ट दर्शाया है:—

आहारनिद्राभयमैथुनं च सामान्यमेतत्पशुभिर्नराणाम्।
धर्मो हि तेषामधिको विशेषो धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥

अर्थात् आहार, निद्रा, भय, और मैथुन, ये सब पशुओं और मनुष्यों के लिए, एक ही समान स्वाभाविक है। मनुष्यों में पशुओं से कोई अधिक विशेष वस्तु है तो वह धर्म, अर्थात् उन स्वाभाविक

किसी का अस्तित्व नहीं हो सकता। नाम और रूप सर्वथा अभिन्न हैं। भाषा और विचार अभिन्न हैं। वस्तु मात्र ही केवल नाम है। इस दृश्य जगत का अनुभव शब्दों के बिना, नामों के बिना एक क्षण के लिए भी नहीं टिक सकता। प्रत्येक वस्तु का नाम होना ही चाहिए। जब किसी मनुष्य को पुकारोगे तो उसका नाम लेकर ही। निस्संदेह ब्रह्म के अतिरिक्त कहीं कुछ नहीं है। फिर भी व्यवहार में केवल ब्रह्म ब्रह्म ब्रह्म कहने से काम नहीं चलेगा। प्यास लगने पर कहना ही होगा—गोविन्द, थोड़ा पानी पिलाओ और ये नाम बिना ओम के रह नहीं सकते, इसलिए ओम् ही सब कुछ है।

ओम ही संन्यासियों और वेदान्तियों का परिचय-चिह्न है। ओम के द्वारा ही ये संसार में आध्यात्मिक ज्ञान का प्रचार करते हैं। प्रार्थना और आशीर्वाद—दोनों में ओम का प्रयोग होता है, ओम के प्रयोग से इन दोनों की शक्ति बढ़ जाती है। ओम के भक्त सभी कार्यों का श्रीगणेश ओम से ही करते हैं। साधक के लिए ओम सीढ़ी रूप है, उसके द्वारा वह आश्चर्य-मग्न करने के महिमामय शिखरों पर आसानी से चढ़ सकता है। ओम के द्वारा आध्यात्मिक जगत के उच्चतर लोकों के नियम अपने आप मालूम होने लगते हैं। ओम के ध्यान से तुम्हें निर्भयता, स्वतन्त्रता, सर्वज्ञता, आनन्द और अमर पद प्राप्त होगा। ओम से तुम्हें आत्मज्ञान होगा और तुम स्वतन्त्र ईश्वर न रह कर आत्मवान होगे। यह तुम्हें ईश्वरतुल्य बना देगा।

[illegible]

विक्षेप रहित और चित्त एकाग्र हो जायगा। तुम्हारे अन्नमय, प्राणमय और मनोमय कोष को जो एक अपूर्व शान्ति और सामंजस्य प्राप्त होगा, उसका वर्णन नहीं हो सकता, तुम्हारा स्वर अनादि और अनन्त ब्रह्म के अनुकूल होगा।

जब कभी थकावट मालूम हो या सिर दर्द करता हो, तो तेजी से टहलो और टहलते हुए ओम का उच्चारण करो। ओम् के उच्चारण के साथ यह भी अनुभव करते चलो कि तुम्हारे सम्पूर्ण शरीर में दिव्य शक्ति भरती जा रही है। वास्तव में ओम का गान यह सर्व-सुलभ, शक्ति-शाली और अव्यर्थ महौषधि है, जो सभी प्रकार के रोगों को दूर कर सकती है। ओम के साथ कोई दुःख, कोई अशान्ति नहीं रह सकती। जैसे हमें रोज दिन में दो-तीन बार खाना पड़ता है वैसे ओम का गान भी दिन में दो-तीन बार करना चाहिए। ओम ही तो ब्रह्म और आत्मा है न? इसलिए ओम् के गान का अर्थ होता है कि हम शक्ति के उस आदि स्रोत की शरण जाते हैं, जिसका भाण्डार अक्षय है, उससे चाहे जितना ग्रहण किया जाय वह कभी चुक नहीं सकता। ओम का गान करते हुए अपने को पूर्ण स्वस्थ अनुभव करो। ओम के कम्पन से सभी प्रकार के रोगों के कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। स्वास्थ्य-लाभ के लिए किसी सुखद आसन से बैठ कर धीरे स्वर में ओम का जप करो।

प्राणायाम के अभ्यास के साथ तुम ओम का संयोग कर सकते हो। कुम्भक के समय 'ओ' का, रेचक के समय 'म' का ध्यान करना चाहिए। इससे प्राणायाम की शक्ति बढ़ जाती है। यही सच्चा प्राणायाम है। [illegible] श्वास-प्रश्वास लेते की क्रिया [illegible] समय 'ओ' और [illegible] समय 'म' करो। [illegible] कर सकते हो। [illegible] अर्थ पर ध्यान करो। [illegible] इससे

भारतीय दर्शनों में चित्त

[लेखक—श्रीयुत श्रीराम श्रीवास्तव्य, एम० ए० एल० एल० बी० (इतिहास), एम० ए० (संस्कृत साहित्य), एम० ए० (संस्कृत दर्शन), प्रोफेसर आफ संस्कृत, ईसाबेला थोबर्न कालिज, राजकीय विश्वविद्यालय—लखनऊ]

आत्मा, जिसका उपलक्षक अहंभाव है, अविद्यावच्छिन्न होकर कई शरीरों से आवृत है। पहिले तो कारण शरीर है, जिसे अन्नमय कोश भी कहते हैं और जो सुषुप्त्यवस्था का अभिमानी है। तदनन्तर सूक्ष्म शरीर है, जिसके अन्तर्गत विज्ञानमय कोश, मनोमय कोष और प्राणमय कोष हैं। तदुपरि स्थूल शरीर है, जिसे अन्नमय का व्यपदेश है। स्थूल दृष्टि से देखने पर इसी का प्राधान्य प्रतीत होता है, क्योंकि प्रत्यक्ष सिद्ध यही है और जीवन के समस्त कार्यों का निर्वाह इसी के द्वारा होता है। महर्षि गौतम न्यायसूत्र प्रणेता ने इसकी परिभाषा "चेष्टेन्द्रियार्थाश्रयः शरीरम्" की है और चार्वाक के मत में इसी प्रधानता के आभास से इसे आत्मा माना है। परन्तु सूक्ष्म विचार से सूक्ष्म शरीर की अपेक्षा इसकी गौणता सिद्ध है। सूक्ष्मशरीर इन्द्रियों, प्राणादिकों और अन्तःकरण का समुदायरूप है। जीवन में भौतिक पदार्थों का ज्ञान, तत्प्रेरित उपभोग, इच्छा, भाव, वेदना, और संस्कार इसी के आश्रय हैं। कर्तृत्व और भोक्तृत्व का एक अधिष्ठान में होना इसी के द्वारा सिद्ध है। अन्यथा कृतव्याघात तथा अकृताभ्यागम की उपस्थिति होगी, और जो कर्ता हो वही भोक्ता भी हो—यह सर्व सम्मत सिद्धान्त अनुपपन्न हो जावेगा। जीव के जन्मजन्मान्तर में अविच्छिन्न अस्तित्व का आधार सूक्ष्म शरीर ही है। यह लौकिक मृत्यु से जिसका वस्तुतः अर्थ स्थूल आवरण से पृथक्-करण है, अपरामृष्ट रहता है और स्वयं तत्वज्ञान के होने पर अविद्याकृत अध्यास निवृत्त्यनन्तर छिन्न हो जाता है। भगवान् कृष्ण ने।

अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे।

गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः ॥ (भ० गी०)

इस उक्ति में यह आशय आक्षिप्त है। जीव-देहा के ऐक्य से शरीर की त्रैकालिक सत्ता सिद्ध है। इसके अतिरिक्त यह भी असंदिग्ध है कि जीव के सूक्ष्म शरीर का विनाश मृत्यु से, जिससे अर्जुन भयभीत थे, नहीं हो सकता और वह जब तक मोक्ष की प्राप्ति न हो, बना ही रहता है। अतः स्थूल की अपेक्षा सूक्ष्म शरीर का प्राधान्य सुस्पष्ट है।

और भी सूक्ष्मतर दृष्टि से निरीक्षण करने पर इस समुदायरूप में भी प्राधान्य का तारतम्य दिखाई पड़ता है। कर्मेन्द्रियों की अपेक्षा ज्ञानेन्द्रियाँ जो शब्दरूपरसगन्धस्पर्शसम्बन्धी ज्ञान के प्रत्यक्ष में साधन हैं, प्रधान हैं और इनकी भी अपेक्षा आन्तरिक इन्द्रिय, जिसके सहयोग न होने से पदार्थों का तत्तदिन्द्रियों से सन्निकर्ष होने पर भी प्रत्यक्ष ज्ञान सम्भव नहीं हैं, प्रधान है। यह अन्तःकरण चित्त आदि पदों से वाच्य है और सर्व प्रकार के ज्ञानों में करण होने के कारण एक विशिष्ट प्रकार की इन्द्रिय ही है। अनुभव, स्मृति, इच्छा, सुख, दुःख, प्रयत्न और वासना इसी के आश्रित हैं। निष्कर्षतः मानव जीवन का सार है, अनन्त जगत् का दर्पण है और मोक्षोपलब्धि में साधनतम् है। निम्नलिखित शास्त्रोक्तियाँ इस विषय में प्रमाण हैं—

(१) 'व्यक्ते तु चित्ते न पुनः भवाशा'

(विवेक चूड़ामणौ)

अर्थात् चित्तग्रन्थि के छूट जाने पर जन्म की सम्भावना नहीं है।

(२) 'चित्तमूलो विकल्पोऽयं चित्ताभावे न कश्चन'

(शङ्कराचार्यपादाः)

यह नामरूप में विकृत जगत् का भान चित्त ही के द्वारा है। इसके अभाव होने पर कुछ भी विकल्प ज्ञान नहीं रहता।

सांख्य और योग दोनों सिद्धान्त में द्वैतवादी हैं। और दोनों सत्कार्यवाद के मानने वाले हैं, अर्थात् कार्य-कारण से भिन्न नहीं है किन्तु उसी का रूपान्तर है, जो कारण व्यापार से पूर्व तिरोभूत रहता है और तदनन्तर आविर्भूत हो जाता है जैसे दुग्ध से दधि। द्वैतवादी से तात्पर्य यह है कि वेदान्त की तरह एक ब्रह्म ही सत् अन्यत्सर्व असत् मायाकृत न मानकर अनन्त चेतन जो पुरुषपद वाच्य हैं और प्रकृति जो सत्त्व, रजः और तमोगुण की साम्यावस्था है और समस्त दृश्य की कारण है, दोनों को नित्य मानते हैं। पुरुष का संयोग उसके अनादि कर्मों द्वारा प्रकृति से होता है और तब वह विकार को प्राप्त होती है। यहाँ पर संयोग का अर्थ सन्निधि मात्र है और यह सन्निधि देशकालानुसार नहीं है क्योंकि दोनों जड़-चेतन विकार्य-विकारी भेद से विरुद्ध-धर्म वाले हैं। यह योग्यता द्वारा है। पुरुष में भोक्तृत्व शक्ति है और प्रकृति में भोग्य शक्ति है। श्री वाचस्पति मिश्र जिन्होंने व्यास भाष्य पर तत्त्व वैशारदी व्याख्या की रचना की है, लिखा है—

"सन्निधिश्च पुरुषस्य न देशतः कालतो वा, तदसंयोगात्, किन्तु योग्यता लक्षणः, अस्ति च पुरुषस्य भोक्तृत्वशक्तिः चित्तस्य च भोग्य शक्तिः"।

संयोगानन्तर प्रकृति महत् अर्थात् बुद्धि में सत्कार्य वादानुसार परिणत हो जाती है और उससे अहङ्कार और उससे भी एकादशेन्द्रिय तथा पञ्चतन्मात्रा रूप विकारों का आविर्भाव होता है। ये निम्नलिखित कोटि में इस प्रकार हैं:—

प्रकृति-पुरुष-संयोग
|
महत् (बुद्धि)
|
अहङ्कार
|
५ ज्ञानेन्द्रिय
५ कर्मेन्द्रिय } ११
१ मन

[illegible]
५ तन्मात्र

[illegible]
५ महाभूत

⊛ योग के सिद्धान्त में इस क्रम में थोड़ा स परिवर्तन है और वह इस प्रकार है। यहाँ प्रकृति से महत् विकार है और महत् से अस्मिता औ पञ्चतन्मात्रा द्विविध विकार उत्पन्न होते हैं। तदनन्त अस्मिता से एकादशेन्द्रिय और पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूत आविर्भूत होते हैं। अस्मिता से अहङ्का और मनः दोनों का अर्थ ग्रहण किया जाता है।

प्रकृति और पुरुष संयोग
|
महत्
|
अस्मिता　　　　　　　　पञ्चतन्मात्रा
|　　　　　　　　　　　　|
एकादशेन्द्रियाणि　　　　　पञ्चमहाभूत

दोनों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट है कि एक मत में महत् से केवल अहङ्कार और दूसरे में महत् से अस्मिता और पञ्चतन्मात्राएँ दोनों सृष्टि में आते हैं। परन्तु ध्यान देने योग्य बात यह है कि दोनों ही में चित्त का इस व्यपदेश से निर्देश नहीं है। अहङ्कार, बुद्धि और मन दोनों सिद्धान्तों में नामतः निर्दिष्ट है, किन्तु चित्त का, जिसका योगदर्शनकार ने इतना अधिक प्रयोग किया है कहीं पता नहीं है। तब चित्त क्या पदार्थ है, केवल अहङ्कार है, या बुद्धि है, या मन है तथा इन सबों का समुदाय है अथवा इनसे भी अतिरिक्त कोई अन्य पदार्थ है—यह जिज्ञासा अनिवार्य है और इस पर विवेचना अग्रिम लेख में की जायेगी।

(क्रमशः)

⊛ उपर्युक्त विवेचन में 'विशेषाविशेषलिङ्गमात्रालिङ्गानि गुणपर्वाणि' यह सूत्र तथा इस पर वाचस्पति [illegible] व्याख्या [illegible] है।

(यो० द० २. १९)

वेदान्त की साधना

[लेखक—श्री स्वामी सच्चिदानंद जी]

यदि संसार के सभी जीव निस्सन्देह एक ही वस्तु, एक ही आनन्द की खोज में हैं, यदि योगी और भोगी—दोनों का ही लक्ष्य निस्सन्देह आनन्द ही है, यदि प्रवृति मार्ग के आदर्श जनकादि राजर्षि आनन्द के लिए ही लोक-संग्रहार्थ कार्य करते थे और निवृत्ति मार्ग के आदर्श याज्ञवल्क्यादि महर्षि भी आनन्द के लिए ही ब्रह्म-चिन्तन में रत रहते थे, तो निस्सन्देह वास्तविक आनन्द का पता लगाना हमारा सर्वश्रेष्ठ कर्तव्य है।

साधारणतः हम समझते हैं कि हमको आनंद का पता तो ज्ञात है, हम यह तो जानते हैं कि आनन्द कहाँ है, किन्तु हम यह नहीं जानते कि उसे प्राप्त कैसे करें अथवा उसे प्राप्त करने की शक्ति हम में नहीं होती है, इसीलिए हम दुखी और उदास रहते हैं। किन्तु वेदान्त इससे उल्टी बात कहता है। वह कहता है कि वास्तव में सुख विषय में, चाही हुई वस्तु में नहीं है। एक मोटा उदाहरण जो वेदान्त में दिया जाता है, यह है कि कुत्ता खून के लालच से हड्डी को चूसता है। हड्डी में खून तो है नहीं, किन्तु नुकीली होने के कारण वह कुत्ते के मसूड़ों से ही खून निकाल देती है। कुत्ता समझता है कि यह खून हड्डी का है और उसमें तृप्ति का अनुभव करता है।

[illegible]

है। वास्तव में वेदान्त के अनुसार मन में किसी प्रकार की इच्छा का उठना ही दुख है। ज्यों ज्यों यह इच्छा तीव्र होती जाती है, त्यों त्यों हमारा दुख बढ़ता जाता है। इच्छा के कारण मन सदैव चंचल रहता है किन्तु ज्योंही विषय के मिलने से, मन में इच्छा का अभाव होने से, स्थिरता आती है, त्योंही हमें सुखानुभूति होती है। क्यों, क्योंकि वेदान्त के अनुसार हमारा वास्तविक आत्मा सच्चिदानन्द रूप है। मन की स्थिरता में उसका जो प्रतिबिम्ब हमारे मन में पड़ता है, उसी के फल स्वरूप हमें आनन्द का आभास होता है। जैसे जब जलाशय में किसी प्रकार की लहरें नहीं उठतीं, तो उसमें सूर्य का जो स्पष्ट प्रतिबिम्ब पड़ता है, वह बहुत ही कान्तिमय होता है, उसी प्रकार हमारा मन जितना ही अधिक इच्छा-शून्य होगा, हमें उतना ही अधिक सुख मिलेगा। यहाँ जल ही मन है, लहरें ही इच्छायें हैं और सूर्य ही आत्मा है। अब सहज ही प्रश्न यह उठता है कि हमें हमारे ही हृदय-पट पर हमारी ही वास्तविक आत्मा के दर्शन क्यों नहीं होते ? इसमें वेदान्त तीन बाधायें बतलाता है—१. मल, २. विक्षेप, ३. आवरण। सचमुच हमारा हृदय दर्पण की भाँति है। किसी भी दर्पण को उपयोगी बनाने के लिए, या उसमें स्वच्छ प्रतिबिम्ब दिखने की योग्यता होने के लिए उक्त तीनों प्रकार की त्रुटियाँ न होनी चाहिए। यदि उस पर धूल व गर्द आदि छाई होगी तो उसमें क्या दिखाई देगा—कुछ नहीं। यदि वह [illegible] [illegible] स्वच्छ और [illegible] हो किन्तु यदि [illegible]

नहीं होती और फलतः अन्तःकरण में उसी अनादि, अनन्त, अजर और अक्षय सच्चिदानन्द रूप आत्मा का प्रतिबिम्ब दिखाई देने लगता है। साधक आनन्द विभोर हो जाता है। फिर भी आनन्द की इस पूर्णता में एक आवरण शेष रहता है। उसे अनादि और अनन्त आनन्द-भाण्डार का पता चल जाता है, वह उसे प्रत्यक्ष देखता है। वह अब उसके अस्तित्व को कभी अस्वीकार नहीं कर सकता। इतना ही क्यों, वह यह भी निश्चय करता है कि मैं इस महानन्द, महानन्द का परम अधिकारी हूँ। इसीलिए अब वह भूलकर भी उन सुखों, विषय-वासनाओं की पूर्ति की ओर आँख उठाकर नहीं देखता जिनके अभाव में कभी उसे रात-दिन नींद नहीं आती थी। सच है, जिसके हाथ पारस पत्थर लगे, उसे सोने का ढेर बटोरने से किस लाभ की सम्भावना हो सकती है! आनन्द की अनुभूति के लिए, विशुद्ध आनन्द में मग्न होने के लिए आत्मसमर्पण ही तो पारस पत्थर है। जिसे यह युक्ति मालूम हो गई, जिसने इसका मजा चख लिया, वह संसार के द्वन्द्वों से तो मुक्त हुआ। किन्तु इतने पर भी मैं-तू का झगड़ा नहीं मिटता।

बच्चा जब पहली बार दर्पण में अपना मुँह देखता है, तो क्या उसे उसी प्रकार यह निश्चय हो जाता है कि यह मेरा ही मुख है, जैसा कि हम लोगों को होता है। नहीं, यह ज्ञान उसे सीखनी होती है। किसी के बतलाने से या अपनी युक्ति से ही धीरे धीरे वह यह निश्चय कर पाता है कि दर्पण में जो बालक दिखाई देता है, वह कोई दूसरा सच्चा बालक नहीं है, वरन् उसकी ही छाया है। निश्चय के लिए वह कभी अपना हाथ मुँह के पास ले जाता है और कभी सिर पर हाथ रखता है और जब देखता है कि जैसा वह करता है, ठीक वैसा ही खेल दर्पण का बालक भी करता है, तब कहीं कुछ समय उपरान्त वह उसे अपने से गैर नहीं, वरन अपना आप जानता और मानता है। अस्तु, इसी प्रकार जब हृदय-दर्पण में मल और विक्षेप के दूर होने से अपने आप उस सच्चिदानंद आत्मा का प्रतिबिम्ब पड़ने लगता है, तब उसकी अलौकिक प्रभा देखकर भक्त गद्‌गद् हो जाता है और जब ऐसे समय में कृपालु गुरुदेव कहते हैं—बेटा! यह सत्, यह चित और यह आनन्द जिसे तू प्रत्यक्ष देख रहा है, यह कोई दूसरा नहीं, स्वयं तू ही है—'तत्त्वमसि'। तब वह क्षण भर के लिए आश्चर्य में डूब जाता है। फिर उसकी जो दशा होती है, शब्दों द्वारा उसका यथार्थ वर्णन नहीं हो सकता। बस, यही वेदान्त के अनुसार आवरण दोष का लोप हो जाना और परम पद की प्राप्ति है। यही हमारा अन्तिम पद है।

शान्त चित्त का यह अर्थ नहीं कि मन में कोई विचार नहीं उठेगा अथवा मन किसी प्रकार चंचल नहीं होगा। नहीं, मन अपना काम करेगा, उसमें विचार होगा और भावनायें होंगी किन्तु तुम अपनी वास्तविक आत्मा को सदैव उससे पृथक अनुभव करोगे। मन के ये विचार और कल्पनायें अब तुम्हें मुग्ध नहीं करेंगी, प्रत्युत तुम उनकी परीक्षा करोगे, उनका मूल्य आँकोगे। जो बेकाम होंगी, उन्हें फेंक देने और जो तुम्हारे वास्तविक चैतन्य और सच्चे अनुभव के अनुकूल होंगी उनको स्वीकार करने [illegible] अन्तर में सदैव शान्त रहना, अपनी इच्छा-शक्ति में दृढ़ होना, किसी भी प्रकार [illegible] कभी निराश न होना—यही धर्म जीवन के मार्ग में पहला कदम है।

—[illegible] अरविन्द

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य

[महात्मा शान्ति प्रकाश]

बाह्य प्रकृति में पृथ्वी, जल, उष्णता, वायु और आकाश उत्तरोत्तर अधिक हैं। इसलिए हमें अन्तर्ग प्रकृति में भी अपने शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए इन पंच तत्वों को उक्त अनुपात में ही रखना चाहिए। दूसरे शब्दों में हमें अन्नादि भोजन की अपेक्षा जल अधिक पीना चाहिए, किन्तु वह अन्न या जल इतना अधिक न हो कि वह हमारे शरीर की उष्णता के अधिकांश भाग का शोषण कर ले। क्योंकि उष्णता ही तो जीवन है। इसलिए हमारे शरीर में जल के अंश से उष्णता का अंश सदैव अधिक होना चाहिए। उष्णता हमें भोजन करने से नहीं मिलती है, वरन मिलती है उसे पचा लेने से। इतना ही नहीं, उष्णता के लिए हमें सूर्य की धूप भी लेनी होगी। बर्फ पीने या शर्बत आदि ठंडे पेय पीने से, हमेशा पंखे के नीचे और खस की टट्टियों में बैठने से हमारी उष्णता क्षीण होती है। अतएव इन से परहेज करना चाहिए।

वायु उष्णता से भी अधिक आवश्यक है। शुद्ध वायु के लिए हमें सदैव बाहर घूमने तो जाना ही चाहिए किन्तु अपने घरों में भी वायु के इधर से उधर आने जाने के लिए साधन बनाने चाहिए। सदैव प्राकृतिक ढंग से श्वास लेने से श्वास लेते समय 'आक्सिजन' तो हम ग्रहण करते हैं और अपने अन्दर के 'कारबन' से मिलाकर उसे बाहर निकालते हैं। यही आक्सिजन और कारबन का मिश्रण 'कारबन-डाई-ऑक्साइड' कहलाता है। वनस्पति-जगत इस मिश्रण में से कारबन तो अपने लिए ले लेता है और दिन भर शुद्ध आक्सिजन छोड़ता रहता है। इसलिए दिन में वृक्षों के नीचे फल-फलों र पास रहना हमारे लिए लाभदायक होता है किन्तु रात्रि में हमें इनसे दूर ही रहना चाहिए, क्योंकि उस समय ये कारबन छोड़ते हैं, जिसको ग्रहण करना हमारे लिए हानिकारक होता है। इसी प्रकार रात्रि को हमें लैम्प को भी ऐसे स्थान में नहीं रखना चाहिए कि उसका कारबन मिश्रित धुआं हमारी श्वास के साथ भीतर जावे।

अन्तिम किन्तु सब से कम नहीं, वरन् सब से अधिक महत्वपूर्ण तत्व हमारे लिए आकाश है। उसको हमें वायु से भी अधिक लेना चाहिए। अच्छा, उसे हम कैसे ग्रहण कर सकते हैं? उसके लिए हमें कोई मूल्य नहीं देना होगा। अपने कमरे को सदैव शुद्ध और स्वच्छ रखो। उसमें बहुत सी चीजें भरना ठीक नहीं। देखो, खाने और पीने का सामान तो हमें मोल लेना पड़ता है और प्रकाश एवं वायु के लिए हमें बाहर जाना होता है परन्तु आकाश तो सर्वत्र है। फिर भी वह हमें सब से कम मिलता है, यद्यपि उसकी हमें सबसे अधिक जरूरत है। सच तो यह है कि जितना ही अधिक हम इस आकाश का आनन्द लेंगे, उतना ही अधिक भोजन, प्रकाश और वायु का स्वाद भी ले सकेंगे। अच्छा, यह हो कैसे? यदि हमारा मकान ही ऐसा हो कि आकाश जिसकी छत हो, घास ही जिसका बिछौना हो, तब फिर हमें मनुष्य-जीवन के लिए और किस आवश्यकता की कमी रहती है। धन्य है वह जीवन, जहा वायु और प्रकाश का अपरिमित भण्डार हो, जहा नदी या झरना का पानी पीने के लिए हो और जहा लम्बे-चौड़े मैदान अनाज उगाने के लिए हो और उस जीवन को क्या कहा जाय, जहां के मकान दो-तल्ले, तिन-तल्ले और चौतल्ले हों, जहां हम आकाश न देख सकें और वायु-प्रकाश के लिए

देशप्रेम

[लेखक—श्रीचन्द्रिकाप्रसाद श्रीवास्तव बी॰ ए॰, एल॰ एल॰ बी॰]

देश-प्रेम की उत्पत्ति सच्चे स्वातंत्र्य प्रेम से होती है। व्यक्ति विशेष के स्वार्थों का देश के महान् स्वार्थ के साथ एकाकार होजाने का नाम ही देशभक्ति है। स्वदेश-प्रेम हमें ऐसी शक्ति प्रदान करता है, जिसके सहारे हम लाखों-करोड़ों विघ्न-बाधाओं पर सरलता से विजय प्राप्त करते हैं। सच्चे देशभक्त के मन, वचन और काया द्वारा प्रतिक्षण जाति की आत्मा, संस्कृति, हृदय और मस्तिष्क प्रतिबिम्बित होता रहता है। किसी भी सच्चे देशभक्त के जीवन का अध्ययन करिये, आप इसी नतीजे पर पहुँचेंगे।

मैज़िनी एक सच्चा देशभक्त था। उसका चरित्र देखिये। उसका हृदय कितना कोमल, विचार कितने उदात्त, भावनाएं कितनी परिष्कृत और जीवन कितना स्वच्छ था। अब्राहम लिङ्कन को लीजिये। उसके हृदय में पददलित मनुष्यता के प्रति कितनी वेदना, कितनी पीड़ा थी। सभी देशभक्तों का हृदय उदार और प्रेमपरिपूर्ण होता है। उनमें स्वार्थ की गंध तक नहीं होती। उनका अपना, निज का होता ही क्या है! अपने लाखों-करोड़ों देशवासियों की हितकामना में अपने सर्वस्व का हवन कर देना ही उनका कर्तव्य होता है। व्यक्तिगत कष्टों की उन्हें परवाह और चिन्ता नहीं होती। राजमहलों में पला हुआ प्रताप अपनी सुकुमार पत्नी और दुध-मुँहे बच्चे को जंगली घास की रोटियां खाते हुए देख सकता [illegible]। किन्तु देश की आन से बड़ा स्थान उसके [illegible] अमर है [illegible] में अब्राहम लिंकन ने [illegible] अत्याचारों की [illegible] अमेरिका में दासत्व प्रथा का [illegible] लिया

देश-प्रेम में संकीर्णता को स्थान नहीं है। एक आध्यात्मवादी देशभक्त में निस्वार्थता, उदारता, सहनशीलता, नम्रता और प्रेम का सुन्दर सामञ्जस्य होना अनिवार्य है। प्राणीमात्र के दुख से वह द्रवित हो उठता है। ग़रीबों की, दलितों की आहें उसके कलेजे में तीर सी चुभती हैं। अपने देश की कल्याण कामना करते हुए भी वह दूसरे देशों का अहित नहीं कर सकता। जैसे एक मां अपने बच्चे पर अपने हृदय के सारे प्रेम को अर्पित कर देने पर भी दूसरों से घृणा नहीं करती; जैसे एक प्रेमी अपना सर्वस्व अपनी प्रेमिका पर निछावर करके भी दूसरों से विरक्त नहीं हो सकता, उसी प्रकार एक सच्चा देश-भक्त भी अन्य देशों से, अन्य जातियों से घृणा नहीं कर सकता। विदेशियों के दुःखदर्द का उसके दिल पर असर होता है। उसका हृदय प्रेममय होता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के पाठ को वह जानता है।

सहिष्णुता देश-भक्त की दूसरी कसौटी है। देश-प्रेम में मतवाला होकर वह मर्यादा, धर्म और विवेक का अतिक्रमण नहीं कर सकता। वीर दुर्गादास ने अपनी संस्कृति, राज्य और स्वामी के लिए वैरी औरंगजेब की पाशविक शक्ति का, अपने प्राण हथेलियों पर रखकर, आजीवन मुकाबला किया। किन्तु जब महाराज अजितसिंह की लोलुप दृष्टि शाहजादे अकबर की पुत्री पर पड़ी, तो दुर्गादास का हृदय [illegible] हो उठा। वीर राठौर के लिए दुश्मन की लड़की अपनी लड़की के बराबर थी। उसने हँसते हँसते [illegible] देश का त्याग किया, किन्तु औरंगजेब की पुत्री अजितसिंह की पहुँच के बाहर कर दी। महाराष्ट्र केसरी शिवाजी ने कुरान, मसजिदों

र पवन-नदियों की पवित्रता में कभी भी ग न आने दिया।

अस्तु, एक देशभक्त के हृदय में विदेशियों की दृष्टि, और स्वर्ग पर आक्रमण करने का ध्यान नहीं आ सकता। यदि उसकी तलवार उठती तो वह स्वदेश-रक्षा में। गुण्डे आततायियों द्वारा [illegible] पर आक्रमण होने पर ही उसकी धमनियों का [illegible] खौलता है। फिर तो वह रणक्षेत्र में हँसते हँसते [illegible]ने प्राणों की बाजी लगा देगा। आवश्यकता पड़ने र प्रसन्नता पूर्वक फाँसी के तख्ते पर झूल जायगा। भला, ऐसा कौन प्रेमी होगा, जो अपनी प्रेमिका पर आक्रमण होने पर तटस्थ रह सके। अपनी प्रेमिका की सेवा में इस नश्वर शरीर को वह तिनके की भाँति निछावर कर देता है। इसमें उसे एक आध्यात्मिक आनन्द और सन्तोष का अनुभव होता है। भक्त अपने अपने 'चितचोर' की प्रेमवह्नि में पतिंगे के समान भस्म होजाने की कामना करते हैं। एक देशभक्त भी अपने प्राणों का मूल्य उस पतिंगे से अधिक नहीं समझता और उसकी दृष्टि में इसे केवल कर्तव्य का पालन करना कहते हैं—आत्मोत्सर्ग नहीं। उसकी आत्मा इन पञ्चभूतों की पहुँच के ऊपर रहती है, उसकी बुद्धि निष्काम होती है।

देशभक्त का हृदय कवित्वमय होता है। उसकी आत्मा का प्रकृति के साथ एकीकरण होता है। देश के सुन्दर पहाड़ वन, नदी, झरने और वृक्ष [illegible] उसके [illegible] बढ़ाते हुए कवियों [illegible]

सन्देश सुनाती रहती है। उससे विलग होकर वह अपने जीवन में शून्यता का अनुभव करता है।

बीसवीं शताब्दी में जापानियों की सर्वांगीण उन्नति का रहस्य वहाँ के निवासियों की देशभक्ति ही है। उनका प्रकृति-प्रेम आदर्श है। वहाँ प्रत्येक घर सुन्दर फूलवाले गमलों से सजे मिलते हैं। उनके कमरों की दीवारों पर मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों के चित्र लटकते रहते हैं। वे अपने जीवन के प्रति क्षण में प्रकृति के साथ अपनी आत्मा की अभिन्नता का अनुभव करते हैं। जापान का प्रत्येक वृक्ष भी उनको उतना ही प्यारा है, जितना एक पड़ोसी। इसका परिणाम यह हुआ है कि वे अपने घरों से अपने बच्चों की भाँति ही मुहब्बत करते हैं। एक एक चप्पे भूमि की सफाई का ध्यान रखते हैं, उससे उन्हें प्रेम होता है। वे फर्श को गन्दा नहीं कर सकते, जमीन पर सब जगह थूक नहीं सकते। अपने मकानों को दर्पण की भाँति साफ रखते हैं। सामने की सड़क या गली की सफाई के लिए वह म्युनिसिपैलिटियों का इन्तजार नहीं करते। उसे रोज साफ करके पानी का छिड़काव करना उनके दैनिक कर्तव्य का एक आवश्यक अंश होता है।

इन सभी गुणों का हमें अपने में समावेश करना चाहिए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक देश के महान् देशभक्त स्त्री-पुरुषों के चरित्रों का सूक्ष्म अध्ययन करके उनके गुणों को ग्रहण करने का प्रयत्न करना चाहिए। हमारा हृदय उनकी उदारता, प्रेम, उत्साह और भावना से ओत-प्रोत हो जाय। [illegible]

अहिंसा की समस्या

[लेखक—श्री वासुदेव]

ईसा मसीह ने अपने शिष्यों को इस प्रकार की शिक्षा दी थी—यदि कोई तुम्हारे एक गाल पर थप्पड़ मारे तो तुम दूसरा गाल उसके सामने कर दो, यदि कोई तुम्हारा कोट छीने, तो अपना लबादा भी उसे दे डालो, यदि कोई तुम से एक मील चलने के लिए कहे तो तुम दो मील तक उसके साथ जाओ। दूसरे शब्दों में इसका अर्थ यह होता है कि यदि कोई तुम पर अत्याचार करता है, तो तुम इसका विरोध न करो। यदि तुम्हारे हृदय से वैर और विरोध का भाव एकदम उठ जायगा, तो अत्याचारी भी अपने कृत्य पर लज्जित होगा और कुमार्ग पर चलना छोड़ देगा। हृदय में किसी भी प्रकार के वैर-भाव, विरोध भाव के न रहने को ही हम अहिंसा की पूर्णता कह सकते हैं। यह कायिक, वाचिक और मानसिक—तीन प्रकार की है। हमें अपने अत्याचारी के प्रति शरीर से, वचन से और मन से—किसी भी प्रकार से वैर-विरोध भाव न रखना चाहिए। हृदय में अहिंसा की ऐसी दृढ़ता होने पर हम किसी के ऊपर क्रोध न कर सकेंगे, वरन पापी को, दुराचारी को और आततायी को भी प्यार करेंगे। उसके लिए हमारे हृदय से ऐसी प्रार्थना निकलेगी—हे ईश्वर, यह मूर्ख-अज्ञानी है, इसे अपने पारमार्थिक हित-अहित का ज्ञान नहीं, इसलिए हे प्रभु, इसे ज्ञान दीजिये, ताकि यह अपने कुकर्मों से विरत हो जाय।

इसमें सन्देह नहीं, हमारे यहां ऐसे महात्मा हुए हैं, जिनका द्वैत भाव ही नष्ट हो गया। वे सर्वत्र एक ही ब्रह्म, एक ही आनन्दघन एक ही प्रभु के दर्शन करते हैं। ... वैर-विरोध का प्रश्न ही नहीं ... कहें, पशु-पक्षी ... का अहित नहीं कर ... समस्या उनके सामने ... यह पद प्राप्त नहीं किया है, ...

जीवन प्रारम्भ करने के पहले महा कवि वाल्मीकि डाकू थे। एक दिन अपने दैनिक कृत्य के अनुसार उन्होंने कुछ महात्माओं को लूटना चाहा, जो अहिंसा व्रती थे। उन्होंने वाल्मीकि को उपदेश दिया जिसका उनके हृदय पर इतना प्रभाव पड़ा कि वाल्मीकि ने उसी दिन से वह दुष्कर्म पूर्णतः त्याग दिया और इस प्रकार अपना जीवन बिताया कि अन्त में वे संस्कृत के आदि कवि हुए। संसार में अहिंसा की इस आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा हृदय-परिवर्तन के अनेकों उदाहरण मिल सकते हैं। स्वामी विवेकानन्द जी ने भी अपने व्याख्यानों में एक उदाहरण दिया है। वे कहते हैं—उत्तराखण्ड में एक योगी रहते थे। इच्छानुसार वे समाधि में मग्न रहते थे और इच्छानुसार भगवत्-अर्चन में प्रवृत्त होते थे। इस हेतु उनके पास कुछ सोने-चांदी की मूर्तियां और पूजा की सामग्री थी। एक चोर को इस बात का पता चल गया। फिर क्या था, वह योगी की ताक में रहने लगा। एक दिन जब योगी जी समाधिस्थ थे, तब वह चोरी करने घुसा और सब चीजें लेकर चलने ही वाला था कि योगी जी की समाधि खुल गई। चोर बेतहाशा भागा। योगी जी यह देख कर कि कुछ सामान उसकी निगाह से छूट गया है, उसे लेकर उसके पीछे दौड़े। चोर जी तोड़ कर दौड़ने लगा, फिर भी योगी ने उसे पकड़ ही लिया। अब काटो तो चोर के बदन में खून नहीं। पर जब योगी जी ने कहा—बेटा, डरो मत, मैं तुम्हें पकड़ने नहीं आया हूँ, वरन तुम जो ... सामान छोड़ आए थे, वही देने आया हूँ। ... तुम दरिद्र हो, तभी तो तुम ... चुराने आये। लो, इन सबको ले ... सुनते ही चोर ... कहा जाता है कि योगी के ... चोर के ऊपर ऐसा प्रभाव

गया कि वह उसी क्षण से योगी के शरणागत हो गया। उस दिन से फिर कभी उसने चोरी करने का नाम नहीं लिया।

बस, यह एक व्यावहारिक जीवन का उदाहरण हो सकता है। इसीलिए यहाँ पर अहिंसा के प्रयोग के विषय में कई प्रश्न उठ खड़े होते हैं। क्या चोरों के प्रति योगी जैसा अहिंसात्मक व्यवहार मनुष्य मात्र के लिए सभी परिस्थितियों में शक्य है या नहीं, और उनका ऐसा करना धर्म होगा या नहीं। वास्तव में ये प्रश्न बहुत ही गंभीर हैं और इन पर कई दृष्टियों से विचार किया जा सकता है। सब से पहले धर्म की बात लीजिये। धर्म क्या है? धर्म की एक परिभाषा यह हो सकती है कि जो काम हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर, नाश से अमृत की ओर और दुःख-तृष्णा से आनन्द की ओर ले जाय, वही धर्म है। इसके विरुद्ध जिस कर्म से हम ज्ञान से अज्ञान की ओर, अमृत से नाश की ओर और आनन्द से दुःखतृष्णा की ओर जायं, वह अधर्म है। कौन सा कर्म किस स्थिति में किस के लिए श्रेयस्कर है और किस के लिए अश्रेयस्कर—यह अधिकतर कर्ता और परिस्थिति की अभ्यन्तर दशा पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, कौरवों के अत्याचारों का बदला लेने के ही लिए अर्जुन महाभारत के युद्ध में आया था, किन्तु जब उसने अपने गुरुओं और सम्बन्धियों को एक साथ खड़े देखा तो उसे मोह हो गया। और भगवान श्रीकृष्ण ने उसे समझाया कि ... युद्ध से पराङ्मुख होने ... इस प्रकार ...

यदि इस अवसर पर अर्जुन का हृदय उक्त योगी जैसा होता तो क्या उसके सामने युद्ध के कर्तव्याकर्तव्य की समस्या आ सकती थी? नहीं, कदापि नहीं। वैसी स्थिति में तो उसे दुर्योधन युधिष्ठिर सा ही प्यारा होता और वह युद्ध के लिए आता ही क्यों? निष्कर्ष यह निकलता है कि कर्तव्याकर्तव्य का निर्णय हमारे हृदय की आन्तरिक दशा से सम्बन्ध रखता है, जो विभिन्न परिस्थितियों में बदलती रहती है और सभी मनुष्यों में तो एकसी होती नहीं। अर्जुन को युद्ध के पहले मोह हुआ था, युधिष्ठिर को युद्ध के बाद पश्चाताप हुआ और भीम को कभी कुछ नहीं हुआ। इसीलिए एक ही कर्म सब मनुष्यों को एक समान धर्म नहीं हो सकता। योगी के लिए जो कर्म धर्म है, वही सब के लिए धर्म हो, यह आवश्यक नहीं। गीता में भगवान् यही कहते हैं न, कि दूसरे का धर्म चाहे जितना श्रेष्ठ मालूम पड़े, उसका अनुष्ठान न करना चाहिए। यद्यपि मनुष्य मात्र का आध्यात्मिक लक्ष्य एक है—अद्वैत-सिद्धि, और आत्म-साक्षात्कार। फिर भी उसकी प्राप्ति के मार्ग और प्रकार विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न हैं। जैसे यदि एकाग्रता इष्ट हो, तो कोई मनुष्य तो गणित के प्रश्न हल करके उसे प्राप्त कर सकता है और कोई काव्य-रचना करके। इसी प्रकार लक्ष्य है ब्रह्म-साधना, उसे चाहे कर्म मार्ग से, चाहे भक्ति मार्ग से, चाहे ज्ञानमार्ग से, या सबके समुच्चय से प्राप्त कीजिये। हां, इस साधना में एक बात से बड़ी आशंका है तो यह कि हमें ढोंग से बचना चाहिए। दूसरे के श्रेष्ठ धर्म को देख कर किसी लोभ से उसका अनुकरण न करना चाहिए। युद्ध से उपराम होकर ...

हम अहिंसा का अनुष्ठान कर सकते हैं। मान लीजिये, हम जैसे साधारण मनुष्य के घर में चोर घुसा, हमने उसे देख लिया। अब क्या हमें भी योगी की भाँति उस चोर को अपनी सारी कमाई दे देना चाहिए? यदि हम उसे अपना रुपया-पैसा न दे कर पुलिस के हवाले करते हैं और बाद में उसे सजा करा देते हैं, तो क्या हम पाप के भागी होंगे? निस्संदेह यदि मनसा-वाचा-कर्मणा द्वारा पूर्ण अहिंसा ही धर्म-अधर्म की एक मात्र कसौटी हो, तो हम दण्ड और पतन के भागी होंगे। किन्तु क्या ऐसी दशा में हमारा सारा व्यावहारिक जीवन ही अस्त-व्यस्त और छिन्न-भिन्न न हो जायगा? क्या योगी के चोर की भांति सभी चोरों से यह आशा की जा सकती है कि उन्हें छोड़ देने पर, नहीं, उन्हें अपना सर्वस्व देने से वे सदा के लिए उस चोर-कर्म से विरत हो जायंगे। शायद सौ में दो चार ऐसा करें किन्तु अधिकों से तो यही संभावना की जा सकती है कि वे कहेंगे—अच्छे उल्लू फँसे, बैठे बैठे मौज करो। जब यह रुपया समाप्त होगा, तब किसी ऐसे ही दूसरे उल्लू का रुपया मार लावेंगे। यहाँ पूर्ण अहिंसावादी यह कह सकते हैं कि यदि तुम्हारे हृदय में हिंसा का भाव होगा तो तुम्हारी बातों का चोर के हृदय पर कुछ प्रभाव नहीं पड़ सकता और यदि तुम हृदय से उसे अपना जैसा ही प्रेम करते होगे, तुम उससे घृणा नहीं करते होगे, वरन उसके अज्ञान-निवारण के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते होगे, तो निस्संदेह उस चोर का हृदय-परिवर्तन हो जायगा।

किन्तु इस उत्तर से हमारी मौलिक कठिनाई दूर नहीं होती। जब हम में सर्वभूतात्मैक्य-बुद्धि हो जायगी, तब तो हम स्वयं ही पूर्ण अहिंसा का व्यवहार करेंगे, वरन हम उसमें अन्यथा कर ही नहीं सकते। परन्तु जब तक हम में ऐसी सद्बुद्धि जाग्रत नहीं हुई, तब भी क्या हमारे लिए वाचा-कर्मणा द्वारा अहिंसा का व्यवहार ठीक होगा। बस, यही प्रश्न है जिसका हम नकार में उत्तर देते हैं। क्योंकि वाचा-कर्मणा द्वारा अहिंसा का अनुष्ठान होने के पहले मनसा द्वारा अहिंसा का आचरण सर्वथा आवश्यकीय है। यदि ऐसा न होगा तो, न तो समाज के लिए उसका शुभ परिणाम होगा और न उससे हमारी आध्यात्मिक उन्नति ही हो सकेगी।

पूर्ण अहिंसा के सार्वभौमिक व्यवहार में इसी त्रुटि का अनुभव करते हुए हिन्दू-धर्मशास्त्रों ने पूर्ण अहिंसा के अद्वितीय सात्विक आदर्श की महत्ता को स्वीकार करते हुए भी आध्यात्मिक उन्नति के हेतु सात्विक, राजस और तामस प्रकृति के विभिन्न साधकों को धर्म-जीवन के विभिन्न आचार-व्यवहार का निर्देश किया है। जो कार्य किसी तमोगुणी प्रकृति के मनुष्य को धीरे धीरे ऊपर उठाने वाला हो सकता है, वही सतोगुणी प्रकृति के मनुष्य को नीचे गिरा देगा। इसीलिए, उन्होंने अहिंसा की अवस्था में दुष्ट पुरुषों को सीधे मार्ग पर लाने के हेतु दण्ड का विधान स्वीकार किया है। कहते हैं, कि सामाजिक सुव्यवस्था के संचालन के लिए दण्ड को स्वयं भगवान् ने ही उत्पन्न किया था और दण्ड देने का सर्वापेक्षा सर्वश्रेष्ठ अधिकार प्रजापालक राजा के पद में सन्निहित किया था। कुछ भी हो, वर्तमान काल में शायद ही पृथ्वी पर ऐसा कोई देश, ऐसा कोई समाज हो, जहाँ के मनुष्य अपने समस्त सामाजिक जीवन में स्वतंत्रता पूर्वक पूर्ण अहिंसा का पालन कर सकें। समाज-हित की दृष्टि से उन्हें हिंसा—कम से कम सही—करनी ही पड़ती है। हाँ, यह तो सभी चाहते हैं कि इस पृथ्वी पर वह स्वर्ण युग शीघ्र से शीघ्र अवतीर्ण हो, जिसमें मनुष्य पूर्ण सत्य, पूर्ण प्रेम, पूर्ण अहिंसा और परस्पर पूर्ण सहानुभूति के साथ जीवन यापन कर सकें।

और यह स्वर्णयुग, यह सत्युग अब केवल हमारी पवित्र अभिलाषा, कवियों की मधुर कल्पना ही नहीं मालूम होता, वरन ऐसा प्रतीत होता है कि

सत्यं-शिवं-सुन्दरम्

श्रद्धाञ्जलि

[ले०—श्री ब्रह्मदत्त दीक्षित 'ललाम' बी० ए०, सी० टी०]

अभिराम राम, शत शत प्रणाम!
भारत-ललाट के तिलक राम!
वेदान्त ज्ञान के जनक राम!
निर्मान मोह परिपूर्ण काम!
नूतन निर्मल घनश्याम राम!
अभिराम राम शत शत प्रणाम!

जग में छाया था अन्धकार,
छल दंभ द्वेष का था प्रसार।
भूला था पावन दिव्य ज्ञान,
जगमिथ्या ईश्वर सत्य ज्ञान।
हैं नित्य निरामय के स्वरूप,
आनन्दमूर्ति सब रंक भूप।
ज्ञानामृत के नव-जलद श्याम!
अभिराम राम शत शत प्रणाम!

हिमगिरि की पावन शिला धन्य,
सौन्दर्य विपिन की कला धन्य।
सुर सरिता का शुभ कूल धन्य,
नन्दन वन के नव फूल धन्य।
अविराम प्रणव ध्वनि धन्य-धाम।
अभिराम राम शत शत प्रणाम।

कैसी पुनीत दीवाली थी,
यद्यपि विभावरी काली थी।
आनन्द ज्ञान के दीप जले,
खुल गये ज्ञान के नेत्र भले।
गंगामाता की गोद विमल,
उज्ज्वल उज्ज्वल हिम धवल नवल।
अर्पित शरीर की अस्थि माल,
श्री राम अमर अक्षय अकाल।
आनन्द रूप पावन 'ललाम',
अभिराम राम शत शत प्रणाम!

शान्ति की क्रान्ति

[श्री जगन्नाथ प्रसाद जी एम० ए०]

चाहे तुझे बन्दी समान घर से निकाल,
भाप सा बना के करे ओझल नजर से।
चाहे हरा भरा खेत वैभव समस्त तेरा,
फूंक के फिराये तुझे इधर उधर से॥
चाहे तीखी किरणों के बाणों के शिकार होके,
सून उबले भी तेरा आसुरी समर से।
शान्ति को न छोड़ना अधीर मत होना जल,
चाहे आसमान से निदान आग बरसे॥

चार मास बाद ही न उनकी प्रचण्ड नीति,
आप ही दमन होगी अपने ज़हर से।
चार मास बाद ही तमाम आसमान पर,
अधिकार होगा तेरा बिना तरसे॥
सूर्य को है सूर्य डूब जायेगा दिगन्त सारा,
प्रलय मचेगी ऐसी शान्ति के असर से।
अपनी प्रकृति छोड़ अपनी प्रणाली छोड़,
पानी होके बरसेंगे आग जो हैं बरसे॥

देते ना बनेगा उन्हें लेते ना बनेगा उन्हें,
हटते बनेगा नहीं जीवन समर से।
सारे फूल-पत्ते और सारी हरियाली को भी,
फिर से उगायगा विवश निज कर से॥
सारे ताल सरिता समस्त जलाशय होंगी,
पानी वह भरने फिरेंगे तेरे डर से।
शान्ति के प्रभाव से मचेगी ऐसी महाक्रान्ति,
पानी पानी हो जायेंगे, आग जो हैं बरसे॥

इच्छाओं का संघर्ष

एक आदमी के दो स्त्रियाँ थीं। हिन्दू तो साधारणतया बहुविवाह में विश्वास नहीं करते किन्तु मुसलमानों को इसमें अधिक आपत्ति नहीं होती। जिस आदमी की हम बात कर रहे हैं, वह मुसलमान ही था और उसके दो स्त्रियाँ थीं। उनमें से एक स्त्री तो मकान के ऊपर की मंजिल में रहती थी और दूसरी नीचे। संयोग से एक दिन रात्रि के समय एक चोर उनके घर में चोरी करने के लिए घुसा। वह घर की सभी चीज़ों पर हाथ साफ करना चाहता था। किन्तु उसके दुर्भाग्य से घर के सब लोग जाग रहे थे। वे रात्रि भर जागते रहे और चोर एक पैसे की चीज़ भी न चुरा सका। इतना ही नहीं, प्रातःकाल में उन्होंने चोर को देख लिया, पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कुछ दिनों बाद वह मैजिस्ट्रेट के सामने पेश हुआ। यद्यपि उसने कुछ भी नहीं चुराया था, फिर भी घर में सेंध लगाना स्वयं एक बड़ा अपराध है। मैजिस्ट्रेट ने उससे कई प्रश्न किये। किन्तु उसने स्पष्ट ही स्वीकार कर लिया कि वह चोरी की इच्छा से ही घर में घुसा था। तब उसे कुछ दण्ड देकर मैजिस्ट्रेट मामला समाप्त ही करने वाला था कि वह मनुष्य गिड़गिड़ाकर प्रार्थना करने लगा—हुजूर, आप मुझे चाहे जो दण्ड दें, चाहे मुझे अन्ध कारागार में बन्द कर दें, चाहे मुझे कुत्तों से नुचवा डालें और चाहे मुझे जीवित ही चिता पर चढ़ा दें [illegible] मुझे [illegible] कभी न दीजियेगा [illegible] मैंने [illegible] [illegible]

बतलाना शुरू किया कि किस प्रकार वह चोरी के लिए घुसा, किस प्रकार वह कुछ भी न चुरा सका और किस प्रकार अन्त में पकड़ा गया। उसने कहा—मैं रात्रि के प्रारम्भ में ही इनके घर में घुस गया था किन्तु मैंने देखा कि घर का मालिक रात्रि भर जीने पर खड़ा रहा। उसकी एक स्त्री उसे ऊपर खींचती थी और दूसरी उसे नीचे की ओर घसीटती थी। ऊपर वाली ने तो उसके सर के बाल ही नोच डाले और नीचे वाली ने खींच खींच कर उसके कपड़े फाड़ डाले। बेचारा उस कड़ाके की ठंड में ठिठुरता रहा। और यह तमाशा देखते देखते ही मेरी यह दुर्गति हुई, न मैं कुछ चुरा सका और न भाग सका।

× × ×

लो, यह किस्सा तो समाप्त हुआ। अब तुम ध्यानपूर्वक अपनी अपनी मानसिक अवस्थाओं का अध्ययन करो, तो तुम्हें मालूम होगा कि जो भी दुख और यातनाएँ तुम भोग रहे हो, वे सब तुम्हारी पारस्परिक विरोधी इच्छाओं के कारण हैं। तुम्हारी इच्छाओं में परस्पर कोई सामंजस्य नहीं, कोई समता नहीं, एक तुम्हें उत्तर को खींचती है, तो दूसरी दक्षिण को। इसीलिए तुम कभी किसी काम में सफल-मनोरथ नहीं होते। जब भाई-भाई ही आपस में लड़ें, तो उनका उद्धार कौन कर सकता है! हाँ, यदि तुम्हारा लक्ष्य एक हो, तुम्हारे उद्देश्यों में पूर्ण सामंजस्य हो, तो तुम्हें कभी कोई दुख नहीं हो सकता, कोई विपत्ति तुम्हारे पास नहीं फटक सकती। किन्तु यदि तुम्हारे हृदय में, तुम्हारी इच्छाओं [illegible] समन्वय होगा तो तुम [illegible] किसी [illegible] भाँति यातनाओं से नहीं [illegible] [illegible] नहीं बच सकते।

—[illegible]

स्वामी राम का पत्र

[अपने गुरु के नाम]

नोट—यह पत्र स्वामी जी ने १६ वर्ष की आयु में लिखा था।

श्री महाराज सच्चिदानन्द स्वरूप, सर्वशक्तिमान नित्य, अनन्त, परमानन्द, विभु, अनिर्वाच्यजी !

महाराजजी ! आप मुझ पर खफा हैं, मगर मैं जानता हूँ कि इस नाराजगी का कारण इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं है कि आपने मेरे हृदय को नहीं देखा, और केवल बाह्य व्यवहार और अन्य बातों को देखकर ही आप मेरी बाबत बुरे अनुमान कर बैठे हैं। यदि आप मेरे हृदय को देखें तो मैं आशा करता हूँ कि आप खफा न हों।

आप यह न ख्याल करना कि अगर मेरी तरफ से जाहरदारी के किसी मुआमले (बाहर के किसी सत्कार-सम्मान-सेवा) में कोई त्रुटि हो गयी है, तो उसका कारण आपकी ओर से मेरे चित्त का विमुख हो जाना है। यह बात कदापि नहीं है, क्योंकि मैं प्रत्येक काम में आपकी सहायता का मोहताज हूँ, और अपने चित्त में सदा आपका ख्याल रखता हूँ। प्रथम तो पढ़ने आदि तथा किसी और उत्तम कार्य की ओर चित्त लगाने में आपकी सहायता की आवश्यकता है, फिर उस कार्य के लिए तैयारी करने में आवश्यक पदार्थों की प्राप्ति-निमित्त आपकी सहायता चाहिए। तत्पश्चात यदि उस काम में परिश्रम भी किया जाये, तो परिश्रम के सफल होने में भी आपकी सहायता की आवश्यकता है। संक्षेप से यह कि प्रत्येक १५ में मुझे आपकी सहायता की आवश्यकता है।

यदि किसी जाहरदारी के काम (बाह्य व्यवहार तथा सेवा) में त्रुटि हुई है तो उसका कारण [illegible] है। दृष्टान्त रूप से यदि मैं पढ़ने में परिश्रम करूँ और उस पढ़ने में केवल स्वार्थ ही दृष्टिगोचर हो और आपकी ओर से चित्त हटा रहूँ, तो निःसन्देह यह बहुत ही बुरी बात है। मगर मेरी ऐसी हालत नहीं है। मैं अगर परिश्रम करता हूँ, तो मेरे चित्त में (मैं बिल्कुल सत्य कह रहा हूँ, आप कोई और ख्याल न करना) किसी कदर अपना रस (स्वार्थ) भी दृष्टि में होता है, परन्तु अधिकतर यह ख्याल होता है कि यह पढ़ना, आपका काम है। यदि मैं अच्छा पढ़ूँ, तो मानो आपकी अधिक आज्ञा पालन की है, और आपकी विशेष करके सेवा की है। और आपके विरुद्ध अंशमात्र भी कोई काम नहीं किया।

अब यदि पढ़ने की ओर मैं अधिक ध्यान दूँ और किसी जाहरदारी के काम में अर्थात् आपकी किसी शारीरिक सेवा में त्रुटि हो भी जाये (मगर मैं सत्य कहता हूँ कि मेरा मन तो बिल्कुल पहले की तरह है, बल्कि पहले से भी बहुत अच्छी तरह आपका ताबेदार और सेवक है), तो चाहे बाह्य द्रष्टा की दृष्टि को मेरी त्रुटि दिखाई देती हो, मगर अन्तर्द्रष्टा की दृष्टि स्पष्ट देख रही है कि मैं पहले से भी अधिक आपकी सेवा कर रहा हूँ। चाहे अब आपको प्रतीत हो रहा है कि मेरा ख्याल आपकी तरफ कम है, परन्तु बाह्य रूप से मेरा यह कम ख्याल आपकी तरफ प्रतीत होना अन्त में मुझे ऐसा योग्य कर देगा कि आपकी सेवा लक्षगुणा अच्छी तरह करूँ, यदि आप मेरी बाह्य चेष्टा पर कुछ और रुष्ट न हो जायें और मेरे परिश्रम (जो कि आपका काम है) के सफल होने में सहायता दें, क्योंकि अन्त में मैं आपकी सहायता का भिखारी हूँ। यह कहावत प्रसिद्ध है "हिम्मते मर्दां मददे-खुदा" जिसका अर्थ मैं यह करता हूँ कि मनुष्यों के यत्न में ईश्वर की सहायता की आवश्यकता है।

आनन्द और प्रेम

[श्री आनन्दकुमार]

मनुष्य को अपने जीवन के लक्ष्य का पता नहीं, वह नहीं जानता कि सारे अपने में और अपने चारों ओर आनन्द का प्रकाश फैलाना ही जीवन का परम लक्ष्य है, इसी के बिना तो संसार में गड़बड़ी और अशान्ति फैली हुई है।

वह है क्या जिसके लिए हम में से प्रत्येक रात-दिन छटपटाया करता है? 'आनन्द'! किन्तु सच्चे आनंद में न स्वार्थ है और न कल्पना। वह ज्ञान है, सारे अनुभवों का निचोड़ है, वह सत्य है, वह अनादि है। न कोई उसे छिपा सकता है और न कोई स्थिति उसे कम कर सकती है। बस, इसी आनन्द के लिए सब इच्छुक रहते हैं। हमने लोगों को मेहनत करते करते मरने से मालदार होते देखा है, बड़े-बड़े काम करते देखा है, अनेक आविष्कार करते देखा है और उन्हें आत्मसंयमित बनने की चेष्टा में भी व्यस्त होते देखा है किन्तु वे उस सत्य आवश्यक वस्तु को—आनन्द—को नहीं पकड़ पाते, केवल जिसके द्वारा ही बुद्धि को जीवन और हृदय को शान्ति मिल सकती है। जिसे इस आनन्द का पता नहीं, उसे मन की शान्ति नहीं हो सकती, उसका जीवन सफल नहीं हो सकता, उसे इस दुःखपूर्ण संसार में कभी शान्ति नहीं मिल सकती।

इस आनन्द की खोज में लोग भाँति भाँति के उपाय करते हैं, वे मन्दिर, मसजिद और गिरजाघर में पूजा करते हैं, वे पुस्तकों के द्वारा दूसरों का ज्ञान ग्रहण करते हैं, वे हृदय में शान्ति और चिन्तन की धारा से धार्मिक कृत्यों का अनुष्ठान करते हैं किन्तु आनन्द की इच्छा उनके हृदय में सदा [illegible] बनी रहती है।

दोनों [illegible] और [illegible] खोज करते हुए [illegible] देते हैं वे करते हैं—[illegible] के बिना हृदय का ठीक ठीक [illegible]

किन्तु शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति की इस धुन में अन्य अत्यावश्यक वस्तुयें उनकी आँख से ओझल होती जाती हैं। भारतवर्ष में लोग दूसरी 'अति' करते हैं। वे आनन्द की खोज में शारीरिक परिस्थितियों की परवाह ही नहीं करते।

चाहे जहाँ जाइये, आप सबको आनन्द की खोज में व्यस्त पायेंगे। सब से पहले मनुष्य उन मामूली सुखों के लिए प्रयास करता है, जो शारीरिक वेगों के वशवर्ती होते हैं। किन्तु जब इनसे उसकी उस शाश्वत आनन्द-प्राप्ति की इच्छा तृप्त नहीं होती तब वह बुद्धि के अथवा हृदय के विषयों में उसे अनुभव करना चाहता है।

जीवन है क्या, जोड़ना और फेंकना। इसी संग्रह और त्याग के क्रम को हम जीवन कहते हैं। जितना ही अधिक तुम त्याग देते हो, तुम उतने ही अधिक स्वतंत्र, और मुक्ति के समीप पहुँच जाते हो। अपने संग्रह को त्यागने से तुम्हें वह ज्ञान मिलता है, जिसके द्वारा तुम अपने जीवन-लक्ष्य को स्थिर कर सकते हो और अन्ततोगत्वा उस असीम आनन्द की प्राप्ति कर सकते हो, जिसके लिए सब प्रयत्नशील हो रहे हैं।

जैसे वृक्ष के भीतर के रस के द्वारा उसमें कल्ले और पत्ते फूट फूट कर उसे हरा-भरा कर देते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य में ईश्वरत्व की एक किरण है, जो जीवन के सुख और दुःख, जीवन के अनेक प्रकार के संघर्षमय क्रिया-कलापों द्वारा उसे पूर्णता को पहुँचाती है, उस [illegible] आनन्द की अवस्था को प्राप्त कराती है और सबका जीवन [illegible] है, जो सब ही [illegible] है [illegible] कल्याण है

[illegible] है [illegible] करना [illegible] [illegible] है? वह सुख [illegible] उसकी [illegible] सुख [illegible] हो [illegible] दुःख में सुख [illegible]

जीवन में जीवित होना, प्रत्येक राहगीर की आंखों में होकर देखना। दूसरे शब्दों में प्रत्येक मनुष्य के सुख-दुख को कल्पना के द्वारा अनुभव करना। यदि तुम सड़क पर किसी शराबी को पड़ा देखते हो, तो शराब के अनुभव के लिए इतना ही काफी है। यदि तुम किसी को रोते हुए देखो, तो तुम उसके दुख का सहज ही अनुभव कर सकते हो। इसी प्रकार यदि तुम किसी को आह्लाद-विभोर देखो, तो वही सांसारिक सुख का उत्तम अनुभव है। किन्तु सब के लिए ज्ञान-प्राप्ति का एक ही मार्ग नहीं है। हम सारे संसार के अनुभवों से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और यही हमारी उन्नति, विकास और परिष्कृति के लिए काफी है। यदि तुम जीवन की पूर्णता चाहते हो, तो तुम्हारे पास ऐसे अनुभवों का भाण्डार होना ही चाहिए, क्योंकि बिना अनुभव के तुम लक्ष्य पर नहीं पहुंच सकते। जब तक लक्ष्य से वियोग है, तब तक दुख है। ज्योंही लक्ष्य से योग हुआ, त्योंही आनन्द है, त्योंही तुममें सत्य की प्रतिष्ठा हो जाती है। इसके लिए प्रारम्भ ही से हमें अनुभव संग्रह करना होगा, जैसे कि किसान खेत से एक-एक दाना इकट्ठा करता है।

यदि तुम्हारे हृदय में सहानुभूति नहीं है, प्यार नहीं है, तो तुम कभी भी लक्ष्य से तद्‌त्म नहीं हो सकते। जो मनुष्य अपने आपको सन्तुष्ट समझता है, उसके हृदय में सहानुभूति और प्यार नहीं हो सकता और न वह किसी को ज्ञान देने की चेष्टा करता है। मैंने ऐसे आदमी भी देखे हैं जो दूसरों की सहायता करना चाहते हैं किन्तु उसका उपाय नहीं जानते। वे अपने आपको दूसरों की स्थिति में नहीं रख सकते, इसी लिए उनको दूसरे का दृष्टिकोण समझ में नहीं आता।

जो अपने आस-पास चारों ओर फैलने वाला जीवन समझना चाहते हैं, जो लक्ष्य को, अपने इष्ट को हृदय में धारण करना चाहते हैं, उन्हें खूब प्रेम करना चाहिए। हाँ, प्रेम के बन्धनों से सदा दूर रहना चाहिए। उनके हृदय में विशाल सहानुभूति चाहिए किन्तु वह उनके लिए बन्धन न हो। उनके हृदय में बड़ी बड़ी अभिलाषायें हों पर वे उनके गुलाम न बनें।

—संकलित

(शेष पृष्ठ ४८० का)

पसन्द नहीं करते, यद्यपि उन्हें दुग्धपान में आपत्ति नहीं होती। कोई कोई कहते हैं—केवल दुग्धाहार पर निर्भर रहने से हम अधिक मात्रा में खा जाते हैं, अथवा उससे मूत्राशय को अधिक काम करना पड़ता है, अथवा पहले तो वजन बढ़ जाता है और फिर [illegible] जाता है अथवा इससे कोष्ठ-बद्धता और पित्त की [illegible] है। किन्तु सच पूछिये, इनमें से कोई भी ऐसी आपत्ति नहीं, जो दुग्ध-भोजन को हानिकारक सिद्ध कर सके। इसलिये स्वयं दुग्ध-भोजन में कोई दोष नहीं। जिन्हें किसी हानिकारक प्रवृत्ति के लक्षण दीख पड़ें, उन्हें अपने प्रकार में आवश्यक परिवर्तन कर लेना चाहिए। बस, जो अपने शरीर की पुष्टता, अपने हृदय की शुद्धता और अपनी आत्मा की अनुभूति की ओर बढ़ना चाहें उन्हें बिना किसी झिझक, बिना किसी डर के दुग्ध-भोजन को अपनाना चाहिए, वह सब तरह उनका कल्याण करेगा, इसमें सन्देह नहीं।

दुग्ध-भोजन का महत्व

निस्संदेह दूध की गिनती पौष्टिक भोजनों में की जाती है किन्तु यहाँ हम जिस दुग्ध-भोजन की चर्चा करेंगे, उसमें दूध के अतिरिक्त और कुछ नहीं खाया जा सकता। दूसरे शब्दों में हम सुबह या शाम एकाध गिलास दूध पी लेने को दुग्ध-भोजन नहीं कहते। ऐसी स्थिति में पहली शंका तो लोगों के हृदय में यही उठने लगती है कि केवल दूध पर ही जीवन-निर्वाह करना मनुष्य के लिए संभव है या नहीं। लोग यह शंका करते हैं कि यदि हम अन्न या मांस आदि कोई ठोस पदार्थ नहीं खायेंगे तो शीघ्र ही दुबले या कमजोर हो जायेंगे, मानो दूध और पानी की पौष्टिकता में कोई अन्तर ही नहीं। यह शंका निस्सार है—इतनी निस्सार है कि उसके खण्डन की आवश्यकता नहीं।

इस प्रकार के दुग्ध-भोजन की महत्ता का परिचय पाश्चात्य देशों को इसी वर्तमान युग में हुआ है और हमारे यहाँ इसका महत्व शायद ऐतिहासिक काल के पहले से चला आता है। आयुर्वेद शास्त्र में इसे साक्षात् अमृत से उपमा दी गई है। और कई रोगों में इसे एकमात्र औषधि के रूप में स्वीकार किया गया है। फिर भी हम इसकी ओर विशेष ध्यान नहीं देते, इसके लिए क्या कहा जाय! इतना ही, क्यों, अब तो लोग कुछ सुनी-सुनाई बातों के आधार पर इसकी महत्ता से भी इन्कार करने लगे हैं। इसलिए आइये, सब से पहले दुग्ध-भोजन के विरुद्ध की जाने वाली कुछ आपत्तियों पर विचार करें।

सबसे पहले एक [illegible] है [illegible] कहते हैं कि [illegible] दूध [illegible] बनाया है, न कि मनुष्य के [illegible] तो [illegible] तथा [illegible] हम अन्न भी नहीं खा सकते और माँस खाने का तो प्रश्न ही नहीं उठता। यदि यह कहा जाय कि यह विशेषतः बछड़ों का भोजन होने से पशु-उपयोगी खाद्य है तो यह तर्क भी ठीक नहीं, क्योंकि शरीर की दृष्टि से मनुष्य पशु नहीं है तो और क्या है। इसलिए ऐसी शंकायें निर्मूल हैं। इसके अतिरिक्त अब तो वैज्ञानिकों ने दुग्ध का विश्लेषण करके उसके तत्वों का पता लगा लिया है और यह भी मालूम किया है कि दुग्ध के सभी तत्व मनुष्य-शरीर के लिए बिना किसी प्रकार की हानि पहुँचाये सर्वथा उपयोगी हैं।

दूसरी आपत्ति कभी कभी यह होती है कि दूध बच्चों का भोजन हो सकता है, पर युवकों और प्रौढ़ों को विशेष उपयोगी नहीं हो सकता। इस शंका में भी, विज्ञान ने सिद्ध किया है, कोई दम नहीं। हमारे पेट की कुछ गिल्टियों से पनीर जैसा एक रस छूटता रहता है, जो विशेषतः दूध जमाने के लिए होता है किन्तु यह रस इन गिल्टियों से न केवल बचपन में, वरन आजीवन निकलता है। इसके सिवा अब युवकों और प्रौढ़ों से रोग-निवृत्ति के लिए केवल कुछ काल तक दुग्धाहार पर रहने के लिए कहा जाता है तब तो यह प्रश्न ही नहीं उठता, क्योंकि रोगावस्था होने पर प्रौढ़ मनुष्य की प्राकृतिक शक्तियाँ [illegible] क्षीण होती हैं। कुछ भी हो, अनुभव ने हमें यह सिद्ध करके दिखा दिया है कि जीवन की किसी भी अवस्था में दुग्धाहार सर्वोत्तम पौष्टिक आहार है।

कुछ दिनों से दुग्धाहार के विरुद्ध [illegible] कि दूध [illegible] होता है [illegible] नहीं कि [illegible] है, जो [illegible]

हो, जब शरीर में एक प्रकार का विषैला द्रव्य बढ़ने लगता है, तभी कफ की वृद्धि होती है। इसके सिवा कफ शरीर में तेजाबों की वृद्धि करने वाले खाद्यों से बढ़ता है और दूध शरीर में तेजाबों की नहीं, वरन् क्षार की वृद्धि करने वाला है। अतः दुग्धाहार स्वयं कफकारक नहीं है, यह इस बात से भले प्रकार सिद्ध हो जाता है कि लगातार कुछ दिनों तक दूध का सेवन करने से उस कफ की वृद्धि भी नष्ट होने लगती है, जो पहले दिखाई देती है।

एक आपत्ति यह है कि दूध में 'प्रोटीन' की अधिकता और लोह तत्त्व की कमी होती है। बेशक दूध में साधारण आवश्यकता से कुछ अधिक 'प्रोटीन' की मात्रा होती है, किन्तु जैसा बतलाया जा चुका है कि दूध शरीर को बढ़ाने वाला भोजन है, इसलिए रोग-निवृत्ति के अनन्तर शरीर की पौष्टिकता के लिए वह 'प्रोटीन' अधिक नहीं होता। और यदि कुछ अधिक भी हो तो दूध द्वारा प्राप्त 'प्रोटीन' अन्य साधनों द्वारा प्राप्त 'प्रोटीन' की अपेक्षा अधिक आसानी से निकाला और नैसर्गिक प्रवृत्तियों द्वारा दूसरे रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है। इसी प्रकार दूध में लोह-तत्त्व की कमी का भी कोई प्रश्न नहीं है। क्योंकि दूध में जितना भी लोह तत्त्व होता है, वह सारे का सारा शरीर द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है और वह उपयुक्त मात्रा से कम नहीं होता।

कुछ विशुद्ध शाकाहारी इसलिए भी दुग्धाहार पर आपत्ति करते हैं कि वह पशुओं से प्राप्त होने के कारण पशुज है किन्तु इस पर तर्क-वितर्क करना व्यर्थ सा है, क्योंकि इसमें कोई हिंसा तो होती नहीं।

अब दुग्धाहार के विरुद्ध सबसे बड़ी आपत्ति इसे शुद्धता से बरतने के बारे में है। गायें ही इसे सबसे अधिक दूध दिया करती हैं और जिस स्वास्थ्य-कर परिस्थिति में इसका सेवन होना चाहिए वह कहीं भी नहीं मिलती। इसलिए जो स्वयं [illegible] पाल सकते हैं, उनका तो कहना ही क्या, वे स्वेच्छानुसार शुद्ध दुग्ध प्राप्त कर सकते हैं। किन्तु जो ग्वालाओं से दूध लेते हैं, उन्हें जो दूध मिलता है, वह भी बुरा नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उसमें कई गायों का दूध मिला रहता है, यदि किसी गाय का घटिया होता है तो किसी का बढ़िया भी होता है।

रुग्ण गाय का दूध बहुत हानिकर होता है किन्तु वास्तव में इसकी सम्भावना उससे कहीं कम होती है जैसे कि लोग समझते हैं। क्योंकि प्रकृति को तो उस दूध के द्वारा बछड़े का पालन इष्ट होता है, इसलिए यदि दूध रोग के कारण सचमुच बहुत दूषित हो जाता है तब या तो गाय के थनों से दूध बहुत ही कम निकलता है या बिल्कुल सूख जाता है। हाँ, इसमें सन्देह नहीं कि जो गायें आजकल अति अप्राकृतिक दशा में रखी जाती हैं, जहाँ उनको खुली धूप और हवा में घूमने को बिल्कुल नहीं मिलता, उनके दूध में 'विटामिन' की कमी होती है और चर्बी बढ़ाने वाला अंश अधिक होता है। किन्तु यह भी कुछ ऐसी त्रुटियाँ नहीं हैं जिनके पीछे दुग्धाहार का बिलकुल त्याग कर दिया जाय, क्योंकि कभी कभी घटिया से घटिया दूध भी बढ़िया से बढ़िया अन्न या मांसाहार से श्रेष्ठ होता है।

इसके सिवा दुग्धाहार के विरुद्ध एक और बड़ी आपत्ति उठती है। लोग कहते हैं कि दूध को कीटाणु बहुत जल्दी दूषित कर देते हैं। किन्तु कोई ऐसे लोगों से पूछे—अच्छा, कीटाणु कहाँ नहीं होते हैं? और वे अन्न-मांसादि को दूषित नहीं कर सकते क्या? सच तो यह है कि केवल कीटाणु अकेले ही कभी कोई रोग पैदा नहीं कर सकते। अतएव जिस मनुष्य को दूध की आवश्यकता हो उसे ऐसी बातों की ओर ध्यान देकर कि दूध में बड़ी जल्दी कीड़े पड़ जाते हैं अथवा उसमें 'विटामिन' और खनिज पदार्थों के अंश कम हैं, अतः मन दुग्धाहार नहीं करना चाहिए। कुछ लोग [illegible] दुग्ध-सेवन को

(शेष पृष्ठ [illegible] में देखिये)

इस 'व्यावहारिक वेदान्त' के संचालन में स्वामी नारायण के सभी भक्तों से हमें थोड़ी-बहुत सहायता मिली है किन्तु उनमें महात्मा शान्ति प्रकाश, श्री रामेश्वर सहाय सिंह, पं० बृजनाथ शर्मा, बाबू श्री विद्यानन्द, श्री दीन दयालु और चक्रधर हंस आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय है। परिचय रूप से महात्मा शान्ति प्रकाशजी ने तो स्वयं राम के मुख से वेदान्त का अमृत-पान किया है और लीग के जन्म ही से स्वामी नारायण जी को इसके सुचारु संचालन में सहायता दी है तथा आज वहीं उनके स्थान पर निष्काम भाव से कार्य कर रहे हैं।

श्री रामेश्वर सहाय सिंह स्वामी नारायण के मुख्य गृहस्थ-शिष्य हैं। वैसे तो आज-कल आप बनारस म्युनिसिपल बोर्ड में शिक्षाध्यक्ष हैं किन्तु स्वामी जी के अन्तिम समय आप उन्हीं के प्राइवेट सेक्रेटरी थे। आप ही लखनऊ से पहले पहल स्वामी जी के रोगाक्रान्त होने का समाचार पाकर लाहौर गये थे और आपही को उनकी अन्तिम सेवा का सुअवसर प्राप्त हुआ था। आपका हृदय स्वामी जी के वियोग से सचमुच बहुत ही क्षुब्ध हुआ। इस पर ईश्वर की लीला! आपको अपने एकमात्र अष्ट-वर्षीय होनहार पुत्र भैया प्रताप का भी वियोग सहना पड़ा। कहते हैं, *सोना जितना ही जितना भट्टी में पड़ता है, उतना ही उतना खरा उतरता है।* आपमें सेवा-भाव पूर्णतः जाग्रत हो उठा। सचमुच आपने इस पत्र के प्रकाशन में जितना परिश्रम किया है, वह सर्वथा स्तुत्य है।

पं० ब्रजनाथ शर्मा लखनऊ के एक सुविख्यात वकील और समाज-सेवक हैं। आप चिरकाल से लीग के प्रबन्धक-मण्डल में हैं। किन्तु आपने स्वामी राम के जीवन चरित्र के रूप में अंग्रेज़ी में जो Swami Rama: His Life and Legacy नामक पुस्तक लिखी है, वह लीग के प्रकाशनों में सदा एक उच्च स्थान प्राप्त करेगी। आप यथा सम्भव पत्र को उन्नत करने की चेष्टा में रहते हैं।

बाबू विद्यानन्दजी एम० ए० स्वामी नारायण के अनन्य भक्तों में हैं। इनके परिचय में इतना कहना ही बस होगा कि लखनऊ में स्वामी नारायण लगातार २० वर्ष तक आपके अतिथि रहे हैं। वास्तव में मनसा, वाचा कर्मणा स्वामी जी के आज्ञा-पालन को ही आपने अपना एक मात्र कर्त्तव्य माना है और आज भी उसी का अनुसरण कर रहे हैं।

श्री चक्रधर हंसजी एक सफल लेखक हैं। आप में सच्ची देश भक्ति और आर्य संस्कृति का प्रेम ईश्वर की देन है। इन दिनों आपकी नियुक्ति एक सरकारी पद पर होगई है और इसीसे आप समयाभाव के कारण इस पत्र के संपादन कार्य को करने में असमर्थ हैं। आपने संपादक पद से इस्तीफा दे दिया है। हम आपकी सेवाओं के लिये अत्यन्त आभारी हैं और आशा करते हैं कि आप इस पत्र के साथ अपना प्रेम बनाये रखेंगे।

श्री सम्पूर्णानन्दजी एक समाजवादी वेदान्ती हैं। आप देशभक्त, लेखक, वक्ता, संपादक, राजनीतिज्ञ क्या नहीं हैं। आप हमारे पत्रके लिए नियमित रूपसे प्रति मास लिखते रहे हैं। आज कल आप जेल में हैं। हमें दुःख है कि हमारे पाठकगण कुछ काल तक आपके लेखों का आनन्द न ले सकेंगे। आप वेदान्त को कार्य रूप में परिणत करने और व्यवहार में लानेवाले व्यक्तियों में एक आदर्श पुरुष हैं। वेदान्त में दिये हुए अमर लेखों के लिए हम आपके सदा कृतज्ञ रहेंगे।

स्वामी शिवानन्दजी मद्रासी हैं। आपने व्यावहारिक वेदान्त के प्रचार के लिए अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया है। आज कल आप ऋषिकेश में रह रहे हैं। यहाँ पर आपने 'डिवाइन सोसाइटी' नाम की एक संस्था खोली है और Divine Light नामक पत्र भी निकालते हैं। आपके लेख और विचार हमारे पत्र के प्रायः हर अङ्क में अंग्रेजी में निकलते रहे हैं। हम आपको व्यावहारिक वेदान्त परिवार की ओर से धन्यवाद देते हैं और कृतज्ञ हैं।

देश के यज्ञ में आहुति

कल मन्त्री आज बन्दी

पं० गोविन्द वल्लभ पन्त

श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित

श्री कैलाशनाथ काटजू

श्री सम्पूर्णानन्द जी

आप लोग युक्तप्रान्त के भूतपूर्व मन्त्री गण हैं। व्यक्तिगत सत्याग्रह करने और स्वतन्त्रता के युद्ध में भाग लेने के अपराध में आप लोगों को क्रमशः १ साल ३ साल ? साल और १½ साल के लिए कारावास दण्ड मिला है।

A suggestion for Peace Movement

[An extract from letter No 580 dated 4-10-40 from Syt. Prakashji President Rama Tirtha Publication League, Lucknow to His Holiness Sri Swami Omkarji Maharaj, President, 'The Mission of Peace' Santi Ashram, Totepalli Hins East Godaveri Distt Madrass.]

Your kind letter of the 24th ultimo was a welcome to Prakash the other day He is glad to learn that you are sowing the seeds of Peace and Service every where May the new seed that has been scattered at Waltair soon develop into a crop of such as to satisfy the spiritual hunger of the millions of persons, irrespective of caste, colour, country and creed

Prakash does humbly suggest as under Let the *Shanti Sabhas* be started first in every part of our country and then in other countries. Let one Shanti Ashram be started in every province or part of province. Under this Ashram all the Shanti sabhas will work Let one Shanti Math be started first in our country and then in other countries This Math will control all the Provincial Shanti Ashrams, as they control the Shanti Sabhas Besides the above institutions there should be one central *Sangh* to control all the country Shanti Maths

If we start this work, others will cooperate with us to extend it and it is hoped that not only this country but the whole world will enjoy the fruits of peace and will be able from within and not from without to eradicate the evil ideas of hatred and the like. These ideas are at the bottom of all war and bloodshed

The aims and objects of the Sadharna Dharma Movement that has the above suggestion in view, is the same as your Peace Movement It will be evident from Prakash's essay on "Swami Rama as an advocate of the Sadharana Dharma" in "Swami Rama: Various aspects of his life". If you take this work Prakash inspite of his old age and weakness is ready to cooperate with you. It is hoped that sister Sushila Devi and other inmates of your Ashram will agree with this suggestion. If we agree, we shall work out the detail afterwards and shall start the work as soon as possible. This will facilitate to start a colony of Practical Vedanta, as was suggested by Swami Rama

Our readers are requested to express their views on the proposal suggested in the above letter

---

(Contd from page 71)

So too the Priceless Pearl of Love, Wisdom or God-realization is only for the valiant. It is for the soul who will forego all worldly impediments and stripped of all, risking life itself, will plunge deep into the [illegible] of Divinity He must also evade all [illegible]tral monsters of Maya, that wish to prey [illegible] him. He must search long, and patiently and then seizing upon the pearls of Truth [illegible] not only adorn his [illegible] art [illegible] them but share them with [illegible]

Viveka Chadamani, Crest Jewel of Wisdom and peerless pearls have been found by Sri Rama Tirtha, they are his God-consciousness, ideals and messages, which he shares with us all so precious.

Ah ! That is why we may well write his name in the book of Love in our hearts, as an [illegible] sage And, to love him as he would be [illegible] we must imbue his spirit and live his message [illegible]

May Peace be Unto All

Om Om Om